पुद्गल कोश

(प्रथम खण्ड)

CYCLOPAEDIA OF PUDGALA

जैन दशमलव वर्गीकरण संख्या ०११८-०६०१-०७०१

सम्पादक :

स्व० मोहनलाल बाँठिया, बी० कॉम

श्रीचन्द चोरड़िया, न्यायतीर्थ (द्वय)

अणुव्रत-साहित्य सेवी पुरस्कार

(प० बं० प्रा० अणुव्रत समिति)

प्रकाशक :

जैन दर्शन समिति

१६सी, डोवर लेन, कलकत्ता-७०० ०२९

सन् – १९९९, सम्वत् – २०५६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुद्गल-कोश (प्रथम खण्ड)

CYCLOPAEDIA OF PUDGALA

जैनदशमलव वर्गीकरण संख्या-०११८-०६०१-०७०१

आ. श्रीकैलाससागरसूरि ज्ञानमन्दिर
श्रीमहावीर जैन आराधना केन्द्र
कोबा (गांधीनगर) पि. ३८२००९

सम्पादक :

स्व० मोहनलाल बांठिया, बी० कॉम

श्रीचन्द चोरड़िया, न्यायतीर्थ (द्वय)

अणुव्रत-साहित्य सेवी (प० बं० प्रा० अणुव्रत समिति)

प्रकाशक :

जैन दर्शन समिति

१६-सी, डोवर लेन कलकत्ता-७०० ०२९

सन्—१९९९ (सम्वत् २०५६)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जैन आगम विषय-कोश ग्रन्थमाला, अष्टम पुष्प
पुद्गल-कोश (प्रथम खण्ड)
जैनदशमलव वर्गीकरण संख्या-०११८-०६०१-०७०१

अर्थ सहायक :
श्री भगवतीलाल सिसोदिया ट्रष्ट, जोधपुर
मारफत—श्री गुलाबमल भण्डारी तथा अन्यगण

Serving JinShasan
091625
gyanmandir@kobatirth.org

प्रथम आवृत्ति ५००

मूल्य :
भारत में रु० १५०/-
विदेश में Sh १००/-

मुद्रक :
राज प्रोसेस प्रिन्टर्स
८, ब्रजदुलाल स्ट्रीट,
कलकत्ता-७०० ००६
दूरभाष : २३३-१५२२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समर्पण

महामहिम अणुव्रत अनुशास्ता युग प्रधान आचार्य श्री महाप्रज्ञ हमारे निर्णायक रहे हैं। जीवन की नाव आवर्तों से बचकर, ज्वारों को लांघकर जो मंजिले पार कर रही है, उसमें निर्यायक का कौशल एक अप्रतिम हेतु भी है। युगप्रधान आचार्य श्री महाप्रज्ञ ने तेरापंथ धर्म संघ में साहित्य की अनेक धाराओं का सूत्रपात किया है।

जिन्होंने मेरे मन में श्रुत की धार प्रवाहित की, उन प्रेक्षा प्रणेता तथा जीवन विज्ञान के प्रस्तोता आचार्य महाप्रज्ञ को पुद्गल कोश को सादर सभक्ति, सविनय समर्पित करता हुआ अपूर्व आनन्द का अनुभव कर रहा हूँ।

—श्रीचंद चोरड़िया, कलकत्ता

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संकलन-सम्पादन में प्रयुक्त ग्रन्थों की संकेत सूची

अणुत्त०—अणुत्तरोववाइयदसाओ
अणुओ० —अणुओगद्दाराइं
अंत०—अंतगडदसाओ
अभिधा०—अभिधान चिन्तामणिकोश
अणुओ० हारि०—अणुओगद्दाराइं हारिभद्रीय टीका
आप्ते०—आप्ते संस्कृत छात्र कोष
अभिधान०—अभिधान राजेन्द्र कोश
आया०—आयारो
आर्हतद०—आर्हत दर्शन दीपिका
आव०—आवस्सयं सुत्तं
उत्त०—उत्तज्झयणाइं
उत्त० टीका—उत्तज्झयणाइं टीका
उवा०—उवासगदसाओ
उवा० टीका—उवासगदसाओ टीका
ओव०—ओववाइयं सुत्तं
कप्पव०—कप्पवडंसियाओ
कप्पसु०—कप्पसुत्तं
कप्पि०—कप्पिया
कर्मप्र०—कर्म प्रकृति
कर्म०—कर्म ग्रन्थ
कसायपा०—कसायपाहुडं
क्रियाको०—क्रिया कोश
कम्मगो०—गोम्मटसार (कर्मकाण्ड)
गोक०—गोम्मटसार (कर्मकाण्ड)
गोजी०—गोम्मटसार (जीवकाण्ड)
प्रज्ञा०—प्रज्ञापना सूत्र
जीवा० टीका—जीवाजीवाभिगमो टीका
चंद—चंदपण्णत्ति
चतु०—चतुर्विंशतिस्तवन
जंबु०—जंबुदीवपण्णत्ति
जीवा०—जीवाजीवाभिगमे
जैनसिद्धी—जैन सिद्धान्त दीपिका
ठाण०—ठाणं
ठाण० टीका—ठाणं-अभयदेवसूरि टीका
तत्त्ववृ०—तत्त्ववृत्ति
तत्त्व०—तत्त्वार्थसूत्र
तत्त्वराज०—तत्त्वार्थ राजवार्तिक
तत्त्वश्लोक०—तत्त्वार्थश्लोकवार्त्तिकालंकार
तत्त्वसर्व०—तत्त्वार्थ सर्वार्थसिद्धि
तत्त्वसिद्ध०—तत्त्वार्थ सर्वार्थसिद्धि
तत्त्वभाष्य०—सभाष्य तत्त्वार्थ सूत्र
तुल०—तुलसी प्रज्ञा
दसवे०—दसवेआलियं
दसासु०—दसासुयक्खंधो
ध्याको०—ध्यानकोश (अप्रकाशित)
नंदी०—नंदीसुत्तं
णाया०—णायाधम्मकहाओ
निरि०—निरियावलियाओ
निसी०—णिसीहं
नियम०—नियमसार
निय०—नियमसार
पण्ण०—पण्णवणासुत्तं
पण्ण० टीका—पण्णवणा टीका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पण्हा०—पण्हावागरणाइं
पाको०—पाली अंग्रेजी कोश
पाइओ०—पाइअसद्दमहण्णवो
पुचू०—पुप्फचूलियाओ
पिंडनि०—पिंडनिर्युक्ति
पुप्फि०—पुप्फियाओ
पुद्०—पुद्गलकोश (खण्ड २)
परिको०—परिभाषा कोश (अप्रकाशित)
पंच० श्वे०—पंचसंग्रह श्वे०
पंच०—पंचसंग्रह (दिग्) अमितगति
पंचास्तिकाय—पंचास्तिकायसार
पंचास्तिकाय०—पंचास्तिकाय
प्रवसा०—प्रवचनसारोद्धार
प्राभा०—प्राकृत भाषा
प्रशम०—प्रशमरतिप्रकरण
प्रव०—प्रवचनसार
बिहू०—बिहकप्पसुत्तं
बृहद्०—बृहद्द्रव्यसंग्रह
भग०—भगवई
भग० टीका—भगवई टीका
भिक्षुन्याय०—भिक्षुन्यायकर्णिका
मिआवि०—मिथ्यात्वी का आध्यात्मिक विकास
महा०—महाभारत
योगको०—योग कोश खण्ड १, २
योगसार०—योगसार
राय०—रायपसेणइयं
राज०—राजवार्तिक
लेको०—लेश्या कोश
लेकोस०—संयुक्त लेश्या कोश
वर०—वररुचि व्याकरण
विवा०—विवागसुत्तं
वि०—विष्णुपुराण
वव०—ववहारो
वण्हि०—वण्हिदसाओ
विशेभा०—विशेषावश्यक भाष्य
श्राव०—श्रावक संबोध
वीरजि०—वीरजिणिंद चरिउ
शसा०—शब्दसार
षट्०—षट्खंडागम
सर्व०—सर्वार्थसिद्धि
समय०—समयसार
सूय०—सूयगडो
सूयनि०—सूयगडो निर्युक्ति
समा०—समवाओ
सूर०—सूरपण्णत्ती
हरिपु०—हरिवंशपुराण
हेम०—सिद्धहेमशब्दानुशासनम्
स्या०—स्याद्वादमंजरी
सूयचू०—सूयगओ चूर्णि
पर०—परमाणुखंडषट्त्रिंशिका
पुद्ष०—पुद्गलषट्त्रिंशिका
पायो०—पातञ्जल योग

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जैन वाङ्मय का दशमलव वर्गीकरण

मूल विभागों की रूपरेखा

जै० द० व० सं०	यू० डी० सी० संख्या
०—जैन दार्शनिक पृष्ठभूमि	+
१—लोकालोक	५२३·१
२—द्रव्य—उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य	+
३—जीव	१२८ तुलना ५७७
४—जीव परिणाम	+
५—अजीव-अरूपी	११४
६—अजीव-रूपी—पुद्गल	११७ तुलना ५३९
७—पुद्गल परिणाम	+
८—समय—व्यवहार-समय	११५ तुलना ५२९
९—विशिष्ट सिद्धान्त	+
१—जैन दर्शन	१
११—आत्मवाद	१२
१२—कर्मवाद—आस्रव-बंध-पाप-पुण्य	+
१३—क्रियावाद—संवर-निर्जरा-मोक्ष	+
१४—जैनेतरवाद	१४
१५—मनोविज्ञान	१५
१६—न्याय-प्रमाण	१६
१७—आचार संहिता	१७
१८—स्याद्वाद-नयवाद-अनेकान्तादि	+
१९—विविध दार्शनिक सिद्धान्त	+
२—धर्म	२
२१—जैन धर्म की प्रकृति	२१
२२—जैन धर्म के ग्रन्थ	२२
२३—आध्यात्मिक मतवाद	२३
२४—धार्मिक जीवन	२४
२५—साधु-साध्वी-यति-भट्टारक-क्षुल्लकादि	२५
२६—चतुर्विध संघ	२६
२७—जैन का साम्प्रदायिक इतिहास	२७
२८—सम्प्रदाय	२८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जं० द० व० सं०	यू० डी० सी० संख्या
२९—जैनेतर धर्म : तुलनात्मक धर्म	२९
३—समाज विज्ञान	३
३१—समाजिक संस्थान	+
३२—राजनीति	३२
३३—अर्थ शास्त्र	३३
३४—नियम-विधि-कानून-न्याय	३४
३५—शासन	३५
३६—सामाजिक उन्नयन	३६
३७—शिक्षा	३७
३८—व्यापार-व्यवसाय-यातायात	३८
३९—रीत-रिवाज—लोक-कथा	३९
४—भाषा विज्ञान—भाषा	४
४१—साधारण तथ्य	४१
४२—प्राकृत भाषा—	४९१·३
४३—संस्कृत भाषा	४९१·२
४४—अपभ्रंश भाषा	४९१·३
४५—दक्षिणी भाषाएँ	४९४·८
४६—हिन्दी	४९१·४३
४७—गुजराती-राजस्थानी	४९१·४
४८—महाराष्ट्री	४९१·४६
४९—अन्यदेशी-विदेशी भाषाएँ	४९१
५—विज्ञान	५
५१—गणित	५१
५२—खगोल	५२
५३—भौतिकी-यांत्रिकी	५३
५४—रसायन	५४
५५—भूगर्भ विज्ञान	५५
५६—पुराजीव विज्ञान	५६
५७—जीव विज्ञान	५७
५८—वनस्पति विज्ञान	५८
५९—पशु विज्ञान	५९
६—प्रयुक्त विज्ञान	६
६१—चिकित्सा	६१
६२—यांत्रिक शिल्प	६२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जै० द० व० सं०	यू० डी० सी० संख्या
६३—कृषिविज्ञान	६३
६४—गृह विज्ञान	६४
६५— +	६५
६६—रसायन शिल्प	६६
६७—हस्त शिल्प वा अन्यथा	६७
६८—विशिष्ट शिल्प	६८
६९—वास्तु शिल्प	६९
७—कला-मनोरंजन-क्रीड़ा	७
७१—नगरादि निर्माण कला	७१
७२—स्थापत्य कला	७२
७३—मूर्ति कला	७३
७४—रेखांकन	७४
७५—चित्रकारी	७५
७६—उत्कीर्णन	७६
७७—प्रतिलिपि-लेखन कला	७७
७८—संगीत	७८
७९—मनोरंजन के साधन	७९
८—साहित्य	८
८१—छंद-अलंकार-रस	८१
८२—प्राकृत साहित्य	+
८३—संस्कृत जैन साहित्य	+
८४—अपभ्रंश—जैन साहित्य	+
८५—दक्षिणी भाषा में जैन साहित्य	+
८६—हिन्दी भाषा में जैन साहित्य	+
८७—गुजराती राजस्थानी भाषा में जैन साहित्य	+
८८—महाराष्ट्री भाषा में जैन साहित्य	+
८९—अन्य भाषाओं में जैन साहित्य	+
९—भूगोल-जीवनी-इतिहास	९
९१—भूगोल	९१
९२—जीवनी	९२
९३—इतिहास	९३
९४—मध्य भारत का जैन इतिहास	+
९५—दक्षिणी भारत का जैन इतिहास	+
९६—उत्तर तथा पूर्व भारत का जैन इतिहास	+
९७—गुजरात-राजस्थान का जैन इतिहास	+
९८—महाराष्ट्र का जैन इतिहास	+
९९—अन्य क्षेत्र व वैदेशिक जैन इतिहास	+

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·01 लोकालोक (जगत) और द्रव्य का वर्गीकरण

·100 **सामान्य विवेचन**

·101 जगत
·102 लोक
·103 अलोक
·104 ऊर्ध्वलोक
·105 तिर्यग्लोक
·106 अधोलोक
·107 मोक्षलोक
·108 त्रसनाडी
·109 द्रव्य
·110 गुण
·111 पर्याय
·112 जीव
·113 अजीव
·114 आकाश
·115 धर्म
·116 अधर्म
·117 काल
·118 पुद्गल
·119 परमाणु पुद्गल
·120 स्कंध पुद्गल
·121 तत्त्व
·122 मोक्षमार्ग
·123 भेद
·124 रूपी-अरूपी
·125 एक-अनेक
·126 स्पर्शना
·127 प्रदेश
·128 चरम-अचरम
·129 दिशि
·130 लघुता-गुरुता
·131 अस्तिकाय
·132 शाश्वत-अशाश्वत
·133 वासस्थान
·134 अन्तर-दूरी
·135 अल्पबहुत्व
·136 सचित्त-अचित्त
·137 गति
·138 युग्म-राशि-विशेष
·139 अवगाहना
·140 अविभाग-प्रतिच्छेद

·०६ अजीव-रूपी पुद्गल का वर्गीकरण

·०६०० **सामान्य विवेचन**
·०६०१ पुद्गल औघिक
·०६०२ स्कंध पुद्गल
·०६०४ परमाणु पुद्गल
·०६०५ वर्गणा
·०६०६ तमस्काय
·०६०७ कृष्णराजि
·०६०८ प्रयोग परिणत पुद्गल
·०६०९ मिश्र परिणत पुद्गल
·०६१० विस्रसा परिणत पुद्गल
·०६११ सूक्ष्मपुद्गल
·०६१२ बादरपुद्गल
·०६१३ देश
·०६१४ प्रदेश
·०६१५ अस्तिकायत्व
·०६१६ आत्मा
·०६१७ सकंपन
·०६१८ निष्कंपन
·०६१९ शाश्वतत्व
·०६२० अवगाहना
·०६२१ अल्पबहुत्व
·०६२२ स्पर्शना
·०६२३ क्षेत्र
·०६२४ द्रव्य
·०६२५ गुण
·०६२६ पर्याय

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·०७ पुद्गल परिणाम का वर्गीकरण

०७०१ सामान्य विवेचन

०७०२ पुद्गल परिणाम औधिक

०७०३ बंधन

०७०४ गति

०७०५ संस्थान

०७०६ भेद

०७०७ वर्ण

०७०८ गंध

०७०९ रस

०७१० स्पर्श

०७११ अगुरुलघु

०७१२ शब्द

०७१३ स्थिति

०७१४ अवगाहना

०७१५ प्रकाश

०७१६ तम

०७१७ आतप

०७१८ अशब्द

०७१९ छाया

०७२० गुण

०७२१ पर्याय

०७२२ अल्पबहुत्व

७७२३ अन्तरकाल

०७२४ प्रतिघात

०७२५ गुरुलघु

०७२६ प्रभा

०७२७ भाव

०७२८ अविभाग प्रतिच्छेद

०७२९ परिस्पन्दन

०७३० चरम-अचरम

०७३१ संयोग

०७३२ सौक्ष्म्य

०७३३ स्थौल्य

०७३४ स्निधत्व

०७३५ रुक्षत्व

०७३६ संसार-संस्थानकाल

०७३७ एकत्व

०७३८ पृथक्त्व

०७३९ संख्या

०७४० अग्नि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आशीर्वचन

आचार्य श्री तुलसी की सन्निधि में आगम-सम्पादन की योजना बनी। उसमें अनेक कार्यों के साथ एक कार्य था आगमों का विषयीकरण। इस कार्य का दायित्व मोहनलालजी बांठिया ने संभाला। वे पूरी निष्ठा के साथ इस कार्य में जुट गये। श्रीचंदजी चोरड़िया का सहयोग उनके लिए मणि-कांचन जैसा हो गया। अन्य अनेक कार्यकर्ता इस प्रवृत्ति के सहयोगी बन गए।

पुद्गल कोश से पूर्व वर्धमान कोश, लेश्या कोश, क्रिया कोश, योग कोश आदि अनेक कोश प्रकाश में आ चुके हैं। उनकी उपयोगिता भी सर्वत्र प्रमाणित हो चुकी है। पुद्गल जैन आगम साहित्य का बहुत बड़ा विषय है। परमाणु और स्कंध—इन दोनों पर शत-शत दृष्टियों से विचार किया गया है। उसका कोश जैन दर्शन के अध्येता के लिए बहुत उपयोगी होगा। तुलनात्मक दृष्टि से अध्ययन करने वालों के लिए एक अमूल्य निधि के रूप में उपयोगनीय होगा। इसमें श्वेताम्बर-दिगम्बर दोनों परम्पराओं के ग्रन्थों का सार संकलित है। उपयोगिता और अधिक बढ़ गई है। श्रीचन्दजी चोरड़िया की संकलनात्मक और नियोजनात्मक मेधा उत्तरोत्तर बढ़ती रहे। इससे जैन-दर्शन की बहुत प्रभावना होगी।

आध्यात्म साधना केन्द्र — **आचार्य महाप्रज्ञ**

महरोली,

नई दिल्ली-११० ०३०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दो शब्द

जैन दर्शन में षट् द्रव्य कहे गये हैं - धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, पुद्गलास्तिकाय, काल और जीवास्तिकाय। द्रव्य का अर्थ है 'सत्' वस्तु अर्थात् वह वस्तु जिसमें अवस्थान्तर भले ही हो पर जो मूलतः कभी विनाश को प्राप्त नहीं होता। द्रव्यों में प्रथम पांच अजीव है। उनमें चैतन्य नहीं होता। जीवास्तिकाय चैतन्य द्रव्य है। पांच अचेतन द्रव्यों में पुद्गलास्तिकाय रूपी है। उसके वर्ण, गध, रस और स्पर्श हाते हैं, अतः वह रूपी है इन्द्रिय ग्राह्य है।

पुद्गलास्तिकाय की रचना अन्य द्रव्यों से भिन्न है। पुद्गल का सूक्ष्म से सूक्ष्म टुकड़ा जिसका खंड नहीं हो सकता, जो अन्तिम अविभाज्य होता है परमाणु कहलाता है। परमाणुओं में परस्पर मिलने व बिछुड़ने का सामर्थ्य होता है। इस गलन-मिलन गुण या स्वभाव के कारण परमाणु मिलकर स्कंध रूप हो जाते हैं, और स्कंध से बिछुड़कर पुनः परमाणु रूप हो जाते हैं।

पदार्थ विज्ञान की दृष्टि से पुद्गल का अध्ययन करना जितना महत्वपूर्ण है उतना ही आध्यात्मिक दृष्टि से उसका ज्ञान प्राप्त करना परमावश्यक हैं। वैज्ञानिक दृष्टि से पुद्गल अनन्त शक्ति सम्पन्न है। आध्यात्मिक दृष्टि से उसकी असलियत पौद्गलिक बंधन का कारण है जो परम्परा से भव-भ्रमण का कारण होता है।

अस्तु समग्रलोक अजीव, जड़, अचेतन या पुद्गल नाम का जो तत्व है उससे भरा पड़ा है। जो हम अपनी आंखों से देखते हैं वह सब पुद्गल है। जीव और पुद्गल का सम्बन्ध अनादिकाल से है। जिस दिन आत्मा का पुद्गल से सम्बन्ध छूट जाता है आत्मा-परमात्मा-सिद्ध बन जाती है।

प्रस्तुत पुद्गल कोष की पाडुलिपी आज से ३० साल पहले स्व० मोहनलालजी बांठिया व श्री श्रीचन्दजी चोरड़िया के गहन अध्ययन से तैयार की गई है। बांठियाजी के निधन के बाद इस शोध कार्य की गति मंद हो गई। विद्वान लेखक श्री श्रीचन्दजी चोरड़िया ने इसे अधूरे कार्य को अकेले ही पूरा करने का बिड़ा उठाया। उनके अथाह परिश्रम का फल है कि हम पुद्गल कोश को प्रकाशित कर सके हैं।

पुद्गल कोश में मनीषी लेखक ने पुद्गल की विभिन्न अवस्थाओं और पुद्गल और जीव के सम्बन्ध का बड़े सुन्दर ढंग से विनेचन किया है। ये पुद्गल स्वयं कर्म नहीं है किन्तु उनमें कर्म होने की योग्यता है। वे कर्मरूप पर्याय विशेष में प्रसंगानुसार परिणत हो जाते हैं। प्राणी के अन्तर में जब भी रागद्वेषात्मक भाव

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होते हैं तभी तत्क्षण वे वर्गणा के पुद्गल कर्म रूप में परिणत हो जाते हैं और कार्मण नाम के सूक्ष्म शरीर के माध्यम से आत्मा के साथ बद्ध हो जाते हैं।

क्रिया कोष, लेश्या कोश, योग कोश की भांति इसका निर्माण भी दशमलब वर्गीकरण पद्धति से किया गया है। यह कोष जैन दर्शन का एक बहुमूल्य ग्रन्थ बन गया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि पाठकों को इसका अध्ययन ज्ञानवर्धक सिद्ध होगा विशेषतः शोधकों के लिये उपयोगी सिद्ध होगा।

मैं उन सभी महानुभावों के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने हमें अधिक रूप से इस ग्रन्थ के प्रकाशन में सहयोग दिया।

समिति ने इसके पूर्व में लेश्या कोष, क्रिया कोश, वर्धमान जीवन कोश खंड १, २, ३ योग कोश खंड १, २ मिथ्यात्वी का आध्यात्मिक विकास व स्व० मोहनलालजी बांठिया स्मृति ग्रन्थ प्रकाशित कर चूकी है जिनको पाठकों ने इन ग्रन्थों की उपयोगिता को बहुत सहराया है।

इस संस्था का पावन उद्देश्य जैन दर्शन व भारतीय दर्शन को उजागर करना है। जिससे मानव-ज्ञान रश्मियों से अपने अज्ञान अंधकार को मिटा सकें।

अस्तु लेश्या कोश, क्रिया कोश और वर्धमान जीवन कोश खंड—१ स्टोक में नहीं है।

हमारे पास निम्नलिखित कोश स्टोक में है—

(१) मिथ्यात्वी का आध्यात्मिक विकास मूल्य १५/-
(२) वर्धमान जीवन कोश खंड—२ मूल्य ६५/-
(३) वर्धमान जीवन कोश खंड—३ मूल्य ७५/-
(४) योग कोश खंड—१ मूल्य १००/-
(५) योग कोश खंड—२ मूल्य १००/-
(६) पुद्गल कोश खंड—१ मूल्य १५०/-

इस संस्था द्वारा प्रकाशित साहित्य सस्ते दामों में वितरण कर अधिक से अधिक प्रचार हो यही इसका उद्देश्य है। इस पुनीत कार्य में सबका सहयोग अपेक्षित है।

गुलाबमल भण्डारी, अध्यक्ष
जैन दर्शन समिति

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

जैन दर्शन अत्यन्त सूक्ष्म और गहन है तथा मूल सिद्धान्त ग्रन्थों में इसका क्रमबद्ध तथा विषयानुक्रम विवेचन नहीं होने के कारण इसके अध्ययन एवं इसे समझने में कठिनाई होती है। कई विषय विवेचना की दृष्टि से अपूर्ण व अधूरे होने के कारण भलीभांति समझ में नहीं आते। अर्थ बोध की इस दुर्गमता के कारण जैन-अजैन दोनों प्रकार के विद्वान जैन दर्शन के अध्ययन में सकुचाते हैं। क्रमबद्ध तथा विषयानुक्रम विवेचन का अभाव जैन दर्शन के अध्ययन में सबसे बड़ी बाधा उपस्थित करता है, ऐसा जैन विद्वानों का मानना है।

जैन दर्शन समिति अपने स्थापना काल से ही कोश निर्माण की परिकल्पना को साकार करने में लगी है। समिति ने इससे पूर्व क्रिया कोश, मिथ्यात्वी का आध्यात्मिक विकास, वर्धमान जीवन कोश (तीन खण्डों में) एवं योग कोश (दो खण्डों में) आदि महत्वपूर्ण ग्रन्थ प्रकाशित किये हैं। लेश्या कोश का प्रकाशन इस कोश परिकल्पना के सूत्रधार जैन तत्ववेत्ता स्व० मोहनलालजी बांठिया ने समिति स्थापना के पूर्व श्रीचंदजी चोरड़िया के सहयोग से स्वयं के खर्चे से प्रकाशित किया था। विद्वानों ने व शोधकों ने इन प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना की है।

स्व० मोहनलालजी बांठिया संस्था के प्राण थे। वे स्वयं तत्ववेत्ता श्रावक थे। उनके प्रयासों से समिति इतना महत्वपूर्ण कार्य कर पायी। उन्होंने ग्रन्थों-कोशों की प्रारम्भिक तैयारी कर ली। श्री श्रीचंदजी चोरड़िया उनके अनन्य सहयोगी रहे। स्व० मोहनलालजी बांठिया के निधन के पश्चात् श्री श्रीचंदजी चोरड़िया ने अवशिष्ट कार्य को आगे बढ़ाया। जैन तत्व की गम्भीर जानकारी, प्राकृत व संस्कृत भाषा पर अधिकार रखने वाले विद्वानों को अंगुलियों पर गिना जा सकता है। इस दृष्टि से श्री श्रीचंदजी चोरड़िया का यह प्रयास स्तुत्य एवं सराहनीय है।

प्रस्तुत पुद्गल कोश में पुद्गल सम्बन्धी सम्पूर्ण जानकारी एकत्रित करके सम्पादित की गई है। मूल-पाठ अनेक आगमों से एकत्रित किये गये हैं। टिप्पणी तथा हिन्दी अनुवाद भी प्रस्तुत किया गया है।

पूज्य गुरुदेव श्री तुलसी ने कोश के कार्य को आगम सम्पादन के पूरक कार्य के रूप में स्वीकार किया था। अपने जीवन काल में आचार्य श्री तुलसी का मार्गदर्शन भी समिति को सदैव प्राप्त हुआ था। समिति के उत्साही सदस्यों, शुभ-चिन्तकों के साहस और निष्ठा का उल्लेख करना मेरा कर्त्तव्य है। प्रत्यक्ष-परोक्ष सहयोगी रहे, प्रत्येक व्यक्ति के प्रति हम आभारी हैं। आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी ने भी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपना आशीर्वचन प्रदान कर हमारा उत्साहवर्धन किया है। पूज्यवरों के मंगल मार्गदर्शन के लिये हम उनके प्रति श्रद्धाप्रणत हैं। समिति के इस कार्य में चारित्रात्माओं से समय-समय पर प्रत्यक्ष, परोक्ष प्रेरणा मिली है हम उनके प्रति भी कृतज्ञ हैं।

स्व० मोहनलालजी बांठिया तथा श्रीचंदजी चोरड़िया ने अनेक पुस्तकों का अध्ययन कर प्रस्तुत कोश को तैयार कर हमें प्रकाशित करने का मौका दिया उनके प्रति भी हम आभारी हैं।

जैन दर्शन समिति के अध्यक्ष श्री गुलाबमलजी भण्डारी के प्रति भी मैं आभार व्यक्त करना चाहूंगा जिनके सतत मार्गदर्शन से ही प्रकाशन कार्य शीघ्र सम्पन्न हो सका। समिति के वरिष्ट सदस्य श्री नवरतनमलजी सुराना, उपाध्यक्ष श्री हीरालाल जी सुराना, श्री धर्मचंदजी राखेचा, श्री बच्छराजजी सेठिया, श्री हणूतमलजी बांठिया, श्री पद्मचंदजी नाहटा, उपाध्यक्ष श्री पद्म कुमारजी रायजादा, रणजीतमलजी बच्छावत, सुमतिचंदजी गोठी एवं युवा साथी श्री पन्नालालजी पुगलिया, रतनजी दूगड़ एवं प्रत्यक्ष परोक्ष सत्साहित्य की प्रवृत्ति को आगे बढाने के लिये समय-समय पर समिति को उदारमना व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त होता रहा है। इस कृति के लिये भगवतीलाल सिसोदिया ट्रस्ट, जोधपुर, (मार्फत श्री गुलाबमल भण्डारी) आदि का सहयोग प्राप्त हुआ है। इसके लिये समिति उनके प्रति आभारी हैं।

मुझे इस बात का सात्विक आह्लाद है कि मेरे कार्यकाल में यह प्रस्तुति एक विशाल ग्रन्थ के रूप में पाठकों के हाथों में पहुंच रही है। मेरे कार्य में मेरे अनन्य सहयोगी जैन दर्शन समिति के उपमंत्री श्री सुशीलजी बाफना के सहयोग को मैं शब्दों में अभिव्यक्त नहीं कर सकता।

राज प्रोसेस प्रिन्टर्स तथा उनके कर्मचारी का हमें पूरा सहयोग मिला। तदर्थ धन्यवाद।

सुशीलकुमार जैन, मन्त्री
जैन दर्शन समिति

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

FOREWORD

It gives me great pleasure in writing a Foreword to a book *Pudgala-kośa* by name written by Shri Shrichand Chorariyaji who is already an author of several *kośas* like the present one. Shri Chorariyaji is a good scholar on Jainism. He has already shown his scholarship by publishing the *Leśyā-kośa, Kriyā-kośa, Vardhamāna-Jīvana-kośa* (in three parts), *Yoga-kośa* (in two parts), and the present one—the *Pudgala-kośa*. He has also prepared *Dhyāna-kośa* and also a *Paribhāṣa-kośa* (otherwise known as *Saṃyukta-Leśyā-kośa). His Mithyātvī kā Ādhyātmika Vikāśa* is an outstanding philosophical text which describes the manifestation of soul according to the Jain tradition. This treatise shows the masterly contribution of Chorariyaji to the subject.

The plan of all his Cyclopaedias is a unique one. The method followed in preparing all the cyclopaedias is the classification of International Decimal System used in the libraries of the world. Each decimal point is arranged topic-wise. In each section and under each topic one decimal point is given; e.g.,

.00 *Śabda-vivecana*

.01 *Śabda-vyutpatti*

.01.1 *prākṛta mē poggala śabda kī vyutpatti*

[Then follows the description of the subject].

The description of each item (divided into thousand points) is followed by the original quotations collected from over 100 books. All the original quotations from the Jaina texts, both canonical and non-canonicall, are followed by Hindi translations. It goes without saying that to collect all these quotations in one place is a huge task, and for this Shri Chorariyaji is to be congratulated.

Shri Chorariyaji has been working on Jainism for a long time. He is a good scholar and is always devoted to his Jain Cyclopaedias. He spends most of his time in compiling material for his *kośas*. He gives a special care for the better production of his work. As far as I know, all his cyclopaedias are received well by the scholarly world.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Recently Shri Chorariyaji has been awarded an *Anuvrata Sāhitya Sevī Puraskāra* by the Paścima-Vaṅga-Anuvrata-Samiti at Delhi, as a recognition of his scholarship and devotedness to his studies on Jainism. All his *kośas* are valuable source books on the doctrines of Jainism. His methodology is good, systematic and useful. Through his "Dictionary Project", Shri Chorariyaji has opened up a new vista of research and has set a new model for the future generations of Jainistic studies.

Pudgala simply means matter. In terms of Jainism it is defined as *sparśa-rasa-gandha-varṇa-vantaḥ pudgalāḥ (Tattvārtha-sūtra,* V. 23) "*Pudgalas* (material things) are characterised by touch, taste, smell, and colour." The suffix *van* is here used to denote "permanent union". *Sparśa* (touch) is of eight kinds, namely, soft *(snigdha)*, hard *(ruksa)*, heavy *(guru)*, light *(laghu)*, cold *(śita)*, hot *(uṣṇa)*, smooth *(mṛdu)* and rough *(karkasa)*. *Rasa* (taste) is of five kinds, namely, bitter *(tikta)*, sour *(kaṭu)*, acidic *(amla)*, sweet *(madhura)* and astringent *(kaṣāya)*. *Gandha* (smell) is of two kinds, namely, pleasant *(sugandha)* and unpleasant *(durgandha)*. *Varṇa* (colour) is of five kinds, namely, black *(kṛṣṇa)*, blue *(nīla)*, red *(rakta)*, white *(śveta)* and yellow *(pīta)*.

All these have many other sub-divisions and varieties; they are also connected with other objects of the world.

The whole problem of *pudgala* is exhaustively treated by Shri Shrichand Chorariya in his *Pudgala-koṣa*.

The *Pudgala-kośa* is a remarkable source book so very systematically arranged with abundant extracts and references to the original Jain works. All his *kośas* will help scholars to compile an Encyclopaedia on Jainism. The book is highly commendable and will act as an indispensable and valuable handbook for the students of Jainism.

I do believe this *Pugala-kośa* will adorn the libraries of the world.

Calcutta
The 9th of
September 1999

Satya Ranjan Banerjee
Quondam Professor of Linguistics
Calcutta University

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तावना

हमने वर्गीकृत आगम ग्रन्थमाला को मूल १०० विभागों में विभाजित किया है। आगमों के वर्गीकृत सन्दर्भ संस्करण की पूरी योजना है।

यथा सम्भव वर्गीकरण की सब भूमिकाओं में एकरूपता रखी जायेगी। पुद्गल का विषयांकन हमने ०६०१ किया है। इसका आधार यह है कि सम्पूर्ण जैन वाङ्मय को १०० भागों में विभाजित किया गया है (देखें—मूलवर्गीकरण सूची पृ० ६।) इसके अनुसार पुद्गल का विषयांकन ·०६ है। पुद्गल-अजीव-रूपी-पुद्गल भी १०० भागों में विभक्त किया गया है। (देखें—पुद्गल वर्गीकरण सूची पृ० १०) इसके अनुसार पुद्गल का विषयांकन ०६ होता है। अत: पुद्गल का विषयांकन हमने ०६०१ किया है। पुद्गल का धरातल पुद्गल परिणाम (·०७) —से सम्बन्ध रखता है। इसके अनुसार पुद्गल का विषयांकन ·०७ भी होता है। अत: पुद्गल का विषयांकन हमने ०७०१ भी रखा है। (देखें पुद्गल परिणाम वर्गीकरण सूची पृ० ११) लोकालोक के विभाजन में पुद्गल का भी उल्लेख हुआ है (देखें—लोकालोक वर्गीकरण सूची पृ० ९) अत: पुदगल का विषयांकन ०११८ का भी होता है।

सामान्यत: अनुवाद हमने शाब्दिक अर्थ रूप ही किया है लेकिन जहाँ विषय की गम्भीरता या जटिलता देखी है वहाँ अर्थ को स्पष्ट करने के लिए विवेचनात्मक अर्थ भी किया है। विवेचनात्मक अर्थ करने के लिए हमने सभी प्रकार की टीकाओं तथा अन्य सिद्धांत ग्रन्थों का उपयोग किया है। छद्मस्था के कारण यदि अनुवाद में या विवेचन में कहीं कोई भूल, भ्रांति या त्रुटि रह गई हो तो पाठक वर्ग सुधार लें।

वर्गीकरण के अनुसार जहाँ मूल पाठ नहीं मिला अथवा जो मूल पाठ में विषय स्पष्ट रहा वहाँ मूल पाठ के अर्थ को स्पष्ट करने के लिए हमने टीकाकारों के स्पष्टीकरण को भी अपनाया है तथा स्थान-स्थान पर टीका का पाठ भी उद्धृत किया है।

हमने संकलन का काम आगम, श्वेताम्बर व दिगम्बर ग्रन्थों तक रखा है तथा अनुवाद के कार्य में निर्युक्ति, चूर्णी आदि का भी उपयोग किया है।

जो पुद्गल पिण्ड एक रूप है उसका भंग होना भेद है। इसके उत्कर, चूर्ण, खण्ड, चूर्णिका, प्रतर और अणुचटन ये छ: प्रकार है। लकड़ी या पत्थर आदि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

का करोंत आदि से भेद करना उत्कर है। जौ और गेहूँ आदि का आटा या सत्तू आदि चूर्ण है। घट आदि के टुकड़े-टुकड़े हो जाना खण्ड है। उड़द और मूंगादि का दालादि चूर्णिका है। मेघ, भोजपत्र, अभ्रक और मिट्टी आदि की तहें निकलना प्रतर है। और गरम लोहे आदि के मारने पर फुलिंगे निकलना अणुचटन है।

कहा है—

चउहिं अत्थिकाएहिं लोगे फुडे, पन्नत्ते तंजहा—धम्मत्थिकाएणं, अधम्मत्थिकाएणं, जीवत्थिकाएणं, पुग्गलत्थिकाएणं।

—ठाण० स्था ४। उ ३। सू ४९३

अर्थात् चार अस्तिकाय लोक का स्पर्श करते हैं—यथा—धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, जीवास्तिकाय तथा पुद्गलास्तिकाय।

जीव और पुद्गल (अजीव) इस स्थूल जगत के दो मूल तत्त्व है।

पुद्गल के तीन प्रकार है—१) अष्ट स्पर्शी-स्थूल अजीव जगत्—२) चतुस्पर्शी कर्म, मन, वचन व श्वासोच्छ्वास वर्गणा। ३) द्विस्पर्शी परमाणु।

पुद्गल में संहनन (शारीरिक अस्थि संरचना) व संस्थान (आकृति) दोनों होते हैं। यद्यपि परमाणु का कोई संस्थान नहीं होता है। ये दोनों जीव गृहीत शरीर रूप में परिणत पुद्गल विशेष में माना गया है। संस्थान शरीर के अतिरिक्त पुद्गल में भी होता है। उसका स्वरूप भिन्न है। शरीरमुक्त जीव के दोनों नहीं होते हैं।

भाषा के पुद्गल पूरे लोक में फैल जाते हैं। इस सन्दर्भ में आकाशवाणी व दूरदर्शन प्रसारण महत्वपूर्ण है। सिद्धों की अफूसमाणगति—अस्पृश्यमान गति होती है। स्निग्ध व रूक्ष से विद्युत पैदा होता है।

कहा है—

अणुखंधव्येण दु, पोग्गलदव्वं हवेइ दुवियप्पं।
खंधा दु छप्पयारा, परमाणु चेव दुवियप्पो॥

—नियम० अधि २। गा १

पुद्गल द्रव्य के दो भेद है—एक अणु, दूसरा स्कंध। स्कंध के छः प्रकार हैं और परमाणु के दो प्रकार हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुद्गल द्रव्य के दो भेद हैं—एक स्वभाव पुद्गल और दूसरा विभाव पुद्गल। परमाणु स्वभाव पुद्गल है और स्कंध विभाव पुद्गल है। स्वभाव पुद्गल के दो भेद हैं—एक कार्य परमाणु, दूसरा कारण परमाणु। स्कंध के छः प्रकार है—पृथ्वी, जल, छाया, चार इन्द्रिय के विषय रूप पदार्थ, जैसे—शब्द, सुगन्धादि। कार्मण योग्य पुद्गल वर्गणा और कर्म अयोग्य पुद्गल ऐसे छः भेद है।

स्कंधों के गलने से अणु होता है और अणुओं के मिलने से स्कंध होता है।

रस, रूधिर, मांस, मेदा, अस्थि, मज्जा और शुक्र—इनकी विस्रसोपचय संज्ञा है—ऐसा षट्खंडागम में कहा है।[1] पांच शरीरों के परमाणु पुद्गलों के मध्य जो पुद्गल स्निग्ध आदि गुणों के कारण इन पांच शरीरों के पुद्गलों में लगे हुए हैं उनकी विस्रसोपचय संज्ञा है। उन विस्रसोपचयों के सम्बन्ध का पांच शरीरों के परमाणु पुद्गल गत स्निग्ध आदि गुण रूप जो कारण है उसकी विस्रसोपचय सज्ञा है। क्योंकि यहाँ कार्य में कारण का उपचार है।

धर्माधर्माकाशकालानाम् मुख्यवृत्यैकसमयवर्तिनोऽर्थपर्याया एव जीव-पुद्गलानाम् अर्थपर्याया व्यंजनपर्यायाश्च।

—प्रव० अ २। ग। ३७ तात्पर्यवृत्ति

जीव और पुद्गल में ही व्यंजन पर्याय (स्वभाव एवं विभावद्विविधः) होती है। व्यंजनपर्याय संसारी जीव तथा पुद्गल के विशेष पारिणामिक भाव तथा परिस्पन्दन निमित्त से होता है।

पुद्गलजीवास्तु क्रियावंतः।

—तत्त्व० अ ५। सू ६ का भाष्य

पुद्गल और जीव क्रियावान् है।

अनादिरादिमांश्च।

रूपिष्वादिमान्॥

—तत्त्व० अ ५। सू ४२, ४३

काल की अपेक्षा से परिणाम बताया गया है—अनादि-सादि। पुद्गलों का परिणाम आदिमान् है।

---

१. षट् ५, ६, सू ५५३ टीका। पु १४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नोट—आचार्य भिक्षु ने तेरह द्वार के आठवें भाव द्वार में पुद्गलास्तिकाय को अनादि परिणामिक भाव में भी ग्रहण किया है।

रूपिषु तु द्रव्येषु आदिमान् परिणामाऽनेकविधः।

—तत्त्व० अ ५। सू ४३ का भाष्य

पुद्गल का आदिमान् परिणाम अनेक प्रकार का है।

नोट—पुद्गल परमाणु स्वतन्त्रता में गति तथा अगुरुलघु—यह दो परिणाम नहीं करेगा।

स्वलक्षणं हि लोकस्य षड्द्रव्यसमवायात्मकत्वं, अलोकस्य केवलं आकाशात्मकत्वम्।

—प्रवचनसार अ २। गा ३६ की प्रदीपिका वृत्ति

गोयमा! अलोए भुसिर गोलसंठिए पण्णत्ते।

—भग० श ११। उ १०। सू १०

सम्पूर्ण विश्व गोलाकार है। अलोक मध्य में पोले गोले की तरह है।

पूरणगलनान्वर्थसंज्ञत्वात् पुद्गलाः।

—तत्त्वराज० पृ० १९०

पूर्ण होना अर्थात् मिलना, बद्ध होना, गलना अर्थात् पृथक् होना-विछुड़ना जो मिले तथा जुदा हो वह पुद्गल।

पूरणात् गलनात् इति पुद्गलाः परमाणवः।

—न्यायकोष पृ० ५०२

पुद्गल परमाणु मिलते हैं तथा विलय होते हैं।

शरीरवाङ्मनः प्राणपानाः पुद्गलानाम्ः सुखदुःखजीवितमरणोपग्रहाश्च।

—तत्त्व० अ ५। सू १९, २०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीव का उपकारी है। सुख-दुःख, जीवित-मरण, शरीर, वाक्-मन प्राणपना इन चार-चार भेद वाले द्विविध उपकारों को करता है।

प्रयोगपरिणत पुद्गल (पओगपरिणद पोग्गल)

प्रयोगपरिणताः—जीवव्यापारेण तथाविधपरिणतिमुपनीताः। यथा पटादिषु कर्म्मादिषु वा।

—स्था० स्था ३। उ ३। सू १८६ टीका

जीव की क्रियाओं द्वारा पुद्गल के अपने स्वरूप से अन्य स्वरूप में परिणत हो जाने को प्रयोगपरिणत पुद्गल कहते हैं।

प्रसिद्ध गणितज्ञ प्रो० अलबर्ट आईंसटीन लोक और अलोक की भेद रेखा बताते हुए लिखते हैं—"लोक परिमित है, अलोक अपरिमित है। लोक के परिमित होने के कारण द्रव्य और शक्ति लोक के बाहर नहीं जा सकती। लोक के बाहर उस शक्ति का (द्रव्य) अभाव है जो गति सहायक होती है। स्थूल दृष्टि से धर्म द्रव्य है वही ईथर है और ईथर है वही धर्म द्रव्य है।

पुद्गलास्त काय यद्यपि अनंत हैं, तथापि उसमें संघात (मिलने) और भेद (पृथग् होने) से उनका अनंतपन अनवस्थित है। इसलिए वह कृतयुग्मादि चारो राशि रूप होता है।

प्रदेश रूप से धर्मास्तिकाय और अधर्मास्तिकाय के प्रदेश असंख्यात है। वे परस्पर तुल्य है और दूसरे प्रदेशों की अपेक्षा अल्प है। उससे जीवास्तकाय, पुद्गलास्तिकाय, अद्धासमय और आकाशास्तिकाय के प्रदेश उत्तरोत्तर अनंत गुण है।

द्वयणुकों से परमाणु सूक्ष्म तथा एकत्व होने से बहुत है और द्विप्रदेशी स्कंध परमाणुओं से स्थूल होने से अल्प है।

प्रदेशार्थ से विचार करते हुए बताया गया है कि परमाणुओं से द्विप्रदेशी स्कंध बहुत है। परमाणु से अनंत प्रदेशी स्कंध के प्रदेश अनंत होते हैं।

परमाणु से अनंत प्रदेशी स्कंध तक एक प्रदेशावगाढ़ होते हैं और द्वयणुक से अनंत अणु स्कंध तक द्विप्रदेशावगाढ़ होते हैं। इसी प्रकार तीन प्रदेशी स्कंध से अनंत प्रदेशी स्कंध त्रिप्रदेशावगाढ़ होते हैं। इसी प्रकार चतुष्प्रदेशावगाढ़ यावत् अनंत प्रदेशावगाढ़ स्कंध तक जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दिगम्बर परम्परानुसार परनिन्दा, आत्मप्रशंसा, सद्गुणों का उच्छादन और असद्गुणों का उद्भावन—ये नीचे गोत्र के आस्रव है।

अणु (परमाणु) एक प्रदेशी होने से सबसे छोटा होता है अतः वह अणु कहलाता है। वह इतना सूक्ष्म होता है जिससे वही आदि है, वही मध्य है और वही अन्त है।

जिनमें स्थूल रूप से पकड़ना, रखना आदि व्यापरिका स्कन्धन अर्थात् संघटना होती है वे स्कंध कहे जाते हैं। रूढि में क्रिया कहीं पर होती हुई उपलक्षण रूप से वह सर्वत्र ली जाती है। इसलिए ग्रहण आदि व्यापार के अयोग्य द्वयणुक आदिक में भी स्कंध संज्ञा प्रवृत्त होती है। यद्यपि पुद्गलों के अनत भेद हैं तो भी वे सब अणुजाति और स्कंध जाति के भेद से दो प्रकार के हैं।

अणु स्पर्श, रस, गन्ध और वर्ण वाले हैं परन्तु स्कंध शब्द, बन्ध, सौक्ष्म, स्थौल्य, संस्थान, भेद, छाया, आतप और उद्योत वाले हैं तथा स्पर्शादि वाले भी है।

भेद से, संघात से व भेद-संघात से स्कंध उत्पन्न होते हैं ऐसा दिगम्बर आचार्य मानते हैं। यथा—१—संघात से—दो परमाणुओं के संघात से दो प्रदेश वाला स्कंध उत्पन्न होता है। दो प्रदेश वाले स्कंध और एक अणु के संघात से या तीन अणुओं के संघात से तीन प्रदेशवाला स्कंध उत्पन्न होता है। दो प्रदेशवाले दो स्कंधों के संघात से, तीन प्रदेशवाले स्कंध और अणु के संघात से या चार अणुओं के संघात से दो चार प्रदेशवाला स्कंध उत्पन्न होता है। इस प्रकार संख्यात, असंख्यात, अनंत और अनंतानंत अणुओं के संघात से उतने-उतने प्रदेशोंवाले स्कंध उत्पन्न होते हैं। २—तथा उन्हीं संख्यात आदि परमाणुवाले स्कंधों से भेद में दो प्रदेशवाले स्कंध तक स्कंध उत्पन्न होते हैं। ३—इस प्रकार एक समय में होने वाले भेद और संघात इन दोनों से दो प्रदेशवाले आदि स्कंध उत्पन्न होते हैं—ऐसी दिगम्बर परम्परा में कहा है। तात्पर्य यह है कि जब अन्य स्कंध भेद से होता है और अन्य का संघात, तब एक साथ भेद और अन्य का संघात तब एक साथ भेद और संघात इन दोनों से भी स्कंध की उत्पत्ति होती है।

भेद से अणु उत्पन्न होता है। न संघात से होता है और न भेद और संघात से—इन दोनों से नहीं होता है।

अनंतानंत परमाणुओं के समुदाय से निष्पन्न होकर भी कोई स्कंध चाक्षुष होता है और कोई अचाक्षुष। सूक्ष्म परिणामवाले स्कंध का भेद होने पर वह अपनी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूक्ष्मता को नहीं छोड़ता इसलिए उसमें अचाक्षुषपना ही रहता है। एक दूसरा सूक्ष्म परिणामवाला स्कंध जिसका यद्यपि भेद हुआ तथापि दूसरे संघात से संयोग हो गया अत: सूक्ष्मपना निकालकर उसमें स्थूलपने की उत्पत्ति होती है और इसलिए वह चाक्षुष हो जाता है। अत: सर्वार्थसिद्धि में कहा गया है कि भेद और संघात से चाक्षुष स्कंध बनता है।

कोयला जलकर राख हो जाता है, इसी पुद्गल का कोयला रूप पर्याय का व्यय हुआ है और क्षार रूप पर्याय का उत्पाद हुआ है। किन्तु दोनों अवस्थाओं में पुद्गल द्रव्य का अस्तित्व बना रहता है। पुद्गलपने का कभी भी नाश नहीं होता यही उसकी ध्रुवता है। पुद्गलादिक द्रव्य को अपने रूपादि गुणों के द्वारा भेद को प्राप्त होते हैं। रूपादिक पुद्गलादि के गुण हैं। तथा इनके विकार विशेष रूप से भेद को प्राप्त होते हैं अत: वे पर्याय कहलाते हैं।

पुद्गल बन्ध की अपेक्षा अनेक प्रदेश रूप शक्ति से युक्त होने के कारण इनका प्रदेश-प्रचय बन जाता है किन्तु काल द्रव्य शक्ति और व्यक्ति दोनों रूप से एक प्रदेश रूप होने के कारण उसमें प्रदेश-प्रचय नहीं बनता।

एक पुद्गल परमाणु मन्द गति से एक आकाश प्रदेश से दूसरे आकाश प्रदेश पर जाता है और उसमें कुछ समय भी लगता है। यह समय ही काल द्रव्य की पर्याय है जो कि अति सूक्ष्म होने से निरंश है।

ओज आहार सभी दंडकों के जीव करते हैं। वह आहार अनंत प्रदेशी पुद्गल स्कंध का है। नारकी के ओज आहार है पर मनोभक्षी आहार नहीं है। देवों में दोनों प्रकार के आहार है। तिर्यंच व मनुष्यों के ओज आहार है परन्तु मनोभक्षी आहार नहीं है।

लोक के मध्य से लेकर ऊपर, नीचे और तिरछे क्रम से स्थित आकाश प्रदेशों की पंक्ति को श्रेणी कहते हैं। अनु शब्द 'आनुपूर्वी' अर्थ में समसित है। इसलिए अनुश्रेणी का अर्थ श्रेणी की आनुपूर्वी से होता है। इस प्रकार की गति जीव और पुद्गलों की होती है। इस प्रकार पुद्गलों की जो लोक के अन्त को प्राप्त कराने वाली गति होती है वह अनुश्रेणी ही होती है। हां, इससे अतिरिक्त जो गति होती है वह अनुश्रेणी की गति होती है और विश्रेणी की।

वर्ण, गन्ध, रस और वर्ण का पुद्गल द्रव्य से सदा सम्बन्ध है—यह बतलाने के लिए 'मतुप्' प्रत्यय किया जाता है। जैसे—'क्षीरिणो न्यग्रोधाः'। यहाँ न्यग्रोध

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वृक्ष में दूध का सदा सम्बन्ध बतलाने के लिए 'णिनी' प्रत्यय किया जाता है। उसी प्रकार प्रकृत में जानना चाहिए।

संस्थान का अर्थ है—आकृति। भेद के छः भेद हैं। उत्कर, चूर्ण, खण्ड, चूर्णिका, प्रतर और अणुचटन। करौंत आदि से जो लकड़ी आदि को चीरा जाता है वह उत्कर नाम का भेद है। जौ और गेहूँ आदि का सत्तू और कनक आदि बनता है वह चूर्ण नाम का भेद है। घट आदि के जो कपाल और शर्करादि टुकड़े होते हैं वह खण्ड नाम का भेद है। उड़द और मूंग आदि का जो खण्ड किया जाता है वह चूर्णिका नाम का भेद है। मेघ के जो अलग-अलग पटल आदि होते हैं वह प्रतर नाम का भेद है। तपाये हुए लोहे के गोले आदि को घन आदि से पीटने पर जो फुलंगे निकलते हैं वह अणुचटन नाम का भेद है।

पुद्गल की परिभाषा

पूरणात् पुत् गलयतीति पुद्गलः।

—शब्द कल्पद्रुम कोष

अर्थात् पूर्ण स्वभाव से पुत् और गलन स्वभाव से गल—इन दो अवयवों के मेल से पुद्गल शब्द बना है।

पूरणगलनान्वर्थ संज्ञात्वात् पुद्गलाः।

—तत्त्व राज० अ ५। सू १-२४

गलन-मिलन स्वभाव के कारण पदार्थ को पुद्गल बताया गया है।

भेद—

अथ पुद्गलद्रव्यस्य विभावव्यञ्जनपर्यायान्प्रतिपादयति।

सद्दो बंधो सुहुमो थूलो संठाण भेद तम छाया।
उज्जोदादवसहिया पुग्गलदव्वस्स पज्जाया॥

—बृहद्र० अधि १। गा १६

शब्द, बंध, सूक्ष्मता, स्थूलता, संस्थान, भेद तम, छाया, उद्योत और आतप—इन सहित पुद्गल द्रव्य के पर्याय होते हैं।

नोट—ये सब स्कंध पुद्गल के भेद हैं। परमाणु पुद्गल के ये सब भेद नहीं होते हैं। परन्तु उनमें वर्ण-गंध-रस-स्पर्श नियमतः होते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुद्गल के दो प्रकार हैं —१—चतुस्पर्शी इसमें द्रव्यमान नहीं होता। अष्ट-स्पर्शी—इसमें द्रव्यमान होता है। विज्ञान कोई भी पदार्थ द्रव्यमान रहित (Innssless) नहीं मानता।

अस्तु परमाणु द्विस्पर्शी होता है। इसकी गति तो प्रकाश से बहुत तेज होती है। जैन दर्शन के अनुसार अष्टस्पर्शी-चतुस्पर्शी में व चतुस्पर्शी अष्टस्पर्शी में परिवर्तित हो सकता है। इसका अर्थ यह हुआ कि नया द्रव्यमान पैदा हो रहा हैं।

षट्द्रव्यात्मक समूह को लोक कहा जाता है। छः द्रव्य है। उनके नाम व परिभाषा इस प्रकार है—

१—धर्मास्तिकाय—जीव और पुद्गल के हलन-चलन में जो असाधारण रूप से सहायक हो—वह धर्मास्तिकाय है।

२—अधर्मास्तिकाय—जीव और पुद्गल के स्थिर रहने में जो असाधारण रूप से सहायक हो—वह अधर्मास्तिकाय है।

३—आकाशास्तिकाय—जो सब द्रव्य को आश्रय दे, वह आकाशास्तिकाय है।

४—काल—जो पदार्थों के परिवर्तन का हेतु है, वह काल है।

५—पुद्गलास्तिकाय—जो वर्ण, गन्ध, रस तथा स्पर्शयुक्त होता है—वह पुद्-गलास्तिकाय है।

६—जीवास्तिकाय—जो चैतन्य युक्त होता है—वह जीवास्तिकाय है।

अस्ति का अर्थ है—प्रदेश और काय का अर्थ है—समूह। प्रदेश और समूह को अस्तिकाय कहते हैं। काल अप्रदेशी है, परमाणु भी अप्रदेशी है और अवशिष्ट पांच द्रव्य सप्रदेशी है।

पुद्गलास्तिकाय—एक द्रव्य है—

धम्मत्थिकायदव्वं १ दव्वमहम्मत्थिकायनामं २ च।
आगास ३ काल ४ पोग्गल जीवदव्वस्सरूवं च॥

—प्रवसा० द्वार १५२। गा ९७३

धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, काल, पुद्गलास्तिकाय तथा जीवास्तिकाय—ये छः द्रव्य हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नोट—पूरण, गलन स्वभाववाला पुद्‌गल है। परमाणु से अनंताणुस्कन्ध पर्यन्त हैं। ये पुद्‌गल—मिलते हैं, अलग होते हैं। कहा है—

कालविहीणं दव्वच्छक्कं इह अत्थिकायाओ ॥९७६॥

—प्रवसा० द्वार १५२

काल रहित पांच द्रव्य ही यहाँ पंचास्तिकाय रूप है। यद्यपि दस प्राण का उल्लेख आगम साहित्य में नहीं प्राप्त होता है लेकिन प्रवचनसारोद्वार में है।

इंदिय ५ बल ३ उसासा १ उ १ पाण चउ छक्क सप्त अट्ठेव।
इगि विगल असन्नी सन्नी नव दस पाणा य बोद्धव्वा॥

—प्रवसा० द्वार १७० । गा १०६६

पांच इन्द्रिय, तीन बल, श्वासोच्छ्‌वास व आयुष्य— ये दस प्राण हैं। विकलेन्द्रिय में छः, सात, आठ प्राण। असंज्ञी में नव और संज्ञी में दस प्राण होते हैं। एकेन्द्रिय में चार प्राण होते हैं आवश्यक सूत्र में कहा है।

सम्मत्तस्सय तिसु उवरिमासु पडिवज्जमाणओ होइ।
पुव्वपडिवन्नओ पुण अन्नयरीए उ लेसाए॥

सम्यक्त्व की प्राप्ति के समय अन्तिम तीन शुभ लेश्यायें से कोई एक शुभ लेश्या होती है लेकिन बाद में कोई भी लेश्या हो सकती है। कहा है—

तथा चाह संग्रहणिमूलटीकाकारो हरिभद्रसूरिः—

सनत्कुमारादिदेवानां रताभिलाषे सति देव्यः खल्वपरिगृहीताः सहस्रारः यावद् गच्छन्तीति, तथा स एव प्रदेशान्तरे आह—"इह सोहम्मे कप्पे तासिं देवीणं × × × सोहम्मगदेवीओ ताओ सणंकुमाराणं गच्छन्ति × × × बंभलोगदेवाणं गच्छन्ति × × × महासुक्कदेवाणं गच्छन्ति। × × × ईसाणे-जासिं देवीणं × × × ताओ माहिंददेवाणं गच्छन्ति × × × ताओ लंतग-देवाणं × × × ताओ सहस्सारदेवाणं (गच्छन्ति) × × ×।

—पण्ण० प ३४। सू २०५२। टीका

अर्थात् रति-अभिलाषार्थं देवियां पहले स्वर्ग की तीसरे, पांचवें व सातवें देवलोक तक जाती है तथा ईशान-देवी माहेन्द्र, लंतक व सहस्रार देवलोक तक जाती है। आठवें देवलोक तक देवी जाती है—आगे नहीं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नोट—सौधर्म देवलोक की देवी व ईशान देवलोक की देवी का परिचारणा सम्बन्ध क्रमशः १, ३, ५, ७ देवलोक के देवों से, २, ४, ६, ८ देवलोक के देवों से है। ["सनत्कुमारमाहेन्द्रयोः कल्पयोर्देवाः स्पर्शपरिचारकाः, स्पर्शेन—स्तनभुजोरु-जघनादिगात्रस्पर्शेन परिचार—प्रवीचारो" मलय टीका पद ३४] अर्थात् सनत्कुमार माहेन्द्रदेव देवी के साथ स्पर्श परिचारणा (स्तन, भुजा, पेट-जंघादि का स्पर्श) करते हैं।

(भवनपति यावत् ईशान देवों तक) उन देवों के शुक्र पुद्गल होते हैं। वे शुक्र पुद्गल उन अप्सराओं के लिए बार-बार श्रोत्रेन्द्रिय रूप से, चक्षुरिन्द्रिय रूप से, रसेन्द्रिय रूप से, घ्राणेन्द्रिय रूप से, स्पर्शेन्द्रिय रूप से, इष्ट रूप से, कमनीय रूप से, मनोज्ञ रूप से, अति मनोज्ञ (मनाम) रूप से, सुभग रूप से, सौभाग्य-रूप-यौवन-गुण-लावण्य रूप से परिणत होते हैं।

नोट—कायिक मैथुन सेवन से मनुष्यों की तरह शुक्रपुद्गलों का क्षरण होता है परन्तु वह वैक्रियशरीरवर्ती होने के कारण गर्भाधान का कारण नहीं होता, किन्तु देवियों के शरीर में उन शुक्रपुद्गलों के संक्रमण से सुख उत्पन्न होता है।

शुक्र के पुद्गल और देव

मणुण्णत्ताए मणामत्ताए सुभगत्ताए सोहग्ग-रूव-जोव्वण-गुणलावण्ण-त्ताए ते तासिं भुज्जो भुज्जो परिणमंति।

—पण्ण० प ३४। सू २०५२

भवनपति, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और सौधर्म—ईशान कल्प के देव काय-परिचारक होते हैं।

तब वे देव उन अप्सराओं के साथ कायपरिचारणा (शरीर से मैथुन-सेवन) करते हैं। जैसे शीतपुद्गल, शीतयोनिवाले प्राणी को प्राप्त होकर अत्यन्त शीत अवस्था को प्राप्त करके रहते हैं, अथवा उष्ण पुद्गल जैसे उष्ण योनि वाले प्राणी को पाकर अत्यन्त उष्ण अवस्था को प्राप्त करके रहते हैं, उसी प्रकार उन देवों द्वारा अप्सराओं के साथ काया से परिचारणा करने पर उनका इच्छा मन (इच्छा प्रधान मन) शीघ्र ही हट जाता है—तृप्त हो जाता है।

मारणान्तिक समुद्घात मरणकाल में हो सकता है, शेष समय में नहीं, वह भी सब जीव नहीं करते। अंतराल गति में नहीं होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुद्गल में उत्पाद-व्यय और ध्रौव्य

पुद्गल शाश्वत भी है और अशाश्वत भी। द्रव्यार्थतया शाश्वत है और पर्याय रूप से अशाश्वत। परमाणु पुद्गल द्रव्य की अपेक्षा से अचरम (अंतिम नहीं) है। यानी परमाणु संघात रूप से परिणत होकर भी पुनः परमाणु बन जाता है, अतः द्रव्यत्व की दृष्टि से चरम—अन्तिम (Ultimate) नहीं है। क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा से चरम भी होता है और अचरम भी।

पुद्गल की द्विविधा परिणति

पुद्गल की परिणति दो प्रकार की होती है—

१—सूक्ष्म और २—बादर-स्थूल।

परमाणु परमाणु रूप में और स्कंध स्कंध रूप में रहे तो कम से कम एक समय और अधिक से अधिक असंख्यातकाल तक रह सकते हैं। बाद में तो उन्हे बदलना ही पड़ता है। यह इनकी कालसापेक्ष स्थिति है। क्षेत्र सापेक्ष स्थिति—परमाणु और स्कंध में एक क्षेत्र में रहने की स्थिति भी यही है।

परमाणु स्कंध रूप में परिणत होकर फिर परमाणु बनने में कम से कम एक समय और अधिक से अधिक असंख्यातकाल लग जाता है और द्व्यणुकादि स्कंधों के परमाणु रूप में और त्र्यणुकादि स्कंध रूप में परिणत होकर फिर मूल में आने में कम से कम एक समय और अधिक से अधिक अनंतकाल लगता है।

पुद्गल के प्रकार

पुद्गल द्रव्य के स्कंध आदि चार प्रकार के होते हैं—

एक परमाणु अथवा स्कंध जिस आकाशप्रदेश में थे और किसी कारणवश वहाँ से चल पड़े, फिर आकाशप्रदेश में उत्कृष्टतः अनंतकाल के बाद और जघन्यतः एक समय के बाद ही आ पाते हैं। परमाणु आकाश के एक प्रदेश में ही रहते हैं। स्कंध के लिए यह नियम नहीं है। वे एक, दो, तीन, संख्यात व असंख्यात प्रदेशों में रह सकते हैं। यावत् समूचे लोक तक भी फैल जाते हैं। समूचे लोक में फैल जाने वाला स्कंध अचित्त महास्कंध कहलाता है।

पुद्गल का अप्रदेशित्व और सप्रदेशित्व

१—द्रव्य की अपेक्षा से स्कंध सप्रदेशी होते हैं। २ क्षेत्र की अपेक्षा से स्कंध सप्रदेशी भी होते हैं और अप्रदेशी भी। जो एक आकाश प्रदेशावगाही होता है

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अर्थात् आकाश के एक प्रदेश में ठहरने वाला होता है, वह अप्रदेशी और दो आदि आकाश-प्रदेश में ठहरनेवाला होता है वह सप्रदेशी है।

काल की अपेक्षा से—जो स्कंध एक समय की स्थिति वाला होता है वह अप्रदेशी और जो इससे अधिक स्थितिवाला होता है वह सप्रदेशी है।

भाव की अपेक्षा से—एक गुण (Unit) वाला स्कंध अप्रदेशी और अधिक गुण वाला सप्रदेशी होता है।

द्रव्य और क्षेत्र की अपेक्षा से परमाणु अप्रदेशी होते हैं। काल की अपेक्षा से एक समय की स्थिति वाला परमाणु अप्रदेशी और अधिक समय की स्थिति वाला सप्रदेशी। भाव की अपेक्षा से एक गुणवाला अप्रदेशी और अधिक गुणवाला सप्रदेशी।

परिणमन के तीन हेतु

परिणमन की अपेक्षा पुद्गल तीन प्रकार के होते हैं—

१—वैस्रसिक—(स्वाभाविक) पुद्गल

२—प्रायोगिक पुद्गल

३—मिश्र पुद्गल

स्वभावतः जिनका परिणमन होता है—वे वैस्रसिक है—जैसे—जीवच्छुशरीर। जीव के प्रयोग से शरीर आदि रूप में परिणत पुद्गल प्रायोगिक है। जीव के द्वारा मुक्त होने पर जिनका जीव के प्रयोग में हुआ परिणमन नहीं छूटता अथवा जीव के प्रयत्न और स्वभाव—दोनों के संयोग से जो बनते हैं—वे मिश्र कहलाते हैं—जैसे—मृत शरीर।

इनका रूपान्तर असंख्यातकाल के बाद अवश्य ही होता है।

"जत्थ जल तत्थ वणस्सइ" अर्थात् जहाँ जल होता है—वहाँ वनस्पति अवश्यमेव होती है। जल समुद्रों में विशेष होता है इसलिए समुद्र में जीव अधिक होते हैं परन्तु पूर्व-पश्चिम के समुद्रों में चन्द्र-सूर्य के द्वीप विशेष है अतः वहाँ जल थोड़ा होने से वनस्पति भी थोड़ी है और पश्चिम में गौतम द्वीप अधिक होने से तीनों दिशाओं की अपेक्षा पश्चिम दिशा में जीव सबसे थोड़े हैं।

अस्तु पण्णवण्णा का तीसरा पद अल्पबहुत्व का है जिसमें दिशा, गति, पुद्गल आदि २७ द्वार से अल्पबहुत्व का विवेचन है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अल्पबहुत्व चार प्रकार से हैं—अल्प, बहुत्व, तुल्य और विशेषाधिक है। अनाहारक जीव अनंत हैं—अनाहारक से आहारक जीव असख्यातगुणे अधिक है।

केवल ज्ञानी मनुष्य अवगाहना से चार स्थान हीनाधिक है—क्योंकि अपर्याप्त अवस्था में केवल ज्ञान नहीं होता है परन्तु केवल समुद्घात करते हुए सम्पूर्ण लोक-व्यापी केवली के प्रदेश होने से असंख्यातगुणी हीनाधिक होती है।

अचित्त महास्कंध तीन लोकव्यापी है। यह स्कंध रचना केवलीसमुद्घात के चतुर्थ समय में होती है। जीव द्रव्य व अजीव द्रव्यों को ग्रहण कर उसको अपने शरीरादि रूप में परिणत करते हैं। यह उनका परिभोग है। जीव द्रव्य परिभोक्ता है और अजीव द्रव्य अचेतन होने से ग्रहण करने योग्य है, अतः वे भोग्य है। इस प्रकार जीव द्रव्य और अजीव द्रव्यों में भोक्तृभोग्य भाव है।

परमाणु पुद्गल में उत्पाद-व्यय और ध्रौव्य और चरम-अचरमत्व

पुद्गल शाश्वत भी है और अशाश्वत भी। द्रव्यार्थतया शाश्वत है और पर्याय रूप से अशाश्वत है। परमाणु पुद्गल द्रव्य की अपेक्षा अचरम (अन्तिम नहीं) है। यानी परमाणु संघात रूप में परिणत होकर भी पुनः परमाणु बन जाता है इसलिए द्रव्यत्व की दृष्टि से चरम (अन्तिम—Ultimate) नहीं है। क्षेत्र, काल, और भाव की अपेक्षा से चरम भी होता है और अचरम भी।

पुद्गल की द्विविधा परिणति

पुद्गल की परिणति दो प्रकार की होती है—

१—सूक्ष्म और २—बादर-स्थूल।

अनंतप्रदेशी स्कंध भी जब तक सूक्ष्म परिणति में रहता है तब तक इन्द्रिय-ग्राह्य नहीं बनता और सूक्ष्म परिणति वाले स्कंध चतुःस्पर्शी होते हैं। उत्तरवर्ती चार स्पर्श स्थूल परिणामवाले स्कंधों में ही होते हैं। गुरु-लघु और मृदु-कठोर ये स्पर्श पूर्ववर्ती चार स्पर्शों के सापेक्ष-संयोग से बनते हैं। रूक्ष स्पर्श की बहुलता से लघु स्पर्श होता है और स्निग्ध की बहुलता से गुरु। शीत और स्निग्ध स्पर्श की बहुलता से मृदु स्पर्श और रूक्ष तथा उष्ण स्पर्श की बहुलता से कर्कश स्पर्श बनता है। तात्पर्य यह है कि सूक्ष्म परिणति की निवृत्ति के साथ-साथ जहाँ स्थूल परिणति होती है, वहाँ चार स्पर्श और बढ़ जाते हैं।

प्रदेश और परमाणु में सिर्फ स्कंध के पृथग् भाव (अलग होने) और अपृथग् भाव (जुड़े रहने) का अन्तर है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रतिक्रमण के पांच भेद हैं—

रात्रिक, दैवसिक, पाक्षिक, चातुर्मासिक तथा सांवत्सरिक प्रतिक्रमण।

परमाणु-समुदाय और पारमाणविक जगत्

यह दृश्य जगत्—पौदगलिक जगत् परमाणु संघटित है। परमाणुओं से स्कंध बनते हैं और स्कंधों से स्थूल पदार्थ। पुद्गल में संघातक और विघातक—ये दोनों शक्तियां हैं। पुद्गल शब्द में भी 'पूरण और गलन' इन दोनों का मेल है। परमाणु के मेल से स्कंध बनता है और एक स्कंध के टूटने से अनेक स्कंध बन जाते हैं। यह गलन (Fusion) और मिलन (Fission) की प्रक्रिया स्वाभाविक भी होती है और प्राणी के प्रयत्न से भी। पुद्गल की अवस्थाएं सादि-सांत होती हैं, अनादिअनंत नहीं। इसलिए एक पौद्गलिक पदार्थ से दूसरे पौद्गलिक पदार्थ के रूप में परिवर्तित किया जा सकता है। पारे को सोने में बदला जा सकता है। पुद्गल में अगर वियोजक शक्ति नहीं होती तो सब अणुओं का एक पिंड बन जाता और यदि संयोजक शक्ति नहीं होती तो एक-एक अणु अलग रखकर कुछ नहीं कर पाते। प्राणी जगत् के प्रति परमाणु का जितना भी है कार्य है—वह सब परमाणु समुदयजन्य है। अनंत परमाणु स्कंध ही प्राणी जगत् के लिए उपयोगी है।

परमाणु की निष्कंप दशा औत्सर्गिक (स्वाभाविक) है। इसलिए उसका उत्कृष्ट असंख्यातकाल है। सकंप दशा आपवादिक (अस्वाभाविक—कभी-कभी होने वाली) है। इसलिए वह उत्कृष्ट से भी आवलिका के असंख्यातवें भाग मात्र काल तक रहती है।

जब परमाणु, परमाणु अवस्था में (स्कंध से पृथक्) रहता है, तब स्वस्थान कहलाता है। और जब स्कंध अवस्था में रहता है तब परस्थान कहलाता है। एक परमाणु एक समय तक चलन क्रिया को बंद रहकर फिर चलता है, तब स्वस्थान की अपेक्षा अन्तर जघन्य एक समय का होता है और उत्कृष्ट से वही परमाणु असंख्यातकाल तक किसी स्थान स्थिर रहकर फिर चलता है तब अन्तर असंख्यातकाल का होता है। जब परमाणु द्विप्रदेशादि स्कंध के अन्तर्गत होता है और जघन्य से एक समय चलन क्रिया से निवृत्त होकर फिर चलित होता है, तब परस्थान की अपेक्षा अन्तर जघन्य एक समय का होता है। परन्तु जब वह परमाणु असंख्यातकाल तक द्विप्रदेशादिक स्कंध रूप में रहकर पुनः उस स्कंध में पृथक् होकर चलित होता है, तब परस्थान की अपेक्षा उत्कृष्ट अन्तर असंख्यातकाल होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जैन परिभाषानुसार अच्छेद्य, अग्राह्य, अग्राह्य और निर्विभागी पुद्गल को परमाणु कहा जाता है। आधुनिक विज्ञान के विद्यार्थी को परमाणु के उपलक्षणों में संदेह हो सकता है, कारण कि विज्ञान के सूक्ष्म यंत्रों में परमाणु की अविभाज्यता सुरक्षित नहीं है।

परमाणु के दो भेद हैं—(१) सूक्ष्म परमाणु व (२) व्यावहारिक परमाणु।

सूक्ष्म परमाणु एक प्रदेशी है। व्यावहारिक परमाणु अनंत सूक्ष्म परमाणुओं के समुदय से बनता है।

यद्यपि संस्थान—परिमण्डल, वृत्त, त्र्यंश, चतुरस्र आदि सूक्ष्मता में भी होता है, फिर भी उसका गुण नहीं है।

सूक्ष्म परमाणु द्रव्य रूप में निरवयव और अविभाज्य होते हुए भी पर्याय दृष्टि से वैसा नहीं है। उसमें वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्श—ये चार गुण और अनंत पर्याय होते हैं।

कहा है—

परमाणो हि अप्रदेशो गीयते—द्रव्यरूपतया सांशो भवतीति, न तु कालभावाभ्यामपि 'अप्परासो दव्वट्ठयाए' इति वचनात्, ततः काल-भावाभ्यां सप्रदेशत्वेऽपि न कश्चिद्दोषः।

—प्रज्ञा० पद ५। टीका

अर्थात् द्रव्य रूप से परमाणु अप्रदेशी है परन्तु काल तथा भाव की अपेक्षा सप्रदेशी भी है। पर्याय की दृष्टि से एक गुण वाला परमाणु अनंतगुणवाला हो सकता है और अनतगुणवाला परमाणु एक गुणवाला हो सकता है। एक परमाणु में वर्ण से वर्णान्तर, गन्ध से गन्धान्तर, रस से रसान्तर और स्पर्श से स्पर्शान्तर होना जैन दृष्टि से सम्मत है।

यह दृश्य जगत् पौद्गलिक जगत् परमाणुसंघटित है। परमाणुओं से स्कंध बनते हैं और स्कधों से स्थूलपदार्थ पुद्गल में सघातक और विघातक—ये दोनों शक्तियां पुद्गल शब्द में भी 'पूरण और गलन' इन दोनों शक्तियों का मेल है। परमाणु के मेल से स्कंध बनता है और एक स्कंध के टूटने से भी अनेक स्कंध बनते हैं। यह गलन और मिलन की प्रक्रिया स्वाभाविक भी होती है और प्राणी के प्रयोग से भी। क्योंकि पुद्गल की अवस्थाएं सादि-सांत होती है, अनादि-अनंत नहीं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुद्गल में अगर वियोजक शक्ति नहीं होती तो सब अणुओं का एक पिंड बन जाता और यदि संयोजक शक्ति नहीं होती तो एक-एक अणु अलग-अलग रहकर कुछ नहीं कर पाते। प्राणी जगत् के प्रति परमाणु का जितना भी कार्य है—वह सब परमाणु समुदायजन्य है और साफ कहा जाय तो अनंत परमाणु स्कंध ही प्राणी जगत के लिए उपयोगी है।

परमाणु इन्द्रिय ग्राह्य नहीं होता। फिर भी अमूर्त नहीं है, वह रूपी है। पारमार्थिक प्रत्यक्ष से यह देखा जाता है। परमाणु मूर्त होते हुए भी दृष्टिगोचर नहीं होता, इसका कारण है—उसकी सूक्ष्मता। अकेवली यानी छद्मस्थ अथवा क्षायोपशमिक ज्ञानी—जिसका आवरण विलय अपूर्ण है, परमाणु को जान भी सकता है, नहीं भी। अवधिज्ञानी रूपी द्रव्य विषयक प्रत्यक्ष वाला योगी उसे जान सकता है, इन्द्रिय प्रत्यक्ष वाला व्यक्ति नहीं जान सकता।

यह दृश्य जगत्—पौद्गलिक जगत् परमाणु संघटित है। परमाणुओं से स्कंध बनते हैं और स्कंधों से स्थूल पदार्थ। पुद्गल में संघातक और विघातक दोनों शक्तियां है। पुद्गल शब्द में भी 'पूरण और गलन' इन दोनों का मेल है। परमाणु के मेल से स्कंध बनता है और स्कंध के टूटने से अनेक स्कंध बन जाते हैं। यह गलन और मिलन की प्रक्रिया स्वाभाविक भी होती है और प्राणी के प्रयोग से भी। कारण कि पुद्गल की अवस्थाएं सादि-सांत होती है, अनादि-अनंत नहीं।

पुद्गल शाश्वत भी है और अशाश्वत भी। द्रव्यार्थतया शाश्वत है और पर्याय रूप में अशाश्वत। परमाणु पुद्गल द्रव्य की अपेक्षा अचरम है। यानी परमाणु संघात रूप में परिणत होकर भी पुनः परमाणु बन जाता है। इसलिए द्रव्यत्व की दृष्टि से चरम नहीं है। क्षेत्र, काल व भाव की अपेक्षा चरम भी होता है, अचरम भी।

प्रवाह की अपेक्षा स्कंध और परमाणु अनादि—अपर्यवसित है। कारण कि इसकी सन्तति अनादिकाल से चली आ रही है और चलती रहेगी। स्थिति की अपेक्षा यह सादि—सपर्यवसान भी है। जैसे—परमाणु से स्कंध बनता है और स्कंध भेद से परमाणु बन जाता है।

परमाणु परमाणु रूप में, स्कंध स्कंध के रूप में रहें तो कम से कम एक समय और अधिक से अधिक असंख्यातकाल तक रह सकते हैं। बाद में उन्हें बदलना ही पड़ता है। यह इनकी काल-सापेक्ष स्थिति है। क्षेत्रापेक्ष स्थिति-परमाणु व स्कंध के एक क्षेत्र में रहने की स्थिति यही है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परमाणु के स्कंध रूप में परिणत होकर फिर परमाणु बनने में जघन्यतः एक समय और उत्कृष्टतः असंख्यकाल लगता है। और द्वयणुकादि स्कंधों के परमाणु रूप में अथवा त्र्यणुकादि स्कंध रूप में परिणत होकर फिर मूल रूप में आने से जघन्यतः एक समय और उत्कृष्टतः अनंतकाल लगता है।

एक परमाणु अथवा स्कंध जिस आकाशप्रदेश में थे और किसी कारणवश वहाँ से चल पड़े, फिर उसी आकाशप्रदेश में उत्कृष्टतः अनंतकाल के बाद और जघन्यतः एक समय के बाद ही आ जाते हैं। परमाणु आकाश के एक प्रदेश में ही रहते हैं। स्कंध के लिए यह नियम नहीं है। वे एक, दो, संख्यात, असंख्यात प्रदेशों में रह सकते हैं। यावत् समूचे लोकाकाश तक भी फैल जाते हैं। समूचे लोक में फैल जाने वाला स्कंध अचित्त महास्कंध कहलाता है। जैन शास्त्रों में अभेदोपचार से पुद्गल युक्त आत्मा को पुद्गल कहा है। किन्तु मुख्यतया पुद्गल का अर्थ है—मूर्तिक द्रव्य।

केवली समुद्घात के चतुर्थ समय में आत्मा से छुटे हुए जो पुद्गल समूचे लोक में व्याप्त होते हैं, उसको अचित्त महास्कंध कहते हैं। छोटा-बड़ा-सूक्ष्म-स्थूल, हल्का-भारी, लम्बा-चौड़ा, बन्ध, भेद, आकार, प्रकाश-अंधकार, ताप-छाया— इनको पौद्गलिक मानना जैन तत्वज्ञान की सूक्ष्म दृष्टि का परिचायक है।

वर्गणा का वर्गणान्तर के रूप में परिवर्तन होना भी जैन दृष्टि सम्मत है।

श्वासोच्छ्वासवर्गणा चतुःस्पर्शी और अष्टस्पर्शी दोनों प्रकार की होती है। कार्मण, भाषा और मन—ये तीन वर्गणाएं चतुःस्पर्शी सूक्ष्म स्कंध हैं। अवशेष औदारिकादि चार वर्गणा अष्टस्पर्शी है।

संयोग में केवल अन्तररहित अवस्थान होता है किन्तु बंध में एकत्व होता है।

तएणं तीसेमेघोघरसिअंगंभीरमहुरयरसद्द जोयण परिमंडलाए सुघोसाए घंटाए तिक्खुत्तो उल्लालिआए समाणीए सोहम्मे कप्पे अण्णेहिं सगूणेहिं बत्तीसविमाणावाससयसहस्सेहिं अण्णाइं सगूणाइं बत्तीसं घंटा सयसहस्साइं जमगसयगं कणकणारावं कोउं पयत्ताइं पि हुत्था।

—जंबू॰ अ ५

अर्थात् तार का सम्बन्ध न होते हुए भी सुघोषा घंटा का शब्द असंख्य योजन की दूरी पर रही हुई घंटाओं में प्रतिध्वनित होता है—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अस्तु हमारा शब्द क्षणमात्र में लोकव्यापी बन जाता है।

अभास्कर वस्तु में पड़ने वाली छाया दिन में श्याम और रात में काली होती है। भास्कर वस्तुओं में पड़ने वाली छाया वस्तु के वर्णानुरूप होती है। आदर्श-दृष्टा अपने शरीर को नहीं देखता है किन्तु प्रतिबिम्ब देखता है। प्रतिबिम्ब का नाम छाया है।[1] छाया पौद्गलिक परिणाम है। प्राणी का आहार, शरीर, इन्द्रियां, श्वासोच्छ्वास, भाषा व द्रव्य मन—ये सब पौद्गलिक है।

अस्तु—यह समूचा दृश्य संसार पौद्गलिक ही है। जीव की समस्त वैभाविक अवस्थाएं पुद्गल निमित्तक होती है। काल-पुद्गल और जीव—ये तीन द्रव्य अनेक है—व्यक्ति रूप में अनंत है। अचैतन्य की अपेक्षा धर्म, अधर्म आकाश व पुद्गल सदृश है।

बन्धकाल में अधिक अंशवाले परमाणुहीन अंशवाले परमाणुओं को अपने रूप में परिणत कर लेते है। पांच अंशवाले स्निग्ध परमाणु के योग से तीन अंशवाला स्निग्ध परमाणु पांच अंशवाला हो जाता है।

इसी प्रकार पांच अंशवाले स्निग्ध परमाणु के योग से तीन अंशवाला रूखा परमाणु स्निग्ध हो जाता है। जिस प्रकार स्निग्धत्व हीनांश रूक्षत्व को अपने में मिला लेता है उसी प्रकार रूक्षत्व भी हीनांश स्निग्धत्व अपने में मिला लेता है। कभी-कभी परिस्थिति वश स्निग्ध परमाणु समांश रूक्ष परमाणुओं को और रूक्ष परमाणु समांश स्निग्ध परमाणुओं को भी अपने-अपने रूप में परिणत कर लेते हैं परन्तु दिगम्बर परम्परा में यह समांश परिणति मान्य नहीं है।

छाया—पारदर्शक, अपारदर्शक दोनों प्रकार की होती है।

आतप—उष्ण प्रकाश या ताप किरण।

उद्योत—शीत प्रकाश या ताप किरण।

अग्नि—स्वयं गरम होती हैं और उसकी प्रभा भी गरम होती है।

आतप—स्वयं ठंडा और उसकी प्रभा गरम होती है।

उद्योत—स्वयं ठंडा और उसकी प्रभा भी ठंडी होती है।

मानसिक चिन्तन भी पुद्गल सहायापेक्ष है। अवयवों के परस्पर अवयव और अवयवी के रूप में परिणमन होता है—उसे बंध कहा जाता है। स्कंध केवल

१. रश्मिः छाया पुद्गलसंहति

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परमाणुओं के संयोग से नहीं बनता। चिकने और रूखे परमाणुओं का परस्पर एकत्व होता है तब स्कंध बनता है अर्थात् स्कंध ही उत्पत्ति का हेतु परमाणुओं का स्निग्ध और रूक्षत्व है।

जघन्य अंशवाले चिकने व रूखे परमाणु मिलकर स्कंध नहीं बना सकते। समान अंशवाले परमाणु, यदि सदृश हो, केवल चिकने हो या रूखे हो, मिलकर स्कंध नहीं बना सकते। स्निग्धता या रूक्षता दो अंश या तीन अंश आदि अधिक हो तो सदृश परमाणु मिलकर स्कंध का निर्माण कर सकते हैं।

दिगम्बर आचार्य स्थूलता और सूक्ष्मता के आधार पर पुद्गल के छः भागों में विभक्त करते हैं—

१—बादर-बादर—पत्थर आदि जो विभक्त होकर स्वयं न जुड़े।

२—बादर—प्रवाही पदार्थ जो विभक्त होकर स्वयं मिल जायें।

३—सूक्ष्म-बादर—धूप आदि स्थूल भासित होने पर भी अविभाज्य हैं।

४—बादर-सूक्ष्म—रसादि जो सूक्ष्म होने पर इन्द्रिय गम्य हैं।

५—सूक्ष्म—कर्मवर्गणा आदि जो इन्द्रियातीत हैं।

६—सूक्ष्म-सूक्ष्म—कर्मवर्गणा से भी अत्यन्त सूक्ष्म स्कंध।

पुद्गल के प्रकार

पुद्गल द्रव्य चार प्रकार का माना गया है—

१—स्कंध—परमाणुप्रचय।

२—स्कंधदेश—स्कंध का कल्पित विभाग।

३—स्कंधप्रदेश—स्कंध से अपृथग्भूत अविभाज्य अंश।

४—परमाणु—स्कंध से पृथक् निरंश तत्व।

प्रदेश और परमाणु में सिर्फ स्कंध से अपृथग्भाव (अलग होने) और अपृथग्-भाव (जुड़े रहने) का अन्तर है।

पुद्गल कब से और कब तक

प्रवाह की अपेक्षा से स्कंध और परमाणु अनादि-अपर्यवसित है, कारण कि इनकी सतन्ति अनादिकाल से चली आ रही है और चलती रहेगी। स्थिति की अपेक्षा से यह सादि-सपर्यवसन भी है। जैसे—परमाणुओं से स्कंध बनता है और स्कंध-भेद से परमाणु बन जाते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुद्गल द्रव्य की चार प्रकार की स्थिति है—

१—द्रव्यस्थानायु—परमाणु परमाणु रूप में और स्कंध स्कंध रूप में अवस्थित है—वह द्रव्यस्थानायु है।

२—क्षेत्रस्थानायु जिस आकाश प्रदेश में परमाणु या स्कंध रहते हैं उसका नाम है क्षेत्रस्थानायु है।

३—अवगाहना स्थानायु—परमाणु और स्कंध का नियत परिमाण में अवगाहन होता है—वह है अवगाहन स्थानायु है।

४—भावस्थानायु—परमाणु और स्कंध के स्पर्श, रूप, गंध और वर्ण की परिणत को भाव स्थानायु कहा जाता है।

नोट—क्षेत्र का सम्बन्ध आकाशप्रदेशों से है. वह परमाणु और स्कंध द्वारा अवगाढ़ होता है तथा अवगाहन का सम्बन्ध पुद्गल द्रव्य से है। तात्पर्य यह है कि उनका अमुक परिमाण क्षेत्र में प्रसरण होता है।

पुद्गल के भी जीव की तरह दो भाव होते हैं—परिस्पन्दनात्मक तथा अपरिस्पन्दनात्मक। अपरिस्पन्दात्मक भाव में पुद्गल वर्ण, गंध, रस, स्पर्श तथा अगुरुलघु आदि गुणों में परिणमन करता है। (सर्व ५ । २२ । पृ० २९२) परिस्पन्दात्मक भाव में एजनादि क्रिया तथा देशान्तर प्राप्ति रूप क्रिया करता है। परिणाम अपरिस्पन्दात्मक है तथा क्रिया परिस्पन्दात्मक है। जब जीव कोई क्रिया करता है तब उसके आत्मप्रदेशों का परिस्पन्दन होता है।

जैन दर्शन का मंतव्य है कि समग्र लोक में कार्मण वर्गणा के पुद्गल व्याप्त है। ये पुद्गल स्वयं कर्म नहीं है, किन्तु उनमें कर्म होने की योग्यता है। ये कर्म रूप पर्याय विशेष प्रसंगानुसार परिणत हो जाते हैं। कहा है—

द्रव्यस्य पर्यायो धर्मान्तरनिवृत्ति-धर्मान्तरोपजननरूपः अपरिस्पन्दात्मकः परिणामः।

—सर्व० ५ । २२ । पृ० २९२

अर्थात् अपरिस्पन्दात्मक भाव परिणाम कहलाता है।

परिणमन की अपेक्षा पुद्गल के तीन प्रकार हैं—

१—वैस्रसिक—स्वभावतः जिनका परिणमन होता है वे वैस्रसिक पुद्गल हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२—प्रायोगिक—जीव के प्रयोग से शरीरादि रूप में परिणत पुद्गल प्रायोगिक पुद्गल है।

३—मिश्र—जीव के द्वारा मुक्त होने पर भी जिनका प्रयोग से हुआ परिणमन नहीं छूटता अथवा जीव के प्रयत्न व स्वभाव दोनों के संयोग से बनते हैं वे मिश्र पुद्गल कहलाते हैं। जैसे—

१—प्रायोगिक परिणाम—जीवच्छरीर।

२—मिश्र परिणाम—मृत शरीर।

३—वैस्रसिक परिणाम—उल्कापात।

इनका रूपान्तर असंख्यकाल के बाद अवश्य ही होता है।

क्षेत्र और अवगाहन में इतना अन्तर है कि क्षेत्र का सम्बन्ध आकाश प्रदेशों से है, वह परमाणु व स्कंध द्वारा अवगाढ़ होता है तथा अवगाहन का सम्बन्ध पुद्गल द्रव्य से है। तात्पर्य, कि उनका अमुक परिणाम क्षेत्र में प्रसरण होता है।

द्रव्य लेश्या पौद्गलिक है। यह अनंतप्रदेशी अष्टस्पर्शी पुद्गल है। पांच वर्ण, पांच रस व दो गंध होते हैं। द्रव्यलेश्या आकाश के असंख्यातप्रदेश को अवगाहकर रहती है। प्रत्येक द्रव्यलेश्या की अनंतवर्गणा होती है। गुरुलघु है। द्रव्ययोग में मनोयोग व वचनयोग के पुद्गल चतुःस्पर्शी है तथा काययोग के पुद्गल अष्टस्पर्शी है।

स्कंध-भेद की प्रक्रिया के कुछ उदाहरण

दो परमाणु-पुद्गल के मेल से द्विप्रदेशी स्कंध बनता है और द्विप्रदेशी स्कंध के भेद से दो परमाणु हो जाते हैं।

तीन परमाणु से त्रिप्रदेशी स्कंध बनता है और उनके अलगाव में दो विकल्प हो सकते हैं—तीन परमाणु अथवा एक परमाणु और एक द्विप्रदेशी स्कंध।

चार परमाणु के समुदय से चतुःप्रदेशी स्कंध बनता है और उसके भेद के चार विकल्प होते हैं।

१—एक परमाणु और एक त्रिप्रदेशी स्कंध।

२—दो द्विप्रदेशी स्कंध।

३—दो पृथक्-पृथक् परमाणु और एक दोप्रदेशी स्कंध।

४—चारों पृथक्-पृथक् परमाणु।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्रव्यकर्म पुद्गल रूप है और वह भावकर्म के निमित्त से कर्म का रूप ग्रहण करता है। यह भावकर्म ही है जिससे जैन दर्शन में क्रिया कहा है। विग्रहगति में भी जीव कार्मण काययोग से क्रिया करता है।

शरीर-संघातन नामकर्म के उदय से शरीर के पुद्गल सन्निहित, एकत्रित या व्यवस्थित होते हैं और शरीर-बंधन नामकर्म के उदय से वे परस्पर बंध जाते हैं। उत्त० में कहा है—

रूविणो चेवारूवी य, अजीवा दुविहा वि य।

—उत्त० अ ३६। गा २५४ उत्तरार्ध

अजीवों के रूपी और अरूपी ये दो भेद कहे गये हैं।

धर्म, अधर्म, आकाश, पुद्गल और जीव ये पांच अस्तिकाय हैं। ये तिर्यक्-प्रचय-स्कंध रूप में है अतः इन्हे अस्तिकाय कहा जाता है। पुद्गल विभागी है। उसके स्कंध और परमाणु ये दो मुख्य विभाग हैं। परमाणु उसका अविभाज्य विभाग है। पुद्गल के स्कंध अनंत हैं—द्विप्रदेशी यावत् अनंतप्रदेशी स्कंध। देश अनियत है। प्रदेश दो यावत् अनतपरमाणु।

श्यामाचार्य द्रव्यानुयोग के विशेष व्याख्याकार थे। प्रज्ञापना जैसे विशालकाय सूत्र की रचना उनके विशद वैदुष्य का परिणाम है। प्रज्ञापना के ३६ पद्य है और ३४९ सूत्र है। यह समवायांग आगम का उपांग माना गया है। श्यामाचार्य को प्रथम कालक के रूप में पहचाना गया है। आचार्य श्याम ने निगोद का सांगोपांग विवेचन कर शकेन्द्र को आश्चर्याभिभूत कर दिया। इन्द्र ने कहा—मैंने सीमन्धर स्वामी से जैसा विवेचन निगोद के विषय में सुना था—वैसा ही विवेचन आपसे सुनकर मैं अत्यन्त प्रभावित हुआ हूँ। आचार्य श्याम का जन्म वी० नि० २८० (वि० पू० २९०) बताया गया है। आप दस पूर्वधर थे।[१]

आर्यरक्षित का जन्म वी० नि० ५२२ (वि० ५२, ई० पू० ५) में हुआ था। मुनि बने। सार्ध नौ पूर्वों का अध्ययन किया।

सीमंधर स्वामी द्वारा इन्द्र के सामने निगोद व्याख्याता के रूप में आर्यरक्षित की प्रशंसा हुई। निगोद की सूक्ष्म व्याख्या इन्द्र ने आर्यरक्षित से सुनी। इन्द्र ने बहुत प्रशंसा की।

१. इतिहास के पृष्ठों पर उनकी प्रसिद्धि निगोद व्याख्याता के रूप में है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीव में सक्रियता होती है अत: वह पौद्‌गलिक कर्म का संग्रह या स्वीकरण करता है। पौद्‌गलिक कर्म का संग्रहण करता है अत: उससे करण वीर्य प्रभावित होता है।

दो आयुष्य के कर्मपुदगल जीव को एक साथ प्रभावित नहीं करते। वे पुद्‌गल जिस स्थान के उपयुक्त बने हुए होते हैं, उसी स्थान पर जीव को घसीट ले जाते हैं। उन पुद्‌गलों की गति उनकी रासायनिक क्रिया के अनुरूप होती है।

द्रव्येन्द्रिय अजीव है, पुदगल है। भावेन्द्रिय जीव है। एक जन्म से दूसरे जन्म में व्युत्क्रम्यमाण जीव द्रव्येन्द्रिय की अपेक्षा अन-इन्द्रिय व्युत्क्रांत होता है और लब्धीन्द्रिय की अपेक्षा सइन्द्रिय।

जैसे खाया हुआ भोजन अपने आप सात धातु के रूप में परिणत होता है, वैसे ही जीव द्वारा ग्रहण किये हुए कर्म योग्य पुद्‌गल अपने आप कर्म रूप में परिणत हो जाते हैं।

अजीव के चार प्रकार—धर्म, अधर्म, आकाश और काल गतिशील नहीं है, केवल पुद्‌गल गतिशील है। उसके दोनों रूप परमाणु और स्कंध परमाणु समुदय गतिशील है। इनमें नैसर्गिक व प्रायोगिक दोनों प्रकार की गति होती है। स्थूल स्कंध-प्रयोग के बिना गति नहीं करते हैं। सूक्ष्म स्कंध-स्थूल प्रयत्न के बिना भी गति करते हैं।

न्याय और दर्शन का विशेष अध्ययन के लिए हमने निम्नलिखित थोकड़े सीखें—कंठस्थ किये।

(१) पचीसबोल, (२) पचीसबोल की चरचा, (३) तेरह द्वार, (४) लघुदंडक, (५) गतागत, (६) जाणपणाका पचीसबोल, (७) हितशिक्षा के पचीसबोल, (८) कर्मप्रकृति, (९) कायस्थिति, (१०) शील की नवबाड़, (११) आराधना, (१२) इक्कीस द्वार का बासठिया, (१३) बावनबोल, (१४) तेरापंथ प्रबोध, (१५) श्रावक संबोध, (१६) खंडाजोयण, (१७) प्रतिक्रमण, (१८) भक्तामर, (१९) गुणस्थान का बासठिया, (२०) १४ जीव भेद की अल्पबहुत्व, (२१) संजया, (२२) नियंठा, (२३) पानाकी चरचा, (२४) सेरचा, (२५) सोलहस्वप्न, (२६) तेवीसपदवी, (२७) परीक्षा मुखन्याय, (२८) पांच भाव, (२९) ९८ बोल की अल्पबहुत्व, (३०) मोक्ष-मार्ग का थोकड़ा, (३१) उपसर्ग स्तोत्र, (३२) श्वासोच्छ्वास का थोकड़ा, (३३) भ्रमविध्वंसन की हुंडी, (३४) लोकोंजी की हुंडी, (३५) छः आरा, (३६) जैन सिद्धांत दीपिका आदि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसके बाद हमने परीक्षामुख, न्यायदीपिका-अष्टसहस्री, प्रमेयरत्नमाला, प्रमेय-कमलमार्त्तण्ड, स्याद्वादरत्नाकरावतारिका, तत्त्वार्थश्लोकवार्तिकालकार, प्रमाण-मीमांसा, स्याद्वादमंजरीका अध्यनकर आचारांग आदि बत्तीस आगमों का अध्ययन किया। प्रत्येक विषय को क्रमवार विभाजन किया। विभाजित की पद्धति दशमलव प्रणाली से है।

प्राण और पर्याप्ति का कार्य-कारण सम्बन्ध है। जीवन शक्ति को पौद्गलिक शक्ति की अपेक्षा रहती है। जन्म के पहले क्षण में प्राणी कई पौद्गलिक शक्तियों को रचना करता है। उनके द्वारा स्वयोग्य पुद्गलों का ग्रहण, परिणमन व उत्सर्जन होता है। इनकी रचना प्राणशक्ति के अनुपात पर होती है। जिस प्राणी में जितनी प्राणशक्ति की योग्यता होती है, वह उतनी ही पर्याप्तियों का निर्माण कर सकता है। प्राण जीव है व पर्याप्ति पुद्गल है। प्राणियों की शरीर के माध्यम से होने वाली जितनी क्रियाएँ हैं वे सब आत्मशक्ति व पौद्गलिक शक्ति दोनों के पारस्परिक सहयोग से ही होती है।

अजीव, मन, भाषा आदि के पुद्गल जीव द्वारा ग्रहण किये जाते हैं।

स्थानांग सूत्र में कहा है कि सूक्ष्म वायु के द्वारा स्पृष्ट पुद्गल स्कंधों में कंपन, प्रकंपन, चलन, क्षोभ, स्पदन, घटना, उदीरणा और विचित्र आकृतियों का परिणमन देखकर विभग अज्ञानी को ये सब जोव है—ऐसा भ्रम हो जाता है।

आयुष्यकर्म के पुद्गल जिस स्थान के उपयुक्त बने हुए होते हैं, उसी स्थान पर जीव को घसीट ले जाते हैं। उन पुद्गलों की गति उनकी रासायनिक क्रिया के अनुरूप होती है।

योनिभूत वीर्य की स्थिति जघन्य अन्तमुहूर्त और उत्कृष्ट बारह मुहूर्त की होती है। गर्भ में प्रवेश पाते समय जीव का पहला आहार ओज और वीर्य होता है। वे स्व-प्रायोग्य पुद्गलों का आकर्षण और संग्रह करते हैं। गर्भज प्राणी का प्रथम आहार रज-वीर्य के अणुओं का होता है। देवता अपने-अपने स्थान के पुद्गलों का संग्रह करते हैं। लेकिन गर्भज प्राणी का प्रथम आहार रज-वीर्य के पुद्गल परमाणुओं का होता है। इसके अनन्तर हो उत्पन्न प्राणी पौद्गलिक शक्तियों का क्रमिक निर्माण करते हैं। प्रत्येक प्राणी के उत्पत्ति-स्थान में वर्ण, गंध, रस व स्पर्श का कुछ न कुछ तारतम्य होता ही है।

प्रत्येक वस्तु के वर्ण, गंध, रस, स्पर्श, शब्द और संस्थान (वृत्त, परिमंडल, त्र्यंस, चतुरस्र) का ज्ञान सहायक-सामग्री सापेक्ष होता है। अतीन्द्रिय ज्ञान परिस्थिति की अपेक्षा से मुक्त होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जितने क्षेत्र में जीव और पुद्गल गति कर सकते हैं, उतना क्षेत्रलोक है और जितना क्षेत्रलोक है उतने क्षेत्र में जीव और पुद्गल गति कर सकते हैं। लोक के सब अन्तिम भागों में आबद्ध पार्श्व-स्पृष्ट पुद्गल है। लोकांत के पुद्गल स्वभाव से ही रूखे होते हैं। वे गति में सहायता करने की स्थिति में संघटित नहीं हो सकते।

नारकी, भवनपति-वाणव्यंतर-ज्योतिषी देवों में कई आहार को जानते हैं, देखते हैं, आहार करते हैं। कई न जानते हैं, न देखते हैं व आहार करते हैं। एकेन्द्रिय-द्वीन्द्रिय व त्रीन्द्रिय जीवों में—न जानते हैं, न देखते हैं परन्तु आहार करते हैं। चतुरिन्द्रिय जीव कई जानते हैं, देखते हैं आहार करते हैं। कई जानते हैं, न देखते हैं पर आहार करते हैं। पंचेन्द्रिय तिर्यंच पंचेन्द्रिय जीव व मनुष्य-कई जानते हैं, देखते हैं व आहार करते हैं। कई जानते हैं, देखते नहीं व आहार करते हैं। वैमानिकदेव कई जानते हैं, देखते हैं, और आहार करते हैं, कई न जानते हैं, नहीं देखते हैं परन्तु आहार करते हैं।

जीव की "त्रिवक्रा-चतुःसामयिकी" गति होती है। एक समय अधोवर्ती विदिशा से दिशा में पहुँचने में, दूसरा समय त्रसनाड़ी में प्रवेश करने में, तीसरा समय ऊर्ध्व गमन में और चौथा समय त्रसनाड़ी से निकल कर उस पार स्थावर नाड़ीगत उत्पत्ति स्थान तक पहुँचने में लगता है।

सूक्ष्म शरीर दो प्रकार के हैं—तैजस और कार्मण। तैजस शरीर, तैजस पर-माणुओं से बना हुआ विद्युतशरीर है। इससे स्थूल शरीर में सक्रियता, पाचन, दीप्ति और तेज बना रहता है। कार्मणशरीर सुख-दुःख के निमित्त बननेवाले कर्म अणुओं के समूह से बनता है।

योनिभूत वीर्य की स्थिति जघन्य अन्तमुंहूर्त और उत्कृष्ट बारह मुहूर्त की होती है।

शरीर पौद्गलिक है, उसका कारण कर्म है। इसलिए वह भी पौद्गलिक है। पौद्गलिक कार्य का समवायी कारण पौद्गलिक होता है। मिट्टी भौतिक है तो उससे बनने वाला पदार्थ भी भौतिक होगा।

आहार आदि अनुकूल सामग्री से सुखानुभूति और शस्त्र-प्रहारादि से दुःखानु-भूति होती है। आहार और शस्त्र पौद्गलिक है। इसी प्रकार सुख-दुःख के हेतु-भूत कर्म भी पौद्गलिक है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बन्ध की अपेक्षा जीव और पुद्गल अभिन्न है—एकमेक है। लक्षण की अपेक्षा भिन्न है। जीव चेतन है और पुद्गल अचेतन है। जीव अमूर्त है और पुद्गल मूर्त है। कर्म शब्द आत्मा पर लगे हुए सूक्ष्म पौद्गलिक पदार्थ का वाचक है।

आहार तीन प्रकार के हैं—ओज आहार, रोम आहार व कवल आहार।

अस्तिकाय शब्द का प्रयोग जैन दर्शन में ही हुआ है जबकि द्रव्य शब्द का व्यवहार अनेक दर्शनों में होता है। त्रैकालिक सत्तावाला सावयव अर्थात् प्रदेश पदार्थ अस्तिकाय है।

जिसमें स्थूल अवयवी है—वे सब पांच वर्ण, दो गंध, पांच रस और आठ स्पर्श वाले हैं—मूर्त या रूपी है। चक्षु रूप का ग्राहक है, और रूप उसका ग्राह्य है। चक्षु और रूप के उचित सामीप्य से चक्षु विज्ञान होता है। इस प्रकार सब इन्द्रियों के विषय में जान लेना चाहिए। चूंकि इन्द्रिय विज्ञान रूपों का ही होता है। प्रिय रूप, शब्द, गंध, रस और स्पर्श राग को उभारते हैं। अप्रिय रूप, शब्द, गंध, रस और स्पर्श द्वेष को उभारते हैं। ये सब पुद्गल हैं।

जो कलह का उपशमन करता है वह धर्म की आराधना करता है। किसी के प्रति भी तिरस्कार घृणा, और निम्नता का व्यवहार करना हिंसा है, व्यामोह है। अहिंसा धान है, सत्य आदि उसकी रक्षा करने वाली बाड़ें है। अहिंसा जल है, सत्य आदि उसकी रक्षा के लिए सेतु है। वायु जैसे अग्निकाय को पार कर जाता है, वैसा ही जागरूक ब्रह्मचारी काययोग की आसक्ति को पार कर जाता है। प्रमाद कर्म और अप्रमाद अकर्म है। पौद्गलिक सुखों की तुलना किंपाक फल से की जा सकती है। ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती व उनकी पटरानी कुरुमती मरकर क्रमशः सातवीं, छट्ठी नरक में गये।

पाषाण युग से अणुयुग तक जितने उत्पीड़क और मारक शस्त्रों का आविष्कार हुआ है, वे निष्क्रिय शस्त्र हैं—द्रव्य शस्त्र हैं। ये शस्त्र पुद्गलमय हैं। उनमें स्वतः प्रेरित घातक-शक्ति नहीं है।

भगवान् ने कहा—हे गौतम ! सक्रियशस्त्र (भावशस्त्र) असंयम है। विध्वंस का मूल वही है। निष्क्रिय शस्त्रों में प्राण फूंकने वाला भी वही है।

पौद्गलिक उपाधियों से बंधा हुआ जीव संसारी आत्मा है। आत्मा से आत्मा का सजातीय सम्बन्ध है। पुद्गल उसका विजातीय तत्त्व है। जाति और रंग-रूप-ये पौद्गलिक है। सजातीय की उपेक्षा कर विजातीय को महत्व देना प्रमाद है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुद्गल का सम्मान करने वाला उद्धत है, वह नीचे जाता है। आत्मा का सर्व-सम-सत्ता को सम्मान देने वाला ही लोक-विजेता बन सकता है।

कोई भी वस्तु और वस्तु-व्यवस्था स्याद्वाद या सापेक्षवाद की मर्यादा से बाहर नहीं है। दो विरोधी गुण एक वस्तु में एक साथ रह सकते हैं। उनमें सहानवस्थान (एक साथ टीक न सके) जैसा विरोध नहीं है।

कैवल्य लाभ के बाद भगवान् महावीर ने जो कहा— वह द्वादशांग-गणिपिटक में गुंथा हुआ है। बोधिलाभ के बाद महात्मा बुद्ध ने जो कहा—वह त्रिपिटक में गुंथा हुआ है।

सातवें समय में कपाट रूप में तथा आठवें समय में दण्ड संहार कर खण्ड २ हो जाता है। अतः चतुर्थ समय अनंतप्रदेशी स्कंध सर्वलोक में व्याप्त कर रहता है जिससे अचित्त महास्कंध भी कहा जाता है। इसका विशेष वर्णन विशेषावश्यक भाष्य में है।

बौद्ध दर्शन परमाणु को सांश मानता है, निरंश नहीं। यह सम्यग् नहीं है।

परमाणु में एक वर्ण, एक गंध, एक रस व दो स्पर्श (शीत, उष्ण, स्निग्ध और रूक्ष—इन चार स्पर्शों में दो विरोधी स्पर्श) होते हैं।

स्कंध देश के दो प्रकार हैं—यथा—१ सअंश देश व २ निरंश देश। जो सअंश हैं उसे देश कहते हैं तथा जो निरंश है उसे प्रदेश कहते हैं। क्योंकि जो प्रकष्ट देश हैं उसी का नाम प्रदेश हैं अतः जिसमें कोई दूसरा अंश न मिले उसका नाम प्रदेश है।

सप्रदेशी अवयव का संभव न होता तो, प्रदेशी अवयव को देश कहना चाहिए। द्वि प्रदेशी स्कंध का एक प्रदेशी विभाग देश व प्रदेश जानना चाहिए। ऐसा कभी न हुआ है, न कि सब पुद्गल स्कंध रूप में परिणत हो जायेंगे। प्रवाह की अपेक्षा स्कंध हो या परमाणु हो दोनों की कालस्थिति अनादि-अनंत हैं। व्यक्तिगत भाव से उत्कृष्ट असंख्यातकाल की स्थिति है। मानो कि दो परमाणु मिलकर स्कंध रूप में परिणत हुए, फिर दोनों अलग-अलग हो गये। फिर उन्हीं परमाणुओं का संयोग उत्कृष्ट अनंतकाल के बाद हो सकता है।

एक आकाशप्रदेश में अनंतप्रदेशी स्कंध रह सकता है, क्योंकि आकाश का अवगाहक गुण है अतः जहाँ एक पुद्गल द्रव्य है वहाँ अनंतपुद्गल द्रव्य रह

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सकते हैं। जैसे एक दीपक के प्रकाश में अनेक दीपक का प्रकाश समाविष्ट हो सकता है ; जैसे जल से भरे हुए बर्तन में बालू का समावेश हो सकता है और जल उस बर्तन से बाहर नही निकला। दूध से भरे हुए कटोर में चीनी का समावेश हो सकता है, उसी प्रकार एक आकाशप्रदेश में अनंत परमाणु तथा अनंत स्कंधों का समावेश हो सकता है क्योंकि अपने-अपने स्वभाव करके रहते हैं।

कोई भी संख्यातप्रदेशी स्कंध लोक के असंख्यातप्रदेश को अवगाहित कर नहीं रह सकता —ऐसा प्रज्ञापना सूत्र में कहा है। कोई अनंतप्रदेशी स्कंध एक समय में सर्वलोक को अवगाहित कर रहता है। यह बात केवली समुद्घात से सिद्ध हो जाती है। इस समुद्घात तक कालमान आठ समय का है। कोई एक अचित्त महास्कंध विस्रसा परिणाम से प्रथम समय असंख्यात योजन विस्तार से दण्ड करें दूसरे समय कपाट करें, तीसरे समय मंथन (थानु) करें व चतुर्थ समय में प्रतर पूर्ण करें अतः चतुर्थ समय में अचित्त महास्कंध समस्त लोक में व्याप्त कर रहता है। चूंकि उस समय में जीव के प्रदेश सम्पूर्ण लोकव्यापी बन जाते हैं। इसके बाद पांचवें समय में प्रतर का संहरण होता है अर्थात् समेटते हैं, छट्ठे समय में मंथन होता है, सातवें समय में कपाट रूप व आठवें समय में दण्ड का संहरण करके खण्ड-खण्ड हो जाता है। अतः चतुर्थ समय में अचित्त महास्कंध सर्वलोकव्यापी रहता है।[1] अस्तु निरंश में कार्य-कारण दो अंश की कल्पना करना अज्ञान सूचक है। "परमाणु अविभागी-यते।" इस अविभागी को निरंश भी कहते है। चूंकि आकाश क्षेत्र है, परमाणु क्षेत्री है। परमाणु उत्कृष्ट छः दिशाओं का स्पर्श करता है। छः दिशाओं का स्पर्श होने से भी परमाणु निरंश है।

किसी भी स्थिति में परमाणु में कर्कश स्पर्श, मृदु स्पर्श, गुरु स्पर्श व लघु स्पर्श नहीं होता है। क्योंकि शीत का विरोधी उष्ण और स्निग्ध का विरोधी रूक्ष है अतः परमाणु में दो अविरोधी स्पर्श होते हैं (शीत-उष्ण, स्निग्ध-रूक्ष में से)।

चूंकि परमाणु में पांच गुण मिलते हैं—(एक वर्ण, एक रस, एक गंध व दो स्पर्श) द्विप्रदेशी स्कंध में जघन्य पांच गुण उत्कृष्ट दस गुण मिल सकते हैं। (दो वर्ण, दो गंध, दो रस व चार स्पर्श) तीन प्रदेशी स्कंध में जघन्य पांच गुण तथा उत्कृष्ट बारह गुण मिलते हैं (तीन वर्ण, दो गंध, तीन रस व चार स्पर्श)। चार प्रदेशी स्कंध में जघन्य पांच गुण व उत्कृष्ट १४ गुण मिलते हैं (चार वर्ण, चार रस, दो गंध व चार स्पर्श)। पांच प्रदेशी स्कंध में जघन्य पांच गुण व उत्कृष्ट १६ गुण मिलते हैं (पांच वर्ण, पांच रस, दो गंध, चार स्पर्श)।

---

१. विशेषावश्यक भाज्य।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रकार संख्यातप्रदेशी स्कंध अथवा असंख्यातप्रदेशी स्कंध अथवा सूक्ष्म अनंत-प्रदेशी स्कंध में जघन्य पांच गुण (१ वर्ण, १ गंध, १ रस, २ स्पर्श) और उत्कृष्ट १६ गुण मिलते हैं।

गर्भ में उत्पन्न हुए जीव के पांच वर्ण, पांच रस, दो गंध व आठ स्पर्श का परिणमन होता है। चूंकि ये पुद्गल के गुण-परिणाम है।

बादर परिणाम वाले स्कंध में जघन्य सात गुण (पांच गुण पूर्ववत्, कर्कश, मृदु, गुरु, लघु—ये चार स्पर्शों में से अविरोधी दो स्पर्श होते हैं एवं सात) तक उत्कृष्ट २० गुण (५ वर्ण, २ गंध. ५ रस व ८ स्पर्श) मिलते हैं। अत: बादर परिणाम स्कंध में जघन्यत: चार स्पर्श होते हैं।

परमाणु पुद्गल पर्याय की अपेक्षा जघन्य रूप में एक गुण कृष्ण, अथवा एक गुण नील, अथवा एक गुण रक्त, अथवा एक गुण पीत, अथवा एक गुण शुक्ल होता है। इस प्रकार परमाणु दो गुण यावत् संख्यात गुण यावत् असंख्यात गुण यावत् अनंत गुण हो सकते हैं।

"सहभाविनो गुणः" "क्रमभाविनो पर्याया" अर्थात् सदैव सहभावी होता है—वह गुण है तथा पर्याय क्रमभावी होता है।

निगोद के दो भेद—१—सूक्ष्म निगोद और बादर निगोद।

बादर निगोद के जीव सूई के अग्रभाग जितनी जगह में अनंत हैं। वे सिद्ध जीव से भी अनंतगुणे हैं। सात लाख योनि सूक्ष्म निगोद व सात लाख बादर निगोद है।

सूक्ष्म निगोद -जितने लोकाकाश के प्रदेश हैं उतने ही निगोद के गोले हैं। और उस एक-एक गोले में असंख्यात निगोद हैं। जिसमें अनन्त जीवों का पिंड रूप एक शरीर होता है उसका नाम निगोद है। उस निगोद में अनंत जीव है। प्रत्येक संसारी जीव के असंख्यात प्रदेश हैं। उस एक-एक प्रदेश में अनंती कर्म-वर्गणा लग रही है और उस एक-एक वर्गणा में अनंत पुद्गल परमाणु है। और अनत पुद्गल परमाणुओं का जीव से सम्बन्ध है। अनंतगुण परमाणु जीव रहित अर्थात् अलग भी है। द्रव्यानुभव रत्नाकर में कहा है—

गोला इहसंखीभूया असंखनिगोयओ हवई गोलो।
इक्किक्कम्मि निगोए अनन्तजीवा मुणेयव्वा ॥१॥

अर्थात् इस संसार में असख्यात गोले हैं। उस एक-एक गोले में असंख्यात निगोद है और उस एक-एक निगोद में अनंत जीव हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सत्तरसमहिया कीरइ आणुपाणंमि हुंति खुद्दभवा।
सत्तीस सय तिहुअत्तर पाणु पुण एगमुहुत्तम्मि ॥२॥

अर्थात् निगोद का जीव मनुष्य के एक श्वासोच्छ्वास में कुछ अधिक सत्तरह अर्थात् सत्तरह बार जन्म-मरण करता है। और सज्ञी पंचेन्द्रिय मनुष्य के एक मुहूर्त में ३७७३ श्वासोच्छ्वास होते हैं।

पण्णसट्ठि सहस्स पण सए य छत्तीसा मुहुत्त खुद्दभवा।
आवलियाणं दो सय छप्पन्ना एग खुद्दभवे ॥३॥

अर्थात् निगोद के जीव एक मुहूर्त में ६५५३६ भव करते हैं और उस निगोद-वाले जीव का २५६ आवली प्रमाण आयुष्य होता है। यह क्षुल्लकभव अर्थात् छोटे से छोटा भव होता है। भव अर्थात् जन्म-मरण। इस निगोद वाले जीव से कम आयुष्य और किसी का नहीं है।

कहा जाता है कि व्यवहार राशि में से जितने जीव जिस समय में मोक्ष जाते हैं उतने ही जीव उस समय में अव्यवहार राशि से व्यवहार राशि में आते हैं।

जो निगोद वाले गोले के जीव छ: दिशाओं का पौद्गलिक आहार पानी लेते हैं वे सकल गोले कहलाते हैं। और जो लोक के अन्त प्रदेश में निगोद के गोले हैं उनके जीव तीन दिशाओं का आहार ग्रहण करते हैं वे विकल गोले कहलाते हैं। जैसे काजल की कोपली भरी हुई होती है। वैसे ही सूक्ष्म निगोद वाले जीव सर्व-लोक में भरे हुए हैं। उनको अनंत दु:ख हैं।

परमाणु पुद्गल में जघन्य गुण एक वर्णादि यावत् उत्कृष्ट अनंत गुण वर्णादि हो सकते हैं।

पुद्गल द्रव्य के चार गुण—(रूपी, अचेतन, सक्रिय व मिलन, विखरन, पूरण, गलन) होते हैं। "क्रियाकारित्व इति द्रव्यत्वं" गुण पर्याय वत्वं द्रव्यत्वं। यह लक्षण सब द्रव्य में प्राप्त होता है। इस लक्षण से अतिव्याप्ति, अव्याप्ति व असंभवादिदूषणं का अभाव है। जो क्रिया करे वह द्रव्य है। षट् गुण हानि-वृद्धि छओं द्रव्यों में होती है। अत: अगुरुलघु पर्याय सब द्रव्य में होती है। जो गुण एक द्रव्य में है परन्तु दूसरे द्रव्य में नहीं है उसे वैधर्मपना कहते हैं—जैसे चेतनता जीव द्रव्य में है परन्तु अचेतनता अजीव द्रव्य में हैं। जो दूसरे भिन्न क्रिया करे उसका नाम वैधर्म्यपना है। एक सरीखी क्रिया अर्थात् काम करे उसे साधर्मपना कहते हैं। अचेतन गुण

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

की अपेक्षा पांच द्रव्य समान है परन्तु जीव द्रव्य में वह गुण नहीं है। चेतन गुण जीव द्रव्य में हैं परन्तु पांच द्रव्य में नहीं है। मिलन, विखरन, पूरन, गलन एक पुद्गल द्रव्य में हैं बाकी पांच द्रव्य में नहीं है।

अर्थ-निश्चयनय अर्थात् शुद्ध व्यवहारनय से छओं द्रव्य अपने-अपने स्वभाव में अर्थात् परिणामी है परन्तु अशुद्ध व्यवहार और लौकिक व्यवहार से जीव और पुद्गल—ये दो द्रव्य परिणामी दिखाई देते हैं।

द्रव्य से पुद्गल अनंत हैं, जीव अनंत हैं, धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय व आकाशास्तिकाय क्रमशः एक-एक द्रव्य है। काल के अनंत द्रव्य है। समय, प्रदेश व परमाणु अविभागी है, अच्छेद्य है। द्रव्य में एक आकाश द्रव्य क्षेत्र है बाकी पांच द्रव्य-पुद्गल आदि क्षेत्रिय अर्थात् रहने वाले हैं।

छः द्रव्यों में एक जीव द्रव्य को कारण तथा शेष पुद्गलादि पांच द्रव्य को अकारण कहा है। कहीं-कहीं पांच द्रव्य को कारण और जीव द्रव्य को अकारण कहा है। परन्तु पांच द्रव्य का कारणपना युक्ति से सिद्ध नहीं होता है क्योंकि पांच द्रव्य अजीव है अतः कारण नहीं बन सकते। सिद्धान्तानुसार जीव को कारण कहा है अतः जीव कारण है और पांच द्रव्य अकारण है।

छओं द्रव्यों में एक आकाश द्रव्य सर्वव्यापी है और पांच द्रव्य लोकव्यापी है।

निश्चयनय अर्थात् निःसन्देह शुद्ध व्यवहार से छओं द्रव्यकर्त्ता है और अशुद्ध व्यवहारनय से एक जीव द्रव्यकर्त्ता है बाकी पांच द्रव्य अकर्त्ता है। क्योंकि लौकिक में जीव द्रव्य का ही सब कर्त्तव्य दीखता है अतः जीव को कर्त्ता कहा है। परन्तु बुद्धिपूर्वक शुद्ध व्यवहार से छओं द्रव्य अपने-अपने परिणाम के कर्त्ता है और अपनी-अपनी क्रिया कर रहे हैं और अपनी क्रिया को छोड़कर दूसरी क्रिया नहीं करते।

पुद्गल द्रव्य के वर्णादि चार गुण नित्य है तथा पर्याय चारों ही अनित्य है। यद्यपि नैयायिकादि दर्शन परमाणु को अरूपी मानते हैं परन्तु परमाणु का अरूपीपन घटित नहीं होता है क्योंकि परमाणु में वर्ण-गंध-रस-स्पर्श मिलते हैं अतः परमाणु-रूपी है।

अभव्य जीव के कर्म चीकने अर्थात् पलटन स्वभाव न होने के कारण मोक्ष नहीं जाते।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुद्गल द्रव्य के पुद्गलपना अथवा मिलन, विखरन गुण अथवा परमाणु रूप की अपेक्षा एक है क्योंकि पुद्गल में पुद्गलपना और परमाणुपना—सब में एक समान है अतः एक है। परन्तु गुण अनेक हैं व पर्याय अनेक हैं अथवा परमाणु अनंत हैं—इस प्रकार पुद्गल अनेक है।

छओं द्रव्य की स्वयद्रव्य, स्वयक्षेत्र, स्वयकाल व स्वयभाव की अपेक्षा सत्यता है परन्तु परद्रव्य, परक्षेत्र, परकाल व परभाव की अपेक्षा असत्यता है। पुद्गल द्रव्य का स्वयद्रव्य गुण-पर्याय समूह, स्वयक्षेत्र परमाणु, स्वकाल, अगुरुलघु का फिरना व स्वयं स्वभाव जो मुख्य गुण मिलन व विखरन है।

वैदिक दर्शन में मोक्ष के साधन दस बतलाये गये हैं—मौन, ब्रह्मचर्य, सत्संग, तपस्या, शास्त्रश्रवण, धर्मपालन, कर्मपालन, युक्तिपूर्ण शास्त्रव्याख्या, एकांतचिंता जप व समाधि।

समयसार में कहा है—

जह णवि सक्कमणज्जो अणज्जभासंविणा उ गाहेउं।
तह ववहारेण विणा परमत्थुवएसणमसक्कं॥

अर्थात् जिस प्रकार अनार्य—म्लेच्छों को—म्लेच्छ भाषा के बिना अर्थ ग्रहण करना शक्य नहीं है, उसी प्रकार व्यवहार के बिना परमार्थ का उपदेश अशक्य है। अतः व्यवहार का उपदेश है। काल द्रव्य 'अस्ति' है किन्तु काय नहीं है। कुन्द-कुन्दाचार्य को पद्मनंदि, वक्रग्रीवाचार्य, एलाचार्य व गृध्रपिच्छाचार्य के नाम से भी अभिहित किया है।

पंचास्तिकाय संग्रह में कहा है—

खंधा य खंधदेसा खंधपदेसा य होंति परमाणू।
इदि ते चदुव्वियप्पा पुद्गलकाया मुणेयव्वा॥७४॥

अर्थात् पुद्गलास्तिकाय के चार भेद जानना—स्कंध, स्कंधदेश, स्कंधप्रदेश और परमाणु।

आ. श्रीकैलाससागरसूरि ज्ञानमन्दिर
श्रीमहावीर जैन आराधना केन्द्र
कोबा (गांधीनगर) पि 382007

पंचास्तिकाय संग्रह में कहा है—

णत्थि चिरं वा खिप्पं मत्तारहिदं तु सा वि खलु मत्ता।
पोग्गलदव्वेण विणा तम्हा कालो पडुच्च भवो॥२६॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अर्थात् समय अल्प है, निमेष अधिक है और मुहूर्त उससे भी अधिक है—ऐसा जो ज्ञान होता है - वह समय, निमेष आदि का परिमाण जानने से होता है ; और वह कालपरिमाण पुद्गलों द्वारा निश्चित होता है। इसलिये व्यवहार काल की उत्पत्ति पुद्गलों द्वारा होती (उपचार से) कही जाती है। जीव पुद्गलों के परिणाम में (समयविशिष्टवृत्ति में) व्यवहार से समय की अपेक्षा आती है। जिन प्राणों में चित्सामान्य अन्वय होता है वे भावप्राण हैं तथा जिन प्राणों में सदैव पुद्गल-सामान्य, पुद्गलसामान्य, पुद्गलसामान्य—ऐसी एकरूपता-सदृशता होती है वे द्रव्यप्राण हैं।

गुण, अंश, अविभाग प्रतिच्छेद। अविभाग परिच्छेदों को यहां अगुरूलघु गुण (अंश) कहा है। षट्स्थान पतित हानि-वृद्धि—छः स्थानों में समावेश पाने वाली वृद्धि-हानि ; षट्गुण हानि-वृद्धि। विशिष्ट आहारादि के वश शरीर में वृद्धि होने पर जीव के प्रदेश विस्तृत होते हैं और शरीर सुख जाने पर प्रदेश भी संकुचित होते हैं।

दो प्रदेशी स्कंध से लेकर अनंताणुक स्कंध तक के सर्व स्कंध बहुप्रदेशी होने से महान् है। व्यक्ति अपेक्षा से परमाणु एक प्रदेशी है और शक्ति अपेक्षा से अनेक प्रदेशी भी (उपचार से) है। प्रवाहक्रम के अंश प्रत्येक द्रव्य में होते हैं किन्तु विस्तार क्रम के अंश अस्तिकाय के ही होते हैं। परमाणु (व्यक्ति अपेक्षा से) निरवयव होने पर भी उनको सावयवपने की शक्ति सद्भाव होने से कायत्व-सिद्धि निरपवाद है। क्योंकि उपचार से परमाणु को भी शक्ति अपेक्षा से अवयव प्रदेश कहा है।

जिस प्रकार पुद्गल से पृथक् स्पर्श-रस-गन्ध-वर्ण नहीं होते, उसी प्रकार द्रव्य के बिना गुण नहीं होते हैं। जिस प्रकार स्पर्श, गंध-रस-वर्ण से पृथक् पुद्गल नहीं होता उसी प्रकार गुणों के बिना द्रव्य नहीं होता। भाव का नाश नहीं है तथा अभाव का उत्पाद नहीं है। भाव गुणपर्यायों में उत्पाद-व्यय करते हैं। छः द्रव्यों में जीव, पुद्गल, आकाश, धर्म व अधर्म प्रदेश प्रचयात्मक (प्रदेशों का समूहमय) होने से पांच अस्तिकाय है। काल को प्रदेश प्रचयात्मकपन का अभाव होने से वह वास्तव में अस्तिकाय नहीं है।

लोक सर्वत: विविध प्रकार के अनंतानंत सूक्ष्म और बादर पुद्गलकायों द्वारा अवगाहित होकर गाढ़ भरा हुआ है। अमृतचन्द्राचार्य ने पंचास्तिकाय संग्रह में कहा है—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"कर्मयोग्यपुद्गला अंजनचूर्णपूर्णसमुद्गकन्यायेन सर्वलोकव्यापित्वाद्य-त्रात्मा तत्रानानीता एवावतिष्ठत इत्यत्रोक्तम् ।"

—पंचास्तिकाय संग्रह गा ६४। टीका

अर्थात् कर्मयोग्य पुद्गल (कार्मणवर्गणारूप पुद्गलस्कध) अंजनचूर्ण से (अंजन के बारिक चूर्ण से) भरी हुई डिब्बी के न्याय से समस्त लोक में व्याप्त है। इसलिए जहाँ आत्मा है वहाँ, बिना लाये ही (कहीं से लाये गये बिना ही) वे स्थित है।

अस्तु आत्मा मोहराग-द्वेष रूप अपने भाव को करता है। वहाँ रहने वाले पुद्गल अपने भावों से जीव में विशिष्ट प्रकार के अन्योन्य— अवगाहरूप से प्रविष्ट हुए कर्मभाव को प्राप्त होते हैं। आत्मा जिस क्षेत्र में और जिस काल में अशुद्धभाव रूप परिणमित होता है, उसी क्षेत्र में स्थित कार्मणवर्गणा रूप पुद्गल-स्कध उसी काल में स्वयं अपने भावों से ही जीव के प्रदेशों में विशेष प्रकार से परस्पर अवगाह रूप से प्रविष्ट हुए, कर्मपने को प्राप्त होते हैं।

संसारी जीव कारणभूत ऐसी भावकर्मरूप आत्मपरिणाम संतति और द्रव्यकर्म-रूप पुद्गल परिणाम संतति द्वारा देवादि रूप में कार्यभूत रूप से उत्पन्न होता है। केवलदर्शन से मूर्त (पुद्गल)-अमूर्त द्रव्य को सकल रूप से सामान्यतः अवबोधन करता है; केवलज्ञान से समस्त विषयों का विशेष धर्मों का ज्ञान होता है। ज्ञानियों ने द्रव्य को विश्वरूप कहा है।[१] विश्वरूप अर्थात् अनेक रूप है।

वर्ण, रस, गंध व स्पर्श वास्तव में परमाणु में प्ररूपित किये जाते हैं। वे परमाणु से अभिन्न प्रदेशवाले होने के कारण अनन्य होने पर भी, संज्ञादिव्यपदेश के कारण भूत विशेषों द्वारा अन्यत्व को प्रकाशित करते हैं।[२] परन्तु स्वभाव से सदैव अपृथक्पने को धारण करते हैं। जीव के पारिणामिक भाव का लक्षण अर्थात् स्वरूप सहज चैतन्य है। यह पारिणामिक भाव अनादिअनंत होने से इस भाव की अपेक्षा से जीव अनादिअनंत है। इस पारिणामिक भाव की अपेक्षा पुद्गल भी अनादिअनंत है।

नंदीसूत्र में कहा है कि महाभारत, पुराणादि अन्य सब धर्मशास्त्र जो उचित ढंग से तथा सही अपेक्षा से समझे तो वे झूठे व मिथ्या नहीं है। उसके विपरीत अगर जैनागम ग्रन्थों को उचित रूप में समझ न सके तो वे मिथ्याश्रुत बन जाते हैं। प्रदेशी राजा ने सम्यक्त्व प्राप्त करने के बाद बारह बेले किये। तेरहवें बेले में सुरीकंता पत्नी ने पारणे में विष दिया। उस आहार को प्रदेशी राजा ने ग्रहण किया— फलस्वरूप मृत्यु प्राप्त कर सुर्याभदेव रूप में उत्पन्न हुआ।

१. पंचास्तिकाय संग्रह गा ४३
२. पंचास्तिकाय संग्रह गा ५१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुद्गल द्रव्य में चतुःभंगी घटित होती है—

१—अनादिअनंत—पुद्गल द्रव्य का स्वय द्रव्य अर्थात् गुण-पर्याय समूह रूप।

२—सादि-सांत—पुद्गल द्रव्य का स्वक्षेत्र परमाणु।

३—पुद्गल का स्वयकाय अगुरुलघुपर्याय अनादिअनन्त हैं परन्तु उत्पाद-व्यय की अपेक्षा सादि-सांत है।

४—पुद्गल का स्वयभाव—मुख्य गुण-मिलन-अलगाव-पूरण-गलन आदि स्वभाव तो अनादिअनत हैं परन्तु वर्णादि पर्याय सादि-सांत है।

इस प्रकार पुद्गल द्रव्य में द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव की अपेक्षा चतुर्भंगी जानना चाहिए।

पुद्गल द्रव्य का आकाश के साथ अनादि-अनंत सम्बन्ध हैं परन्तु आकाश प्रदेश और पुद्गल परमाणु का सादि-सांत सम्बन्ध है। इसी प्रकार धर्मास्तिकाय-अधर्मास्तिकाय का पुद्गल के साथ सम्बन्ध जानना चाहिए।

जीव और पुद्गल का सम्बन्ध (१) अभव्य जीव में पुद्गल का अनादि-अनंत सम्बन्ध है ; क्योंकि अभव्य के पुद्गल रूप कर्म का सम्बन्ध कभी भी नहीं छूटेगा। अतः अनादि-अनंत है। (२) भव्य जीव के कर्म रूप पुद्गल से अनादि-सांत सम्बन्ध है।

पर्याय की अपेक्षा पुद्गल अनंत परिणामी है। फिर भी आगमों में पुद्गल-अजीव परिणाम के दस ही नाम का उल्लेख है। द्रव्य लेश्या, द्रव्य मन, द्रव्य वचन, द्रव्य कषायादि पुद्गल परिणाम है।

क्रुधित अणगार के द्वारा निक्षिप्ततेजोलेश्या दूर या पास जहाँ-जहाँ जाकर गिरती है वहाँ-वहाँ वे अचित् पुद्गल द्रव्य अवभास यावत् प्रभास करते हैं। उष्ण तेजोलेश्या को फेंककर वापस खींचा जा सकता है। वे अचित् पुद्गल हैं। चन्द्रादि विमान से निकले हुए प्रकाश के पुद्गलों को उपचार से कर्मलेश्या कहा है।[1] जो पुद्गल सूर्य की लेश्या (वर्ण) का स्पर्श करते हैं वे सूर्य की लेश्या (वर्ण) का घात करते हैं।[2] यद्यपि देव और नारकी की लेश्याओं का विवेचन आगमसाहित्य में द्रव्यलेश्या की अपेक्षा किया गया है।[3] द्रव्यलेश्या पुद्गल है। भावलेश्या नारकी व

१. भग० श १२। उ ९। सू २, ३। टीका

२. चन्द० प्रा ५। सूरि० प्रा ५

३. पण्ण० पद १७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देवों में छओं हो सकती है। भाव लेश्या-जीव का परिणाम है। पण्णवणा में कहा है—

"तैजससमुद्घातस्तेजोलेश्याविनिर्गमकाले तैजसनामकर्मपुद्गल परिशातहेतुः।"

—पण्ण० पद ३६। गा १ टीका

अर्थात् तैजस समुद्घात करने के समय तेजोलेश्या निकलती है तथा उसके निर्गमनकाल में तैजस नामकर्म के पुद्गलों का क्षय होता है।

कहा है—

तत्र द्रव्यविषये या क्रिया एजनता। एजृ कंपने जीवास्याजीवस्य वा कंपनरूपा चलनस्वभावा सा द्रव्यक्रिया।

—अभिधा० भाग ३। पृ० ५३२

जीव और अजीव पुद्गल की स्पंदन रूप गति रूप क्रिया द्रव्य क्रिया है।

क्रियते येन तत्करणं × × × तथा परिणामवत्पुद्गलसंघात इति भावः।

—ठाण० स्था ३। उ १। सू १२४। टीका

करण —करना क्रिया है। पुद्गल का संघात होना भी करण है।

द्रव्यकृष्ण यावत् द्रव्यशुक्ल लेश्या में पांच वर्ण, दो गंध, पांच रस तथा आठ स्पर्श होते हैं।[1] निश्चयनय की अपेक्षा प्रत्येक द्रव्य लेश्या में पांच वर्ण होते हैं।

द्रव्ययोगादि पौद्गलिक है अतः अजीवोदय निष्पन्न होना चाहिए—

पओगपरिणामए वण्णे, गंधे, रसे, फासे × × ×।

अयोगि केवली को छोड़कर शेष सभी संसारी जीवों में तैजस-कार्मण शरीरों का एक संघातन परिशातन कृति ही है क्योंकि सर्वत्र इनके पुद्गल स्कंधों का आगमन और निर्जरा दोनों ही पाये जाते हैं।[2]

१. भग० श १२। उ ५। सू १६
२. षट्खंडागम ४, ४। सू ३१। पु १३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जयसेनाचार्य ने पंचास्तिकाय संग्रह की गा० ७५ टीका में कहा है —

एवं भेदवशात् द्व्यणुकस्कंधादनंता: स्कंधप्रदेशपर्याया: । निर्विभागैक-प्रदेश: स्कंधस्यांत्योभेद: परमाणुरेक: ।

अर्थात् द्वि अणुक स्कंध से अनंत स्कंध पर्यन्त प्रदेश रूप पर्यायें होती है। निर्विभाग—एक प्रदेशवाला, स्कंध का अन्तिम अंश वह एक परमाणु है।

१—परमाणुओं के विशेष गुण जो स्पर्श-रस-गंध-वर्ण हैं उनमें होनेवाली षट्-स्थानपतित वृद्धि वह पूरण है और षट्स्थानपतित हानि वह गलन है, इसलिये इस प्रकार परमाणु पूरण-गलन धर्मवाले हैं।

२—परमाणुओं में स्कंध रूप पर्याय का आविर्भाव होना वह पूरण है और तिरो-भाव होना वह गलन है—इस प्रकार भी परमाणुओं में पूरण-गलन घटित होता है।

अत: जिसमें (स्पर्श-रस-गंध-वर्ण की अपेक्षा से तथा स्कंधपर्याय की अपेक्षा से) पूरण-गलन हो वह पुद्गल है। पूरण—पूरना, भरना, पूर्ति पुष्टि, वृद्धि। गलन—गलना, क्षीण होना, कृशता, हानि, न्यूनता। पंचास्तिकाय में कहा है—

स्कंधास्त्वनेकपुद्गलमयैकपर्यायत्वेन पुद्गलेभ्योऽनन्यत्वात्पुद्गला इति व्यवह्रियंते।

—पंचास्तिकाय गा ७६। टीका

अर्थात् स्कंध अनेक परमाणुमय एक पर्याय है और परमाणु तो पुद्गल है, अत: स्कंध भी व्यवहार से पुद्गल है। सर्व स्कंधों का जो अन्तिम भाग उसे परमाणु जानना चाहिए। वह अविभागी, एक शाश्वत, मूर्त रूप से उत्पन्न होनेवाला और अशब्द है।

अस्तु परमाणु आदेश मात्र से मूर्त है और चार धातुओं का कारण है, परिणाम-गुणवाला है और स्वयं अशब्द है। पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु रूप चार धातुओं का, परिणाम के कारण, एक ही परमाणु कारण है। अर्थात् परमाणु एक ही जाति के होने पर भी वे परिणाम के चार कारण चार धातुओं के कारण बनते हैं। क्योंकि विचित्र ऐसा परमाणु का परिणामगुण कहीं किसी गुण की व्यक्तव्यक्तता द्वारा विचित्र परिणति को धारण करता है।[1]

१. पंचा० गा ७८। टीका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शब्द स्कंध जन्य है और स्कंध परमाणुदल का संघात है और वे स्कंध स्पर्शित होने से-टकराने से शब्द उत्पन्न होता है। इस प्रकार शब्द नियत रूप से उत्पाद्य है।

शब्द पुद्गल स्कंध पर्याय है। इस लोक में, वाह्य श्रवणेन्द्रिय द्वारा अवलम्बित, भावेन्द्रिय द्वारा जानने योग्य ऐसी ध्वनि वह शब्द है। वह (शब्द) वास्तविक स्वरूप से अनन्त परमाणुओं की एक स्कंध रूप पर्याय है। अनन्त परमाणुमयी शब्द योग्य वर्गणाओं से समस्त लोक भरपूर होने पर भी जहाँ-जहाँ वहिरंग कारण सामग्री उदित होती है वहाँ-वहाँ वे वर्गणायें शब्द रूप से स्वयं परिणमित हो जाती है।

परमाणु शब्द स्कंध रूप से परिणमित होने की शक्ति स्वभाववाला होने से शब्द का कारण है ; एक प्रदेशी होने के कारण शब्दपर्याय रूप परिणति न वर्तती होने से अशब्द है।

अस्तु स्पर्श, रस, गंध, वर्ण और शब्द रूप (पांच) इन्द्रिय विषय, स्पर्शन, रसन, घ्राण चक्षु और श्रोत्र रूप (पांच) द्रव्येन्द्रियं, औदारिक, वैक्रियिक, आहारक, तैजस और कार्मणरूप (पांच) शरीर, द्रव्यमन, द्रव्यकर्म, नोकर्म, विचित्र पर्यायों की उत्पत्ति के हेतुभूत (अर्थात् अनेक प्रकार की पर्यायें उत्पन्न होने के कारण भूत) अनंत अनंताणुक वर्गणाएँ, अनंत असंख्याताणुक वर्गणाएँ और द्वि-अणुक स्कंधतककी अनंत संख्यातणुक वर्गणाएँ तथा परमाणु, तथा अन्य जो कुछ मूर्त हो वह सब पुद्गल के भेद रूप से समेटना चाहिए।

लोक में अनंत परमाणुओं की बनी हुई वर्गणाएँ अनंत हैं, असंख्यात परमाणुओं की बनी हुई वर्गणाएँ अनंत हैं, और (द्वि-अणुक स्कंध, त्रि-अणुक स्कंध इत्यादि) संख्यात परमाणुओं की बनी हुई वर्गणाएँ भी अनंत है। अविभागी परमाणु भी अनंत हैं।

लोक में जीवों को और पुद्गलों को वैसे ही शेष सब द्रव्यों को जो सम्पूर्ण अवकाश देता है वह आकाश द्रव्य है। पंचास्तिकाय संग्रह में श्रीमद् कुन्दकुन्दाचार्य ने कहा है—

आगासकालजीवा धम्माधम्मा य मुत्तिपरिहीणा।
मुत्तं पुग्गलदव्वं जीवो खलु चेदणो तेसु ॥९७॥

अर्थात् पुद्गल द्रव्य मूर्त है—शेष धर्मास्तिकाय आदि पांच द्रव्य अमूर्त है। उनमें जीव चेतन है बाकी पांच द्रव्य अचेतन है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रदेशान्तर प्राप्ति का हेतु (अन्य प्रदेश की प्राप्ति का कारण) ऐसी जो परिस्पन्दनरूप पर्याय, वह क्रिया है। बहिरंग साधन के साथ रहने वाले पुद्गल भी सक्रिय है पुद्गलों को सक्रियपने का बहिरंग साधन परिणामनिष्पादक काल है अतः पुद्गलकाल करणवाले हैं। परिणामनिष्पादक—परिणाम को उत्पन्न करने वाला, परिणाम उत्पन्न होने में जो निमित्तभत (बहिरंग साधन भूत) है—ऐसा।

जो पदार्थ जीवो के इन्द्रिय ग्राह्य विषय है वे सब मूर्त-पुद्गल है। यद्यपि जीव अमूर्त द्रव्यों को भी ग्रहण करता है। अर्थात् जानता है। व्यवहारकाल का मान जीव-पुद्गलों के परिणाम द्वारा होता है। व्यवहार काल क्षणभंगी — प्रतिक्षण नष्ट होनेवाला, प्रति समय जिसका ध्वंस होता है ऐसा क्षणभंगुर क्षणिक। निश्चयकाल नित्य दे क्योंकि वह अपने गुणपर्यायों के आधारभूत द्रव्यरूप से सदैव अविनाशी है। फलितार्थ - निश्चयकाल द्रव्यरूप होने से नित्य है, व्यवहार काल पर्याय रूप होने से क्षणिक है।[१]

पंचास्तिकाय संग्रह में वृश्चिक-बिच्छु को त्रीन्द्रिय के अन्तर्गत माना है।[२]

कषाय-अनुरंजित योगप्रवृत्तिरूप लेश्या अन्य गति और अन्य आयुष्य का बीज होती है। अर्थात् लेश्या अन्य गतिनामकर्म व अन्य आयुष्यकर्म का कारण होती है।[२] चूंकि जीवों को देवत्वादि की प्राप्ति में पौद्गलिक कर्म निमित्तभूत है अतः देवत्वादि जीव का स्वभाव नहीं है। जीवों को अपनी लेश्या के योग्य गतिनामकर्म व आयुष्यकर्म का बंध होता है और इसलिये उसे योग्य अन्य गति-आयुष्य प्राप्त होती है।

मूर्त-मूर्त को स्पर्श करता है, मूर्त-मूर्त के साथ बंध को प्राप्त होता है।

जैन दर्शन में परमाणु अतीन्द्रियचेतना, अनेकांत आदि विषयों पर गहन विवेचन है। हिंसा और अशान्ति को बढ़ाने वाले प्रमुख दो तत्त्व है—भावात्मक उत्तेजना और परिस्थिति। परिस्थिति बाहरी है और भावात्मक उत्तेजना भीतरी है। परिस्थिति को बदलने की दिशा में अधिक ध्यान जाता है, जब कि वह हिंसा का सहायक कारण है। हिंसा का मूल कारण है भावात्मक उत्तेजना। उसे बदलने की ओर ध्यान कम जाता है। जैन धर्म और दर्शन का प्रमुख सिद्धांत है—अनेकांत। इसके चार महत्वपूर्ण अंग है—समानता, स्वतन्त्रता, सापेक्षता व सह-अस्तित्व।

१. पचास्तिकाय संग्रह गा० १०१। टीका
२. पंचास्तिकाय संग्रह गा० ११९। टीका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणुव्रत एक पेड़ है। प्रेक्षाध्यान, जीवन-विज्ञान, अहिंसा समवाय ये सब उस पेड़ की शाखा-प्रशाखाएँ हैं। एक ही जड़ से अलग-अलग प्रकार के रंग निकल रहे हैं। योग वर्तमान का विश्वव्यापी शब्द है। इस दृष्टि से प्रेक्षा के साथ योग शब्द का प्रयोग हो गया। जैन दर्शन में मूलतः योग और ध्यान अलग-अलग नहीं है। मूलतः सब जुड़े हुए हैं।

अस्तु जैन सिद्धांत कोश के रचयिता तथा सम्पादक श्री जिनेन्द्रवर्णी का जन्म १४ मई १९२२ को पानीपत के सुप्रसिद्ध विद्वान् स्व० श्री जयभवान्‌जी जैन एडवोकेट के घर हुआ।

जीव के भावों का निमित्त पाकर 'कर्म' नामक एक सूक्ष्म जड़ द्रव्य जीव के प्रदेशों में एक क्षेत्रावगाही होकर स्थित हो जाता है, वहाँ जीव का वह भाव तो भाव कर्म कहलाता है और उसके निमित्त में जो सूक्ष्म जड़ द्रव्य उसमें प्रविष्ट होता है वह द्रव्य कर्म कहा जाता है। द्रव्य कर्म जीव के भावों को मापने का एक यन्त्र मात्र है।

मूलभूत पदार्थ परमाणु है। किसी भी दृष्ट पदार्थ को कल्पना द्वारा तोड़ते-तोड़ते जब अणु का भाग प्राप्त हो जाये जिससे आगे तोड़ा जाना संभव न हो सके उसे परमाणु कहते हैं। यह एक प्रदेशी होता है अर्थात् सबसे छोटा होता है। आज के विज्ञान द्वारा स्वीकृत अणु भी, जो वास्तव में परमाणु नहीं, स्कंध है, जब इतना सूक्ष्म होता है कि यंत्र के बिना देखा न जासके तो परमाणु की तो बात ही क्या।

अपनी सूक्ष्मता के कारण, एक आकाश प्रदेश पर अनंत परमाणु एक दूसरे में समाकर निर्बाध रूप से रह सकते हैं और लोकाकाश में एक-एक प्रदेश पर इसी प्रकार रह रहे हैं। परमाणु सूक्ष्म होता है परन्तु पुद्‌गल स्कंध सूक्ष्म और स्थूल दोनों होते हैं।

स्कंध में प्रतिक्षण कुछ नए परमाणु स्वयं मिलते रहते हैं और कुछ पुराने उससे पृथक् होते रहते हैं। इसका कारण भी उन परमाणुओं में स्वतः होने वाला स्निग्ध व रूक्ष परिणमन ही है। परमाणुओं से स्कंध का और स्कंध से परमाणुओं का मिलना तथा बिछुड़ना अथवा बनना तथा बिगड़ना रूप यह क्रम सदा से स्वतः चल रहा है और इसी प्रकार सदा चलता रहेगा। बनने-बिगड़ने का स्वभाव रखने के कारण ही इसका नाम 'पुद्+गल' पड़ गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूक्ष्मता व स्थूलता की तरतमता के कारण स्कंधों को छः भागों में विभाजित किया गया है—स्थूल-स्थूल, स्थूल, स्थूलसूक्ष्म, सूक्ष्मस्थूल, सूक्ष्म व सूक्ष्मसूक्ष्म।

१—पृथ्वी धातु अदि ठोस पदार्थ स्थूल-स्थूल अर्थात् अत्यन्त स्थूल है, क्योंकि एक तो किसी भी पदार्थ में प्रवेश नहीं कर पाते, सबको बाधा पहुँचाते हैं और दूसरे जहाँ जिस रूप में रखदें वहाँ उसी रूप में टिके रहते हैं, अपने आप वहाँ से नहीं डिगते।

२—जल, वायु आदि तरल तथा बायवीय पदार्थ स्थूल है, क्योंकि एक दूसरे को बाधा पहुँचाने के कारण स्थूल होते हुए भी ठोस नहीं है और बिना किसी रूकावट के कहीं रखे नहीं जा सकते हैं। वस्त्रादि में से पार भी हो जाते हैं।

३—प्रकाश के कारणभूत स्कंध स्थूलसूक्ष्म है। पृथ्वी आदि से रूक जाने के कारण स्थूलता अधिक है और शीशे आदि में से पार हो जाने के कारण अथवा पकड़ कर किसी प्रकार रोके नहीं जा सकते इसलिए कुछ सूक्ष्मता भी है।

४—शब्दादि सूक्ष्मस्थूल है। ठोस तथा तरल सभी पदार्थों में से कुछ न कुछ पार हो जाते हैं इसलिए सूक्ष्म हैं, परन्तु प्रयत्न विशेष से रोके जा सकते हैं अतः कुछ स्थूल भी है।

५—किसी प्रकार भी रोके नहीं जा सकते हैं परन्तु यन्त्रों के द्वारा काम में लाये जा सकते हैं ऐसे ऐक्सरे तथा चुम्बक वर्गणाएँ सूक्ष्म कहे जा सकते हैं। परन्तु सिद्धांत ग्रन्थों में इन्हे भी सूक्ष्म-स्थूल की कोटि में लिया गया है।

६—मनोवर्गणा तथा तैजसवर्गणा सूक्ष्म है।

७—कार्मणवर्गणाएं जिससे द्रव्यकर्म बनते हैं, सूक्ष्म-सूक्ष्म स्कंध है।

सूक्ष्म तथा सूक्ष्म-सूक्ष्म जाति के स्कंध परमाणु की भांति एक दूसरे में अवगाह पाकर एक ही स्थान में अनन्तानन्त निर्बाध रूप से रह सकते हैं।

परमाणु मिलकर पहले स्वयं स्वाभाविक परिणमन द्वारा सूक्ष्म-सूक्ष्म अव्यवहार्य स्कंध बनते हैं। स्वतन्त्र रूप से कुछ भी काम नहीं आते अतः अव्यवहार्य है। ये ही परस्पर में मिलकर अनेक जाति की वर्गणाओं के रूप में परिवर्तित हो जाते हैं—यथा—आहारकवर्गणा, भाषावर्गणा, मनोवर्गणा, तैजसवर्गणा, कार्मणवर्गणा। ये वर्गणाएं ही सूक्ष्म स्कंध (MOLECULE) का निर्माण करती है अतः व्यवहार्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है। आहारक वर्गणाएं से स्थूल पदार्थ बनते हैं। सभी स्थूल-सूक्ष्म तथा सूक्ष्म-स्थूल स्कंधों से शब्द, प्रकाश आदि का निर्माण होता है, इसलिए वे उसकी अपेक्षा कम स्थूल है। मनोवर्गणा से मनुष्यादि का सूक्ष्म मांस पिंडरूप मन बनता है अतः सूक्ष्म है। तैजसवर्गणाओं के पदार्थों में तथा शरीरों में कांति तथा चमक-दमक उत्पन्न होती है अतः वे और भी अधिक सूक्ष्म है। कार्मणवर्गणा से जीवों के अष्टविधा कर्मों का निर्माण होता है। कर्म नामक पदार्थ सूक्ष्म-सूक्ष्म है। अतः उसकी कारण-भूता यह वर्गणा भी अत्यन्त सूक्ष्म है।

ये वर्गणाएं लोकाकाश के प्रत्येक प्रदेश पर अनंत-अनंत स्थित हैं। एक-एक वर्गणा से अनेक-अनेक जाति के स्कंध बनते हैं। तपस्वियों के कुछ विचित्र प्रकार के अदृष्टयोगज शरीरों का निर्माण आहारकवर्गणा का कार्य है। बिना जीव के संयोग हुए सूक्ष्म आहारकवर्गणा अकेली स्वयं इन स्थूल शरीरों या स्कधों का निर्माण नहीं कर सकती।

भाषा-वर्गणा का अर्थ 'शब्द' सर्व परिचित है। मनोवर्गणा का कार्यभूत 'मन' संज्ञी जीवों में ही पाया जाता है। शरीरों में स्फूर्ति क्रिया तथा कान्ति उत्पन्न करने का निमित्तभूत तैजसशरीर, तैजसवर्गणा का कार्य है। यह अत्यन्त सूक्ष्म होने से प्रत्यक्ष का विषय नहीं है।

इन सबके भीतर तथा सबका मूल कारण एक सूक्ष्मातिसूक्ष्म शरीर है जिसे कार्मणशरीर कहते हैं। यह अष्टकर्मों के संघात रूप होता है। यह शरीर कार्मण-वर्गणा का कार्य है।

जैन दर्शन जीव को असंख्यप्रदेशी अर्थात् असंख्यात परमाणुओं के माप जितना बड़ा मानता हुआ उसे अखड स्वीकार करता है।

संयोग व बन्ध में महान अन्तर है। रजकणों की भांति परस्पर में मिलकर भी पृथक्-पृथक् रहना संयोग कहलाता है। संयोग दो प्रकार का होता है—(१) भिन्न क्षेत्रवर्ती और एक क्षेत्रवर्ती। रजकणों का संयोग भिन्न क्षेत्रवर्ती है। अनंतानंत परमाणुओं का या सूक्ष्म स्कधों का या वर्गणाओं का संयोग एक क्षेत्रवर्ती है। आकाश के प्रत्येक प्रदेश पर जो इस प्रकार अनंतानंत पुद्गल द्रव्य रह सकते हैं वे स्वतंत्र सत्ता रखने के कारण परस्पर में बंधे हुए नहीं है। मिल-जुलकर एकाकार अखंड रूप बन जाना बंध है।

अनंतानंत परमाणु, अनंतानंत सूक्ष्म-सूक्ष्म वर्गणाएं, अनंतसूक्ष्म शरीरधारी जीव का एक देश तथा एक स्थूल शरीरधारी जीव का एक देश लोकाकाश के एक प्रदेश या क्षेत्र पर इतनी बड़ी समष्टि का अवस्थान पाया जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीव की परिस्पन्दन क्रिया को योग और भावात्मक पर्याय को उपयोग कहते हैं। पुद्गल की परिस्पन्दन क्रिया, स्कंध का बनना, बिगड़ना अथवा आकृति बदलना है और भावात्मक पर्याय रस-रूप आदि हैं।

पुद्गल द्रव्यात्मक पदार्थ है और जीव भावात्मक अत: है। पुद्गल की क्रिया या पर्याय को द्रव्यकर्म और जीव की क्रिया या पर्याय को भावकर्म कहते हैं।

भाषावर्गणा के स्कंधों से चार प्रकार की भाषा होती है। मनोवर्गणा के स्कंधो से द्रव्यमन होता है और कार्मणवर्गणा के स्कंधों से आठ प्रकार के कर्म होते हैं।[1] द्रव्यलेश्या की वर्गणा का सम्बन्ध तैजस शरीर की वर्गणा से है अत: द्रव्यलेश्या और तैजस शरीर की वर्गणा का सम्बन्ध अन्वय-व्यतिरेकी माना जा सकता है।

कार्मण वर्गणा को द्रव्यकर्म भी कहते हैं। ज्ञानावरणीयादि पुद्गल का पिण्ड द्रव्यकर्म है।

औदारिक मिश्रकाययोग की स्थिति जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहुर्त की है। औदारिककाय योग की स्थिति जघन्य एक समय की है। वैक्रियकाय योग की स्थिति जघन्य एक समय है उत्कृष्ट अन्तर्मुहुर्त की है।

दस कल्प है १ आचेल्य, २ औदेशिक, ३ शय्यातर पिण्ड, ४ राज पिण्ड, ५ कृतिकर्म-प्रतिक्रमण के समय किया जाने वाला वंदन, ६ व्रत-चातुर्याम या पंच महाव्रत, ७ ज्येष्ठ-दीक्षा पर्याय में, ८ प्रतिक्रमण ९ शेषकाल में मासकल्प का विहार और १० पर्यूषण कल्प-पावस आवास व्यवस्था—इनमें मध्यवर्ती-बाइस तीर्थंकरो के समय ३, ५, ६, ७ अनिवार्य शेष छह ऐच्छिक होते हैं। जबकि प्रथम व अन्तिम तीर्थंकर के समय सभी अनिवार्य हो गए।

द्रव्य का स्वतन्त्र अस्तित्व उसके विशेष गुण द्वारा सिद्ध होता है। अन्य द्रव्यों में न मिलने वाला गुण जिसमें मिले, वह स्वन्त्र द्रव्य है। सामान्य गुण द्रव्यों में मिले, उनसे पृथक् द्रव्य की स्थापना नहीं होती। वर्ण-गंध-रस-स्पर्श पुद्गल का विशिष्ट गुण है। वह उसके सिवाय और कहीं नहीं मिलता। अत: पुद्गल स्वतंत्र द्रव्य है।

आयुष्य कर्म के पुदगल—परमाणु जीव में ऊँची-नीची, तिरछी-लम्बी और छोटी बड़ी गति की शक्ति उत्पन्न करते हैं। उसीके अनुसार जीव नए जन्म स्थान में उत्पन्न होते हैं।

. गोजी गा ६०८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, जीव, काल, क्षायिकभाव और औपशमिकभाव---ये आठ पौद्गलिक हैं। औदारिक, वैक्रिय, आहारक, तैजस, ध्वनि (भाषा), मन, उच्छ्वास, नि:श्वास, कार्मणशरीर, कर्म, छाया, अंधकार, अनंतीवर्गणा, आतप, मिश्रस्कंध अचित्तमहास्कंध, वेदसमकित और क्षयोपशम समकित और उद्योत—ये अठारह पौद्गलिक हैं।[१]

उपशम श्रेणी में स्थित मुनि यदि काल कर जाय तो अहमिन्द्रदेव होता है।

कहा है—

सुअकेवली आहारग, उजुमइ उवसंतगावि उपमाया।
हिंडति भवमणंतं, तयणंतरमेव चउगइया॥

—प्रकरण रत्नावली पृ० ६९

अर्थात् श्रुतकेवली चौदह पूर्वी, आहारक शरीर की लब्धिवाले, ऋजुमति मन:पर्यवज्ञानी, तथा ग्यारहवें गुणस्थान में उपशांत मोह वाले भी प्रमाद के योग से उस भव में चार गतिवाले होकर अनतभव भ्रमण कर सकते हैं।

कर्म रूप से उदय का नाम कर्मोदय है। अपक्व पाचन के बिना कर्मों का स्थिति क्षयसे जो यथाकाल जनित विपाक होता है वह कर्मोदय कहा जाता है। परन्तु वह क्षेत्र, भव, काल और पुद्गलों को निमित्त पाकर स्थितिविपाक से उदयक्षय रूप होता है।

·०४·२७ घाणपोग्गलाणं (घ्राणपुद्गल)

—ओव० सू १७० । पृ० ३६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घ्राणपुद्गल अर्थात् वे पुद्गल जिनमें गंध-गुण की प्रधानता हो और जो घ्राणेन्द्रिय के द्वारा ग्रहण योग्य हों।

यहाँ केवलिसमुद्घात के समय में निर्ज्जरित होने वाले निर्जरा पुद्गलों की सूक्ष्मता को घ्राण-पुद्गलों की सूक्ष्मता के उदाहरण से समझाया गया है। कहा गया है कि छद्मस्थ मनुष्य समुद्घात जनित निर्जरा के पुद्गलों के किंचित् वर्ण रूप से वर्ण को, गध रूप से गंध को, रस रूप से रस को तथा स्पर्श रूप से स्पर्श को नहीं जानते हैं, नहीं देखते हैं।

यदि कोई महानुभाव देवता विलेपन के सुगंधित द्रव्य से भरे हुए डिब्बे को खोलता है यावत् उस सुगंधित द्रव्य को तीन बार चुटकी बजाने जितने काल में इक्कीस बार सम्पूर्ण जंबुद्वीप की परिक्रमा करके जल्दी आवे उतने काल में सम्पूर्ण जंबुद्वीप उस सुगंधित द्रव्य से व्याप्त हो जाता है लेकिन जंबुद्वीप में स्थित छद्मस्थ मनुष्य उन घ्राण के पुद्गलों को किंचित् वर्ण रूप से वर्ण को, गध रूप से गध को, रस रूप से रस को तथा स्पर्शरूप से स्पर्श को नहीं जानते हैं, नहीं देखते हैं। इस प्रकार यहाँ सूक्ष्म-पुद्गलों का विवेचन किया गया है।

·०४·२८ जइणसमुग्घायसचितकम्मपोग्गलमयं (जेनसमुद्घातसचित्तकर्म-पुद्गलमय)

—विशेभा० गा ६४४

टीका—जेनसमुद्घाते यः सचेतनजीवाधिष्ठितत्वात् सचित्तः कमपुद्गनमयो महास्कंधः।

जैन समुद्घात में सचित्तकर्मपुद्गल महास्कंध भी होता है। उसके समान अनुभावादि वाला अचित्त महास्कंध भी होता है।

केवली समुद्घात में जीवाधिष्ठित अनंतानंत कर्म पुद्गलमय सचित्त महास्कंध भी होता है तथा अनंतानंत परमाणु पुद्गल के समूह से बना हुआ अचित्त महास्कंध भी होता है। दोनों महास्कंधों का क्षेत्र, काल तथा अनुभाव समान होता है। दोनों महास्कंध समुद्घात के चौथे समय में सम्पूर्ण लोक प्रमाण क्षेत्र में व्याप्त होते हैं तथा आठ समय पर्यन्त रहते हैं। पाँच वर्ण, दो गन्ध, पांच रस तथा चार स्पर्श से सोलह गुण रूप अनुभाव दोनों में समान होते हैं।

समुद्घातगत कर्मपुद्गलमय महास्कंध जीवाधिष्ठित होने से सचित्त होता है।

·०४·२९ जीवपोग्गलजुडी (जीवपुद्गलयुति)

—षट्० खं० ५। ५। सू ८२ टीका। पु १३। पृ० ३४८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

टीका—जीवाणं पोग्गलाणं च मेलणं जीव-पोग्गलजुडी णाम।

जीव और पुद्गलों का मिलना जीवपुद्गलयुति है। लेकिन यहाँ जीव और पुद्गल परस्पर में बंध को प्राप्त नहीं होते हैं क्योंकि—

टीका—एकीभावो बन्धः, सामीप्यं संयोगो वा युतिः।

एकीभाव का नाम 'बंध' है और समीपता या संयोग का नाम 'युति' है।

·०४·३० जीव-पोगलमोक्खो (जीव–पुद्गलमोक्ष)

—षट्० खं० ५ । ५ । सू ८२ टीका । पु १३ । पृ० ३४८

पुद्गल के साथ प्राप्त बन्धन से जीव छुटकारा पाता है वह जीवपुद्गलमोक्ष।

जब जीव औदारिक, वैक्रियिक, आहारक, तैजस तथा कार्मण वर्गणाओं से मुक्त होता है वह जीवपुद्गलमोक्ष।

मिथ्यात्व, असंयम, कषाय, योग आदि बन्ध हेतुओं से पुद्गलों से बंधन को प्राप्त जीव जब इस पुद्गलबंधन से मुक्त होता है वह जीवपुद्गलमोक्ष।

·०४·३१ ट्ठिदपोग्गलक्खंधा (स्थितपुद्गलस्कंध)

—षट्० खं० ४ । २ । १२ । सू १ टीका । पु १२ । पृ० ३७०

कम्मइयवग्गणाए ट्ठिदपोग्गलक्खंधा।

कार्मण वर्गणा स्वरूप से स्थित पुद्गलस्कंध।

ऐसे स्थित पुद्गल स्कंधों का ही आत्म-प्रदेशों के साथ बंधन होता है।

·०४·३२ णिज्जरापोग्गले (निर्जरापुद्गल)

—भग० श १८ । उ ३ । प्र ४ । पृ० ७६७

टीका—'निर्जरापुद्गलाः' निर्जीर्णकर्मदलिकानि सूक्ष्मास्ते पुद्गलाः प्रज्ञप्ता × × ×, सर्वलोकमपि तेऽवगाह्य तत्स्वभावत्वेनाभिव्याप्य तिष्ठन्तीति।

निर्जीर्ण—आत्मप्रदेशों से पृथक् हुए कर्मदलिकों को निर्जरा पुद्गल कहते हैं। वे सूक्ष्म होते हैं तथा सर्वलोक में फैले हुए हैं, सर्वलोक को अवगाह अभिव्याप्त करके रहते हैं।

·०४·३३ णोआगमपोग्गलदव्वणिक्खेवेण—(नोआगमपुद्गलद्रव्यनिक्षेप)

— षट्० खं० ५ । ६ । सू ७४ टीका । पु १४ । पृ० ५३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नोआगम पुद्गलद्रव्यनिक्षेप—यहाँ पर जीव, धर्म, अधर्म, काल और आकाश द्रव्य वर्गणाओं को बाद देकर पुद्गलद्रव्य का ही निक्षेप किया गया है अतः इसे नोआगमपुद्गलद्रव्यनिक्षेप कहा गया है।

निक्षेप—वह प्रकरण या वर्णन जिससे पदार्थ का निश्चय होता है। जिससे नोआगमपुद्गल-द्रव्य का निश्चय किया जा सके वह नोआगमपुद्गलद्रव्यनिक्षेप।

·०४·३४ णोकम्मपोग्गला (नोकर्मपुद्गल)

—षट्० खं० ४। २। सू १०, १ टीका। पु १२। पृ० ३०२

कर्म वर्गणा के अतिरिक्त जो भी पुद्गलों की वर्गणा है वह नोकर्मपुद्गल।

·०४·३५ तज्जोगपोग्गलमयं (तद्योग्यपुद्गलमय)

—विशेभा० गा ३५२५

यहाँ मन का विवेचन है। जिससे मनन किया जाय वह मन। द्रव्यतः वह मनन द्रव्यमन से होता है और यह द्रव्यमन अपने योग्य पुद्गलमय होता है।

इसी प्रकार गाथा ३५२६ में द्रव्यवचन योग्य पुद्गलों का कथन है तथा गाथा ३५२७ में काययोग्य पुद्गलों का कथन है।

·०४·३६ तेयापोग्गलपरियट्टे (तैजसपुद्गलपरावत)

—भग० श १२। उ ४। प्र १४। पृ० ६६०

तैजस शरीर में वर्तता हुआ जीव तैजस शरीर के प्रायोग्य द्रव्यों को समस्त भाव से तैजस-शरीर रूप में जितने काल में ग्रहण कर लेता है उसे तैजसपुद्गलपरावर्त कहते हैं।

·०४·३७ तेयापोग्गलपरियट्टनिव्वत्तणाकाल (तैजसपुद्गलपरावर्तनिर्वर्तना काल)

—भग० श १२। उ ४। प्र ३०। पृ० ६६२

तैजस पुद्गल परावर्त के निष्पन्न होने का काल—इसमें अनन्त उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी जितना काल लग जाता है।

·०४·३८ तेयासरीरपोग्गलाणं (तैजसशरीरपुद्गल)

—षट्० खं० ५। ६। सू ४६ टीका। पु १४। पृ० ४२

जो पुद्गल जीव के तैजसशरीर रूप में परिणत हुए हैं वे तैजसशरीरपुद्गल।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·०४ ३९ थोवकम्मपोग्गलग्गहणट्ठं (स्तोककर्मपुद्गलग्रहणार्थं)

—कसापा० गा २२ । टीका १३१ । भाग ६ । पृ० १२६

मिथ्यात्व के जघन्य प्रदेश सत्कर्म वाला कौन होता है इस प्रश्न के उत्तर में सूक्ष्म निगोदियों का वर्णन करते हुए कहा गया है कि पर्याप्त के योगों से अपर्याप्त के योग असंख्यात गुणहीन होते हैं। अतः उनके द्वारा थोड़े कर्म पुद्गलों का ग्रहण करने के लिये अद्धावास का कथन किया गया है।

·०४·४० दव्विंदियपोग्गलं (द्रव्येन्द्रियपुद्गल)

—गोक० गा ७९ । उत्तरार्द्धम्

द्रव्येन्द्रिय के पुदगल—

जाईए णोकम्मं दव्विंदियपोग्गलं होदि।

जातिकर्म का नोकर्म द्रव्येन्द्रियस्वरूप पुद्गल की रचना होती है। जातिकर्म—नामकर्म की एक प्रकृति।

·०४·४१ दिट्ठासेसपोग्गलदव्वस्स (दृष्टाशेषपुद्गलद्रव्य)

—कसापा० गा १ । टीका ६४ । भाग १ । पृ० ८३

सर्वावधिज्ञान का परिणाम—दृष्टाशेषपुद्गलद्रव्य।

× × × तेणं महावीरभंडारएणं इंदभूदिस्स × × × सव्वोहिणाणेणं दिट्ठासेसपोग्गलदव्वस्स × × ×।

महावीर स्वामी के प्रथम गणधर—इन्द्रभूति ने सर्वावधि ज्ञान द्वारा अशेष—समस्त पुद्गल द्रव्य का साक्षात्कार किया।

·०४·४२ नाणाविहसरीरपुग्गलविउव्विता (नानाविधशरीरपुद्गलविकुर्वणा)

—सूय० श्रु २ । अ ३ । सू २ । पृ० १६०

नानाविधशरीरपुद्गलविकुर्वणा अर्थात् नाना प्रकार के शारीरिक पुद्गल की रचना।

× × ×। अयरे वि य णं तेसिं (बीयकाया) पुढवि-जोणियाणं रूक्खाणं सरीरा नाणावण्णा नाणागंधा नाणारसा नाणाफासा नाणासंठाणसंठिया

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नाणाविहसरीर-पुग्गल-विउव्विता ते जीवा कम्मोववन्नगा भवन्तीति-मक्खायं।

पृथ्वीयौनिक बीजकाय—वृक्षों के शरीर के वर्ण-गंध-रस-स्पर्श, संस्थान, शरीर-पुद्गल आदि की रचना अपने-अपने कर्म के अनुसार अनेक प्रकार की होती है।

·०४·४३ परमाणु-आदिमहक्खंधंतं-पोग्गलदव्वविसय-ओहिणाणकारणसग-संवेयणं (ओहिदंसणं) (परमाणुआदिमहास्कंधपर्यन्तपुद्ल-द्रव्यविषयअवधिज्ञानकारण भूतस्वसंवेदन)

—षट्० खं० ५ । ५ । सू ८५ टीका । पु १३ । पृ० ३५५

परमाणु से लेकर महास्कंध पर्यन्त पुद्गल द्रव्य को विषय करने वाले अवधिज्ञान के कारणभूत स्वसंवेदन का नाम अवधिदर्शन है।

·०४·४४ परमाणुपोग्गलमेत्ते (परमाणुपुद्गलप्रमाण)

—भग० श १२ । उ ७ । प्र २ । पृ० ६६६

इस इतने बड़े विशाल लोक में परमाणु पुद्गल जितना रोके उतना प्रदेश भी नहीं है जहाँ जीव का जन्म-मरण नहीं हुआ हो।

·०४·४५ परमाणुपोग्गलवत्तव्वया (परमाणुपुद्गलवक्तव्यता)

—भग० श १८ । उ १० । प्र १ । पृ० ७७८

परमाणुपुद्गल सम्बन्धी वर्णन।

यहाँ वैक्रिय लब्धिधारी भावितात्मा अनगार के सामर्थ्य का—यथा-तलवार आदि की धार पर स्थित होने पर भी छेदन-भेदन नहीं होता है—वर्णन करते हुए भगवती सूत्र के पाँचवें शतक में परमाणुपुद्गल के वर्णन की भोलावण दी गई है।

·०४·४६ परमाणुपोग्गला (परमाणुपुद्गल)

—भग० श २ । उ १० । प्र ६६ । पृ० ४३५

'परमाणु' त्ति परमश्चासावात्यन्तिकोऽणुश्च सूक्ष्मः परमाणुः—द्व्यणुकादिस्कंधानाम् कारणभूतः, आह च—

कारणमेव तदन्त्यं सूक्ष्मो नित्यश्च भवति परमाणुः।
एकरसवर्णगंधो द्विस्पर्शः कार्यलिङ्गश्च॥

—ठाण० स्था १ । सू ४५ । टीका में उद्धृत

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो पौद्गलिक द्रव्य का अन्तिम कारण है, सूक्ष्म और नित्य होता है, एक वर्ण, एक गंध, एक रस और दो स्पर्श वाला होता है तथा द्विप्रदेशी आदि स्कंधों का कारणभूत है वह परमाणुपुद्गल है।

'परमाणुपुद्गल' अर्थात् परम—पौद्गलिक द्रव्य का अन्तिम कारण है ; अणु—यह सूक्ष्म होता है तथा जो पुद्गल द्वि-अणु आदि स्कंधों का कारणभूत है वह परमाणु-पुद्गल।

·०४ ४७ पुग्गललहुआ—(पुद्गललघुता)

—अभिधा० भा ५। पृ० ९६८

'शरीरपुद्गलानाम् जाड्यापगमे'

शरीर के पुद्गलों की जाड्य—जड़ता के हट जाने से पुद्गललघुता होती है।

·०४·४८ पुग्गलवग्गणा (पुद्गलवर्गणा)

—अभिधा०। भाग ५। पृ० ९६८

पुद्गलों की वर्गणा—पुद्गलों का समुदाय। समगुणवाले—समजाति वाले पुद्गलों की एक वर्गणा कही जाती है, यथा—परमाणुपुद्गलों की एक परमाणु-पुद्गलवर्गणा।

·०४·४९ पुग्गलविवागि(णी) (पुद्गलविपाकी)

—कर्म० भाग ५। गा २१। पृ० १८

टीका—× × ×। "पुग्गलविवागि" त्ति पुद्गलेषु—शरीरतया परिणतेषु परमाणुविपाकः—उदयो यासां ताः पुद्गलविपाकिन्यः। × × ×।

शरीर रूप में परिणत परमाणुओं—पुद्गलों का उदय होकर विपाक होना—पुद्गलविपाक।

जिन कर्मप्रकृतियों का पुद्गल रूप से विपाक होता है वे पुद्गलविपाकिनी प्रकृतियाँ। नामकर्म की ३६ प्रकृतियों का पुद्गलविपाक होता है।

·०४ ५० पोग्गल (पुद्गल)

—भग० श ८। उ १०। प्र ४५। पृ० ५७४

जीव का एक अभिवचन पुद्गल भी है।

जीवे वि × × × जीवं पडुच्च पोग्गले।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीव की अपेक्षा जीव को पुद्गल भी कहा गया है। अतः संसारी और सिद्ध दोनों प्रकार के जीवों को पुद्गल कहा गया है।

·०४·५१ पोग्गलकम्मस्स (पुद्गलकर्म)

—नियम० अधि १। गा १८

कत्ता भोत्ता आदा, पोग्गलकम्मस्स होदि ववहारो।
कम्मजभावेणादा, कत्ता भोत्ता दु णिच्छयदो॥

पुदगलकर्म—ज्ञानावरणीयादि द्रव्यकर्म।

यह आत्मा व्यवहारनय से पुद्गल कर्म का कर्त्ता और भोक्ता होता है और यही आत्मा (अशुद्ध) निश्चय नय से कर्म से उत्पन्न हुए भाव (राग द्वेष) का कर्त्ता और भोक्ता है।

·०४·५२ पोग्गलकरण (पुद्गलकरण)

—भग० श १९। उ ९। प्र ६। पृ० ७८९

करण—क्रिया।

पुद्गल की उस क्रिया को जिससे पुद्गल वर्ण, रस, गंध, स्पर्श तथा संस्थान में परिणमन करता है—पुद्गलकरण कहा जाता है।

·०४·५३ पोग्गलकायं (पुद्गलकाय)

—ठाण० स्था ७। सू० ५४२। पृ० २७७

पृथ्वीकायादि की तरह पुद्गलों को भी काय अर्थात् जीव संज्ञा देना।

"सर्व जीव है" ऐसा मत प्रतिपादन करने वाला विभंगज्ञानी जीव पृथ्वीकाय आदि की तरह पुद्गलों को भी जीव मानकर उनको भी 'पुद्गलकाय' कहता है क्योंकि वह मन्द वायुकाय के स्पर्श से पुद्गल राशि को कम्पन, स्पन्दन आदि एजन क्रियाओं को करते हुए देखता है अतः वह पुद्गल को जीव मानकर 'पुद्गलकाय' कहता है।

·०४·५४ पोग्गलगई (पुद्गलगति)

—पण्ण० प १६। सू ११११०। पृ० ४३३

मूल से किं तं पोग्गलगई? पोग्गलगई जण्णं परमाणुपोग्गलाणं जाव अणंतपएसियाणं खंधाणं गई पवत्तइ। से त्तं पोग्गलगई।

Jain Education International　　For Private & Personal Use Only　　www.jainelibrary.org

परमाणुपुद्गल, द्विप्रदेशी स्कंधपुद्गल यावत् अनन्तप्रदेशी स्कंधपुद्गल जो देशान्तर गति करते हैं वह पुद्गलगति।

·०४ ५५ पोग्गलचयओ (पुद्गलचय)

—विशेभा० गा ३५२७

'पोग्गलचयओ'—पुद्गलों के इकट्ठा होने से।

·०४·५६ पोग्गलजीवणिबद्धो (पुद्गलजीवनिबद्ध)

—प्रव० अ २। गा ३६

पुद्गल और जीव का संबद्ध होना या संयुक्त होना।

पोग्गलजीवणिबद्धो धम्माधम्मत्थिकायकालड्ढो।
वट्टदि आगासे जो लोगो सो सव्वकाले दु॥

जिस आकाश क्षेत्र में पुद्गल और जीव निबद्ध या संयुक्त होकर रहते हैं वह क्षेत्र धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय और काल से भरा हुआ है। वही क्षेत्र अतीत, अनागत और वर्तमान, तीन कालों में 'लोक'—नाम से कहा जाता है।

·०४·५७ पोग्गलजुडी (पुद्गलयुति)

—षट्०। खं ५। ५। सू ८२ टीका। पु १३। पृ० ३४८

वाएण हिंडिज्जमाणपण्णाणं व एक्कम्हि देसे पोग्गलाणं मेलणं पोग्गल-जुडी णाम।

वायु के कारण हिलने वाले पत्तों के समान एक स्थान पर पुद्गलों का मिलना पुद्गलयुति है। यहाँ पर युति शब्द का अर्थ केवल मात्र संयोग या समीपता है।

·०४·५८ पोग्गलजोणिया (पुद्गलयोनिक)

—भग० श १४। उ ६। प्र १। पृ० ७०१

टीका—पुद्गलाः शीताऽऽदिस्पर्शा योनिः येषां ते तथा। शीताऽऽदियोनिजनितेषु।

जिनकी योनि शीत तथा उष्ण स्पर्श वाले पुद्गलों की है वे पुद्गलयोनिक। अथवा जो जीव शीत या उष्ण पुद्गलों की योनि में उत्पन्न होते हैं वे पुद्गलयोनिक।

·०४·५९ पोग्गलट्ठितीया (पुद्गलस्थितिक)

—भग० श १४। उ ६। प्र १। पृ० ७०१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यहाँ नारकी जीव का विवेचन है। नरक में उनकी स्थिति का कारण पुद्गलों को अर्थात् आयुष्यकर्म के पुद्गलों को कहा गया है।

अतः नारकियों को पुद्गलस्थितिक कहा गया है, क्योंकि उनकी स्थिति आयुष्य-कर्म के पुद्गलों के आधार पर होती है।

·०४·६० पोग्गलाणुभागो (पुद्गलानुभाग)

षट्० खं० ५। ५। सू ८२। टीका। पु १३। पृ० ३४९

पुद्गल का अनुभाग।

छः द्रव्यों की शक्ति का नाम अनुभाग है।

जर-कुट्ठक्खयादिविणासणं तदुप्पायणं च पोग्गलाणुभागो। जोणिपाहुडे भणिदमंततंतसत्तीओ पोग्गलाणुभागो त्ति घेत्तव्वो।

ज्वर, कुष्ठ और क्षयादि का विनाश करना और उनका उत्पन्न कराना—इसका नाम पुद्गलानुभाग है। अथवा योनिप्राभृत में कहे गये मंत्र-तंत्र रूप शक्तियों का नाम पुद्गलानुभाग है।

·०४·६१ पोग्गलणोभवोववायगई (पुद्गलनोभवोपपातगति)

पण्ण० प १६। सू ११०१। पृ० ४३२

पुद्गल की जो गति भवरहित (नारकादि भवरहित), उत्पाद रहित (जन्म प्रक्रिया रहित) होती है वह पुद्गलनोभवोपपातगति।

मूल—से किं तं पोग्गलणोभवोववायगई? पोग्गलणोभवोववायगई जण्णं परमाणुपोग्गले लोगस्स पुरत्थिमिल्लाओ चरिमंताओ पच्छिमिल्लं चरिमंतं एगसमएणं गच्छइ, पच्छिमिल्लाओ वा चरिमंताओ पुरत्थिमिल्लं चरिमतं एगसमएणं गच्छइ, दाहिणिल्लाओ वा चरिमंताओ उत्तरिल्लं चरिमंतं एगसमएणं गच्छइ, एवं उत्तरिल्लाओ दाहिणिल्लं, उवरिल्लाओ हेट्ठिल्लं, हेट्ठिल्लाओ वा उवरिल्लं। से त्तं पोग्गलणोभवोववायगई।

परमाणुपुद्गल जब लोक के पूर्वचरमांत से पश्चिम चरमांत तक, पश्चिम चरमांत से पूर्व चरमांत तक, दक्षिण चरमांत से उत्तर चरमांत तक, उत्तर चरमांत से दक्षिण चरमांत तक, ऊर्ध्वचरमांत से अधोचरमांत तक, या अधोचरमांत से ऊर्ध्व-चरमांत तक एक समय में गति करता है तब उस गति को पुद्गलनोभवोपपातगति कहा जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·०४·६२ पोग्गलत्थिकाए (पुद्गलास्तिकाय)

—भग० श २ । उ १० । प्र ५७ । पृ० ४३४

टीका—'अस्ति' इत्ययं निपातः कालत्रयाभिधायी, ततोऽस्तीति सन्ति, आसन्, भविष्यन्ति च ये कायाः प्रदेशा राशयः, ते अस्तिकाया इति ।

'पुद्गलास्तिकाय' 'अस्ति' शब्द त्रिकालवर्ती निपात है—भूत में भी था, वर्तमान में भी है, भविष्यत् में भी रहेगा। काय अर्थात् बहुप्रदेशी है। पुद्गलास्तिकाय अर्थात् पुद्गल त्रिकालवर्ती है तथा बहुप्रदेशी है।

किसी-किसी टीकाकार ने 'अस्ति' शब्द का अर्थ त्रिकालवर्ती न करके प्रदेश अर्थ किया है तथा काय का अर्थ समूह किया है। अतः इस अपेक्षा से पुद्गलास्तिकाय का अर्थ पुद्गल प्रदेशों का समूह किया जाता है।

·०४·६३ पोग्गलत्थिकायपएसे (पुद्गलास्तिकायप्रदेश)

—भग० श ८ । उ १० प्र १७ । पृ० ५७१

टीका—पुद्गलास्तिकायस्य एकाणुकाऽऽदिपुद्गलराशेः प्रदेशो निरंशोऽशः पुद्गलास्तिकायप्रदेशः ।

परमाणुओं के एकीभाव होने से—मिलने से (परमाणुप्रचयात्मकाः स्कंधाः) पुद्गलास्तिकाय का स्कंध बनता है। उस पुद्गलस्कंध के निरंश—अविभाज्य अंश को पुद्गलास्तिकायप्रदेश (प्रदेशास्तस्यैव निरंशा अंशा) कहते हैं।

·०४·६४ पोग्गलदव्व (पुद्गलद्रव्य)

—अभिधा० भाग ५ । पृ० ११०७

पुद्गल एक द्रव्य है अर्थात् धर्मास्तिकायादि छः द्रव्यों में पुद्गल का भी द्रव्य रूप में कथन है।

·०४·६५ पोग्गलदव्वप्पगेहिं (पुद्गलद्रव्यात्मक)

—प्रव० अ १ । गा ३४

जो पुद्गल द्रव्यस्वरूप हो वह पुद्गलद्रव्यात्मक।

यहाँ जिन भगवान् के पुद्गलद्रव्यात्मक वचनों द्वारा दिए गये उपदेशों का वर्णन है और उसे श्रुत (द्रव्यश्रुत) भी कहा गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·०४·६६ पोग्गलपडिघाये (पुद्गलप्रतिघात)

—ठाण० स्था ३ । उ ४ । सू २११ । पृ० २१९

टीका—पुद्गलानाम्—अण्वादीनां प्रतिघातो—गतिस्खलनं पुद्गल-प्रतिघातः ।

पुद्गलों की गति का अवरोध—पुद्गलप्रतिघात ।

पुद्गलों का परस्पर में प्रतिघात होता है—इससे उनकी गति का अवरोध भी होता है ।

·०४·६७ पोग्गलपरिणामा (पुद्गलपरिणामक)

—भग० श १४ । उ ६ । प्र १ । पृ० ७०१

पुद्गलों का परिणमन करनेवाला ।

यहाँ नारकी जीवों का विवेचन है । नारकी जीव जिन पुद्गलों का आहार करते हैं उन आहार किये हुए पुद्गलों का परिणमन भी करते हैं । अतः वे नारकी पुद्गलपरिणामक कहे जाते हैं ।

·०४·६८ पोग्गलपरिणामे (पुद्गलपरिणाम)

—ठाण० स्था ४ । उ १ । सू २६५ । पृ० २२७

(पुद्गल अपने लक्षणगुणों को—जड़ता तथा रूप को परित्याग किए बिना) जो पुद्गल अपने वर्ण, गंध, रस तथा स्पर्श गुणों—पर्यायों में परिणमन करे, वह पुद्गलपरिणाम । यथा—

एक गुण काले वर्ण से अनन्त गुण काले वर्ण पर्यन्त परिणमन करना अथवा काले वर्ण से नीलादि अन्य वर्णों में परिणमन करना । इसी प्रकार गंध, रस, तथा स्पर्श का परिणमन समझ लेना चाहिए । स्कंध रूप होने से संस्थान रूप परिणमन भी होता है ।

·०४·६९ पोग्गलपरियट्टे (पुद्गलपरावर्त)

—ठाण० स्था ३ । उ ४ । सू १९२ । पृ० २१६

पुद्गलपरावर्त—काल का एक प्रमाण है ।

टीका—पुद्गलानां—रूपिद्रव्याणामाहारकवर्जितानां औदारिकादि-प्रकारेण ग्रहणतः एकजीवापेक्षया परिवर्तनं—सामस्त्येन स्पर्शः पुद्गल-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिवर्तः, स च यावता कालेन भवति स कालोऽपि पुद्गलपरिवर्तः, स चानन्तोत्सर्पिण्यवसर्पिणीरूप इति।

आहारक शरीर के पुद्गलों को बाद देकर अन्य ग्रहण योग्य पुद्गलों को जब एक जीव समस्त भाव से अर्थात् सब को स्पर्श कर लेता है उसे 'पुद्गलपरावर्त' कहते हैं। यह स्पर्श कार्य जितने समय में होता है वह काल भी 'पुद्गलपरावर्त' कहा जाता है तथा इसमें अनंत उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी जितना काल लग जाता है।

मूल—एएसि णं भंते! परमाणुपोग्गलाणं साहणणा-भेदाणुवाएणं अणंताणंता पोग्गलपरियट्टा समणुगंतव्वा भवंतीति मक्खाया? हंता, गोयमा! एएसि णं परमाणुपोग्गलाणं साहणणा— जाव मक्खाया।

—भग० श १२। उ ४। प्र १३। पृ० ६६०

टीका—"पुग्गलपरियट्ट त्ति" पुद्गलैः पुद्गलद्रव्यैः सह परिवर्ताः परमाणूनां मीलनानि पुद्गलपरिवर्ताः समनुगन्तव्या अवगन्तव्या भवन्ति।

पुद्गलों के द्वारा पुद्गल द्रव्यों के साथ परावर्त—पुद्गलपरावर्त। एक परमाणु का अन्य अनंत परमाणुओं के साथ संयोग-वियोग—एक पुद्गलपरावर्त।

·०४·७० पोग्गलपरिसाड (पुद्गलपरिशाट)

—अभिधा० भाग ५। पृ० ११६८

करण प्रेरण से होने वाले पुद्गलों का परिशाटन अर्थात् पुद्गलों का परित्याग करना—छोड़ना। अभिधा० परिदत्त संदर्भ—कर्मप्रकृति २ प्रक० (गाथा ९४)

·०४·७१ पोग्गलपिंडो (पुद्गलपिंड)

—गोक०। गा ६

पोग्गलपिंडो दव्वं तस्सत्ती भावकम्मं तु॥

पुद्गल द्रव्य का पिंड—पुद्गलपिंड।

यहाँ ज्ञानावरणादि रूप पुद्गल द्रव्य के पिण्ड को द्रव्यकर्म कहा गया है और इस पिण्ड में फल देने की शक्ति को भावकर्म कहा गया है।

·०४·७२ पोग्गलमेत्तविलयम्मि (पुद्गलमात्रविलय)

विशेभा० गा १८३९

पुद्गल मात्र का वियोग।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

टीका—किमिह'पुद्गलमात्रविलये'-समस्तकर्मपुद्गलपरिशाटसमये जीवस्यात्मनः स्वतत्त्वे वृत्तिमादधत एकान्तेन कृतं विहितं, येन कृतको मोक्षः स्यात्? एतदुक्तं भवति—इहात्मकर्मपुद्गलवियोगो मोक्षोऽभिप्रेतः। × × ×।

आत्मा से पुद्गल मात्र का—समस्त कर्मपुद्गलों का विलय—वियोग—परिशाटन को पुद्गलमात्रविलय कहते हैं और इससे मोक्ष का अभिप्रेत है।

·०४·७३ पोग्गलमेत्तविसयओ (पुद्गलमात्रविषय)

—विशेभा० गा २१३६

जुत्तमिह केवलं चेव पच्चओ नोहि—माणसं नाणं।
पोग्गलमेत्तविसयओ सामाइयारूवया ज च॥

यहाँ अवधिज्ञान और मनःपर्यवज्ञान का विषय पुद्गलमात्रविषय—रूपी द्रव्य-विषय कहा गया है।

·०४·७४ पोग्गलमोक्खो (पुद्गलमोक्ष)

—षट्० खं० ५। ५। सू ८२ टीका। पु १३। पृ० ३४८

बंध का विपरीत—मोक्ष। बंध से मुक्ति—मोक्ष है।

दो, तीन आदि (परमाणु) पुद्गलों का जो समवाय सम्बन्ध होता है वह पुद्गलबंध, अथवा स्निग्ध तथा रूक्ष गुणों के कारण पुद्गलों का जो परस्पर में बंध होता है वह पुद्गलबंध तथा जब इस प्रकार बंध को प्राप्त पुद्गलों का बन्ध टूटता है और विभिन्न पुद्गल पारस्परिक बन्ध से मुक्त होते हैं वह पुद्गलमोक्ष।

·०४·७५ पोग्गलाणमागमणं (पुद्गलानामागमनं)

—षट्० खं० ५। ५। सू ८२ टीका। पु १३। पृ० ३४७

तहा पोग्गलाणमागमणं गमणं चयणमुववादं च जाणदि। पोग्गलेसु अप्पिदपज्जाएण विणासो चयणं।

अण्णपज्जाएणं परिणामो उववादो णाम।

यहाँ पुद्गल के आगमन, गमन, अर्थात् आगति, गति, चयन और उपपाद का वर्णन है। टीकाकार ने पुद्गल को गति-आगति पर टीका नहीं की है, लेकिन चयन और उपपात पर टीका की है। यथा—पुद्गलों में विवक्षित पर्याय का नाश होना—चयन है तथा अन्य पर्याय रूप से परिणमन होना उपपाद है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·०४·७६ पोग्गलाहारा (पुद्गलाहारक)

—भग० श १४ । उ ६ । प्र० १ । पृ० ७०१

पुद्गलों का आहार करने वाला।

यहाँ नारकी जीव का विवेचन किया गया है। नारकी जीव पुद्गलों का आहार करते हैं अतः वे पुद्गलाहारक कहे जाते हैं।

·०४·७७ पोग्गली (पुद्गली)

—भग० श ८ । उ १० । प्र० ४५ । पृ० ५७४

'पोग्गली' जिस जीव के श्रोत आदि इन्द्रियाँ हों वह जीव पुद्गली। जो पुद्गल सहित हो वह पुद्गली। यथा—दंड सहित मनुष्य को दंडी कहा जाता है, छत्र सहित मनुष्य को छत्री कहा जाता है उसी प्रकार पुद्गल सहित जीव को पुद्गली कहा जाता है। अतः सिद्ध जीव पुद्गली नहीं होते हैं। संसारी जीव पुद्गली होते हैं।

·०४·७८ पोग्गले (पुद्गल)

—भग० श २० । उ २ । प्र ७ । पृ० ७९२

जीव के अभिवचनों में पुद्गल शब्द भी आया है।

मूल—जीवत्थिकायस्स णं भंते ! केवतिया अभिवयणा पन्नत्ता ? गोयमा ! अणेगा अभिवयणा पन्नत्ता × × × पोग्गले त्ति वा × × ×।

टीका—'पोग्गले' त्ति पूरणाद् गलनाच्च शरीरादीनां पुद्गलः।

जीव पुद्गलों को शरीर आदि के रूप में ग्रहण भी करता है और उत्सर्ग भी करता है अतः जीव का एक अभिवचन पुद्गल भी कहा गया है।

·०४·७९ पोग्गलोवचए (पुद्गलोपचय)

—भग० श ६ । उ ३ । प्र ५ । पृ० ४९३

पुद्गलोपचय—पुद्गलों का उपचय—संग्रह।

पुद्गलों का उपचय प्रयोग से भी होता है और स्वाभाविक रूप से भी।

वत्थस्स णं भंते ! पोग्गलोवचए किं पओगसा, वीससा ? गोयमा ! पओगसा वि, वीससा वि।

वस्त्र में पुद्गल का उपचय प्रयोग से भी होता है और स्वाभाविक रूप से भी होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·०४·८० बहियापोग्गलपक्खेवे (बहिःपुद्गलप्रक्षेप)

—उवा० अ २ । सू ६ । पृ० ११३२

टीका—अभिगृहीतदेशाद् बहिः प्रयोजनसद्भावे परेषां प्रबोधनाय लेष्ट्वादिपुद्गलप्रक्षेपे ।

बहिः पुद्गल प्रक्षेपण से—अभिगृहीत क्षेत्र के बाहर प्रयोजनवश किसी का ध्यान आकर्षित करने के लिए अथवा अन्यथा पुद्गल—कंकड़, पत्थर आदि का फेंकना । यह श्रावक के देशावकाशिक व्रत का पाँचवाँ अतिचार है ।

श्रावक के दसवें व्रत के अनुसार जितने परिभ्रमण क्षेत्र की सीमा की गई हो, यदि उस सीमा के बाहर स्थित किसी का ध्यान आकर्षित करने के लिए—बुलाने के लिए पुद्गल—कंकड़ आदि फेंके जायें तो उस प्रक्षेपण से देशावकाशिक व्रत का पांचवाँ अतिचार लगता है ।

·०४·८१ बहुकम्मपुग्गलगालणं (बहुकर्मपुद्गलगालन)

—कसापा० गा २२ । टीका २१८ । भाग ७ । पृ० १०९

सामान्य अर्थ है—बहुत से कर्मपुद्गलों को गलाकर ।

कषाय की उत्तर प्रकृतियों की विभक्ति के अल्पबहुत्व की प्ररूपणा में अप्रत्याख्यान-मान के विवेचन में इस समास का व्यवहार हुआ है ।

·०४·८२ बहुपोग्गलग्गहणट्ठं (बहुपुद्गलग्रहणार्थं)

—कसापा० गा ५८ । टीका ४१ । भाग ९ । पृ० १८२

अनन्तानुबन्धियों का उत्कृष्ट प्रदेश संक्रमण किसके होता है ? इस प्रश्न के उत्तर के प्रसंग में बंध के द्वारा बहुत पुद्गलों के ग्रहण का कथन आया है ।

·०४·८३ बहुपोग्गलणिज्जरणं (बहुपुद्गलनिर्जरणार्थं)

—कसापा० गा २२ । टीका १३१ । भाग ६ । पृ० १२६

उदय के द्वारा बहुत कर्मपुद्गलों की निर्जरा कराने के लिए नीचे के बहुत कर्मस्कंधों का निक्षेप किया जाता है ।

·०४·८४ मणपोग्गलपरियट्टनिव्वत्तणाकाल (मनःपुद्गलपरावर्तनिर्वर्तनाकाल)

—भग० श १२ । उ ४ । प्र ३० । पृ० ६६२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मन:पुद्गलपरावर्त के निष्पन्न होने का काल। इसमें अनंत उत्सर्पिणी—अवसर्पिणी जितना काल लगता है। यह काल आन-प्राणपुद्गलपरावर्त के निष्पत्तिकाल से अनंत गुणा है और इससे वचनपुद्गलपरावर्त निष्पत्तिकाल अनंत गुणा है। यद्यपि सभी पुद्गलपरावर्तों में अनंत कालचक्र जितना काल लगता है ऐसा कहा गया है।

·०४·८५ मणपोग्गलपरियट्टे (मन:पुद्गलपरावर्त)

—भग० श १२। उ ४। प्र १४। पृ० ६६०

मनोयोग में वर्तता हुआ जीव मनोयोग के प्रायोग्य द्रव्यों को समस्त भाव से—मनोयोग रूप से जितने काल में ग्रहण कर लेता है उसे मन:पुद्गलपरावर्त कहते हैं।

·०४·८६ वइपोग्गलपरियट्टनिव्वत्तणाकाल (वचनपुद्गलपरावर्तनिर्वर्तना-काल)

—भग० श १२। उ ४। प्र ३०। पृ० ६६२

वचनपुद्गलपरावर्त के निष्पन्न होने का काल।

इसमें अनंत उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी जितना काल लगता है। लेकिन इससे वैक्रियपुद्गलपरावर्तनिर्वर्तनाकाल अनंतगुणा होता है।

·०४·८७ वइपोग्गलपरियट्टे (वचनपुद्गलपरावर्त)

—भग० श १२। उ ४। प्र १४। पृ० ६६०

वचनयोग में वर्तता हुआ जीव वचनयोग के द्रव्यों को समस्त भाव से वचनयोग रूप में जितने काल में ग्रहण कर लेता है उसे वचनपुद्गलपरावर्त कहते हैं।

·०४·८८ ववहारियपरमाणुपोग्गलाणं (व्यावहारिकपरमाणुपुद्गल)

—अणुओ० सू ३४२। पृ० ११२५

टीका—अनन्तानां सूक्ष्मपरमाणुपुद्गलानां संबंधिनो ये समुदाया: द्व्यादिसमुदायाऽऽत्मकानि वृन्दानि तेषां या: समितयो बहूनि मीलनानि तासां समागम:—संयोग एकीभवनं समुदयसमितिसमागम:, तेन व्यावहारिकपरमाणुपुद्गल एको निष्पद्यते।

अनंत सूक्ष्म परमाणु पुद्गलों के संबंध से समुदाय होता है; दो तीन आदि समुदायों के वृन्द से समिति होती है। बहुत सी समितियों के मिलने से—समागम से—संयोग से—एकीभाव होने से समुदयसमितिसमागम कहलाता है। ऐसे अनंत

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूक्ष्मपरमाणुपुद्गलों के समुदयसमितिसमागम से एक व्यावहारिक परमाणुपुद्गल निष्पन्न होता है।

एक व्यावहारिक परमाणुपुद्गल में अनंतानंत परमाणुपुद्गल होते हैं।

·०४·८९ वेउव्वियपोग्गलपरियट्टनिव्वत्तणाकाल (वैक्रियपुद्गलपरावर्त-निर्वर्तनाकाल)

—भग० श १२ । उ ४ प्र ३० । पृ० ६६२

वैक्रियपुद्गलपरावर्त के निष्पन्न होने का काल।

इसमें अनन्त उत्सर्पिणी—अवसर्पिणी जितना काल लगता है। यह परावर्त सब पुद्गलपरावर्तों से बड़ा होता है।

·०४·९० वेउव्वियपोग्गलपरियट्टे (वैक्रियपुद्गलपरावर्त)

—भग० १२ । उ ४ । प्र १४ । पृ० ६६०

वैक्रिय शरीर में वर्तता हुआ जीव वैक्रिय शरीर के प्रायोग्य द्रव्यों को समस्त भाव से वैक्रिय शरीर रूप में जितने काल में ग्रहण कर लेता है उसे वैक्रियपुद्गल-परावर्त कहते हैं।

·०४·९१ वेयणीयपोग्गलखंधं (वेदनीयपुद्गलस्कंध)

—षट्० खं० ४ । २ । ३ । सू ३ टीका । पु १० । पृ० १६

वेदन योग्य सुख-दुःख रूप कर्मपुद्गलस्कन्ध—वेदनीयपुद्गलस्कंध।

वेदणा णाम सुह-दुक्खाणि, लोगे तहा संववहारदंसणादो। ण च ताणि सुहदुक्खाणि वेयणीयपोग्गलखंधं मोत्तूण अण्णकम्मदव्वेहिंतो उप्पज्जंति। × × ×।

वेदना का अर्थ सुख और दुःख होता है, क्योंकि लोक में वैसा व्यवहार देखा जाता है और वे सुख-दुःख वेदनीय रूप पुद्गलस्कंध (सातावेदनीय और असाता-वेदनीय) के सिवाय अन्य कर्मद्रव्यों से उत्पन्न नहीं होते हैं।

·०४·९२ संखाईयलोगपोग्गलसमानिबद्धाइं (संख्यातीतलोकपुद्गलसमा-निबद्धानि)

—विशेभा० गा ८०८

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

असंख्यात लोकों में अवगाहित रूपी द्रव्य—पुद्गल द्रव्य।

टीका—उत्कृष्टतस्तु द्रव्यतः क्षेत्रतश्चाऽसंख्येयलोकाकाशखंडावगाढानि सर्वाण्यपि मूर्त-द्रव्याणि पश्यति। एतानि चैकस्मिन्नेव लोकाकाशेऽवगाढानि प्राप्यन्ते, शेषलोकावगाढानाम् तु दर्शनं शक्तिमात्रापेक्षयैवोच्यते। × × ×।

यहाँ अवधिज्ञान से जानने और देखने के विषय का विवेचन है। उसमें उत्कृष्ट शक्ति—सामर्थ्य का वर्णन करते हुए कहा गया है कि अवधिज्ञान में उत्कृष्ट रूप से असंख्यात लोकों में अवगाहित पुद्गलों—रूपी द्रव्यों को जानने—देखने की शक्ति होती है। यद्यपि वास्तविक रूप में लोकाकाश एक ही है।

·०४·९३ सपोग्गला (सपुद्गल)

—ठाण० स्था २। उ १। सू० ५७। पृ० १८५

सपुद्गल अर्थात् पुद्गल सहित।

टीका—सपुद्गलाः कर्म्मादिपुद्गलवन्तो जीवा, अपुद्गलाः—सिद्धाः।

यहाँ जीव के दो भेद किये गये हैं, यथा—सपुद्गल जीव और अपुद्गल जीव। कर्मादि पुद्गल से संयुक्त जीव—सपुद्गल कहलाते हैं।

·०४·९४ सम्मत्तपुग्गलक्खयओ (सम्यक्त्वपुद्गलक्षय)

—विशेभा० गा १३२०

सम्यक्त्व मोहनीय कर्म के पुद्गलों का क्षय।

सो तस्स विसुद्धयरो जायइ सम्मत्तपोग्गलक्खयओ।
दिट्ठी व्व सण्हसुद्धब्भपडलविगमे मणुसस्स॥

जिस प्रकार अभ्रपटल के दूर होने से मनुष्य की दृष्टि में स्पष्टता होती है, उसी प्रकार सम्यक्त्व मोहनीय के पुद्गलों का क्षय होने से जीव का सम्यग्दर्शन विशुद्धतर होता है।

·०४·९५ सम्मत्तपुग्गले (सम्यक्त्वपुद्गल)

—कर्म० भा ४। गा १४ टीका उद्धृत। पृ० १४३

सम्यक्त्व मोहनीय कर्म के पुद्गल।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो उवसमसम्मद्दिट्ठी उवसमसेढीए कालं करेइ सो पढमसमए चेव सम्मत्तपुंजं उदयावलियाए छोढूण सम्मत्तपुग्गले वेएइ, तेण न उवसमसम्मद्दिट्ठी अपज्जत्तगो लब्भइ।

जब उपशमसम्यग्दृष्टि जीव उपशमश्रेणी में काल को प्राप्त होता है तब प्रथम समय में सम्यक्त्व पुंज को उदयावली में लाकर सम्यक्त्व पुद्गलों का वेदन करता है अतः यह अपर्याप्तक उपशमसम्यग्दृष्टि के नहीं होता है।

यथा—उपशम श्रेणी में काल करनेवाला जीव अनुत्तरविमान के देवों में भी उत्पन्न होता है वहाँ वह जीव उपशमसम्यक्त्व के पुद्गलों के उदय से क्षयोपशम सम्यक्त्व को प्रथम समय में ही प्राप्त करता है।

·०४·९६ सम्मत्तसुद्धपुग्गलपरिक्खए (सम्यक्त्वशुद्धपुद्गलपरिक्षय)

—विशेभा० गा १३२१

सम्यक्त्वमोहनीय कर्म के शुद्ध पुद्गलों का परिक्षय।

मूल—जइ सुद्धजलाणुगयं वत्थं सुद्धं जलक्खएसुतरं।
सम्मत्तसुद्धपोग्गलपरिक्खए दंसणं पेवं॥

जिस प्रकार शुद्ध जल से धोया हुआ वस्त्र सूख जाने से शुद्ध होता है उसी प्रकार सम्यक्त्व मोहनीय रूप शुद्ध पुद्गलों का क्षय होने से सम्यग्दर्शन और भी शुद्ध होता है।

·०४·९७ सरपरिणदपोग्गलाणि (स्वरपरिणतपुद्गल)

—गोक० गा ८३

स्वर रूप से परिणत पुद्गल।

स्वरनामकर्म के उदय से नोकर्मरूप—सुस्वर-दुःस्वर रूप में परिणत हुए पुद्गल परमाणु।

·०४·९८ सव्वपोग्गला (सर्वपुद्गल)

—भग० श ५। उ ८। प्र २। पृ० ४८६

'सव्वपोग्गला' अर्थात् लोक में स्थित सर्वपुद्गल।

यहाँ लोक में स्थित सर्वपुद्गलों के सम्बन्ध में समवाय रूप से विभिन्न अपेक्षा से विवेचन किया गया है। यथा—वे सप्रदेशी भी हैं, अप्रदेशी भी हैं इत्यादि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·०४ ९९ सव्वोइयचरमपोग्गलावत्थं (सर्वोदितचरमपुद्गलावस्थ)

—विशेभा० गा ५३३

टीका—तत् पुनः क्षपकश्रेणि प्रतिपन्नस्याऽनन्तानुबन्धिकषायचतुष्टय-मिथ्यात्वमिश्रपुञ्जेषु क्षपितेषु, सम्यक्त्वपुञ्जमप्युदीर्योदीर्यानुभूय निर्जरयतो निष्ठितोदीरणीयस्य सर्वोदितचरमपुद्गलावस्थं भवति।× × ×। इदमुक्तं भवति—क्षपितप्रायदर्शनसप्तकस्य सम्यक्त्वपुञ्जचरमपुद्गलग्रासमात्रमनु-भवतो वेदकसम्यक्त्वं भवति।

(क्षायक सम्यक्त्व को प्राप्त करनेवाली) क्षपकश्रेणी को प्रतिपन्न, अनन्तानु-बंधी कषायचतुष्क, मिथ्यात्व तथा मिश्रमोहनीय पुंज को क्षय करके सम्यक्त्व कर्मपुंज को बार-बार उदीर्ण-वेदन करके निर्जीर्ण करते हुए जब जीव के उदीरणा के योग्य सर्व शेष रहे हुए शेष बार के लिए उदीर्ण होने वाले सम्यक्त्व कर्मपुंज की जो अवस्था होती है उस अवस्था को सर्वोदितचरमपुद्गलावस्थ कहते हैं। इस अवस्था में वेदकसम्यक्त्व होता है।

·०४·१०० सुक्कपोग्गलसंसिट्ठे (शुक्रपुद्गलसंसृष्ट)

—ठाण० स्था ५। उ २। सू ४१६। पृ० २६१

शुक्र पुद्गलों से संसर्ग होने पर।

मूल—सुक्कपोग्गलसंसिट्ठे व से वत्थे अंतो जोणीए अणुपवेसेज्जा।

यहाँ स्त्री के बिना पुरुष संयोग के गर्भधारण के पाँच कारणों का विवेचन है, उनमें से एक कारण यह है—शुक्र पुद्गलों से संसृष्ट वस्त्र के स्पर्श होने पर शुक्र पुद्गल स्त्री के अन्तर्योनि में प्रवेश कर जाते हैं, इससे स्त्री बिना पुरुष संयोग के गर्भवती हो सकती है।

·०४·१०१ सुक्कपोग्गले (शुक्रपुद्गल)

—ठाण० स्था ५। उ २। सू ४१६। पृ० २६१

वीर्य के पुद्गल, पुरुष शरीरस्थ धातु विशेष के पुदगल।

·०४·१०२ सुभपोग्गलपक्खेव (शुभपुद्गलप्रक्षेप)

—णाया० श्रु १। अ १। सू ८०। पृ० १०३९

शुभपुद्गल का प्रक्षेप अर्थात् शुभ पुद्गल का प्रवेश कराना—शुभ पुद्गलों का शरीर में प्रवेश।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

माकन्दीपुत्रों की कथा में रत्नदेवी द्वारा उनके शरीर में शुभ पुद्गलों के प्रवेश कराने का कथन है।

·०४·१०३ सुहुमपरमाणुपोग्गलाणं (सूक्ष्मपरमाणुपुद्गल)

—जंबू० वक्ष २ । सू १९ । पृ० ५४३

मूल—अणंताणं सुहुमपरमाणुपोग्गलाणं समुदयसमिइसमागमेणं ववहारिए परमाणू निप्फज्जइ।

व्यावहारिक परमाणु की निष्पन्नता—उत्पत्ति का वर्णन करते हुए कहा गया है कि अनन्तानन्त सूक्ष्म परमाणु पुद्गलों के समुदयसमिति—समागम से—एकीभाव होने से व्यावहारिक परमाणु उत्पन्न होता है। यहाँ अप्रदेशी परमाणु को अन्य व्यावहारिक परमाणुओं से सूक्ष्म होने के कारण सूक्ष्म विशेषण दिया गया है।

·०४·१०४ सुहुमसांपराइयचरिमसमयपरमाणुपोग्गलक्खंधकालो (सूक्ष्मसांपरायिकचरमसमयपरमाणुपुद्गलस्कंधकाल)

—कसापा० गा २२ । टीका ३५७ । भाग ३ । पृ० १९२

× × × अथवा सुहुमसांपराइयचरिमसमयपरमाणुपोग्गलक्खंधकालो एया ट्ठिदी णाम। तस्स एगसमयणिप्पण्णत्तादो। × × ×।

अथवा सूक्ष्मसांपरायिक गुणस्थान के अंतिम समय में पुद्गलपरमाणुओं के स्कंध (कर्मपुद्गलस्कंध) का जो काल है वह एक स्थिति कहलाती है क्योंकि यह स्थिति एक समय में निष्पन्न होती है।

·०५ परिभाषा के उपयोगी पाठ

·०५·१ पुद्गल की परिभाषा के उपयोगी पाठ

(१) कइविहा णं भंते ! सव्वदव्वा पन्नत्ता ? गोयमा ! छव्विहा सव्वदव्वा पन्नत्ता, तंजहा—धम्मत्थिकाए, अधम्मत्थिकाए जाव (आगासत्थिकाए, पोग्गलत्थिकाए, जीवत्थिकाए) अद्धासमए।

—भग० श २५ । उ ४ । प्र ४ । पृ० ८६१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२) कइ णं भंते ! अत्थिकाया पन्नत्ता ? गोयमा ! पंच अत्थिकाया पन्नत्ता, तंजहा—धम्मत्थिकाए, अधम्मत्थिकाए, आगासत्थिकाए, जीवत्थिकाए, पोग्गलत्थिकाए।

—भग० श २। उ १०। प्र ५३। पृ० ४३३

(३) तं सच्चे णं एसमट्ठे कालोदाई ! अहं पंचत्थिकायं पण्णवेमि, तंजहा—धम्मत्थिकायं, जाव (अधम्मत्थिकायं, आगासत्थिकायं, जीवत्थिकायं) पोग्गलत्थिकायं, तत्थ णं अहं चत्तारि अत्थिकाए अजीवत्थिकाए अजीवतया पण्णवेमि तहेव जाव एगं च णं अहं पोग्गलत्थिकायं रूविकायं (अजीवकायं) पण्णवेमि।

—भग० श ७। उ १०। प्र २। पृ० ५२८

(४) पोग्गलत्थिकाए णं भंते ! कइ वण्णे, कइ गंध-रस-फासे ? गोयमा ! पंचवण्णे, पंचरसे, दुगंधे, अट्ठफासे, रूवी, अजीवे, सासए, अवट्ठिए, लोगदव्वे। से समासओ पंचविहे पन्नत्ते, तंजहा—दव्वओ, खेत्तओ, कालओ, भावओ, गुणओ। दव्वओ णं पोग्गलत्थिकाए अणंताइं दव्वाइं, खेत्तओ लोयप्पमाणमेत्ते, कालओ न कयाइ, न आसी जाव (न कयाइ भवइ, न कयाइ भविस्सइ त्ति, भुविंसु य, भवइ य, भविस्सइ य, धुवे, णियए, सासए, अक्खए, अव्वए, अवट्ठिए) णिच्चे, भावओ वण्णमंते—गंध-रस-फासमंते, गुणओ गहणगुणे।

—भग० श २। उ १०। प्र ५७। पृ० ४३४

—ठाण० स्था ५। उ ३। सू ४४१। पृ० २६६

(५) कइविहे णं भंते ! पोग्गलपरिणामे पन्नत्ते ? गोयमा ! पंचविहे पोग्गलपरिणामे पन्नत्ते, तंजहा—वण्णपरिणामे, गंधपरिणामे, रसपरिणामे, फासपरिणामे, संठाणपरिणामे। वण्णपरिणामे णं भंते ! कइविहे पन्नत्ते ? गोयमा ! पंचविहे पन्नत्ते, तं जहा—कालवण्णपरिणामे जाव सुक्किलवण्णपरिणामे। एवं एएणं अभिलावेणं गंध-परिणामे दुविहे, रसपरिणामे पंचविहे, फासपरिणामे अट्ठविहे। संठाणपरिणामे णं भंते ! कइविहे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पन्नत्ते ? गोयमा ! पंचविहे पन्नत्ते, तं जहा—परिमंडलसंठाणपरिणामे जाव आयतसंठाणपरिणामे ।

—भग० श ८ । उ १० । प्र १४ से १६ । पृ० ५७१

(६) बावीसविहे पोग्गलपरिणामे पन्नत्ते, तंजहा—कालवण्णपरिणामे १, नीलवण्णपरिणामे २, लोहियवण्णपरिणामे ३, हालिद्दवण्णपरिणामे ४, सुक्किल्लवण्णपरिणामे ५, सुब्भिगंधपरिणामे ६, दुब्भिगंधपरिणामे ७, तित्तरसपरिणामे ८, कडुयरसपरिणामे ९, कसायरसपरिणामे १०, अंबिलरसपरिणामे ११, महुररसपरिणामे १२, कक्खडफासपरिणामे १३, मउयफासपरिणामे १४, गरुफासपरिणामे १५, लहुफासपरिणामे १६, सीतफासपरिणामे १७, उसिणफासपरिणामे १८, णिद्धफासपरिणामे १९, लुक्खफासपरिणामे २०, गरुलहुफासपरिणामे २१, अगरुलहुफासपरिणामे । —सम० सम २२ । सू ६ । पृ० ३३५

(७) एस णं भंते ! पोग्गले अतीतं, अणंतं, सासयं समयं भुवीति वत्तव्वं सिया ? हंता, गोयमा ! एस णं पोग्गले अतीतं, अणंतं सासयं समयं भुवीति वत्तव्वं सिया। एस णं भंते ! पोग्गले पडुप्पणं सासयं समयं भवतीति वत्तव्वं सिया ? हंता, गोयमा ! तं चेव उच्चारेयव्वं । एस णं भंते ! पोग्गले अणागयं अणंतं सासयं समयं भविस्सतीति वत्तव्वं सिया ? हंता, गोयमा ! तं चेव उच्चारेयव्वं ।

—भग० श १ । उ ४ । प्र १५६-८ । पृ० ३९८

(८) पोग्गलत्थिकाए णं पुच्छा। गोयमा ! पोग्गलत्थिकाएणं जीवाणं ओरालिय-वेउव्विय-आहारग-तेया-कम्मए-सोइंदिय-चक्खिंदिय-घाणिंदिय-जिब्भिंदिय-फासिंदिय-मणजोग-वयजोग-कायजोग-आणापाणूणं च गहणं पवत्तति, गहणलक्खणे णं पोग्गलत्थिकाए ।

—भग० श १३ । उ ४ । प्र १८ । पृ० ६८४

(९) एगंसि णं पोग्गलत्थिकायंसि रूविकायंसि अजीवकायंसि चक्किया केइ आसइत्तए वा सइत्तए वा जाव (चिट्ठइतए वा, णिसीइतए वा) तुयट्टित्तए वा। —भग० श ७ । उ १० । प्र ३ । पृ० ५२८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१०) पोग्गलत्थिकाए णं भंते ! किं गरुए, लहुए, गरुयलहुए, अगरुयलहुए ? गोयमा ! णो गरुए, णो लहुए, गरुयलहुए वि, अगरुयलहुए वि। से केणट्ठेणं ? गोयमा ! गरुयलहुयदव्वाइं पडुच्च णो गरुए, णो लहुए, गरुयलहुए, णो अगरुयलहुए। अगरुयलहुयदव्वाइं पडुच्च णो गरुए, णो लहुए, णो गरुयलहुए, अगरुयलहुए।

—भग० श १। उ ९। प्र २८७-८८। पृ० ४११

(११) से किं तं पारिणामिए ? पारिणामिए दुविहे पन्नत्ते, तंजहा—साइपारिणामिए य १ अणाइपारिणामिए य २ × × ×। से किं तं अणाइपारिणामिए ? अणाइपारिणामिए—धम्मत्थिकाए, अधम्मत्थिकाए, आगासत्थिकाए, जीवत्थिकाए, पोग्गलत्थिकाए, अद्धासमए, लोए, अलोए, भवसिद्धिया, अभवसिद्धिया।

—अणुओ०। सू २४८, २५०। पृ० १११२-१३

(१२) दव्वादेसेण वि मे अज्जो। सव्वे पोग्गला सपएसा वि, अपएसा वि, अणंता, खेत्तादेसेण वि एवं चेव, कालादेसेण वि, भावादेसेण वि एवं चेव।

—भग० श ५। उ ८। प्र २। पृ० ४८७

(१३) एगपएसोगाढा णं भंते ! पोग्गला किं संखेज्जा, असंखेज्जा, अणंता ? एवं चेव। (गोयमा ! नो संखेज्जा, नो असंखेज्जा, अणंता) एवं जाव—असंखेज्जपएसोगाढा।

—भग० श २५। उ ४। प्र ३९। पृ० ८६४

(१४) दुविहा पोग्गला पन्नत्ता, तंजहा—सुहुमा चेव बायरा चेव।

—ठाण० स्था २। उ ३। सू ८२। पृ० १९२

पुद्गल की एक परिभाषा

पुद्गल अजीव, रूपी, अस्तिकाय द्रव्य है।

द्रव्य की अपेक्षा पुद्गल अनन्त है ; क्षेत्र की अपेक्षा पुद्गल लोक प्रमाण है ; काल की अपेक्षा कभी नहीं था, कभी नहीं है, कभी नहीं रहेगा, ऐसा नहीं है। सदा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

था, सदा है, सदा रहेगा। पुद्गल अतीत, अनन्त शाश्वत काल में था, वर्तमान शाश्वत काल में है, अनागत अनन्त शाश्वत काल में रहेगा।

यह ध्रुव, नियत, शाश्वत, अक्षय, अव्यय, अवस्थित तथा नित्य है।

भाव की अपेक्षा पुद्गल वर्ण, गंध, रस तथा स्पर्श वाला है। इसमें पाँच वर्ण, दो गंध, पाँच रस तथा आठ स्पर्श हैं। पुद्गल परिणामी है। पुद्गल का पाँच प्रकार से परिणमन होता है। यह वर्ण, गंध, रस, स्पर्श तथा संस्थान परिणामी है। वर्ण परिणमन पाँच प्रकार का है—काला-नीला-लाल-पीला-श्वेत। गंध परिणाम दो प्रकार है—सुगंध तथा दुर्गन्ध। रस परिणाम पाँच प्रकार का है—तिक्त, कटु, कषाय, आम्ल तथा मधुर। स्पर्श परिणाम आठ प्रकार का है—कर्कश तथा मृदु ; गुरु तथा लघु ; शीत तथा उष्ण ; रूक्ष तथा स्निग्ध। संस्थान परिणाम पाँच प्रकार का है—परिमंडल, वृत, त्र्यंस, चतुष्कोण तथा आयत। पुद्गल का गुरुलघु तथा अगुरुलघु परिणाम भी होता है।

गुण की अपेक्षा पुद्गल ग्रहण गुण वाला है। जीव द्वारा पुद्गल का ग्रहण होता भी है। पुद्गल के द्वारा जीवों के औदारिक, वैक्रिय, आहारक, तैजस तथा कार्मण शरीरों का, श्रोत्र, चक्षु, घ्राण, रस तथा स्पर्श इन्द्रियों का ; मन, वचन तथा काय-योगों का तथा श्वासोच्छ्वास का ग्रहण—प्रवर्तन होता है। पुद्गलास्तिकाय पर बैठना, सोना, खड़े रहना, नीचे बैठना और इधर-उधर आलोटना आदि क्रियाएँ की जा सकती हैं।

पुद्गल गुरु तथा लघु नहीं है। गुरुलघु तथा अगुरुलघु है। कोई पुद्गल गुरुलघु है, कोई अगुरुलघु है।

पुद्गल अनादि पारिणामिक भाव है, सादिपारिणामिक भाव नहीं है। पुद्गल पुद्गलत्व की अपेक्षा अनादि पारिणामिक भाव है।

द्रव्य की अपेक्षा सप्रदेशी पुद्गल भी होते हैं, अप्रदेशी पुद्गल भी होते हैं। सप्रदेशी पुद्गल भी अनन्त हैं ; सप्रदेशी पुद्गल भी अनन्त हैं। परमाणु पुद्गल अप्रदेशी पुद्गल है, द्विप्रदेशी स्कंध से लेकर अनन्तप्रदेशी स्कंध पुद्गल सप्रदेशी हैं।

क्षेत्र की अपेक्षा पुद्गल अप्रदेशी भी होता है, सप्रदेशी भी होता है अर्थात् एक आकाश प्रदेश को अवगाहन करने वाला भी होता है, अनेक आकाश प्रदेश को अवगाहन करने वाला भी होता है।

काल की अपेक्षा पुद्गल अप्रदेशी भी होता है, सप्रदेशी भी होता है, अर्थात् एक समय की स्थितिवाला भी होता है, अनेक समय की स्थितिवाला भी होता है। यह

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्थिति परमाणुत्व तथा स्कंधत्व की अपेक्षा भी हो सकती है, अवगाहन तथा क्षेत्रान्तर की अपेक्षा भी हो सकती है ; भाव गुणों की अपेक्षा भी हो सकती है।

भाव की अपेक्षा पुद्गल अप्रदेशी भी होता है, सप्रदेशी भी होता है, अर्थात् एक अंश गुणवाला भी होता है, अनेक अंश गुणवाला भी होता है। यथा—एक अंश काला वर्ण गुणवाला भी होता है, अनेक अंश काला वर्ण गुणवाला भी होता है।

पुद्गल सूक्ष्म भी होता है, बादर भी होता है।

एक प्रदेश का अवगाहन करनेवाले पुद्गल से लेकर यावत् असंख्यात प्रदेश को अवगाहन करने वाले पुद्गल अनन्त हैं।

·०५·२ परमाणु पुद्गल की परिभाषा के उपयोगी पाठ—

(१) दुविहा पोग्गला पन्नत्ता, तंजहा—परमाणुपोग्गला चेव नोपरमाणुपोग्गला चेव।

—ठाण० स्था २। उ ३। सू ८२। पृ० १९२

(२) कतिवहे भंते ! परमाणु पन्नत्ते ? गोयमा ! चउव्विहे परमाणु पन्नत्ते, तंजहा—दव्वपरमाणु, खेत्तपरमाणु, कालपरमाणु, भावपरमाणु।

—भग० श २०। उ ५। प्र १२। पृ० ८०१

(३) रूविणो चेवऽरूवी अजीवा दुविहा भवे।
अरूवी दसहा वुत्ता रूविणो वि चउव्विहा।।
खन्धा य खन्धदेसा य तप्पएसा तहेव य।
परमाणुणो य बोद्धव्वा रूविणो य चउव्विहा।।

—उत्त अ ३६। गा ४, १०। पृ० १०४९-५०

(४) परमाणुपोग्गला णं भंते ! किं संखेज्जा, असंखेज्जा, अणंता ? गोयमा ! नो संखेज्जा, नो असंखेज्जा, अणंता, एवं जाव अणंतपएसिया खंधा।

—भग० श २५। उ ४। प्र ३८। पृ० ८६४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(५) परमाणु पोग्गले णं भंते ! किं सासए, असासए ? गोयमा ! सिय सासए, सिय असासए, से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–सिय सासए, सिय असासए, ? गोयमा ! दव्वट्ठयाए सासए, वन्नपज्जवेहिं जाव फास-पज्जवेहिं असासए, से तेणट्ठेणं जाव सिय सासए, सिय असासए।

—भग० श १४। उ ४। प्र ५। पृ० ६९९

(६) परमाणु पोग्गले णं भंते ! कइवन्ने, कइगंधे, कइरसे, कइफासे पन्नत्ते ? गोयमा ! एगवन्ने, एगगंधे, एगरसे, दुफासे पन्नत्ते, तंजहा—जइ एगवन्ने सिय कालए, सिय नीलए, सिय लोहियए, सिय हालिद्दए, सिय सुक्किलए, जइ एगगंधे सिय सुब्भिगंधे, सिय दुब्भिगंधे, जइ एगरसे सिय तित्ते, सिय कडुए, सिय कसाए, सिय अंबिले, सिय महुरे, जइ दुफासे सिय सीए य निद्धे य १, सिय सीए य लुक्खे य २, सिय उसिणे य निद्धे य ३, सिय उसिणे य लुक्खे य ४।

—भग० श २०। उ ५। प्र १। पृ० ७९३

(७) भावपरमाणू णं भंते ! कइविहे पन्नत्ते ? गोयमा ! चउव्विहे पन्नत्ते, तंजहा—१ वन्नमंते, २ गंधमंते, ३ रसमंते, ४ फासमंते।

—भग० श २०। उ ५। प्र १२। पृ० ८०१

(८) जे दव्वओ अपएसे से खेत्तओ णियमा अपएसे, कालओ सिय सपएसे, सिय अपएसे, भावओ सिय सपएसे, सिय अपएसे।

—भग० श ५। उ ८। प्र २। पृ० ४८७

(९) छउमत्थे णं भंते ! मणुस्से परमाणुपोग्गलं किं जाणति पासति, उदाहु न जाणइ न पासइ ? गोयमा ! अत्थेगइए जाणइ ण पासइ, अत्थेगइए न जाणइ न पासइ। एवं जाव असंखेज्जपएसियं।

—भग० श १८। उ ८। प्र ७। पृ० ७७७

(१०) आहोहिए णं भंते ! मणुस्से परमाणुपोग्गलं ? किं जाणति पासति जहा छउमत्थे एवं आहोहिए वि।

—भग० श १८। उ ८। प्र १०। पृ० ७७७

Jain Education International　　For Private & Personal Use Only　　www.jainelibrary.org

(११) परमाहोहिए णं भंते! मणुस्से परमाणुपोग्गलं जं समयं जाणइ तं समयं पासइ, जं समयं पासइ तं समयं जाणइ? णो इणट्ठे समट्ठे। से केणट्ठेणं भंते! एवं वुच्चइ? परमाहोहिए णं मणुस्से परमाणुपोग्गलं जं समयं जाणइ, नो तं समयं पासइ, जं समयं पासइ, नो तं समयं जाणइ? गोयमा! सागारे से नाणे भवइ, अणगारे से दंसणे भवइ, से तेणट्ठेणं जाव नो तं समयं जाणइ एवं जाव अणंतपदेसियं।

—भग० श १८। उ ८। प्र ११। पृ० ७७७-८

(१२) केवली णं भंते! मणुस्से परमाणुपोग्गलं जहा परमाहोहिए तहा केवलीवि।

—भग० श १८। उ ८। प्र १२। पृ० ७७८

(१३) परमाणुपोग्गले णं भंते! असिधारं वा, खुरधारं वा ओगाहेज्जा? हंता, ओगाहेज्जा। से णं भंते! तत्थ छिज्जेज्जा वा भिज्जेज्जा वा? गोयमा! णो इणट्ठे समट्ठे, णो खलु तत्थ सत्थ कमइ, एवं जाव असंखेज्जापएसिओ। × × × एवं अगणिकायस्स मज्झंमज्झेणं तहिं णवर, झियाएज्ज भाणियव्वं, एवं पुक्खलसंवट्टगस्स महामेहस्स मज्झंमज्झेणं, तहिं "उल्लेसिया" एवं गंगाए महाणईए पडिसोयं हव्वं आगच्छेज्जा, तहिं विणिहायं आवज्जेज्ज उदगावत्तं वा उदगाबिंदुं वा ओगाहेज्जा से णं तत्थ परियावज्जेज्जा।

—भग० श ५। उ ७। प्र ५, ६, ८। पृ० ४८३

(१४) दव्व परमाणू णं भंते! कइविहे पन्नत्ते? गोयमा! चउव्विहे पन्नत्ते, तंजहा—अच्छेज्जे, अभेज्जे, अडज्झे, अगेज्झे।

—भग० श २०। उ ५। प्र १३। पृ० ८०१

(१५) परमाणुपोग्गले णं भंते! किं सअड्ढे, समज्झे, सपएसे; उदाहु अणड्ढे, अमज्झे, अपएसे? गोयमा? अणड्ढे, अमज्झे, अपएसे; णो सअड्ढे, णो समज्झे णो सपएसे।

—भग० श ५। उ ७। प्र ९। पृ० ४८३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१६) पाणाइवायवेरमणे, जाव मिच्छादंसणसल्लवेरमणे, × × ×। धम्मत्थिकाए, अधम्मत्थिकाए, जाव परमाणुपोग्गले, सेलेसीं (सिं) पडिवन्नए अणगारे एएणं दुविहा जीवदव्वा य अजीवदव्वा य जीवाणं परिभोगत्ताए नो हव्वमागच्छन्ति।

—भग० श १८। उ ४। प्र १। पृ० ७६९

(१७) परमाणुपोग्गले णं भंते! लोगस्स पुरत्थिमिल्लाओ चरिमंताओ पच्चत्थिमिल्लं चरिमंतं एगसमएणं गच्छइ, पच्चत्थिमिल्लाओ चरिमंताओ पुरत्थिमिल्लं चरिमंतं एगसमएणं गच्छइ, दाहिणिल्लाओ चरिमताओ उत्तरिल्लं जाव गच्छइ, उत्तरिल्लाओ चरिमताओ दाहिणिल्लं जाव गच्छइ, उवरिल्लाओ चरिमंताओ हेट्ठिल्लं चरिमंतं एवं जाव गच्छइ, हेट्ठिल्लाओ चरिमंताओ उवरिल्लं चरिमंतं एगसमएण गच्छइ? हंता गोयमा! परमाणुपोग्गले णं लोगस्स पुरत्थिमिल्लं त चेव जाव उवरिल्लं चरिमंतं गच्छइ।

—भग० श १६। उ ८। प्र ७। पृ० ७५२

(१८) परमाणुपोग्गला णं भंते! किं अणुसेढिं गइ पवत्तइ विसेढिं गइपवत्तइ? गोयमा! अणुसेढिं गइ पवत्तइ नो विसेढिं गइ पवत्तइ।

—भग० श २५। उ ३ प्र ५८। पृ० ८६०

(१९) से किं तं परिणामिए? परिणामिए दुविहे पन्नत्ते, तंजहा—साइपारिणामिए य अणाइपारिणामिए य। से किं तं साइपारिणमिए? साइपारिणामिए अणेगविहे पन्नत्ते, तंजहा—गाहा—जुण्णसुरा × × × परमाणुपोग्गले, दुपएसिए जाव अणंतपएसिए।

—अणुओ० सू २४८, २४९

(२०) परमाणुपोग्गले णं भंते! कालओ केवच्चिरं होइ? गोयमा! जहन्नेणं एगं समयं, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं। एवं जाव अणंतपएसिओ।

—भग० श ५। उ ७। प्र १६। पृ० ४८४

(२१) संतइं पप्प तेऽणाई, अपज्जवसिया वि य।
ठिइं पडुच्च साईया, सपज्जवसिया वि य॥

—उत्त० अ ३६। गा १२। पृ० १०५०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परमाणु पुद्गल की एक परिभाषा

परमाणुपुद्गल द्रव्य है और इसका नाम भी द्रव्यपरमाणु है। औधिक पुद्गल की तरह शाश्वत और अवस्थित द्रव्य है।

द्रव्य की अपेक्षा परमाणुपुद्गल अनन्त है, पुद्गल की तरह क्षेत्र की अपेक्षा लोकाकाश में है, काल की अपेक्षा त्रिकालवर्ती है। परमाणुपुद्गल अतीत अनन्त शाश्वत काल में था, यह वर्तमान शाश्वत काल में है, यह अनन्त शाश्वत भविष्यत् काल में रहेगा। यह द्रव्य की अपेक्षा शाश्वत है, वर्ण-गंध-रस-स्पर्श भावों की अपेक्षा से अशाश्वत है। भाव की अपेक्षा परमाणु पुद्गल में एक वर्ण, एक गंध, एक रस तथा दो स्पर्श हैं अर्थात परमाणु में पाँच वर्णों में से कोई एक वर्ण होता है, दो गंधों में से कोई एक गंध होती है, पाँच रसों में से कोई एक रस होता है। यह द्विस्पर्शी है अर्थात् रूक्ष, स्निग्ध, शीत और उष्ण—इन चार स्पर्शों में से परमाणु में कोई दो अविरोधी स्पर्श होते हैं। परमाणु में रूक्ष-शीत या रूक्ष-उष्ण या स्निग्ध-शीत या स्निग्ध-उष्ण स्पर्श होता है।

परमाणुपुद्गल जो द्रव्य की अपेक्षा अप्रदेशी है, वह क्षेत्र की अपेक्षा नियमतः अप्रदेशी है अर्थात् यह एक आकाश प्रदेश का ही अवगाहन करता है ; काल की अपेक्षा यह कदाचित् अप्रदेशी होता है, कदाचित् सप्रदेशी होता है, अर्थात् एक समय की स्थितिवाला भी होता है, अनेक समय की स्थितिवाला भी होता है ; भाव की अपेक्षा कदाचित् अप्रदेशी है, कदाचित् सप्रदेशी है अर्थात् एक अंश गुणवाला भी होता है, अनेक अंश गुणवाला भी होता है।

परमाणुपुद्गल इतना सूक्ष्म होता है कि छद्मस्थ तथा अवधिज्ञानी इसे देख नहीं सकते हैं केवल परमावधिज्ञानी तथा केवलज्ञानी इसे जानते और देखते हैं।

परमाणुपुद्गल तलवार की धार या क्षुर की धार (उस्तुरे की धार) पर रह सकता है, उस तलवार की धार या क्षुर की धार पर अवस्थित परमाणु पुद्गल का छेदन-भेदन नहीं होता है। परमाणुपुद्गल अग्निकाय के मध्य में प्रविष्ट होकर भी नहीं जलता है। परमाणुपुद्गल 'पुष्कर संवर्तक' नामक महामेघ के मध्य में प्रविष्ट होकर भी गीलेपन को प्राप्त नहीं होता है। परमाणुपुद्गल गंगा महानदी के प्रतिस्रोत-प्रवाह में प्रविष्ट होकर भी प्रतिस्खलित नहीं होता है। परमाणुपुद्गल उदगावर्त या उदकबिन्दु में प्रविष्ट होकर भी नष्ट नहीं होता है।

परमाणुपुद्गल अच्छेद्य है, अभेद्य है, अदाह्य है, अग्राह्य है। परमाणुपुद्गल अनर्घ है, अमध्य है, अप्रदेशी है परन्तु सार्ध नहीं है, समध्य नहीं है, सप्रदेशी नहीं है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परमाणुपुद्गल जीव के परिभोग में नहीं आता है क्योंकि यह जीव द्वारा अग्राह्य है।

परमाणुपुद्गल की उत्कृष्ट गति एक समय में लोक के पूर्व चरमान्त से पश्चिम चरमान्त में, पश्चिम चरमान्त से पूर्व चरमान्त में, दक्षिण चरमान्त से उत्तर चरमान्त में, उत्तर चरमान्त से दक्षिण चरमान्त में, ऊपर के चरमान्त से नीचे के चरमान्त में, नीचे के चरमान्त से ऊपर के चरमान्त में होती है। परमाणुपुद्गल की गति अनुश्रेणी होती है।

परमाणुपुद्गल सादि पारिणामिक भाव है, अनादि पारिणामिक भाव नहीं है।

परमाणुपुद्गल की स्थिति जघन्य एक समय तथा उत्कृष्ट असंख्यातकाल की है।

वे (स्कंध और परमाणु) प्रवाह की अपेक्षा से अनादि अनन्त हैं तथा स्थिति की अपेक्षा से सादि-सांत हैं।

·०५ ३ स्कंध पुद्गल की परिभाषा के उपयोगी पाठ—

(१) **रूविणो चेवऽरूवी य अजीवा दुविहा भवे।**
अरूवी दसहा वुत्ता रूविणो वि चउव्विहा॥
खंधा य खंधदेसा य तप्पएसा तहेव य।
परमाणुणो य बोद्धव्वा रूविणो य चउव्विहा॥

—उत्त० अ ३६। गा ४, १०। पृ० १०४९-५०

(२) एगत्तेण पुहुत्तेण खंधाय य परमाणु य।

—उत्त० अ ३६। गा ११ पूर्वार्ध। पृ० १०५०

(३) परमाणुपोग्गला णं भंते! किं संखेज्जा, असंखेज्जा, अणंता? गोयमा! नो संखेज्जा, नो असंखेज्जा, अणंता, एवं जाव अणंतपएसिया खंधा।

—भग० श २५। उ ४। प्र ३८। पृ० ८६४

(४) एस णं भंते! पोग्गले[१] अतीतं, अणंतं, सासयं समयं भुवीति, वत्तव्वं सिया? हंता, गोयमा! एस णं पोग्गले अतीतं, अणंतं, सासयं समयं भुवीति वत्तव्वं सिया। एस णं भंते! पोग्गले पडुप्पण्णं सासयं समयं भवतीति वत्तव्वं सिया? हंता, गोयमा! तं चेव उच्चारेयव्वं। एस णं

१. पोग्गलेति परमाणुरुतरत्रस्कंधग्रहणात्-वृत्ति

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भंते ! पोग्गले अणागयं अणंतं सासयं समयं भविस्सतीति वत्तव्वं सिया। हंता, गोयमा ! तं चेव उच्चारेयव्वं। एवं खंधेण वि तिन्नि आलावगा।

—भग० श १। उ ४। प्र १५६ से १५८। पृ० ३९८

(५) दुपएसिए णं भंते ! खंधे कइवन्ने— पुच्छा। गोयमा ! सिय एगवन्ने, सिय दुवन्ने ; सिय एग गंधे, सिय दुगंधे ; सिय एग रसे, सिय दुरसे ; सिय दुफासे, सिय तिफासे, सिये चउफासे पन्नत्ते। एवं तिपएसिए वि, नवरं सिय एगवन्ने, सिय दुवन्ने, सिय तिवन्ने। एवं रसेसु वि, सेसं जहा दुपएसियस्स। एवं चउपएसिए वि, नवरं सिय एगवन्ने, जाव सिय चउवन्ने। एवं रसेसु वि, सेसं तं चेव। एवं पंचपएसिए वि, नवरं सिय एगवन्ने, जाव सिय पंचवन्ने, एवं रसेसु वि, गंध-फासा तहेव। जहा पंचपसिओ एवं जाव—असंखेज्जपएसिओ। (प्र ६)

सुहुम परिणए णं भंते। अणंतपएसिए खंधे कइवन्ने ? जहा पंचपए-सिए तहेव निरवसेसं। (प्र ७)

बादर परिणए णं भंते ! अणंतपएसिए खंधे कइवन्ने ? पुच्छा। गोयमा ! सिय एगवन्ने, जाव सिय पंचवन्ने ; सिय एगगंधे, सिय दुगंधे ; सिय एगरसे, जाव सिय पंचरसे ; सिय चउफासे, जाव सिय अट्ठफासे पन्नते।

—भग० श १८। उ ६। प्र ६, ७, ८। पृ० ७७२

(६) जे दव्वओ सपएसे से खेत्तओ सिय सपएसे, सिय अपएसे, एवं कालओ, भावओ वि। जे खेत्तओ सपएसे से दव्वओ णियमा सपएसे, कालओ भयणाए, भावओ भयणाए ; जहा दव्वओ तहा कालओ, भावओवि।

—भग० श ५। उ ८। प्र २। पृ० ४८७

(७) दुप्पएसिए णं भंते ! खंधे किं सअड्ढे, समज्झे, सपएसे, उदाहु— अणड्ढे, अमज्झे, अपएसे ? गोयमा ! सअड्ढे, अमज्झे, सपएसे, णो अणड्ढे, णो समज्झे, णो अपएसे। तिप्पएसिए णं भंते ! खंधे पुच्छा ? गोयमा ! अणड्ढे, समज्झे, सपएसे, णो सअड्ढे, णो अमज्झे, णो अपएसे, जहा दुप्पएसिओ तहा जे समा ते भाणियव्वा, जे विसमा ते जहा तिपएसिओ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तहा भाणियव्वा। संखेज्जपएसिए णं भंते ! किं खंधे सअड्ढे पुच्छा ? गोयमा ! सिय सअड्ढे, अमज्झे, सपएसे ; सिय अणड्ढे, समज्झे सपएसे। जहा संखेज्जपएसिओ तहा असंखेज्जपएसिओ वि, अणंतपएसिओ वि।

—भग० श ५। उ ७। प्र १० से १२। पृ० ४८३

(८) दुपएसिए णं पुच्छा, गोयमा ! सड्ढे, णो अणड्ढे ; तिपएसिए जहा परमाणुपोग्गले, चउपएसिए जहा दुपएसिए, पंचपएसिए जहा तिपएसिए, छप्पएसिए जहा दुपएसिए, सत्तपएसिए जहा तिपएसिए, अट्ठपएसिए जहा दुपएसिए, नवपएसिए जहा तिपएसिए, दसपएसिए जहा दुपएसिए।

संखेज्जपएसिए णं भंते ! खंधे पुच्छा। गोयमा ! सिय सड्ढे सिय अणड्ढे, एवं असंखेज्जपएसिए वि, एवं अणंतपएसिए वि।

—भग० श २५। उ ४। प्र ८५, ८६। पृ० ८३८

(९) छउमत्थे णं भंते ! मणूसे दुपएसियं खंधं किं जाणइ, पासइ ? एवं चेव ! एवं जाव—असंखेज्जपएसियं [प्र ८]

छउमत्थे णं भंते ! मणूसे अणंतपएसियं खंधं किं पुच्छा। गोयमा ! अत्थेगइए जाणइ पासइ १, अत्थेगइए जाणइ न पासइ २, अत्थेगइए न जाणइ पासइ ३ अत्थेगइए न जाणइ न पासइ ४।

—भग० श १८। उ ८। प्र ८, ९। पृ० ७७७

(१०) आहोहिए णं भंते ! मणुस्से परमाणुपोग्गलं० किं जाणति-पासति ? जहा छउमत्थे एवं आहोहिए वि, जाव अणंतपएसियं।

—भग० श १८। उ ८। प्र १०। पृ० ७७७

(११) परमाहोहिए णं भंते ! मणुस्से परमाणुपोग्गलं जं समयं जाणइ तं समयं पासइ, जं समयं पासइ तं जाणइ ? णो इणट्ठे-समट्ठे, से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ परमाहोहिए णं मणुस्से परमाणुपोग्गलं जं समयं जाणइ नो तं समयं पासइ, जं समयं पासइ, नो तं समयं जाणइ। गोयमा !

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सागारे से नाणे भवइ, अणगारे से दंसणे भवइ, से तेणट्ठेणं जाव नो तं समयं जाणइ, एवं जाव अणंतपएसियं।

—भग० श १८। उ ८। प्र ११। पृ० ७७७-७८

(१२) केवली णं भंते ! मणुस्से परमाणुपोग्गलं० जहा परमाहोहिए तहा केवली वि जाव अणंतपएसियं।

—भग० १८। उ ८। प्र १२। पृ० ७७८

(१३) परमाणुपोग्गले णं भंते ! असिधारं वा, खुरधारं वा, ओगाहेज्जा ? हंता, ओगाहेज्जा। से णं भंते ! तत्थ छिज्जेज्ज वा भिज्जेज्ज वा ? गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, णो खलु तत्थ सत्थं कमइ, एवं जाव असंखेज्जपएसिओ। [प्र ५, ६]

अणंतपएसिए णं भंते ! खंधे असिधारं वा खुरधारं वा ओगाहेज्जा ? हंता, ओगाहेज्जा। से णं तत्थ छिज्जेज्ज वा भिज्जेज्ज वा ? गोयमा ! अत्थेगइए छिज्जेज्ज वा भिज्जेज्ज वा अत्थेगइए णो छिज्जेज्ज वा णो भिज्जेज्ज वा। [प्र ८]

एवं अगणिकायस्स मज्झंमज्झेणं, तहिं णवरं 'झियाएज्ज' भाणियव्वं, एवं पुक्खलसंवट्टगस्स महामेहस्स मज्झंमज्झेणं, तहिं 'उल्लेसिया' ; एवं गंगाए महाणईए पडिसोयं हव्वं आगच्छेज्जा, तहिं 'विणिहायं' आवज्जेज्जा, उदगावत्तं वा उदगबिंदुं वा ओगाहेज्जा से णं तत्थ परियावज्जेज्जा। [प्र ८]

—भग० श ५। उ ७। प्र० ५ से ८। पृ० ४८३

एगे भंते ! पोग्गलत्थिकायपएसे किं दव्वं, दव्वदेसे, दव्वाइं, दव्वदेसा ; उदाहु दव्वं च दव्वदेसे य, उदाहु दव्वं च दव्वदेसा य, उदाहु दव्वाइं च, दव्वदेसे य, उदाहु दव्वाइं च दव्वदेसा य ? गोयमा ! सिय दव्वं, सिय दव्व-देसे, णो दव्वदेसा, णो दव्वं च दव्वदेसे य, जाव णो दव्वाइं च दव्वदेसा य ।

दो भंते ! पोग्गलत्थिकायपएसा किं दव्वं, दव्वदेसे-पुच्छा । गोयमा ! सिय दव्वं, सिय दव्वदेसे, सिय दव्वाइं, सिय दव्वदेसा ; सिय दव्वं च दव्वदेसे य णो दव्वं च दव्वदेसा य ; सेसा पडिसेहेयव्वा ।

तिण्णि भंते ! पोग्गलत्थिकायपएसा किं दव्वं, दव्वदेसे-पुच्छा । गोयमा ! सिय दव्वं, सिय दव्वदेसे, एवं सत्त भंगा भाणियव्वा, जाव सिय दव्वाइं च दव्वदेसे य, णो दव्वाइं च दव्वदेसा य ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चत्तारि भंते ! पोग्गलत्थिकायपएसा किं दव्वं—पुच्छा। गोयमा ! सिय दव्वं, सिय दव्वदेसे ; अट्ठ वि भंगा भाणियव्वा, जाव सिय दव्वाइं च दव्वदेसा य, जहा चत्तारि भणिया, एवं पंच, छ, सत्त, जाव असंखेज्जा।

अणंता भंते ! पोग्गलत्थिकायपएसा किं दव्वं ? एवं चेव, जाव सिय दव्वाइं च दव्वदेसा च।

—भग० श ८। उ १०। सू १७ से २१। पृ० ५७१-२

टीका—पुद्गलास्तिकाय एकाणुकाऽऽदिपुद्गलराशेः प्रदेशो निरंशोंऽशः पुद्गलास्तिकायप्रदेशः परमाणुः द्रव्यं गुणपर्याययोगिद्रव्यदेशो द्रव्यावयवः। एवमेकत्व बहुत्वाभ्यां प्रत्येक विकल्पाश्चत्वारो द्विकसंयोगा अपि चत्वार एवति प्रश्नः। उत्तरं तु स्याद् द्रव्यं द्रव्यान्तरासंबंधे सति, स्याद् द्रव्यदेशो द्रव्यान्तरसंबंधे सति, शेषविकल्पानां तु प्रतिषेधः परमाणुरेकत्वेन बहुत्वस्य द्विकसंयोगस्य चाऽभावादिति।

दो भंते ! इत्यादि इहाऽष्टासु भंगकेषु मध्ये आद्याः पंच भवन्ति, न शेषास्तत्र द्वौ प्रदेशौ स्याद् द्रव्यं, कथं ?, यदा तौ द्विप्रादेशिकस्कंधतया परिणतौ तदा द्रव्यं १, यदा तु द्वयणुकस्कंधभावगतावेव तौ द्रव्यान्तरसंबंधमुपगतौ तदा द्रव्यदेशः २, यदा तु तौ द्वावपि भेदेन व्यवस्थितौ तदा द्रव्ये ३, यदा तु तावेव द्वयणुकस्कंधतामनापद्य द्रव्यान्तरेण संबंधमुपगतौ तदा द्रव्यदेशौ ४, यदा पुनस्तयोरेकः केवलतया स्थितो, द्वितीयश्च द्रव्यान्तरेण संबद्धस्ततो, द्रव्यं च द्रव्यदेश्चेति पंचमः ५, शेषविकल्पानां तु प्रतिषेधोऽसंभवादिति।

तिण्णि भंते ! इत्यादि त्रिषुप्रदेशेष्वष्टमविकल्पवर्ज्जाः सप्त विकल्पाः संभवन्ति। तथाहि यदा त्रयोऽपि त्रिप्रादेशिकस्कंधतया परिणतास्तदा द्रव्यं १ यदा तु ते त्रिप्रादेशिकस्कंधतापरिणता एव द्रव्यान्तरसंबंधमुपगतास्तदा द्रव्यदेशः २, यदा पुनस्ते त्रयोऽपि भेदेन व्यवस्थिता द्वौ वा द्वयणुकीभूतावेकस्तु केवल एव स्थितस्ततः (दव्वाइं त्ति ३) यदा तु ते त्रयोऽपि स्कंधताम् गता एव द्वौ वा द्वयणुकीभूतावेकस्तु केवल एवमित्येव द्रव्यान्तरेण संबंद्धास्तदा (दव्वदेसा इति ४), यदा तु तेषां द्वौ द्वयणुकतया

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिणतावेकश्च द्रव्यान्तरेण संबद्धोऽथवा एकः केवल एव स्थितो द्वौ तु द्वयणुकतया परिणतस्य द्रव्यान्तरेण संबद्धौ तदा (दव्वे च दव्वदेसे य त्ति ५) यदा तु तेषामेकः केवल एव स्थितो द्वौ च भेदेन द्रव्यान्तरेण संबद्धौ तदा (दव्वं च दव्वदेसा य त्ति ६), यदा पुनस्तेषां द्वौ भेदेन स्थितावेकश्च द्रव्यान्तरेण संबद्धस्तदा (दव्वाइं च दव्वदेसे य त्ति ७) अष्टम—विकल्पस्तु न संभवति, उभयत्र त्रिषु प्रदेशेषु बहुवचनाभावात् ।

प्रदेशचतुष्टयादौ त्वष्टमोऽपि संभवत्युभयत्राऽपि बहुवचनसद्भावाविति ।

एक, द्वय अणुक आदि पुद्गलों की राशि-पिण्ड-स्कंध के निरंश-अविभाज्य अंश को पुद्गलास्तिकाय का प्रदेश कहते हैं ।

परमाणु को द्रव्य कहते हैं क्योंकि वह गुणपर्याययुक्त होता है लेकिन जब वह परमाणु किसी स्कंध का अंश होता है तब द्रव्य देश— द्रव्य का अवयव कहलाता है । स्वतंत्र परमाणु अप्रदेशी कहलाता है लेकिन किसी स्कध में जड़ित परमाणु प्रदेश कहलाता है ।

द्रव्य और द्रव्य देश के एक वचन तथा बहुवचन की अपेक्षा चार विकल्प बनते हैं तथा द्रव्य और द्रव्यदेश के युगल के भी एकवचन-बहुवचन की अपेक्षा चार विकल्प बनते हैं । यथा—

१—द्रव्य है ।

२—द्रव्य देश हैं ।

३—द्रव्य (बहुवचन) हैं ।

४—द्रव्य देश (बहुवचन) हैं ।

५—एक द्रव्य और एक द्रव्य देश है ।

६—एक द्रव्य और बहुत द्रव्य देश हैं ।

७—बहुत द्रव्य तथा एक द्रव्य देश है ।

८—बहुत द्रव्य तथा बहुत द्रव्य देश हैं ।

पुद्गलास्तिकाय के एक प्रदेश में प्रथम के दो भंग पाये जाते हैं । यद्यपि पुद्गलास्तिकाय के प्रदेश के द्रव्य और द्रव्य देश के एक वचन और बहुवचन की

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपेक्षा चार विकल्प होते हैं तथापि पुद्गलास्तिकाय के एक प्रदेश में चार विकल्प नहीं होते हैं। केवल प्रथम के दो विकल्प होते हैं क्योंकि (प्रदेश) परमाणु एक है अतः उसमें द्विकसंयोगादि रूप बहुत्व का अभाव है।

पुद्गलास्तिकाय के दो प्रदेश में प्रथम के पाँच भंग पाये जाते हैं। पुद्गलास्तिकाय के दो प्रदेश—(१) जब वे दो प्रदेश द्विप्रदेशी स्कंध रूप में परिणत होते हैं तब उन्हें एक द्रव्य कहते हैं। २) जब वे द्विप्रदेशी स्कंधभाव को उपगत होकर दूसरे द्रव्य के साथ सम्बन्ध को प्राप्त हो जाते हैं तब उन्हें एक द्रव्य कहते हैं। (३) जब वे अलग-अलग व्यवस्थित होकर रहते हैं तब वे दो द्रव्य हैं अर्थात् बहुत द्रव्य हैं। (४) जब वे द्विप्रदेशी स्कंधभाव को प्राप्त न कर—दूसरे द्रव्य के साथ सम्बन्ध को प्राप्त हो जाते हैं तब उन्हें दो द्रव्य देश कहते हैं अर्थात् बहुत द्रव्य देश कहते हैं। (५) जब उनमें से एक प्रदेश अकेला स्थित होता है तथा दूसरा प्रदेश दूसरे द्रव्य के साथ सम्बन्धित हो जाता है तब एक द्रव्य है और दूसरा एक द्रव्य देश है। (६) शेष विकल्प सम्भव नहीं है अतः उनका प्रतिषेध किया गया है।

पुद्गलास्तिकाय के तीन प्रदेश में प्रथम के सात भंग पाये जाते हैं—(१) इनमें आंठवां भंग नहीं पाया जाता है क्योंकि तीन प्रदेशों में दोनों पक्ष में बहुवचन का अभाव है, उनके एक तरफ दो प्रदेश तथा एक तरफ एक प्रदेश ही सम्भव है अतः 'दव्वाइ'' तथा 'दव्वदेसा' भंग नहीं बन सकता है।

पुद्गलास्तिकाय के चार प्रदेशों, पाँच, छह, सात, आठ, नो, दस, संख्यात, असंख्यात तथा अनंत प्रदेशों में आठों भंग पाये जाते हैं।

·१९ पुद्गल का सप्रदेशत्व-अप्रदेशत्व

·१ द्रव्य अपेक्षा

·२ क्षेत्र अपेक्षा

·३ काल अपेक्षा

·४ भाव अपेक्षा

(क) दव्वादेसेण वि मे अज्जो ! सव्वे पोग्गला सपएसा वि, अप्पएसा वि अणंता, खेत्तादेसेण वि एवं चेव, कालादेसेण वि, भावादेसेण वि एवं चेव।

—भग० श ५। उ ८ सू २। पृ० ४८७

द्रव्य की अपेक्षा सर्व पुद्गल सप्रदेशी भी होते हैं, अप्रदेशी भी होते हैं, द्रव्य से सप्रदेशी तथा अप्रदेशी दोनों प्रकार के पुद्गल अनंत होते हैं। क्षेत्र की अपेक्षा भी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सब पुद्गल सप्रदेशी भी होते हैं, अप्रदेशी भी होते हैं ; क्षेत्र से सप्रदेशी तथा अप्रदेशी दोनों प्रकार के पुद्गल अनंत होते हैं। काल की अपेक्षा भी सब पुद्गल सप्रदेशी भी होते हैं, अप्रदेशी भी होते हैं ; काल से सप्रदेशी तथा अप्रदेशी दोनों प्रकार के पुद्गल अनंत होते हैं तथा भाव की अपेक्षा भी सब पुद्गल सप्रदेशी भी होते हैं, अप्रदेशी भी होते हैं। भाव से सप्रदेशी तथा अप्रदेशी दोनों प्रकार के पुद्गल अनंत होते हैं।

परमाणुपुद्गल द्रव्य से अप्रदेशी होता है, द्विप्रदेशी स्कंध पुद्गल से लेकर अनंत-प्रदेशी स्कंध पुद्गल सप्रदेशी होते हैं। एक आकाशप्रदेश में अवस्थित पुद्गल क्षेत्र से अप्रदेशी होता है अनेक आकाशप्रदेश में अवस्थित पुद्गल क्षेत्र से सप्रदेशी होता है। एक समय की स्थितिवाला पुद्गल काल से अप्रदेशी होता है, अनेक समय की स्थितिवाला पुद्गल काल से सप्रदेशी होता है। एक गुण काला पुद्गल भाव से अप्रदेशी होता है, अनेक गुण काला पुद्गल भाव से सप्रदेशी होता है। इसी प्रकार एक गुण वर्णवाला, एक गुण रसवाला, एक गुण गंधवाला तथा एक गुण स्पर्शवाला पुद्गल उस-उस अपेक्षा से भाव से अप्रदेशी होता है, अनेक गुणवर्णवाला, अनेक गुण रस-वाला, अनेक गुण गंधवाला तथा अनेक गुण स्पर्शवाला पुद्गल उस-उस अपेक्षा से भाव से अप्रदेशी होता है।

(ख) जे दव्वओ अपएसे से खेत्तओ णियमा अपएसे, कालओ सिय सपएसे, सिय अपएसे ; भावओ सिय सपएसे, सिय अपएसे, जे खेत्तओ अपएसे से दव्वओ सिय सपएसे, सिय अपएसे, कालओ भयणाए, भावओ भयणाए, जहा खेत्तओ एवं कालओ, भावओ।

—भग० श ५। उ ८। सू २। पृ० ४८७

जो पुद्गल द्रव्य से अप्रदेशी है वह क्षेत्र से नियम से अप्रदेशी है, वह काल से कदाचित् सप्रदेशी है, कदाचित् अप्रदेशी है तथा वह भाव से कदाचित् सप्रदेशी है, कदाचित् अप्रदेशी है। द्रव्य से अप्रदेशी पुद्गल नियम से क्षेत्र का एक ही प्रदेश अवगाहन कर सकता है, अनेक क्षेत्र प्रदेश का अवगाहन नहीं कर सकता है। वह द्रव्य से अप्रदेशी पुद्गल काल से एक समय की स्थितिवाला भी होता है, अनेक समय की स्थितिवाला भी होता है। वह द्रव्य से अप्रदेशी पुद्गल भाव से एक गुणवाला भी होता है, अनेक गुण भाववाला भी होता है।

जो पुद्गल क्षेत्र से अप्रदेशी है वह द्रव्य से कदाचित् सप्रदेशी है, कदाचित् अप्रदेशी है ; वह क्षेत्र से अप्रदेशी पुद्गल काल से कदाचित् सप्रदेशी है, कदाचित्

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अप्रदेशी है ; वह क्षेत्र से अप्रदेशी पुद्गल भाव से कदाचित् सप्रदेशी है, कदाचित् अप्रदेशी है। एक आकाशप्रदेश का अवगाहन करने वाले पुद्गल द्रव्य से अप्रदेशी अर्थात परमाणु भी हो सकते हैं, द्रव्य से सप्रदेशी अर्थात स्कंध भी हो सकते हैं। एक आकाशप्रदेश का अवगाहन करने वाले पुद्गल काल से एक समय की स्थितिवाले भी होते हैं, अनेक समय की स्थितिवाले भी होते हैं। एक आकाशप्रदेश का अवगाहन करने वाले पुद्गल भाव से एक गुणभाव वाले भी होते हैं, अनेक गुण भाव वाले भी होते हैं।

काल से अप्रदेशी पुद्गल अर्थात् एक समय की स्थितिवाले पुद्गल द्रव्य से कदाचित् सप्रदेशी अर्थात् स्कंध होता है, कदाचित् अप्रदेशी अर्थात् परमाणु होता है। वह काल से अप्रदेशी पुद्गल क्षेत्र से कदाचित् सप्रदेशी अर्थात् अनेक आकाश-प्रदेश का अवगाहन करने वाला होता है, कदाचित् अप्रदेशी अर्थात् एक आकाश-प्रदेश का अवगाहन करनेवाला होता है तथा वह काल से अप्रदेशी पुद्गल भाव से कदाचित् सप्रदेशी अर्थात् अनेक गुणभाववाला होता है, कदाचित् अप्रदेशी अर्थात् एक गुणभाववाला होता है।

भाव से अप्रदेशी पुद्गल अर्थात् एक गुण भाववाले पुद्गल द्रव्य से कदाचित् सप्रदेशी अर्थात् स्कंध होता है, कदाचित् अप्रदेशी अर्थात् परमाणु होता है। वह भाव से अप्रदेशी पुद्गल क्षेत्र से कदाचित् सप्रदेशी अर्थात् अनेक आकाशप्रदेश का अवगाहन करनेवाला होता है, कदाचित् अप्रदेशी अर्थात् एक आकाशप्रदेश का अवगाहन करने वाला होता है। वह भाव से अप्रदेशी पुद्गल काल से कदाचित् सप्रदेशी अर्थात् अनेक समय की स्थितिवाला भी होता है, कदाचित् अप्रदेशी अर्थात् एक समय की स्थितिवाला भी होता है।

(ग) जे दव्वओ सपएसे से खेत्तओ सिय सपएसे, सिय अपएसे ; एवं कालओ, भावओ वि। जे खेत्तओ सपएसे से दव्वओ णियमा सपएसे, कालओ भयणाए, भावओ भयणाए, जहा दव्वओ तहा कालओ, भावओ वि।

—भग० श ५। उ ८। सू २। पृ० ४८७

जो पुद्गल द्रव्य से सप्रदेशी है अर्थात् स्कंध पुद्गल है वह क्षेत्र से कदाचित् सप्रदेशी, अनेक आकाशप्रदेश का अवगाहन करने वाला होता है, कदाचित् अप्रदेशी, एक आकाशप्रदेश का अवगाहन करनेवाला होता है। वह काल से कदाचित् सप्रदेशी अनेक समय की स्थितिवाला होता है, कदाचित् अप्रदेशी, एक समय की स्थितिवाला, होता है। वह भाव से कदाचित् सप्रदेशी अनेक गुण भाववाला होता है, कदाचित् अप्रदेशी, एक गुण भाववाला होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो पुद्गल क्षेत्र से सप्रदेशी है अर्थात् अनेक आकाशप्रदेश का अवगाहन करनेवाला है वह द्रव्य से नियम से सप्रदेशी स्कंध पुद्गल है। वह काल से कदाचित् सप्रदेशी, अनेक समय की स्थितिवाला होता है, कदाचित् अप्रदेशी, एक समय की स्थितिवाला होता है। वह भाव से कदाचित् सप्रदेशी, अनेक गुण भाववाला होता है, कदाचित् अप्रदेशी, एक गुण भाववाला होता है।

जो पुद्गल काल से सप्रदेशी है अर्थात् अनेक समय की स्थितिवाला है वह द्रव्य से कदाचित् सप्रदेशी स्कंध होता है, कदाचित् अप्रदेशी परमाणु होता है। वह काल से सप्रदेशी पुद्गल क्षेत्र से कदाचित् सप्रदेशी, अनेक आकाशप्रदेश का अवगाहन करनेवाला होता है, कदाचित् अप्रदेशी, एक आकाशप्रदेश का अवगाहन करनेवाला होता है। वह काल से सप्रदेशी, पुद्गल भाव से कदाचित् सप्रदेशी, अनेक गुण भाववाला होता है, कदाचित् अप्रदेशी, एक गुण भाववाला होता है।

जो पुद्गल भाव से सप्रदेशी है अर्थात् अनेक गुण भाववाला है वह द्रव्य से कदाचित् सप्रदेशी स्कंध होता है, कदाचित् अप्रदेशी परमाणु होता है। वह भाव से सप्रदेशी पुद्गल क्षेत्र से कदाचित् सप्रदेशी, अनेक आकाशप्रदेश का अवगाहन करनेवाला होता है, कदाचित् अप्रदेशी, एक आकाशप्रदेश का अवगाहन करनेवाला होता है। वह भाव से सप्रदेशी पुद्गल काल से कदाचित् सप्रदेशी, अनेक समय की स्थितिवाला होता है, कदाचित् अप्रदेशी, एक समय की स्थितिवाला होता है।

·२० पुद्गलों की स्पर्शना

परमाणुपोग्गले णं भंते ! परमाणुपोग्गलं फुसमाणे किं १ देसेणं देसं फुसइ, २ देसेणं देसे फुसइ, ३ देसेणं सव्वं फुसइ, ४ देसेहिं देसं फुसइ, ५ देसेहिं देसे फुसइ, ६ देसेहिं सव्वं फुसइ, ७ सव्वेणं देसं फुसइ, ८ सव्वेणं देसे फुसइ, ९ सव्वेणं सव्वं फुसइ ? गोयमा ! १ णो देसेणं देसं फुसइ, २ णो देसेणं देसे फुसइ, ३ णो देसेणं सव्वं फुसइ, ४ णो देसेहिं देसं फुसइ, ५ णो देसेहिं देसे फुसइ, ६ णो देसेहिं सव्वं फुसइ, ७ णो सव्वेणं देसं फुसइ; ८ णो सव्वेणं देसे फुसइ, ९ सव्वेणं सव्वं फुसइ।

—भग० श ५ । उ ७ । सू १३ । पृ० ४८३

एवं परमाणुपोग्गले दुप्पएसियं फुसमाणे सत्तमणवमेहिं फुसइ।

परमाणुपोग्गले तिप्पएसियं फुसमाणे णिपच्छिमएहिं तिहिं फुसइ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जहा परमाणुपोग्गले तिप्पएसियं फुसाविओ एवं फुसावेयव्वो जाव-अणंतपएसिओ।

दुप्पएसिए णं भंते ! खंधे परमाणुपोग्गलं फुसमाणे पुच्छा ! तइय-नवमेहिं फुसइ, दुप्पएसिओ दुप्पएसियं फुसमाणो पढम-तइय-सत्तम-नवमेहिं फुसइ, दुप्पएसिओ तिप्पएसियं फुसमाणो आइल्लएहि य, पच्छिल्ल-एहि य तिहिं फुसइ, मज्झिमएहिं तिहिं विपडिसेहेयव्वं, दुप्पएसिओ जहा तिप्पएसियं फुसाविओ एवं फुसावेअव्वो जाव अणंतपएसियं।

तिपएसिए णं भंते ! खंधे परमाणुपोग्गलं फुसमाणे पुच्छा ? तइय-छट्ठ-नवमेहिं फुसइ, तिपएसिओ दुपएसियं फुसमाणो पढमएणं, तइएणं, चउत्थ-छट्ठ-सत्तम-नवमेहिं फुसइ, तिपएसिओ तिपएसिअं फुसमाणो सव्वेसु वि ठाणेसु फुसइ।

जहा तिपएसिओ तिपएसिअं फुसाविओ एवं तिप्पएसिओ जाव-अणंत-पएसिएणं संजोएयव्वो।

जहा तिपएसिओ एवं जाव—अणंतपएसिओ भाणिअव्वो।

—भग० श ५। उ ७। सू १३, १४, १५। पृ० ४८३-८४

टीका—'परमाणुपोग्गले णं भंते !' इत्यादि, 'किं देसेणं देसं' इत्यादयो नव विकल्पाः, तत्र देशेन स्वकीयेन, देशं तदीयं स्पृशति, देशेन इत्यनेन देशम्, देशान्, सर्वम् इत्येवंशब्दत्रयपरेण त्रयः, एवं देशैरित्यनेन देशम्, देशान् [सर्वम्-३] सर्वेण इत्यनेन च त्रय एवेति। स्थापना—

१—देशेन देवम् ; ४—देशैः देशम् ; ७—सर्वेण देशम्।
२—देशेन देशान् ; ५—देशैः देशान् ; ८—सर्वेण देशान्।
३—देशेन सर्वम् ; ६—देशैः सर्वम् ९—सर्वेण सर्वम्।

अत्र च 'सर्वेण सर्वम्' इत्येक एव घटते, परमाणोर्निरंशत्वेन शेषाणाम् असंभवात्, ननु यदि 'सर्वेण सर्वं स्पृशति' इत्युच्यते तदा परमाण्वोः एकत्वा-ऽऽपत्तेः कथमपराऽपरपरमाणुयोगेन घटादिस्कंधनिवृत्तिरिति ? अत्रोच्यते—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'सर्वेण सर्वं स्पृशति' इतिकोऽर्थ.स्वात्मना सौ अन्योऽन्यस्य लगतः, न पुनरर्धाद्यंशेनअर्द्धादिदेशव्य तयोरभावात्, घटाद्यभावाऽऽपत्तिस्तु तदैव प्रसज्येत यदा तयोरेकत्वाऽऽपत्तिः, न च तयोः, सा स्वरूपभेदात्। 'सत्तम-नवमेहिं फुसइ, त्ति 'सर्वेण देशम्' 'सर्वेण सर्वम्' इत्येताभ्याम्—इत्यर्थः, तत्र यदा द्विप्रदेशिकः प्रदेशद्वयाऽवस्थितो भवति तदा तस्य परमाणुः 'सर्वेण देशं स्पृशति,' परमाणोः तद्देशस्यैव विषयत्वात्, यदा तु द्विप्रदेशिकः परिणाम-सौक्ष्म्याद् एक प्रदेशस्थो भवति तदा तं परमाणुः 'सर्वेण सर्वं स्पृशति' इत्युच्यते। 'निपच्छिमएहिं तिहिं फुसइ' त्ति त्रिप्रदेशिकम् असौ स्पर्शस्त्रिभिरन्त्यैः स्पृशति, तत्र यदा त्रिप्रदेशिकः प्रदेशत्रयस्थितो, भवति तदा तस्य परमाणुः—'सर्वेण देशं स्पृशति, परमाणोस्तद्देशस्यैव विषयत्वात्। यदा तु तस्यैकत्र प्रदेशे द्वौ प्रदेशौ, अन्यत्र एकोऽवस्थितः स्यात् तदा एकप्रदेशस्थित-परमाणुद्वयस्य परमाणोः स्पर्शविषयत्वेन 'सर्वेण देशौ स्पृशतिः इत्युच्यते। ननु द्विप्रदेशिकेऽपि युक्तोऽयं विकल्पः, तत्राऽपि प्रदेशद्वयस्य स्पृश्यमानत्वात्? नैवम्' यतस्तत्र द्विप्रदेशमात्र एवाऽवयवीति कस्य देशौ स्पृशति? त्रिप्रदेशिकेतु त्रयाऽपेक्षया द्वयस्य स्पर्शने एकोऽवशिष्यते, ततश्च 'सर्वेण देशौ' त्रिप्रदेशिकस्य स्पृशतीति व्यपदेशः साधुः स्याद् इति। यदा तु एकप्रदेशाऽवगाढोऽसौ तदा 'सर्वेण सर्वं स्पृशति' इति स्यादिति।

'दुपएसिए णं' इत्यादि। 'तइय-नवमेहिं फुसइ' त्ति यदा द्विप्रदेशिको द्विप्रदेशस्थस्तदा परमाणु 'देशेन सर्वं स्पृशति' इति तृतीयः यदा तु एक-प्रदेशाऽवगाढोऽसौ तदा 'सर्वेण सर्वम्' इति नवमः। 'दुप्पएसिओ दुप्पएसियं' इत्यादि। यदा द्विप्रदेशिकौ प्रत्येकं द्विप्रदेशावगाढौ तदा 'देशेन देशम्' इति प्रथमः, यदा तु एकः एकत्र, अन्यस्तु द्वयोस्तदा 'देशेन सर्वम्' इति तृतीयः, तथा 'सर्वेण देशम्' इति सप्तमः, नवमस्तु प्रतीत एवेति—अनया दिशाऽन्येऽपि व्याख्येया इति।

परमाणु पुद्गलादि की स्पर्शना की अपेक्षा नव विकल्प (भंग) बनते हैं।

१—एक देश से एक देश का स्पर्श।

२—एक देश से बहुत देशों का स्पर्श।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३—एक देश से सर्व का स्पर्श।

४—बहुत देशों से एक देश का स्पर्श।

५—बहुत देशों से बहुत देशों का स्पर्श।

६—बहुत देशों से सर्व का स्पर्श।

७—सर्व से एक देश का स्पर्श।

८—सर्व से बहुत देशों का स्पर्श।

९—सर्व से सर्व का स्पर्श।

(१) परमाणु पुद्गल की स्पर्शना

परमाणुपुद्गल परमाणुपुद्गल को केवल नववें भंग से स्पर्श करता है अर्थात् परमाणुपुद्गल परमाणुपुद्गल को स्पर्श करता हुआ सर्व से सर्व को स्पर्श करता है।

परमाणुपुद्गल द्विप्रदेशीस्कंध को सातवें तथा नववें भंग से स्पर्श करता है अर्थात् परमाणुपुद्गल द्विप्रदेशीस्कंध को स्पर्श करता हुआ—सर्व से एक देश का स्पर्श करता है, (सातवां भंग) तथा सर्व से सर्व का स्पर्श करता है। (नववां भंग)

परमाणुपुद्गल तीन प्रदेशी स्कंध को स्पर्श करता हुआ अन्तिम के तीन विकल्प (सातवां, आठवां, नववां) से स्पर्श करता है।

जिस प्रकार एक परमाणुपुद्गल द्वारा त्रिप्रदेशी स्कंध को स्पर्श करने को कहा है उसी प्रकार एक परमाणुपुद्गल द्वारा चतुःप्रदेशी स्कंध को, पंचप्रदेशी स्कंध को यावत् (दस प्रदेशी स्कंध को यावत् संख्यातप्रदेशी स्कंध को यावत् असंख्यातप्रदेशी स्कंध को) अनंतप्रदेशी स्कंध को स्पर्श करने का कहना चाहिए।

(२) द्विप्रदेशादि स्कंध की स्पर्शना

द्विप्रदेशी स्कंध परमाणुपुद्गल को तीसरे तथा नववें विकल्प से स्पर्श करता है।

द्विप्रदेशी स्कंध द्विप्रदेशी स्कंध को पहले, तीसरे, सातवें तथा नववें विकल्प से स्पर्श करता है।

द्विप्रदेशी स्कंध तीनप्रदेशी स्कंध को पहले, दूसरे, तीसरे, सातवें, आठवें तथा नववें विकल्प से स्पर्श करता है। परन्तु मध्य के तीन विकल्प (पांचवां, छट्ठा, सातवां विकल्प) से स्पर्श नहीं करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जिस प्रकार द्विप्रदेशी स्कंध द्वारा त्रिप्रदेशी स्कंध को स्पर्श करने को कहा है उसी प्रकार द्विप्रदेशी स्कंध द्वारा यावत् (चतुःप्रदेशी स्कंध यावत् दस प्रदेशी स्कंध यावत् संख्यातप्रदेशी स्कंध यावत् असंख्यातप्रदेशी स्कंध) अनंतप्रदेशी स्कंध को स्पर्श करने का कहना चाहिए।

तीन प्रदेशी स्कंध परमाणुपुद्गल को तीसरे, छट्ठे तथा नववें विकल्प से स्पर्श करता है।

तीन प्रदेशी स्कंध द्विप्रदेशी स्कंध को पहले, तीसरे, चौथे, छट्ठे सातवें तथा नववें विकल्प से स्पर्श करता है।

तीन प्रदेशी स्कंध तीन प्रदेशी स्कंध को नवों ही भंगों से स्पर्श करता है।

जिस प्रकार तीन प्रदेशी स्कंध द्वारा तीन प्रदेशी स्कंध की स्पर्शना कही गई है उसी प्रकार तीन प्रदेशी स्कंध द्वारा यावत् (चतुःप्रदेशी स्कंध यावत् संख्यातप्रदेशी स्कंध यावत् असंख्यातप्रदेशी स्कंध) अनंतप्रदेशी स्कंध की स्पर्शना कहनी चाहिए।

जिस प्रकार तीन प्रदेशी स्कंध द्वारा परमाणुपुद्गल, द्विप्रदेशी स्कंध यावत् दस प्रदेशी स्कंध यावत् संख्यातप्रदेशी स्कंध यावत् असंख्यातप्रदेशी स्कंध यावत् अनंत-प्रदेशी स्कंध की स्पर्शना कही गई है उसी प्रकार चतुःप्रदेशी स्कंध यावत् अनंतप्रदेशी स्कंध द्वारा परमाणुपुद्गल, द्विप्रदेशी स्कंध यावत् दसप्रदेशी स्कंध यावत् संख्यातप्रदेशी स्कंध यावत् असंख्यातप्रदेशी स्कंध यावत् अनंतप्रदेशी स्कंध की स्पर्शना कहनी चाहिए।

(टीकार्थ)—जब एक परमाणु पुद्गल, एक परमाणु पुद्गल को स्पर्श करता है तब सर्व से सर्व को स्पर्श करता है, केवल एक नववां विकल्प ही पाया जाता है—परन्तु दूसरे विकल्प परमाणु पुद्गल में घटित नहीं होते हैं क्योंकि परमाणु निरंश—अंश रहित होता है।

प्रश्न उठता है कि 'परमाणु' सर्व से सर्व को स्पर्श करता है, यह विकल्प स्वीकार करने पर दो परमाणुओं की एकता हो जायगी। ऐसा होने पर भिन्न-भिन्न परमाणुओं के योग से जो घट आदि स्कंध बनते हैं—'यह बात कैसे घटित होगी।'

इसका समाधान इस प्रकार है—'सर्व से सर्व को स्पर्श करता है'—इस विकल्प का यह अर्थ नहीं है कि दो परमाणु परस्पर मिलकर एक हो जाते हैं, किन्तु इसका अर्थ यह है कि दो परमाणु परस्पर एक दूसरे का स्पर्श—समस्त स्वात्मा द्वारा करते हैं। क्योंकि परमाणुओं में 'अर्द्ध-आधा' आदि विभाग नहीं होते हैं। इसलिए दो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परमाणु अर्द्ध आदि विकल्प द्वारा स्पर्श नहीं कर सकते। घटादि पदार्थों के अभाव की आपत्ति तो तब आ सकती है—जबकि दो परमाणुओं की एकता हो जाती हो, परन्तु ऐसी बात नहीं है। दोनों परमाणु अपने-अपने स्वरूप में भिन्न ही रहते हैं, दोनों की एकता (स्वरूप-मिश्रण) नहीं होती। अतः घटादि पदार्थों के अभाव रूप पूर्वोक्त आपत्ति नहीं आ सकती।

जब परमाणु, द्विप्रदेशी स्कंध को स्पर्श करता है, तब 'सर्व से देश ; रूप सातवां विकल्प और 'सर्व से सर्व' रूप नववां विकल्प—ये दो विकल्प पाये जाते हैं। जब द्विप्रदेशी स्कंध, आकाश के दो प्रदेशों पर स्थित होता है, तब परमाणुपुद्गल उस स्कंध के देश को अपने समस्त आत्मा द्वारा स्पर्श करता है। क्योंकि परमाणु का विषय उस स्कंध के देश को स्पर्श करने का ही है। अर्थात् आकाश के दो प्रदेशों पर स्थित द्विप्रदेशी स्कंध देश को ही परमाणु स्पर्श कर सकता है। जब द्विप्रदेशी स्कंध, परिणाम की सूक्ष्मता से आकाश के एक प्रदेश पर स्थित होता है, तब परमाणु सर्वात्म द्वारा उस स्कंध के सर्वात्म को स्पर्श करता है।

जब परमाणुपुद्गल त्रिप्रदेशी स्कंध को स्पर्श करता है तब अन्तिम के तीन विकल्प (सातवां, आठवां और नववां) पाये जाते हैं। जब तीन प्रदेशी स्कंध आकाश के तीन प्रदेशों पर रहा हुआ होता है तब परमाणु अपने सर्वात्म द्वारा उसके एक देश को स्पर्श करता है। क्योंकि तीन आकाश प्रदेशों पर रहे हुए तीन प्रदेशी स्कंध के एक प्रदेश को स्पर्श करने का ही परमाणु में सामर्थ्य है। (सातवां विकल्प)। जब तीन प्रदेशी स्कंध के दो प्रदेश एक आकाश पर रहे हुए हों और तीसरा एक प्रदेश अन्यत्र (दूसरे आकाश प्रदेश पर) रहा हुआ हो, तब एक आकाश प्रदेश पर रहे हुए दो परमाणुओं को स्पर्श करने का सामर्थ्य, एक परमाणु के होने से 'सर्व से बहुत देशों को स्पर्श करता है। (आठवां विकल्प)।

प्रश्न हो सकता है कि 'सर्व से बहुत देशों (दो देशों) को स्पर्श करता है—यह आठवां विकल्प जैसे तीन प्रदेशी स्कंध में घटाया गया है उसी तरह द्विप्रदेशी स्कंध में भी घटाना चाहिए। क्योंकि वहाँ पर भी उस द्विप्रदेशी स्कंध के दो प्रदेशों को वह परमाणु सर्वात्म द्वारा स्पर्श करता है। इसलिए यह विकल्प द्विप्रदेशी स्कंध में क्यों नहीं बतलाया गया है।

इसका समाधान इस प्रकार है—जिस प्रकार यह विकल्प तीन प्रदेशी स्कंध में घटाया गया है, उस प्रकार द्विप्रदेशी स्कंध में घटित नहीं हो सकता है क्योंकि द्विप्रदेशी स्कंध स्वयं अवयवी है, वह किसी का अवयव नहीं है, तब वह कैसे कहा जा सकता है कि 'सर्व से ही देशों को स्पर्श करता है।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

तीन प्रदेशी स्कंध में भी तीन प्रदेशों की अपेक्षा दो प्रदेशों का दो प्रदेशों का स्पर्श करते समय एक प्रदेश बाकी रहता है। अर्थात् उसके जो दो परमाणु एक आकाश प्रदेश पर रहे हुए हैं। वे दोनों भिन्न-भिन्न आकाश प्रदेश पर रहे हुए उस तीन प्रदेशी स्कंध के दो अंश हैं और एक परमाणु पुद्गल उन दो अंशों को स्पर्श करता है। इसलिए सर्व से दो देशों का स्पर्श करता है। इसलिए सर्व से दो देशों का स्पर्श करता है—इस प्रकार का व्यपदेश करना संगत है।

जब तीन प्रदेशी स्कंध परिणाम की सूक्ष्मता के कारण एक आकाश प्रदेश पर स्थित होता है, तब सर्व से सर्व को स्पर्श करता है—यह नववां विकल्प घटित होता है।

(इसी प्रकार परमाणु द्वारा चतुःप्रदेशी, पंचप्रदेशी आदि स्कंधों की स्पर्शना भी कहनी चाहिए।)

जब द्विप्रदेशी स्कंध, एक परमाणु पुद्गल को स्पर्श करता है, तब तीसरा और नववाँ—ये दो विकल्प घटित होते हैं। अर्थात् जब द्विप्रदेशी स्कंध, आकाश के दो प्रदेशों पर स्थित होता है, तब वह अपने एक देश द्वारा समस्त परमाणुओं को स्पर्श करता है और तब 'एक भाग से सर्व भाग को स्पर्श करता है।' (तीसरा विकल्प) जब द्विप्रदेशी स्कंध, आकाश के एक प्रदेश पर स्थित होता है, तब वह सर्वात्म द्वारा सर्व परमाणु को स्पर्श करता है। इसलिए यहाँ 'सर्व से सर्व, को स्पर्श करता है। (नववां विकल्प घटित होता है।)

जब द्विप्रदेशी स्कंध द्विप्रदेशी स्कंध को स्पर्श करता है तब पहला, तीसरा, सातवाँ और नववाँ—ये चार विकल्प घटित होते है।

जब दोनों द्विप्रदेशी स्कंध, प्रत्येक-प्रत्येक दो-दो आकाश प्रदेशों पर स्थित होते हैं तब वे परस्पर एक देश से एक देश को स्पर्श करते हैं तब प्रथम विकल्प घटित होता है। जब एक द्विप्रदेशी स्कंध एक आकाश प्रदेश पर स्थित होता है और दूसरा द्विप्रदेशी स्कंध दो आकाश प्रदेशों पर स्थित होता है, तब 'एक देश से सर्व को स्पर्श करता है—यह तीसरा विकल्प घटित होता है। क्योंकि दो आकाश प्रदेशों पर स्थित द्विप्रदेशी स्कंध, अपने एक देश द्वारा एक आकाश पर स्थित द्विप्रदेशी स्कंध के सर्व देशों को स्पर्श करता है। 'सर्व से देश को स्पर्श करता है'—यह सातवाँ विकल्प है क्योंकि एक आकाश पर स्थित द्विप्रदेशी स्कंध सर्वात्म द्वारा दो आकाश प्रदेशों पर स्थित द्विप्रदेशी स्कंध के एक देश को स्पर्श करता है।

जब दोनों द्विप्रदेशी स्कंध, प्रत्येक-प्रत्येक एक एक आकाश पर स्थित होते हैं ; तब 'सर्व से सर्व' को स्पर्श करता है—यह नववां विकल्प घटित होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसी प्रकार उपर्युक्त रीति से आगे के यथा-संभव विकल्प घटा लेने चाहिए।

·३ परमाणु पुद्गल और वायुकाय की स्पर्शना

परमाणुपोग्गले णं भंते ! वाउयाएणं फुडे ? वाउयाए वा परमाणु-पोग्गलेणं फुडे ?

गोयमा ! परमाणुपोग्गले वाउयाएणं फुडे, नो वाउयाए परमाणु-पोग्गलेणं फुडे।

—भग० श १८। उ १०। सू १९६। पृ० ७८५

परमाणु-पुद्गल वायुकाय से स्पृष्ट है, किन्तु वायुकाय परमाणु-पुद्गल से स्पृष्ट नहीं है।

विवेचन—वायु महान् (बड़ी) है। अनंतप्रदेशी पुद्गल स्कंध से वायुकाय का शरीर बना है और परमाणु पुद्गल प्रदेश रहित है। इसलिए परमाणु में वायु क्षिप्त (व्याप्त) नहीं होती, क्योंकि वह उसमें नहीं समा सकती।

अनन्त प्रदेशी स्कंध वायु से व्याप्त भी होता है तथा नहीं भी होता है।

·४ स्कन्ध पुद्गल और वायुकाय की स्पर्शना

दुप्पएसिए णं भंते ! खंध वाउयाएणं फुडे ? वाउयाए वा दुप्पएसिएणं खंधेणं फुडे ? एवं चेव। एवं जाव असंखेज्जपएसिए।१९७।

अणंत पएसिए णं भंते ! खंधे वाउयाएणं फुडे—पुच्छा।

गोयमा ! अणंतपएसिए खंधे वाउयाएणं फुडे, वाउयाए अणंतपएसिएणं खंधे सिय फुडे सिय नो फुडे। १९८।

—भग० श १८ उ १०। सू १९७, १९८। पृ० ७८५

द्विप्रदेशी स्कंध यावत् असंख्यात प्रदेशी स्कंध वायुकाय से स्पृष्ट है किन्तु वायु-काय द्विप्रदेशी स्कंध यावत् असंख्यात प्रदेशी स्कंध से स्पृष्ट नहीं है।

अनन्त प्रदेशी स्कन्ध वायुकाय से स्पष्ट है किन्तु वायुकाय, अनंतप्रदेशी स्कन्ध से कदाचित् स्पृष्ट होता है और कदाचित् स्पृष्ट नहीं होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विवेचन—अनंतप्रदेशी स्कंध वायु से व्याप्त होता है क्योंकि वह वायु की अपेक्षा सूक्ष्म है। जब वायु स्कंध की अपेक्षा अनंतप्रदेशी स्कंध महान होता है तब वायु अनंतप्रदेशी स्कंध से व्याप्त होती है, अन्यथा नहीं। इसलिए ऐसा कहा गया है कि अनंतप्रदेशी स्कंध वायु से व्याप्त होता है और वायु अनंतप्रदेशी स्कंध से कदाचित् व्याप्त होती है और कदाचित् नहीं होती।

·५ विशिष्ट पुद्गल स्कंध और वायुकाय की स्पर्शना

वत्थीणं भंते ! वाउयाएणं फुडे, वाउयाए वत्थिणा फुडे ? गोयमा ! वत्थी वाउयाएणं फुडे, नो वाउयाए वत्थिणा फुडे।

—भग० श १८। उ १०। सू १९९। पृ० ७८५

वस्ति (मशक) वायुकाय से स्पृष्ट है, वायुकाय वस्ति से स्पष्ट नहीं है।

विवेचन—मशक से जब हवा भरी जाती है, तब मशक वायु से व्याप्त होती है, क्योंकि वह समस्त रूप में उसके भीतर समायी हुई है। किन्तु वायुकाय, मशक से व्याप्त नहीं है। वह वायुकाय के ऊपर चारों ओर परिवेष्टित है।

·२१ पुद्गल की विविध अपेक्षा से स्थिति

(क) संतइं पप्प तेऽणाई अपज्जवसिया वि य।
ठिइं पडुच्च साईया सपज्जवसिया वि य॥

—उत्त० अ ३६। गा १२। पृ० १०५०

लवटीका—ते स्कंधाः परमाणवश्च सन्तति अपरापरोत्पत्तिप्रवाहरूपां प्राप्य अनादयः आविरहितास्तथा अपर्यवसिताः अंतरहिता स्थिति प्रतीत्य क्षेत्रावस्थानरूपां स्थिति अङ्गीकृत्यसादिकाः सपर्यवसिताश्च वर्त्तन्ते।

(ख) (पोग्गलत्थिकाए) कालओ न कयाइ, न आसी जाव (न कयाइ भवइ, न कयाइ न भविस्सइ त्ति भुविं य भवइ य, भविस्सइ य, धुवे, णियए, सासए, अक्खए, अव्वए, अवट्ठिए) णिच्चे × × ×।

—भग० श २। उ १०। सू ५७। पृ० ४३४

—ठाण० स्था ५। उ ३। सू ४४१। पृ० २६६

(ग) एस णं भंते ! पोग्गले अतीतं अणंतं, सासयं समयं भुवीति वत्तव्वं सिया ? हंता, गोयमा ! एसणं पोग्गले अतीतं अणंतं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सासयं समयं भुवीति वत्तव्वं सिया। एसणं भंते ! पोग्गले पडुप्पण्णं, सासयं समयं भवतीति वत्तव्वं सिया ? हंता, गोयमा ! तं चेव उच्चारेयव्वं। एस णं भंते ! पोग्गले अणागयं, अणंतं, सासयं समयं भविस्सतीति वत्तव्वं सिया ? हंता, गोयमा ! तं चेव उच्चारेयव्वं। एवं खंधेणं वि तिण्णि आलावगा।

—भग० श १। उ ४। सू १५६ से १५८ पृ० ३९८

(घ) असंखकालमुक्कोसं एगं समयं जहन्निया।
अजीवाण य रूवीणं ठिई एसा वियाहिया॥

—उत्त० अ ३६। गा १३। पृ० १०५०

लवटीका—स्कंधानां परमाणूनां च उत्कृष्टा असंख्यकालं स्थिति जघन्यिका एक समया स्थितिः एषां अजीवानां रूपिणां पुद्गलानां स्थितिर्व्याख्याता।

(ङ) परमाणुपोग्गले णं भंते ! कालओ केवच्चिरं होइ ? गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं, एवं जाव अणंतपएसिओ।

—भग० श ५। उ ७। सू १६। पृ० ४८४

टीका—'परमाणु' इत्यादि द्रव्यचिन्ता, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं त्ति असंख्येयकालात् परतः पुद्गलानां एकरूपेण स्थित्यभावात्।

(च) एगपएसोगाढे णं भंते ! पोग्गले सेए तम्मि वा ठाणे, अण्णम्मि वा ठाणे कालओ केवच्चिरं होइ ? गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं आवलियाए असंखेज्जइ भागं, एवं जाव-असंखेज्जपएसोगाढे।

एगपएसोगाढे णं भंते ! पोग्गले णिरेए कालओ केवच्चिरं होइ ? गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं, एवं जाव असंखेज्जपएसोगाढे।

—भग० श ५। उ ७। सू १७, १८। पृ० ४८४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

टीका —'एगपएसोगाढे णं इत्यादि क्षेत्रचिन्ता, 'सेए' त्ति सैजः सकंपः, 'तम्मि वा ठाणे' त्ति अधिकृत एव, 'अण्णम्मि व' त्ति अधिकृताद् अन्यत्र, उक्कोसेणं आवलियाए असंखेज्जइभागं, त्ति पुद्गलानामाऽऽकस्मिकत्वा-ऽचलमस्य न निरेजत्वादीनामिव असंख्येयकालत्वम्, 'असंखेज्जपएसोगाढ' त्ति अनंतप्रदेशाऽवगाढस्य असंभवाद् असंख्यातप्रदेशावगाढ इत्युक्तम् ।

(छ) परमाणुपोग्गले णं भंते ! सेए कालओ केवचिरं होइ ? गोयमा ! जहण्णणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं आवलियाए असंखेज्जइभागं ।

परमाणु पोग्गले णं भंते ! निरेए कालओ केवचिरं होइ ? गोयमा ! जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं । एवं जाव अणंत-पएसिए ।

परमाणुपोग्गला णं भंते ! सेया कालओ केवचिरं होंति ? गोयमा ! सव्वद्धं । परमाणुपोग्गला णं भंते ! निरेया कालओ केवचिरं होंति ? गोयमा ! सव्वद्धं । एवं जाव-अणंतपएसिया ।

—भग० श २५ । उ ४ । सू ९० से ९३ । पृ० ८६९

(ज) परमाणुपोग्गले णं भंते ! सव्वेए कालओ केवचिरं होइ ? गोयमा ! जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं आवलियाए असंखेज्जइभागं । निरेये कालओ केवचिरं होइ ? गोयमा ! जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्को-सेणं असंखेज्जं कालं ।

दुपएसिए णं भंते ! खंधे देसेए कालओ केवचिरं होइ ? गोयमा ! जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं आवलियाए असंखेज्जइभागं । सव्वेए कालओ केवचिरं होइ ? गोयमा ! जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं आवलियाए असंखेज्जइभागं । निरेए कालओ केवचिरं होइ ? गोयमा ! जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं । एवं जाव अणंत-पएसिए ।

परमाणुपोग्गला णं भंते ! सव्वेया कालओ केवचिरं होंति ? गोयमा ! सव्वद्धं । निरेया कालओ केवचिरं होंति ? सव्वद्धं । दुप्पएसिया णं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भंते ! खंधा देसेया कालओ केवचिरं (होंति ? गोयमा !) सव्वद्धं । सव्वेया कालओ केवचिरं० (होंति ? गोयमा !) सव्वद्धं । निरेया कालओ केवचिरं० (होंति ? गोयमा !) सव्वद्धं । एवं जाव—अणंतपएसिया ।

—भग० श २५ । उ ४ । सू १०५ से ११४ पृ० ८७०

(भ) एकगुणकालए णं भंते ! पोग्गले कालओ केवच्चिरं होइ ? गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं, एवं जाव अणंतगुणकालए, एवं वण्ण-गंध-रस-फास जाव अणंतगुणलुक्खे ; एवं सुहुमपरिणए पोग्गले, एवं बादरपरिणए पोग्गले ।

सद्दपरिणए णं भंते ! पोग्गले कालओ केवच्चिरं होइ ? गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं उक्कोसेणं आवलियाए असंखेज्जइभागं ; असद्दपरिणए जहा एकगुणकालए ।

—भग० श ५ । उ ७ । सू १९-२० पृ० ४८४

(१) संतति की अपेक्षा

पुद्गल (परमाणु हो या स्कंध) की स्थिति—संतति प्रवाह अर्थात् अपरापरोत्पत्तिप्रवाह की अपेक्षा अनादिअनंत होती है ।

पुद्गल अतीत अनंत शाश्वतकाल में था, वर्तमान शाश्वतकाल में है, अनागत अनंत शाश्वतकाल में रहेगा ।

(२) विवक्षित क्षेत्र की अपेक्षा

विवक्षित क्षेत्र में पुद्गल की अवस्थिति रूप स्थिति सादिसांत होती है ।

(३) एक रूप की अपेक्षा

परमाणु यावत् अनंतप्रदेशी स्कंध की जघन्य स्थिति एक समय की और उत्कृष्ट स्थिति असंख्यातकाल की होती है । क्योंकि पुद्गल में एक रूप से असंख्यातकाल के पश्चात् उस रूप में स्थित रहने का अभाव होता है अर्थात् असंख्यातकाल के पश्चात् पुद्गल जिस रूप में होता है उस रूप में नहीं रह सकता है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(४) सकंपत्व की अपेक्षा

(५) निष्कंपत्व की अपेक्षा

एक आकाशप्रदेश में अवगाढ पुद्गल यावत् असंख्यात आकाशप्रदेश में अवगाढ पुद्गल स्वस्थान पर या दूसरे स्थान पर जघन्य एक समय और उत्कृष्ट आवलिका के असंख्येय भाग तक सकंप रह सकता है।

एक आकाशप्रदेश में अवगाढ पुद्गल यावत् असंख्यातप्रदेश में अवगाढ पुद्गल जघन्य एक समय और उत्कृष्ट असंख्येयकाल तक निष्कंप रह सकता।

सकंप पुद्गल की स्थिति उत्कृष्ट आवलिका के असंख्येय भाग तक की ही होती है, निष्कंप पुद्गल की तरह असंख्यातकाल तक की नहीं होती है क्योंकि पुद्गलों का चलन—पुद्गलों में कंपन आकस्मिक होता है अतः निष्कंप पुद्गल की तरह सकंप पुद्गल असंख्येयकाल सकंप नहीं रह सकता है। कोई भी पुद्गल अनंतप्रदेशावगाढ नहीं होता है अतः असंख्यातप्रदेशावगाढ पुद्गल का ही विवेचन किया गया है। पुद्गल (बहुवचन) कुछ सकंप तथा कुछ निष्कंप रहते हैं अतएव ऐसा कहा जाता है कि पुद्गल सदा सकप-सदा निष्कंप रहते हैं। कोई भी समय ऐसा नहीं होता है जब सब पुद्गल सकंप हो अथवा सब पुद्गल निष्कंप हो। सब काल में कुछ पुद्गल सकंप रहते हैं, कुछ पुद्गल निष्कंप रहते हैं।

सकंप परमाणुपुद्गल यावत् सकंप अनंतप्रदेशी स्कंध पुद्गल की स्थिति जघन्य एक समय की तथा उत्कृष्ट आवलिका के असंख्यात भाग की होती है।

निष्कंप परमाणुपुद्गल यावत् निष्कंप अनंतप्रदेशी स्कंध पुद्गल की स्थिति जघन्य एक समय की तथा उत्कृष्ट असंख्यातकाल की होती है।

सकंप परमाणुपुद्गल (बहुवचन) यावत् सकंप अनंतप्रदेशी स्कंध पुद्गल (बहुवचन) की स्थिति सदाकाल होती है।

निष्कंप परमाणुपुद्गल (बहुवचन) यावत् निष्कंप अनंतप्रदेशी स्कंध पुद्गल (बहुवचन) की स्थिति सदाकाल होती है।

नोट—परमाणुपुद्गल (बहुवचन) यावत् अनंतप्रदेशी स्कंध पुद्गल (बहुवचन) कुछ सकंप तथा कुछ निष्कंप रहते हैं अतः ऐसा कहा जाता है कि परमाणुपुद्गल (बहुवचन) यावत् अनंतप्रदेशी स्कंध पुद्गल (बहुवचन) कुछेक सदा सकंप—सदा निष्कंप भी रहते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परमाणुपुद्गल जघन्य एक समय तथा उत्कृष्ट आवलिका के असंख्येय भाग तक सर्वांशरूप से संकप रह सकता है। चूंकि परमाणु एकप्रदेशी है अतः परमाणु का यदि कंपन होता है तो सर्वांशरूप से कंपन होता है, देशतः कंपन नहीं होता है।

द्विप्रदेशीस्कंध यावत् अनंतप्रदेशी स्कंध पुद्गल जघन्य एक समय तथा उत्कृष्ट आवलिका के असंख्येय भाग तक देशतः (अंशतः) सकंप रह सकता है।

द्विप्रदेशीस्कंध यावत् अनंतप्रदेशी स्कंध पुद्गल भी जघन्य एक समय तथा उत्कृष्ट आवलिका के असख्येयभाग तक सर्वांशरूप से सकंप रह सकता है।

परमाणुपुद्गल (बहुवचन) सदाकाल सर्वांशरूप से सकंप रहते हैं। परमाणु-पुद्गल (बहुवचन) कुछ सकंप (सर्वांशरूप से) तथा कुछ निष्कंप रहते हैं अतः ऐसा कहा जाता है कि परमाणुपुद्गल सदा सकंप (सर्वांशरूप से) भी रहते हैं।

द्विप्रदेशीस्कंध पुद्गल (बहुवचन) यावत् अनंतप्रदेशी स्कंध पुद्गल (बहुवचन) सदाकाल— देशतः सकंप रहते हैं।

द्विप्रदेशीस्कंध पुद्गल (बहुवचन) यावत् अनंतप्रदेशीस्कंध पुद्गल (बहुवचन) सदाकाल सर्वांशरूप से निष्कंप भी रहते हैं।

द्विप्रदेशी स्कंध पुद्गल (बहुवचन) यावत् अनंतप्रदेशी स्कंध पुद्गल (बहुवचन) कुछ देशतः सकंप रहते हैं, कुछ सर्वांशरूप से सकंप रहते हैं तथा कुछ निष्कंप रहते हैं अतः ऐसा कहा जाता है कि द्विप्रदेशादि स्कंध (बहुवचन) यावत् अनंतप्रदेशी स्कंध पुद्गल (बहुवचन) सदाकाल देशतः सकंप तथा सदाकाल सर्वांशरूप से सकंप भी रहते हैं।

(६) वर्ण अपेक्षा

(७) गंध अपेक्षा

(८) रस अपेक्षा

(९) स्पर्श अपेक्षा

एक गुण कृष्णवर्णवाले पुद्गल की एक गुण कृष्णवर्ण रूप स्थिति जघन्य एक समय की और उत्कृष्ट असंख्यात काल की होती है। इसी प्रकार द्विगुण यावत् अनंत गुण कृष्णवर्णवाले पुद्गल की स्व-स्व गुण रूप स्थिति जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट असंख्यात काल की होती है। इसी प्रकार नील-रक्त-पीत-शुक्लवर्ण के पुद्गलों के विषय में समझना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एक गुण सुगन्धवाले पुद्गल की एक गुण सुगन्ध रूप स्थिति जघन्य एक समय की और उत्कृष्ट असंख्यात काल की होती है। इसी प्रकार द्विगुण यावत् अनंत गुण सुगन्धवाले पुद्गल की स्व-स्व गुण रूप स्थिति जघन्य एक समय की; उत्कृष्ट असंख्यातकाल की होती है। इसी प्रकार दुर्गन्ध पुद्गलों के विषय में भी समझना चाहिए।

एक गुण तिक्त रसवाले पुद्गल की एक गुण तिक्त रस रूप स्थिति जघन्य एक समय की और उत्कृष्ट असंख्यात काल की होती है। इसी प्रकार द्विगुण यावत् अनंत गुण तिक्त रसवाले पुद्गल की स्व-स्व गुण रूप स्थिति जघन्य एक समय की; उत्कृष्ट असंख्यात काल की होती है। इसी प्रकार कटु-कषाय-आम्ल-मधुर रस के पुद्गलों के विषय में भी समझना चाहिए।

एक गुण कर्कश स्पर्शवाले पुद्गल की एक गुण कर्कश स्पर्श रूप स्थिति जघन्य एक समय की और उत्कृष्ट असंख्यात काल की होती है। इसी प्रकार द्विगुण यावत अनंत गुण कर्कश स्पर्शवाले पुद्गल की स्व-स्व गुण रूप स्थिति जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट असंख्यात काल की होती है। इसी प्रकार मृदु-गुरु-लघु-शीत-उष्ण-स्निग्ध-रूक्ष पुद्गलों के विषय में भी समझना चाहिए।

(१०) सूक्ष्म परिणमन अपेक्षा
(११) बादर परिणमन अपेक्षा

सूक्ष्म परिणत पुद्गल की सूक्ष्म परिणत रूप स्थिति जघन्य एक समय की और उत्कृष्ट असंख्यात काल की होती है।

बादर परिणत पुद्गल की बादर परिणत रूप स्थिति जघन्य एक समय की; उत्कृष्ट असंख्यात काल की होती है।

(१२) शब्द परिणति अपेक्षा
(१३) अशब्द परिणति अपेक्षा

शब्द परिणतवाले पुद्गल की शब्द परिणत रूप स्थिति जघन्य एक समय की; उत्कृष्ट आवलिका के असंख्यात भाग की होती है।

अशब्द परिणतवाले पुद्गल की अशब्द परिणत रूप स्थिति जघन्य एक समय की; उत्कृष्ट असंख्यात काल की होती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·२२ पुद्गल का विविध अपेक्षा से अंतरकाल

(क) परमाणुपोग्गलस्स णं भंते ! अंतरं कालओ केवच्चिरं होइ ? गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं।

दुप्पएसियस्स णं भंते ! खंधस्स अंतरं कालओ केवच्चिरं होइ ? गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं अणंतं कालं, एवं जाव—अणंतपएसिओ।

एगपएसोगाढस्स णं भंते ! पोग्गलस्स सेयस्स अंतरं कालओ केवच्चिरं होइ ? गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं, एवं जाव-असंखेज्जपएसोगाढे।

एगपएसोगाढस्स णं भंते ! पोग्गलस्स णिरेयस्स अंतरं कालओ केवच्चिरं होइ ? गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं आवलियाए असंखेज्जइभागं, एवं जाव-असंखेज्जपएसोगाढे, वण्ण-गंध-रस-फास-सुहुम-परिणाम-बायरपरिणयाणं एएसिं जं चेव संचिट्ठणा तं चेव अंतरं वि भाणियव्वं।

सद्दपरिणयस्स णं भंते ! पोग्गलस्स अंतरं कालओ केवच्चिरं होइ ? जहण्णेणं एगं समयं उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं।

असद्दपरिणयस्स णं भंते ! पोग्गलस्स अंतरं कालओ केवच्चिरं होइ। गोयमा ! जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं आवलियाए असंखेज्जइभागं।

—भग० श ५। उ ७। सू २१ से २६। पृ० ४८४

टीका—'परमाणुपोग्गलस्स' इत्यादि, परमाणोरपगते परमाणुत्वे यद-परमाणुत्वेन वर्तनम् अ (आ) परमाणुत्वपरिणतेः तदन्तरम्—स्कंध-संबंधकालः, स च उत्कर्षतोऽसंख्यात इति। द्विप्रदेशिकस्य तु शेषस्कंध-संबंधकालः, परमाणुकालश्च अन्तरकालः—स च तेषामनन्तत्वात्' प्रत्येकं चोत्कर्षतोऽसंख्येयस्थितिकत्वाद् अनन्तः, तथा यो निरेजस्य कालः स सेजस्य

अंतरमिति कृत्वा उक्तं सजस्याऽन्तरमुत्कर्षतोऽसंख्यातः काल इति, यस्तु सेजस्य कालः स निरेजस्य अन्तरम् इति कृत्वोक्तं निरेजस्याऽन्तरमुत्कर्षत-आवलिकाया असंख्यातो भाग इति ; एकगुणकालकत्वादीनां चाऽन्तरम् एकगुणकाल (त्वादिकाल) समानमेव, न पुनर्द्विगुण कालत्वादीनाम् अनंतत्वेन तदन्तरस्य अनंतत्वम्-वचनप्रामाण्यात्' सूक्ष्मादिपरिणतानां तु अवस्थानतुल्यमेवाऽन्तरम्, यतो यदेव एकस्याऽवस्थानं तदेवाऽन्यस्याऽन्तरम्, तच्च असंख्येकालमानमिति । 'सद्दं' इत्यादि तु सूत्रसिद्धम् ।

(ख) परमाणुपोग्गलस्स णं भंते ! सेयस्स केवइयं कालं अंतरं होइ ? गोयमा ! सट्ठाणंतरं पडुच्च जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं, परट्ठाणंतरं पडुच्च जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं । निरेयस्स केवइयं कालं अंतरं होइ ? गोयमा ! सट्ठाणंतरं पडुच्च जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं आवलियाए असंखेज्जइभागं, परट्ठाणंतरं पडुच्च जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं ।

दुपएसियस्स णं भंते ! खंधस्स सेयस्स पुच्छा । गोयमा ! सट्ठाणंतरं पडुच्च जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं, परट्ठाणंतरं पडुच्च जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं अणंतं कालं । निरेयस्स केवइयं कालं अंतरं होइ ? गोयमा ! सट्ठाणंतरं पडुच्च जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं आवलियाए असंखेज्जइ भागं ; परट्ठाणंतरं पडुच्च जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं अणंतं कालं । एवं जाव—अणंतपएसियस्स ।

परमाणु पोग्गलाणं भंते ! सेयाणं केवइयं कालं अंतरं होइ ? गोयमा ! नत्थि अंतरं । निरेयाण केवइयं कालं अंतर होइ ? गोयमा ! नत्थि अंतरं । एवं जाव—अणंतपएसियाणं खंधाणं ।

—भग० श २५ । उ ४ । सू ९४ से ९७ । पृ० ८६९

टीका—(परमाणु इत्यादि) (सट्ठाणंतरं पडुच्च त्ति) स्वस्थानं परमाणोः परमाणु भाव एव, तत्र वर्त्तमानस्य यदन्तरं चलनस्य च व्यवधानं निश्चलत्वभवनलक्षणं तत्स्वस्थानान्तरं, तत्प्रतीत्य (जहण्णेणं एक्कं समयं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

त्ति) निश्चलता जघन्यकाललक्षणम् (उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं ति) निश्चलताया एवोत्कृष्टकाललक्षणं, तत्र जघन्यतोऽन्तरं परमाणुरेकं समयं चलनादुपरम्य पुनश्चलतीत्येवम्, उत्कर्षतश्च स एवासंख्येयं कालं क्वचित्स्थिरो भूत्वा पुनश्चलतीत्येवं दृश्यमिति। (परट्ठाणंतरं पडुच्च त्ति) परमाणोर्यत्परस्थाने द्व्यणुकाऽऽदावन्तर्भूतस्यान्तरं चलनव्यवधानं तत्परस्थानान्तरं, तत्प्रतीत्य। (जहन्नेणं एक्कं समयं उक्कोसेणं असंखेज्जंकालं त्ति) परमाणुपुद्गलो हि भ्रमन् द्विप्रदेशाऽऽदिकस्कंधमनुप्रविश्य जघन्यतः तेन सहैकः समयं स्थित्वा पुनर्भ्राम्यति' उत्कर्षतस्तु असंख्येयं कालं द्विप्रदेशाऽऽदिलया स्थित्वा पुनरेकतया भ्राम्यतीति। (निरेयस्सेत्यादि) निश्चलः सन् जघन्यतः समयमेकं परिभ्रम्य पुनर्निश्चलस्तिष्ठति, उत्कर्षतस्तु निश्चलतः सन्नावलिकाया असंख्येयं भागं चलनोत्कृष्टकालरूपं परिभ्रम्य पुनर्निश्चल एवं तिष्ठतीति स्वस्थानान्तरमुक्तम्। परस्थानान्तरं तु निश्चलः सन् ततः स्थानाच्चलितो जघन्यतो द्विप्रदेशाऽऽदौ स्कंधे एकं समयं स्थित्वा पुनर्निश्चल एव तिष्ठति। उत्कर्षतस्त्वसंख्येयं कालं तेन सह स्थित्वा पृथग्भूत्वा पुनस्तिष्ठति। (दुपएसियस्सेत्यादि) (उक्कोसेणं अणंतं कालं ति) कथं द्विप्रदेशिकः संश्चलितस्ततोऽनन्तैः पुद्गलैः सह कालभेदेन संबंधं कुर्वन्ननन्तेन कालेन पुनस्तेनैव परमाणुना सह संबंधं प्रतिपद्य पुनश्चलतीत्येवमिति।

(ग) परमाणुपोग्गलस्स णं भंते ! सव्वेयस्स केवइयं कालं अंतरं होइ ? गोयमा ! सट्ठाणंतरं पडुच्च जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं ; परट्ठाणंतरं पडुच्च जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं एवं चेव। निरेयस्स केवइयं अंतरं होइ ? सट्ठाणंतरं पडुच्च जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं आवलियाए असंखेज्जइभागं, परट्ठाणंतरं पडुच्च जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं।

दुपएसियस्स णं भंते ! खंधस्स देसेयस्स केवयइयं कालं अंतरं होइ ? सट्ठाणंतरं पडुच्च जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं, परट्ठाणंतरं पडुच्च जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं अणंतकालं। सव्वेयस्स

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

केवइयं कालं० (अंतरं होइ ?) एवं चेव जहा देसेयस्स। निरेयस्स केवइयं० (कालं अंतरं होइ ?) सट्ठाणंतरं पडुच्च जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं आवलियाए असंखेज्जइभागं, परट्ठाणतरं पडुच्च जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं अणंतं कालं। एवं जाव-अणंतपएसियस्स।

परमाणुपोग्गलाणं भंते ! सव्वेयाण केवइयं कालं अंतर होइ ? नत्थि अंतरं। निरेयाणं केवइयं (कालं अंत होइ ?) नत्थि अंतरं।

दुपएसिया णं भंते ! खंधाणं देसेयाणं केवइयं कालं० (अंतरं होइ ?) नत्थि अंतरं। सव्वेयाणं केवइयं कालं० (अंतरं होइ ?) नत्थि अंतरं। निरेयाणं केवइयं काल० (अंतरं होइ ?) नत्थि अंतरं। एवं जाव-अणंतपएसियाणं।

—भग० श २५। उ ४। सू ११५ से १२४। पृ० ८७०-१

(घ) अणंत कालमुक्कोसं एगं समयं जहन्नयं।
अजीवाण य रूवीणं अंतरेयं वियाहियं॥

— उत्त० अ ३६। गा १४। पृ० १०५०

लवटीका अजीवानां रूपिणां पुद्गलानां स्कंध-देश-प्रदेश-परमाणूनां अंतरं—विवक्षितक्षेत्रावस्थिते प्रच्युतानां (पुनस्तात् क्षेत्राप्राप्तेर्व्यवधानं) अंतरं उत्कृष्टं अनंतकालं भवति ; जघन्यकं एकसमयं यावद् भवति।

इदं अन्तरं तीर्थकरैर्व्याख्यातं पुद्गलानां हि विवक्षित-क्षेत्रावस्थितितः प्रच्युतानां कदाचित्समयावलिकादि। संख्यानकालतो वा पल्योपमादेर्यावदनन्तकालादपितत् क्षेत्रावस्थितिः संभवतीति भावः।

(१) परमाणुत्व की अपेक्षा

एक परमाणु अपना परमाणु रूप छोड़कर स्कंध का प्रदेश बनकर पुनः परमाणु रूप को प्राप्त हो, इसके मध्य का काल स्कंध सम्बन्धकाल कहलाता है, यह जघन्य एक समय का, उत्कृष्ट असंख्यात काल का होता है अतः परमाणु का अन्तर काल जघन्य एक समय, उत्कृष्ट असंख्यात काल का होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२) स्कंधत्व की अपेक्षा

द्विप्रदेशी स्कंध अपना द्विप्रदेशी स्कंध रूप छोड़कर अन्य स्कंध रूप अथवा परमाणु रूप बनकर पुनः द्विप्रदेशी स्कंध रूप को प्राप्त हो ; इसके मध्य के काल को द्विप्रदेशी स्कध का अन्तर काल कहते हैं।

यह जघन्य एक समय का ; उत्कृष्ट अनंत काल का होता है क्योंकि बाकी सब स्कंध अनंत है और उन प्रत्येक स्कंध की उत्कृष्ट स्थिति असंख्यात काल की होती है अतः द्विप्रदेशी स्कंध का अन्तर काल जघन्य एक समय का, उत्कृष्ट अनंत काल का होता है।

(३) क्षेत्रान्तर की अपेक्षा

अजीव रूपी पुद्गलों की क्षेत्रस्थिति अन्तर काल अर्थात् विवक्षित क्षेत्र में स्थित स्कंध-देश-प्रदेश-परमाणु जब विवक्षित क्षेत्र से प्रच्युत होकर अन्य क्षेत्र को प्राप्त होते हैं तथा इस क्षेत्र से पुनः प्रथम क्षेत्र विवक्षित क्षेत्र को प्राप्त करते हैं इसका अन्तर काल—जघन्य एक समय का तथा उत्कृष्ट अनत काल का होता है।

यहाँ जो अन्तर काल की विविक्षा की गयी है वह क्षेत्रान्तर की अपेक्षा की गयी है। यह अन्तर काल तीर्थङ्करों के द्वारा प्रतिपादित है। पुद्गल जब किसी विवक्षित क्षेत्र से च्यूत होकर पुनः उसी विवक्षित क्षेत्र को प्राप्त करता है इसका अन्तर काल कदाचित् एक समय का, कदाचित् आवलिका आदि संख्यात काल यावत् पल्योपम यावत् अनत काल तक का हो सकता है।

(४) सकंपत्व अपेक्षा

(५) निष्कंपत्व अपेक्षा

आकाश के एक प्रदेश में अवगाढ या यावत असंख्यात प्रदेश में अवगाढ सकंप पुद्गल निष्कंप होकर पुनः सकंप होता है यह उसके सकंपत्व का अन्तरकाल है और यह जघन्य एक समय का, उत्कृष्ट असंख्यात काल का होता है।

आकाश के एक प्रदेश में अवगाढ या यावत् असंख्यात प्रदेश में अवगाढ निष्कंप पुद्गल सकंप होकर पुनः निष्कंप होता है यह उसके निष्कंपत्व का अन्तर काल है और यह जघन्य एक समय का, उत्कृष्ट आवलिका का असंख्यात भाग का होता है।

सकंप परमाणु का स्वस्थान की अपेक्षा (सकंपता) अन्तरकाल जघन्य एक समय का तथा उत्कृष्ट असंख्यात काल का होता है। यहाँ स्वस्थान से अभिप्राय

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है कि परमाणु परमाणु भाव में रहता हुआ सकंपता से निश्चल होकर पुनः सकंपता को प्राप्त करता है इसमें जो काल लगता है वह सकंप परमाणु का स्वस्थान अन्तर काल है।

सकंप परमाणु का परस्थान की अपेक्षा (सकंपता) अन्तर काल जघन्य एक समय का तथा उत्कृष्ट असंख्यात काल का होता है। यहाँ पर स्थान से अभिप्राय है कि सकंप परमाणु निश्चलता को प्राप्त कर द्विप्रदेशादि स्कंध में अन्तर्भाव होकर जब वह उस स्कंध से निकल कर पुनः परमाणु भाव को प्राप्त कर सकंपता को प्राप्त करता है इसमें जो काल लगता है वह सकंप परमाणु का पर स्थान अन्तरकाल है।

निष्कंप परमाणु का स्वस्थान की अपेक्षा (निष्कंपता) अन्तर काल जघन्य एक समय का तथा उत्कृष्ट आवलिका के असंख्यात भाग का होता है। यहाँ स्व-स्थान से अभिप्राय है कि परमाणु परमाणु भाव में रहता हुआ निष्कंपता से सकंप होकर पुनः निष्कंपता को प्राप्त करता है इसमें जो काल लगता है वह निष्कंप परमाणु का स्वस्थान अंतरकाल है।

निष्कंप परमाणु का परस्थान की अपेक्षा (निष्कंपता) अंतरकाल जघन्य एक समय का तथा उत्कृष्ट असंख्यात काल का होता है। यहाँ परस्थान से अभिप्राय है। कि निश्चल परमाणु चलित होकर द्विप्रदेशी स्कंधादि में अंतर्भूत होकर जब उस स्कंध से निकलकर पुनः परमाणु भाव को प्राप्त कर निश्चल होता है—इसमें जो काल लगता है वह निष्कंप परमाणु का परस्थान अंतरकाल है।

निश्चल परमाणु पुद्गल निश्चलता के स्थान से चलित होकर द्विप्रदेशादि स्कंध में अन्तर्भूत होकर—एक समय वहाँ स्थिर रहकर फिर बाहर निकल कर पुनः परमाणु भाव को प्राप्त कर निश्चल होता है वह निश्चल परमाणु का पर स्थान की अपेक्षा जघन्य अंतरकाल होता है। इसी प्रकार निश्चल परमाणु पुद्गल का पर स्थान की अपेक्षा उत्कृष्ट—असख्यात काल का अंतर काल होता है।

सकंप द्विप्रदेशी स्कंध का स्वस्थान की अपेक्षा (सकंपता) अंतरकाल जघन्य एक समय का तथा उत्कृष्ट असंख्यात काल का होता है। यहाँ स्व स्थान से अभिप्राय है कि द्विप्रदेशी स्कंध भाव में रहता हुआ सकंपता से निश्चल होकर पुनः सकंपता को प्राप्त करता है इसमें जो काल लगता है वह सकंप द्विप्रदेशी स्कंध का अनंत काल का होता है। यहाँ परस्थान से अभिप्राय है कि द्विप्रदेशी स्कंध चलित होकर अन्य पुद्गलों से सम्बन्ध स्थापित कर जघन्य एक समय उनके साथ रहकर फिर पृथग् होकर चलित होता है तथा उत्कृष्ट अनंतकाल तक भिन्न-भिन्न पुद्गलों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के साथ रहकर अनंतकाल बाद पुनः द्विप्रदेशी स्कंध होकर चलित होता है। यह अनंतकाल किस प्रकार लगता है। इसे टीकाकार के द्वारा इस प्रकार समझाया गया है —द्विप्रदेशी स्कंध चलित होकर अनंत पुद्गलों के साथ काल भेद से सम्बन्ध स्थापित करता हुआ अनंतकाल के पश्चात् उस द्विप्रदेशी स्कध रूप में वे ही दोनों परमाणु सम्बन्ध स्थापित कर चलित होते हैं इसमें अनंतकाल लगता है।

निष्कंप द्विप्रदेशी स्कंध का स्वस्थान की अपेक्षा (निष्कंपता) अंतरकाल जघन्य एक समय का तथा उत्कृष्ट आवलिका के असख्यात भाग का होता है। यहाँ स्व-स्थान से अभिप्राय है कि द्विप्रदेशी स्कंध द्विप्रदेशी स्कंध भाव में रहता हुआ निष्कंपता से सकंप होकर पुनः निष्कंपता को प्राप्त करता है। इसमें जो काल लगता है वह निष्कंप द्विप्रदेशी स्कंध का स्वस्थान अतरकाल है।

अभिप्राय है कि निश्चल द्विप्रदेशी स्कंध चलित होकर अन्य पुद्गलों से काल-भेद से सम्बन्ध स्थापित करता हुआ कियत् काल उनके साथ रहकर फिर द्विप्रदेशी स्कंध भाव को प्राप्त कर निश्चल होता है। इसमें जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अनंतकाल लगता है। अनंतकाल क्यों लगता है इसको उसी प्रकार समझना चाहिए जैसा कि सकंप परस्थान में टीकाकार ने समझाया है।

जिस प्रकार सकंप द्विप्रदेशी स्कंध पुद्गल के अंतर काल के विषय में कहा है वैसा ही सकंप तीन प्रदेशी यावत् दस प्रदेशी यावत् अनंत प्रदेशी स्कंध पुद्गल के अंतरकाल के विषय में समझना चाहिए।

जिस प्रकार निष्कंप द्विप्रदेशी स्कंध पुद्गल के अंतरकाल के विषय में कहा है वैसा ही निष्कप तीन प्रदेशी यावत् दस प्रदेशी यावत् अनंत प्रदेशी स्कंध पुद्गल के अतरकाल के विषय में समझना चाहिए।

सकंप परमाणु पुद्गल (बहुवचन) का अंतरकाल नहीं होता है। क्योंकि सकंप परमाणु पुद्गल (बहुवचन) में सर्वदा विद्यमान रहते हैं अतः सकंप परमाणु पुद्गल (बहुवचन) का अंतर नहीं होता है।

इसी प्रकार निष्कंप परमाणु पुद्गल (बहुवचन) का भी अंतरकाल नहीं होता है।

जिस प्रकार सकंप परमाणु पुद्गल (बहुवचन के अंतरकाल के विषय में कहा है वैसा ही सकंप दो प्रदेशी (बहुवचन) यावत् दस प्रदेशी (बहुवचन) यावत् अनंत प्रदेशी स्कंध (बहुवचन) पुद्गलों के अंतरकाल के विषय में समझना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जिस प्रकार निष्कंप परमाणु पुद्गल (बहुवचन) के अंतर काल के विषय में कहा है वैसा ही निष्कंप दो प्रदेशी (बहुवचन) यावत् दस प्रदेशी (बहुवचन) यावत् अनंतप्रदेशी स्कंध (बहुवचन) पुद्गलों के अंतर काल के विषय में समझना चाहिए।

परमाणु सर्वांशरूप से ही कंपन करता है, देशतः कंपन नहीं करता है अतः सकंप परमाणु का स्वस्थान तथा परस्थान अंतरकाल (देखें २२) पाठ के अनुसार समझना चाहिए।

देशतः (अंशतः) सकंप द्विप्रदेशी स्कंध का स्वस्थान की अपेक्षा (सकंपता) अंतरकाल जघन्य एक समय का तथा उत्कृष्ट असंख्यात काल का होता है।

सर्वांशरूप से सकंप द्विप्रदेशी स्कंध का परस्थान की अपेक्षा (सकंपता) अंतर काल जघन्य एक समय का तथा उत्कृष्ट अनंतकाल का होता है।

जैसा अंशतः तथा सर्वांशरूप से सकंप द्विप्रदेशी स्कंध के अंतरकाल के विषय में कहा है वैसा ही अंशतः तथा सर्वांशरूप से सकंप तीन प्रदेशी यावत् दसप्रदेशी यावत् अनंत प्रदेशी स्कंध के अंतरकाल के विषय में भी समझना चाहिए।

सर्वांशरूप से सकंप परमाणु पुद्गल (बहुवचन) का अंतरकाल नहीं होता है।

अंशतः सकंप द्विप्रदेशी स्कंध (बहुवचन) का भी अन्तरकाल नहीं होता है।

सर्वांश रूप से सकंप द्विप्रदेशी स्कन्ध (बहुवचन) का भी अन्तरकाल नहीं होता है।

जैसा अंशतः तथा सर्वांशरूप से सकंप द्विप्रदेशी स्कंध (बहुवचन) के अंतरकाल के विषय में कहा है वैसा ही अंशतः तथा सर्वांशरूप से सकंप तीन प्रदेशी (बहुवचन) यावत् अनंत प्रदेशी स्कंध (बहुवचन) के विषय में भी समझना चाहिए।

(६) वर्णत्व अपेक्षा

(७) गंधत्व अपेक्षा

(८) रसत्व अपेक्षा

(९) स्पर्शत्व अपेक्षा

एक गुण कृष्णवर्णवाले पुद्गल अपने गुणत्व को छोड़कर अन्य संख्यक गुणत्व को प्राप्त कर पुनः एक गुण कृष्णत्व को प्राप्त होता है इसमें जितना समय लगता है यह उसका अंतरकाल है और यह जघन्य एक समय का, उत्कृष्ट असंख्यात काल का होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसी प्रकार दो गुण यावत् अनंत गुण कृष्णत्व का अन्तरकाल समझना चाहिए।

कृष्णवर्ण की तरह अन्य वर्णों का अन्तरकाल समझना चाहिए।

वर्ण की तरह गंध-रस-स्पर्शत्व की अपेक्षा अन्तरकाल का वर्णन करना चाहिए।

(१०) सूक्ष्म परिणमन अपेक्षा

(११) बादर परिणमन अपेक्षा

सूक्ष्म परिणत पुद्गल बादर रूप में परिणत होकर पुनः सूक्ष्म परिणमनत्व को प्राप्त होता है यह उसके सूक्ष्म परिणमनत्व का अन्तरकाल है और यह जघन्य एक समय का, उत्कृष्ट असंख्यात काल का होता है।

इसी प्रकार बादर परिणत पुद्गल का अन्तरकाल समझना चाहिए।

(१२) शब्द परिणति अपेक्षा

(१३) अशब्द परिणति अपेक्षा

शब्द परिणत पुद्गल अशब्द रूप में परिणत होकर पुनः शब्द रूप परिणति को प्राप्त होता है—यह उसके शब्द परिणमन का अन्तरकाल है और यह जघन्य एक समय का, उत्कृष्ट असंख्यात काल का होता है।

अशब्द परिणत पुद्गल शब्द रूप में परिणत होकर पुनः अशब्द रूप परिणति को प्राप्त होता है यह उसके अशब्द परिणमन का अन्तरकाल है और यह जघन्य एक समय का, उत्कृष्ट आवलिका के असंख्यात भाग का होता है।

·२३ पुद्गल और आकाशास्तिकाय

आगासत्थिकाएगं भंते ! जीवाणं 'अजीवा ण य' किं पवत्तति ?

गोयमा ! आगासत्थिकाएणं जीवदव्वाणं 'य अजीवदव्वाण य' भायणभूए।

एगेण वि से पुण्णे, दोहि वि पुण्णे सयंपि माएज्जा।
कोडिसएणं वि पुण्णे, कोडिसहस्संपि माएज्जा॥१॥

अवगाहणालक्खणे णं आगासत्थिकाए।

—भग० श १३। उ ४। सू ५८। पृ० ६०१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अर्थात् आकाशास्तिकाय, जीव और अजीव द्रव्यों का भाजन भूत (आश्रय रूप) है अर्थात् आकाश से जीव और अजीव द्रव्यों के 'अवगाह' की प्रवृत्ति होती है। जैसा—गाथा में कहा है—

अर्थात्—एक परमाणु से पूर्ण या दो परमाणु से पूर्ण एक आकाश प्रदेश में सौ परमाणु भी समा सकते हैं। सौ करोड़ परमाणुओं से पूर्ण, एक आकाश प्रदेश में हजार करोड़ परमाणु भी समा सकते हैं। चूंकि आकाशास्तिकाय का लक्षण अवगाहना रूप है।

·२४ पुद्गलों का ज्ञान

·१ विषय का ग्रहण-ज्ञान

(क) रूप का ग्रहण चक्षुरिन्द्रिय द्वारा होता है।

चक्खुस्स रूवं गहणं वयंति × × ×

रूवस्स चक्खुं गहणं वयंति। चक्खुस्स रूवं गहणं वयंति

—उत्त० अ ३२। गा २२ पुर्वार्घ, २३

रूप चक्षुरिन्द्रिय का ग्रहण (विषय) है। चक्षु को रूप का ग्राहक कहते हैं और रूप का चक्षु का ग्राह्य कहते हैं।

(ख) शब्द का ग्रहण श्रोत्रेन्द्रिय द्वारा होता है।

सोयस्स सद्दं गहणं वयंति × × ×।

सद्दस्स सोयं गहणं वयंति, सोयस्स सद्दं गहणं वयंति।

—उत्त० अ ३२। गा ३५-३६

शब्द को श्रोत्रेन्द्रिय का ग्राह्य विषय कहते हैं। श्रोत्रेन्द्रिय को शब्द का ग्राहक कहते हैं और शब्द को श्रोत्रेन्द्रिय का ग्राह्य कहते हैं।

(ग) गंध का ग्रहण घ्राणेन्द्रिय द्वारा होता है।

घाणस्स गंधं गहणं वयंति

गंधस्स घाणं गहणं वयंति × × × घाणस्स गंधं गहणं वयंति।

—उत्त० अ ३२। गा ४८-४९

गंध को घ्राणेन्द्रिय का ग्राह्य (विषय) कहते हैं। घ्राणेन्द्रिय को गंध का ग्राहक कहते हैं और गंध को घ्राणेन्द्रिय का ग्राह्य कहते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(घ) रस का ग्रहण रसेन्द्रिय द्वारा होता है।

जिब्भाए रसं गहणं वयंति × × ×।

रसस्स जिब्भं गहणं वयंति, जिब्भाए रसं गहणं वयंति

—उत्त० अ ३२। गा ६१-६२

रस को जिह्वा इन्द्रिय का ग्राह्य (विषय) कहते हैं। जिह्वा को रस का ग्रहण करने वाली कहते हैं और रस को जिह्वा इन्द्रिय का ग्राह्य कहते हैं।

(ङ) स्पर्श का ग्रहण स्पर्शेन्द्रिय द्वारा होता है।

कायस्स फासं गहणं वयंति × × ×।

फासस्स कायं गहणं वयंति, कायस्स फासं गहणं वयंति

—उत्त० अ ३२। गा ७४-७५

स्पर्श को काया-स्पर्शेन्द्रिय का ग्राह्य विषय कहते हैं। काया को स्पर्श का ग्राहक कहते हैं और स्पर्श को काया का ग्राह्य कहते हैं।

चक्खुदंसणावरणीयं गरुअलहुअणंतपदेसिएसु दव्वेसु णिबद्धं।१२।

—षट्० सू १२। पु १५ पृ० ६८९

टीका—संखेज्जासंखेज्जपदेसियपोग्गलदव्वं चक्खुदंसणस्स विसओ ण होदि। किंतु अणंतपदेसियपोग्गलदव्वं चेव विसओ होदि त्ति जाणावणट्ठमणंतपदेसिएसु दव्वेसु त्ति भणिदं। एदं वयणं देसामासियं, तेण सव्वेसिं दंसणाणमचक्खुसण्णिदाणमेसा परूवणा कायव्वा। गरुअलहु-अविसेसणं अणंतपदेसियक्खंधस्स होदि, गरुआणं लोहदंडादीणं हलुआणमक्कतूलादीणं च चक्खिंदिएण गहणुवलंभादो।× × × ण, चक्खिंदियविसए परमाणुआदीणमसंभवादो।

चक्षु दर्शनावरणीय कर्म गुरु व लघु ऐसे अनन्त प्रदेशवाले द्रव्यों में निबद्ध है।

संख्यात व असंख्यात प्रदेशवाले पुद्गल द्रव्य चक्षु दर्शन का विषय नहीं होता किन्तु अनन्त प्रदेशवाले पुद्गल द्रव्य ही उसका विषय होता है। इस बात को जतलाने के लिए 'अनन्त प्रदेश वाले द्रव्यों में 'यह कहा है। यह वचन देशमर्शक है। इसलिए उसके अचक्षु संज्ञा वाले सब दर्शनों की यह प्ररूपणा करनी चाहिए। 'गुरु व लघु यह अनन्त प्रदेशवाले स्कंध का विशेषण है, क्योंकि चक्षुरिन्द्रिय के द्वारा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लोहदंडादि रूप गुरु और अर्कतुल (आक के पेड़ का रूंआ) आदि रूप लघु पदार्थों का ग्रहण किया जाता है।

'अगुरुलघु' विशेषण नहीं किया जाता है। क्योंकि परमाणु आदि चक्षुरिन्द्रिय के विषय नहीं होते हैं।

·२ कर्मपुद्गलों को इन्द्रिय ज्ञान से नहीं जाना जाता है।

कर्मपुद्गलानातिसूक्ष्‍ तया चक्षुरादीन्द्रियागोचरत्वात्।

—कर्मग्र० भा ६। गा ५। टीका। पृ० १५०

—कर्मग्र० भा १। गा ३२। टीका। पृ० ४६

कर्म पुद्गल अति सूक्ष्म होने के कारण-चक्षु आदि इन्द्रियों के अगोचर है।

·३ पुद्गल और अवधि ज्ञान

(क) ओहिणाणं णाम दव्व-क्खेत्त-काल-भाव-वियप्पियं पोग्गल-दव्वं पच्चक्खं जाणदि।

—षट्० खण्ड १, १। सू २। टीका। पु १३। पृ० ९३

(ख) तजस-भाषा-द्रव्यापान्तरालवर्त्यनन्त-प्रदेशिकाद् द्रव्यादारभ्य विचित्रवृद्धया सर्वमूर्तद्रव्याण्युत्कृष्टविषयपरिमाणमवधेर्वक्ष्यते। प्रतिवस्तुगताऽसंख्येयपर्यायरूपं च भावतो विषयमानमभिधास्यते। अतः सर्वमपि पुद्गलास्तिकायं, अवधिग्राह्यांश्च तत्पर्यायानाश्रित्यानन्तोऽवधिविषयः सिद्धो भवति। ज्ञेयभेदाच्च ज्ञानभेदः।

—विशेभा० गा ५६९। टीका। पृ० २५९-६०

(ग) परमाणुपज्जंतासेसपोग्गल-दव्वाणमसंखेज्जलोगमेत्त-खेत्तकाल-भावाणं कम्मसंबंधवसेण पोग्गलभावमुवगयजीव [जीवदव्वा] णं च पच्चक्खेण × × ×।

—विशेभा० गा ५६९। टीका पृ० २६०

तैजस और भाषा द्रव्य के अन्तरालवर्ती अनन्त प्रदेशी द्रव्य से सर्वमूर्त द्रव्य को अवधि ज्ञान जानता है। भाव की अपेक्षा प्रत्येक वस्तु की असंख्यात पर्याय को जानता है अतः अवधिज्ञान सर्व पुद्गल द्रव्य को जानता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(घ) वड्ढंतो उण बाहिं लोयत्थं चेव पासई दव्वं।
सुहुमयरं सुहुमयर परमोही जाव परमाणु॥

—विशेभा० गा ६०६

× × × सूक्ष्मतरं, सूक्ष्मतमं यावत् परमावधिः सर्वसूक्ष्मं परमाणुमपि पश्यति।

—विशेभा० गा ६०६ टीका। पृ० २७२

लोक व्यवहार वृद्धिगत प्राप्त हुआ अवधि ज्ञान, लोक में स्थित द्रव्य को ही सूक्ष्मतर रूप में देखता है और परमावधि ज्ञानी एक परमाणु भी देखता है।

× × × परमाणुआदियाइं परमाण्वादिकानि अंतिमखधंति आपश्चिम स्कंधादिति मुत्तिदव्वाइं मूर्तिद्रव्याणि जं यस्मात् पस्सदि पश्यति जानीते ताणि तानि पच्चक्खं साक्षात् तं तत् ओहिदंसणं अवधि-दर्शनमिति द्रष्टव्यम्।

परमाणुमादिं कादूण जाव पच्छिमखंधोत्ति ट्ठिदपोग्गलदव्वाणमवगमादो पच्चक्खादो जो पुव्वमेव सुवसत्ती विसयउवजोगो ओहिणाणुप्पत्तिणिमित्तो तं ओहिदंसणमिदि घेत्तव्वं, अण्णहा णाण-दंसणाणं भेदाभावादो × × ×।

—षट्० खण्ड० २। भा १। सू ५६ टीका। पुस्तक ७। पृ० १०२

परमाणु से अन्तिम स्कंध पर्यन्त जितने मूर्तिक द्रव्य हैं उन्हें जिसके द्वारा साक्षात् देखता है या जानता है वह अवधि दर्शन है—ऐसा जानना चाहिए।

परमाणु से लेकर अन्तिम स्कंध पर्यन्त जो पुद्गल द्रव्य स्थित है उनके प्रत्यक्ष ज्ञान से पूर्व ही जो अवधि ज्ञान की उत्पत्ति का निमित्त भूत स्वशक्ति विषयक उपयोग होता है वही अवधि दर्शन है ऐसा ग्रहण करना चाहिए। अन्यथा ज्ञान और दर्शन में कोई भेद नहीं रहता।

·४ केवली को परमाणु पुद्गल का ज्ञान

(क) केवली में एक समय दोनों उपयोग का निषेध

केवली णं भंते! इमं रयणप्पभं पुढविं आगारेहिं हेतूहिं उवमाहिं दिट्ठंतेहिं वण्णेहिं संठाणेहिं पमाणेहिं पडोयारेहिं जं समयं जाणइ तं समयं पासइ जं समयं पासइ तं समयं जाणइ? गोयमा! णो इणट्ठे समट्ठे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ केवली णं इमं रयणप्पभं पुढविं आगारेहिं जाव जं समयं जाणइ णो तं समयं पासइ जं समयं पासइ णो तं समयं जाणइ ? गोयमा ! सागारे से णाणे भवइ अणगारे से दंसणे भवइ, से तेणट्ठेणं जाव णो तं समयं जाणइ। एवं जाव अहेसत्तमं। एवं सोहम्मं कप्पं जाव अच्चुयं गेवेज्जगविमाणा अणुत्तरविमाणा ईसीपब्भारं पुढविं परमाणुपोग्गलं दुपएसियं खंधं जाव अणंतपएसियं खंधं।१९६३।

केवली णं भंते ! इमं रयणप्पभं पुढविं अणागारेहिं अहेतूहिं अणुवमाहिं अदिट्ठंतेहिं अवण्णहिं असंठाणेहिं अपमाणहिं अपडोयारेहिं पासइ, ण जाणइ ? हंता-गोयमा ! केवली णं इमं रयणप्पभं पुढविं अणागारेहिं जाव पासइ, ण जाणइ। से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ केवली णं इमं रयणप्पमं पुढविं अणागारेहिं जाव पासइ ण जाणइ ? गोयमा ! अणगारे से दंसणे भवइ सागारे से णाणे भवइ, से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ केवली णं इमं रयणप्पमं पुढविं अणागारेहिं जाव पासइ ण जाणइ। एवं जाव ईसीपब्भारं पुढविं परमाणुपोग्गलं अणंतपएसियं खंधं पासइ, ण जाणइ।१९६४।

—पण्ण० प ३०। सू १९६३, ६४

केवल ज्ञानी इस रत्नप्रभा पृथ्वी को आकारों से, हेतुओं से, उपमाओं से, दृष्टांतों से, वर्णो से, संस्थानों से, प्रमाणों से और प्रत्यवतारों से जिस समय जानते हैं उस समय नहीं देखते हैं तथा जिस समय देखते हैं उस समय नहीं जानते हैं।

इस कारण यह है कि जो साकार होता है वह ज्ञान होता है और जो अनाकार होता है वह दर्शन होता है। इसलिए जिस समय साकार (ज्ञान) होता है, उस समय अनाकार (दर्शन) ज्ञान नहीं रहेगा, इसी प्रकार जिस समय अनाकार ज्ञान (दर्शन) होगा उस समय साकार ज्ञान नहीं रहेगा। इस कारण से हे गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि केवल ज्ञानी जिस समय जानता है, उस समय देखता नहीं है। जिस समय देखता है, उस समय जानता नहीं है।

इसी प्रकार शर्करा पृथ्वी से यावत् अधः सप्तम नरक पृथ्वी तक के विषय में जानना चाहिए और इसी प्रकार का कथन सौधर्म कल्प से लेकर अच्युत कल्प, ग्रैवेयक विमान, अनुत्तर विमान, ईषत्प्राग्भारा पृथ्वी, परमाणु पुद्गल, द्विप्रदेशिक स्कन्ध यावत् अनन्त प्रदेशी स्कन्ध तक के जानने और देखने के विषय में समझना

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चाहिए। अर्थात् परमाणु पुद्गल व स्कन्ध पुद्गल आदि को जिस समय केवली जानते हैं उस समय देखते नहीं और जिस समय देखते हैं उस समय जानते नहीं हैं।

केवल ज्ञानी इस रत्नप्रभा पृथ्वी को अनाकारों से, अनुपमाओं से, अदृष्टान्तों से, अवर्णों से, असंस्थानों से, अप्रमाणों से और अप्रत्यवतारों से देखते हैं, जानते नहीं हैं। इसका कारण यह है कि—जो अनाकार होता है वह दर्शन (देखना) होता है और साकार होता है वह ज्ञान (जानना) होता है। इस अभिप्राय से हे गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि केवली इस रत्नप्रभा पृथ्वी को अनाकारों से यावत् देखते हैं, जानते नही हैं।

इसी प्रकार (अनाकारों से यावत् अप्रत्यवतारों से शेष छहों नरक पृथ्वियों, वैमानिक देवों के विमानों) यावत् ईषत्प्राग्भारा पृथ्वी, परमाणु पुद्गल, द्विप्रदेशी स्कन्ध यावत् अनन्त प्रदेशी स्कन्ध को केवली देखते हैं, किन्तु जानते नहीं हैं—यह कहना चाहिए।

·५ स्कन्ध पुद्गल का ज्ञान

केवली णं भंते ! परमाणुपोग्गलं परमाणुपोग्गलेत्ति जाणइ पासइ ? एवं चेव (हंता, जाणइ पासइ), एवं दुपएसियं खंधं, एवं जाव—जहा णं भंते ! केवली अणंतपएसियं खंधं अणंतपएसिए खंधेत्ति जाणइ पासइ तहा णं सिद्धे वि अणंतपएसियं जाव पासइ ? हंता, जाणइ, पासइ।

—भग० श १४। उ १०। सू १५३-५४। पृ० ६५३

केवली ज्ञानी परमाणु पुद्गलों को जानते हैं, देखते हैं चूंकि केवल ज्ञानी परमाणु पुद्गल को—यह परमाणु पुद्गल है—इस प्रकार जानते हैं, देखते हैं।

इसी प्रकार केवल ज्ञानी द्विप्रदेशी स्कन्ध यावत् अनन्त प्रदेशी स्कन्ध को जानते हैं, देखते हैं।

इसी प्रकार सिद्ध भी परमाणु पुद्गल को जानते हैं, देखते हैं।

द्विप्रदेशी स्कन्ध से यावत् अनन्त प्रदेशी स्कन्ध को सिद्ध जानते हैं, देखते हैं।

नोट—यहाँ केवली शब्द से 'भवस्थ केवली' को ग्रहण करना चाहिए। अतः सिद्ध के विषय में पृथक् प्रश्न किया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·६ छद्मस्थ को पुद्गल का ज्ञान

(क) छउमत्थे णं भंते ! मणूसे परमाणुपोग्गलं किं जाणइ पासइ, उदाहु न जाणइ न पासइ ? गोयमा ! अत्थेगइए जाणइ न पासइ, अत्थेगइए न जाणइ न पासइ ।

—भग० श १८ । उ ८ । सू ७ । पृ० ७७७

(ख) छउमत्थे णं भंते ! मणूसे दुपएसियं खंधं किंजाणइ पासइ ? एवं चेव । एवं जाव-असंखेज्जपएसियं । छउमत्थे णं भंते ! मणूसे अणंत-पएसियं खंधं किं-पुच्छा । गोयमा ! अत्थेगइए जाणइ पासइ १, अत्थे-गइए जाणइ न पासइ २, अत्थेगइए न जाणइ पासइ ३, अत्थेगइए न जाणइ न पासइ ।

—भग० श १८ । ८ । सू ८, ९ । पृ० ७७७

छदमस्थ मनुष्य द्विप्रदेशी स्कन्ध को न जानता है, न देखता है । इसी प्रकार यावत् संख्यात प्रदेशी स्कन्ध तथा असंख्यात प्रदेशी स्कन्ध को न जानता है, न देखता है ।

छद्मस्थ मनुष्य में से अनंतप्रदेशी स्कंध को १—कतिपय जानते हैं, देखते हैं, २—कतिपय जानते हैं, देखते नहीं हैं ३—कतिपय नहीं जानते हैं पर देखते हैं और ४—कतिपय न जानते हैं, न देखते हैं ।

नोट—टीकाकार ने यहाँ छदमस्थ का अर्थ विशिष्ट अवधि ज्ञान रहित किया है ।

·७ निर्जरा के पुद्गलों का ज्ञान

नेरइया णं भंते ! ते निज्जरापोग्गले किं जाणंति-पासंति ? आहारेंति ? उदाहु न जाणंति-पासंति, न आहारेंति ?

मागंदिया पुत्ता । नेरइयाणं ते निज्जरापोग्गले न जाणंति, न पासंति, आहारेंति । एवं जाव पंचिंदियतिरिक्खजोणिया ।

—भग० श १८ । उ ३ । सू ६८

नारकी उन निर्जरा पुद्गलों को जानते-देखते नहीं हैं परन्तु आहार रूप में ग्रहण करते हैं । इस प्रकार यावत् पंचेन्द्रियतिर्यंचयोनिक तक जानना चाहिए ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मणुस्सा णं भंते, णिज्जरापोग्गले किं जाणंति पासंति आहारेंति, उदाहु ण जाणति ण पासंति ण आहारेंति ?

मागंदिय पुत्ता। अत्थेगइया जाणंति, पासंति, आहारेंति। अत्थेगइया न जाणंति, न पासंति, आहारेंति।

से केणट्ठेणं ! एवं वुच्चइ-अत्थेगइया जाणंति-पासंति, आहारेंति ? अत्थेगइया न जाणंति, न पासंति, आहारेंति ?

मागंदिय पुत्ता। मणुस्सा दुविहा पण्णत्ता, तंजहा-संण्णिभूया य, असण्णिभूया य। तत्थणं जे ते असण्णिभूया य ते णं न जाणंति न पासंति, आहारेंति। तत्थणं जे ते सण्णिभूया ते दुविहा पण्णत्ता, तंजहा—उववत्ता य अणुवउत्ता य। तत्थणं जे ते अणुवउत्ता ते णं न जाणंति न पासंति, आहारेंति। तत्थणं जे ते उवउत्ता तेणं जाणति पासंति, आहारेंति। से तेणट्ठेणं मागंदिय पुत्ता ; एवं वुच्चइ-अत्थेगइया न जाणंति न पासंति, आहारेंति। अत्थेगइया जाणंति पासंति, आहारेंति।

वाणमंतर-जोइसिया जहा नेरइया। (वेमाणिया) जहा मणुस्सा।

—भग० श १८। उ ३। सू ६९, ७०

कतिपय मनुष्य निर्जरा के पुद्गलों को जानते-देखते हैं और आहार रूप में ग्रहण करते हैं और कतिपय मनुष्य नहीं जानते हैं, नहीं देखते हैं परन्तु आहार रूप से ग्रहण करते हैं। इसका अभिप्राय यह है—

मनुष्य दो प्रकार के कहे गये हैं। संज्ञी भूत और असंज्ञीभूत। जो असंज्ञीभूत हैं वे निर्जरा के पुद्गलों को नहीं जानते हैं, नहीं देखते हैं किन्तु आहार रूप से ग्रहण करते हैं। जो संज्ञीभूत है वे दो प्रकार के कहे गये हैं यथा—उपयुक्त और अनुपयुक्त। जो अनुपयुक्त हैं, वे नहीं जानते हैं, नहीं देखते हैं किन्तु आहार रूप से ग्रहण करते हैं। और जो उपयुक्त है वे जानते हैं, देखते हैं और आहार रूप से ग्रहण करते हैं। इसलिये ऐसा कहा गया है कि कुछ मनुष्य नहीं जानते हैं, नहीं देखते और आहार रूप से ग्रहण करते हैं तथा कुछ जानते हैं, देखते हैं और आहार रूप से ग्रहण करते हैं। वाणव्यन्तर और ज्योतिषी देवों का कथन नैरयिकों के समान जानना चाहिए। वैमानिक देवों का कथन मनुष्य के समान जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·२५ पुद्गल के भेद और उनके उदाहरण

·१ अणु तथा स्कंध

(पुद्गलाः) अणवः स्कन्धाश्च ।

—तत्त्व० अ ५ । सू २५ । पृ० २७४

पुद्गल के दो भेद होते हैं, यथा—अणु और स्कन्ध ।

·२ अनन्त भेदा अपि पुद्गला अणुजात्या स्कंधजात्या च ।

—सर्वसि० अ ५ । सू २५

× × × **तत्राणवोऽबद्धाः, स्कंधास्तु बद्धाएवेति ।**

—तत्त्वभा० अ ५ । सू २५ पर भाष्य

परमाणु अबद्ध होते हैं अर्थात् वे परस्पर में असंश्लिष्ट होते हैं तथा स्कंध बद्ध होते हैं अर्थात् जब उन परमाणुओं का संश्लेष होकर संघात बन जाता है तब उसको स्कंध कहते हैं ।

·३ अणुखंधवियप्पेण दु, पोग्गलदव्वं हवेइ दुवियप्प ।
खंधा हु छप्पयारा, परमाणू चेव दुवियप्पो ।।

—नियः अ २ । गा २०

पुद्गल द्रव्य के दो प्रकार है—परमाणु पुद्गल और स्कंध पुद्गल । स्कंध-पुद्गल के छः प्रकार हैं । परमाणु दो प्रकार के हैं—कारण परमाणु और कार्य परमाणु ।

·४ राज टीका—उभयात्र जात्यापेक्षं बहुवचनं—अनन्तभेद अपि पुद्गला अणुजात्या स्कन्ध जात्या × × × ।

द्व विध्यमापद्यमानाः सर्वे गृह्यंत इति तद्‌जात्यावानन्तभेदसंसूचनार्थ बहुवचनं क्रियन्ते ।

—तत्त्वराज० अ ५ । सू २५

अर्थात् । 'अणव, स्कन्धा' इन बहुवचनात्मक शब्दों का व्यवहार जाति अपेक्षा से किया गया है । अणुजातियों और स्कंध जातियों की अपेक्षा अनंत भेद वाले होते है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणु तथा स्कंध इन दो भेदों में सभी पुद्गल ग्रहण हो जाते हैं, लेकिन इन दो भेदों की जातियों के आधार पर अनंत भेदों को बतलाने के लिए ही संसूचनार्थ बहुवचनों का प्रयोग किया गया है।

·५ स्पर्शरसगंधवर्णवंतोऽणवः। स्कंधाः पुनः शब्दबंधसौक्ष्म्यस्थौल्य-संस्थानभेदतमश्छायातपोद्योतवंतश्च।

—सर्वसि० अ ५। सू २५

परमाणु स्पर्श, रस, गंध और वर्णवान् होता है। शब्द, बंध, सौक्ष्म्य, स्थौल्य, संस्थान, भेद, तप, छाया, आतप, उद्योत—ये सब स्कंध पुद्गल है।

·२५ पुद्गल के भेद व उनके उदाहरण

·६ चार भेद

सुहुमु थूलु वज्जरइ स-मद्दउ॥
थूलु - सुहुमु - जोण्हा - छायाइउ।
थूलु सलिलु वीरेण णिवेइउ॥
थूलु - थूलु पुणु धरणी - मंडलु।
सग्ग - विमाण - पडलु मणि - णिम्मलु॥
सुहुमइँ कम्माइयइँ स णामइँ।
मण - भासा - वग्गण - परिणामइँ॥

—वीरजि० संधि १२। कड १०

पुद्गल द्रव्य में सूक्ष्म, स्थूल, स्थूलसूक्ष्म और स्थूल स्थूल—ये चार प्रकार पाये जाते है।

प्रकाश और छाया—ये पुद्गल द्रव्य स्थूल-सूक्ष्म के उदाहरण है। स्थूल का उदाहरण जल है। स्थूल-स्थूल का यह धरणी मण्डल, एवं मणियों के समान स्वर्ग विमानपटल सूक्ष्म पुद्गल अपने-अपने नामों वाले नाना कर्मों के रूप में पाया जाता है, तथा मन और भाषा रूप वर्गणायें उसीके परिणमन है। ऐसा भगवान् ने दयापूर्वक कहा है।

·७ छह भेद

(क) बादरबादर, बादर, बादरसुहुमंच सुहुमथूलं च।
सुहुमं च सुहुमसुहमं च धरादियं होदि छब्भेयं॥

—गोजी० गा ६०२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुद्गल के छः भेद हैं—यथा सूक्ष्म-सूक्ष्म, सूक्ष्म, सूक्ष्मबादर, बादरसूक्ष्म, बादर और बादरबादर।

(ख) ते होंति छप्पयारा तेलोक्कं जेहिं णिप्पण्णं ॥७६॥

—पंचश्वे०। श्लो ७६

टीका—तथैव च बादरसूक्ष्मत्वपरिणामविकल्पैः षट्प्रकारतामापद्य त्रैलोक्यरूपेण निष्पद्य स्थितवंत इति। तथाहि—बादरबादराः, बादराः, बादरसूक्ष्माः सूक्ष्मबादराः, सूक्ष्माः, सूक्ष्मसूक्ष्माः इति। तत्र छिन्नाः स्वयं संधानासमर्थाः काष्ठ पाषाणादयो बादरबादराः। छिन्नाः स्वयं संधान-समर्थाः क्षीरघृततैलतोयरसप्रभृतयो बादराः स्थूलोपलंभा अपि छेत्तुं भेत्तुं मादातुमशक्या छायाऽऽतपतमोज्योत्स्नादयो बादरसूक्ष्माः। सूक्ष्मत्वेऽपि स्थूलोपलंभाः स्पर्शरसगंधवर्णशब्दाः सूक्ष्मबादराः सूक्ष्मत्वेऽपि हि करणानु पलभ्याः कर्मवर्गणादयः सूक्ष्माः। अत्यंतसूक्ष्माः कर्मवर्गणाभ्योऽधो द्व्यणुक स्कन्धपर्यन्ताः सूक्ष्मसूक्ष्मा इति।

पुद्गल द्रव्य छः प्रकार का होता है—यथा—१—बादर-बादर, २—बादर, ३—बादर सूक्ष्म, ४—सूक्ष्म बादर, ५—सूक्ष्म तथा ६ सूक्ष्म-सूक्ष्म।

नोट—पुद्गल के सूक्ष्म, बादर दो भेद भी होते हैं। यहाँ इन दो भेदों का विश्लेषण कर ६ भेद कहे गये हैं।

१ बादर-बादर—जिस पुद्गल स्कन्ध का छेदन-भेदन न हो सके किन्तु अन्यत्र प्रायशः सामान्य से हो सके उस पुद्गल स्कन्ध को बादर-बादर कहते हैं। जैसे काष्ठ-पाषाण आदि बादर-बादर है।

२—बादर—जिस पुद्गल स्कन्ध का छेदन-भेदन न हो सके किन्तु अन्यत्र प्रायशः हो सके उस पुद्गल स्कन्ध (तरक LIQUIDS) को बादर कहते हैं—जैसे क्षीर, घृत, तैल, रस आदि बादर है।

३—बादर-सूक्ष्म—जिस पुद्गल स्कन्ध का छेदन-भेदन, अन्यत्र प्रायशः कुछ भी न हो सके, ऐसे नेत्र से दृश्यमान पुद्गल स्कन्ध को बादर-सूक्ष्म कहते हैं—जैसे, छाया आतप, तप, ज्योत आदि बादर-सूक्ष्म है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४—सूक्ष्म-बादर-नेत्र को छोड़कर चार इन्द्रियों के विषयभूत पुद्गल स्कन्ध को (Ultravisi Ble But Intrasensual Matters) सूक्ष्म-बादर कहते हैं। जैसे स्पर्श, रस, गंध, वर्ण, शब्द आदि सूक्ष्म-बादर है।

५—सूक्ष्म—उन सूक्ष्म पुद्गल स्कंधों को जो अतीन्द्रिय (Vetravisible Matters) है उन्हें सूक्ष्म कहते हैं—जैसे कर्म-वर्गणा आदि सूक्ष्म है।

६—सूक्ष्म-सूक्ष्म—सूक्ष्मात् सूक्ष्म परमाणु (Ultimate atom) को सूक्ष्म-सूक्ष्म कहा गया है। अत्यन्त सूक्ष्म है। कर्म वर्गणा से भी नीचे द्विअणु स्कंध पर्यन्त सूक्ष्म-सूक्ष्म है। क्योंकि प्रथमतः यह अत्यन्त सूक्ष्म है—इससे सूक्ष्म और कोई पुद्गल नहीं है।

·२६ पुद्गल स्पर्श-रस-गंध-वर्णवाला है।

स्पर्शादयः परमाणुषु स्कन्धेषु च परिणामजा एवं भवन्ति।

—तत्त्व० अ ५। सू २४ का भाष्य

स्पर्शादि का परिणमन-परमाणु व स्कंध पुद्गलों में होता है।

परिप्राप्त बन्धपरिणामाः स्कन्धा।

—तत्त्व० अ ५। सू २५

परमाणु पुद्गलों के एकीभाव रूप का नाम स्कन्ध है।

·२७ पुद्गल स्कन्ध कितने परमाणु के बने हुए होते हैं।

संखेज्जासंखेज्जाणंता वा होंति पोग्गलपदेसा।
लोगागासेव ठिदो एगपदेसो अणुस्स हवे॥

—गोजी० गा ५८५

संख्यात या असंख्यात या अनन्त परमाणुओं से बने हुए स्कन्ध होते हैं। परमाणु एक प्रदेशी होता है। लोकाकाश में ही यह स्थिति हैं।

एगत्तेण पहुत्तेण, खंधा य परमाणु य।

—उत्त० अ ३६। गा ११

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

समवाय रूप में पुद्गल स्कन्ध है तथा भिन्न-भिन्न रूप में परमाणु है।

नोट—इस को —परमाणु पुद्गल को प्रत्यक्ष से परमावधिज्ञानी तथा केवलज्ञानी ही जान सकते हैं। अन्य जीव कार्य लिंग की अपेक्षा अनुमान से जान सकते हैं।

·३०·४९ परमाणु पुद्गल

·३१ परमाणु पुद्गल के गुण

·३१·१ द्रव्यत्व

(क) परमाणु दव्व एगदव्वं तु।

—विशेभा० गा १३८५। पूर्वार्ध

टीका—तत्र द्रव्ये द्रव्यतः परमाणुमेकं द्रव्यम्।

(ख) एगे भंते! पोग्गलत्थिकायपएसे किं दव्वं, दव्वदेसे, दव्वाइं, दव्वदेसा; उदाहु दव्वं च दव्वदेसे य, उदाहु दव्वं च दव्वदेसा य, उदाहु दव्वाइं च दव्वदेसे य, उदाहु दव्वाइं च दव्वदेसा य? गोयमा! सिय दव्वं, सिय दव्वदेसे, णो दव्वाइं, णो दव्वदेसा, णो दव्वं च दव्वदेसे य, जाव णो दव्वाइं च दव्वदेसा य।

—भग० श ८। उ १०। सू १७। पृ० ५७१-२

टीका - पुद्गलास्तिकाय एकाणुकाऽऽदिषु पुद्गलराशेः प्रदेशो निरंशोंऽशः पुद्गलास्तिकाय प्रदेशः परमाणुः द्रव्यं गुणपर्याययोगिद्रव्यदेशो द्रव्यावयवः। एवमेकत्व बहुत्वाभ्यां प्रत्येकं विकल्पा श्चत्वारो द्विकसंयोगा अपि चत्वार एवेति प्रश्नाः। उत्तरं तु स्याद् द्रव्यं द्रव्यान्तरासंबंधे सति, स्याद् द्रव्यदेशो द्रव्यान्तरसंबंधे सति, शेष विकल्पानां तु प्रतिषेधः परमाणुरेकत्वेन बहुत्वस्य द्विकसंयोगस्यचाऽभावादिति।

एक, द्वय अणुक आदि पुद्गल राशि-पिंड-स्कंध के निरंश-अविभाज्य अंश को पुद्गलास्तिकाय का प्रदेश कहते हैं।

परमाणु को द्रव्य कहते हैं क्योंकि वह गुणपर्याय युक्त होता है। लेकिन जब वह परमाणु किसी स्कंध का अंश होता है तब द्रव्य देश - द्रव्य का अवयव कहलाता

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है। स्वतन्त्र परमाणु अप्रदेशी कहलाता है लेकिन किसी स्कंध में जड़ित परमाणु 'प्रदेश' वा द्रव्य देश कहलाता है।

(ग) × × ×। परमाणूणं परमाणुभावेण सव्वकालमवट्ठाणाभावादो दव्वभावो ण जुज्जदे ? ण पोग्गलभावेण उप्पादविणासवज्जिएण परमाणूणं पि दव्वत्तसिद्धीदो।

—षट्० खं० ५, ६। गा ७६। टीका। पु १४। पृ० ५५

यद्यपि परमाणु सदाकाल परमाणु रूप से अवस्थित नहीं रहते हैं तथापि परमाणुओं का पुद्गल रूप से उत्पाद और विनाश नहीं होता है अतः परमाणुओं में द्रव्यत्व सिद्ध होता है।

·३१·२ शाश्वत-अशाश्वत

परमाणु पुद्गल और शाश्वतता और अशाश्वतता।

परमाणु पुद्गल (नित्यता-अनित्यता) शाश्वत् भी है—अशाश्वत भी है।

परमाणुपोग्गले णं भंते ! किं सासए, असासए ? गोयमा ! सिय सासए, सिय असासए। से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ 'सिय सासए, सिय असासए ? गोयमा ! दव्वट्ठयाए सासए, वन्नपज्जवेहिं, जाव फासपज्जवेहिं असासए, से तेणट्ठेणं जाव—सिय सासए, सिय असासए।

—भग० श १४। उ ४। सू ५। पृ० ६९९

परमाणु पुद्गल कथंचिद् शाश्वत-नित्य है और कथंचिद अशाश्वत-अनित्य है। द्रव्यार्थ की अपेक्षा नित्य है क्योंकि परमाणु पुद्गल का स्कंध के साथ अन्तर्भाव हो जाने पर भी उसका परमाणुत्व नष्ट नहीं होता है। वर्णपर्याय यावत् स्पर्शपर्यायों की अपेक्षा अनित्य है क्योंकि परमाणु पुद्गल की पर्यायों का परिणमन होता रहता है।

टीकाकार ने शाश्वत का अर्थ नित्य और अशाश्वत का अर्थ अनित्य किया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·३१ ३ नित्यता/अनित्यता

(क) × × ×। नित्यश्च भवति परमाणुः।

—ठाण० स्था १। सू ४५। टीका में उद्धृत

(ख) 'नित्यश्चेति' द्रव्यास्तिकनयापेक्षयाऽनुज्झितमूर्तिः पर्यायापेक्षया तु नीलादिभिराकारैरनित्य एवेति, न ततः परमणीयोऽस्ति द्रव्यमिति परमाणुः।

(ग) अयं सर्वोऽपि द्रव्यप्रस्तारः सदादि—परमाणुपर्यन्तो नित्यः। × × ×। द्रव्यार्थिकंकस्य सर्वस्य वस्तु नित्यत्वान्नोत्पद्यते न विनश्यति चेति स्थितम्।

—कसापा० भा १। गा १३-१४। टीका। पृ० २१६

परमाणु पुद्गल नित्य है अर्थात् परमाणु पुद्गल का कभी विनाश नहीं होता है। स्कंध रूप परिणमन होकर भी इसका व्यक्तित्व नष्ट नहीं होता है।

द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा परमाणु पुद्गल नित्य है ; पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षा परमाणु पुद्गल अनित्य भी होता है क्योंकि नीलादि आकार अनित्य होते हैं। अतः यहाँ परमाणु पुद्गल को द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा नित्य कहा गया है तथा पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षा अनित्य कहा गया है।

सभी द्रव्य परमाणु समेत नित्य है क्योंकि द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा समस्त द्रव्य नित्य है अतः न कोई वस्तु उत्पन्न होती है, न कोई वस्तु विनष्ट होती है—यह निश्चित है।

(घ) णिच्चो × × ×।

—पंच० गा ८०

जयसेन टीका—'णिच्चो' नित्यः। कस्मात्। 'पदेसदो' प्रदेशतः परमाणोः खलु एकेन प्रदेशेन सर्वदाविनश्वरत्वान्नित्यो भवति।

परमाणु प्रदेश की अपेक्षा नित्य है क्योंकि वह अपने एक प्रदेशत्व को त्रिकाल में भी विनष्ट नहीं करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·३१·४ अजीवत्व

(क) रूविअजीवदव्वा णं भंते ! कइविहा पन्नत्ता ? गोयमा ! चउव्विहा पन्नत्ता, तं जहा—खंधा, खंधदेसा, खंधप्पएसा, परमाणु-पोग्गला।

—पण्ण० प १ । सू ६ । पृ० २६५
—जीवा० प्रति १ । सू ५ । पृ० १०५

परमाणु पुद्गल—अजीव है।

(ख) रूवियाजीवविभत्ती चउव्विधा, तं जहा—खंधा, खंधदेसा, खंध-पएसा, परमाणुपोग्गला।

—सूय० अ ५ । चू० सू ६६

·३१·५ पूरण-गलन स्वभाव

अणूनां निरवयवत्वात् पूरणगलनक्रियाभावात् पुद्गलव्यपदेशाभावप्रसंग इति ; तन्न ; किं कारणम् ? गुणापेक्षया तत्सिद्धेः। रूपरसगंधस्पर्श-युक्ता हि परमाणवः एकगुणरूपादिपरिणताः द्वित्रिचतुःसंख्येयाऽसंख्येयाऽनं-तगुणत्वेन वर्धन्ते, तथैव हानिमपि उपयान्तीति गुणापेक्षया पूरणगलन-क्रियोपपत्तेः परमाणुष्वपि पुद्गलत्वमविरूद्धम्। अथवा गुण उपचार कल्पनम् पूरणगलनयोः भावित्वात् भूतत्वाच्च शक्त्यपेक्षया परमाणुषु पुद्गलत्वोपचारः।

—राज० अ ५ । सू १ । पृ० ४३४

परमाणु पुद्गल शक्ति की अपेक्षा पूरण-गलन धर्मवाला है।

परमाणु पुद्गल में एक गुण, दो गुण, तीन गुण, चार गुण, (पाँच गुण, छह गुण, सात गुण, आठ गुण, नव गुण, दस गुण) सख्यातगुण, असंख्यातगुण तथा अनतगुण—रूप-गंध-रस-स्पर्श की हानि-वृद्धि होती रहती है अतः गुण की अपेक्षा परमाणु पुद्गल पूरण-गलन क्रियावाला है।

·३१·६ अनर्द्ध-अमध्य-अप्रदेशत्व

(क) परमाणुपोग्गले णं भंते ! किं सअड्ढे, समज्झे, सपएसे ; उदाहु अणड्ढे, अमज्झे, अपएसे ? गोयमा ! अणड्ढे, अमज्झे, अपएसे ; णो सअड्ढे, णो समज्झे, णो सपएसे।

—भग० श ५ । उ ७ । सू ९ । प्र० ४८३

(ख) परमाणुपोग्गले णं भंते ! किं सड्ढे अणड्ढे ? गोयमा ! नो सड्ढे, अणड्ढे ।

—भग० श २५ । उ ४ । सू ९ । पृ० ८६८

तओ अच्छेज्जा पन्नत्ता, तंजहा—समये, पएसे, परमाणू १, एवमभेज्जा २, अडज्झा ३, अगिज्झा ४, अणड्ढा ५, अमज्झा ६, अपएसा ७ ।

तओ अविभाइमा पन्नत्ता, तंजहा—समये, पएसे, परमाणू ।

—ठाण० स्था ३ । उ २ । सू १६५ । पृ० २११

टीका—'तओ अच्छेज्जे' त्यादि, छेत्तुमशक्या बुद्धया क्षुरिकाविशस्त्रेण वेत्यच्छेद्याः, छेद्यत्वे समयादि त्वायोगादिति । समयः-कालविशेषः प्रदेशो-धर्माधर्माकाशजीवपुद्गलानां निरवयवोंऽशः परमाणुः-अस्कंध पुद्गल इति उक्तं च —"सत्थेण सुतिक्खेणवि छेत्तुं भेत्तुं च जं किर न सक्का। तं परमाणुं सिद्धा वयंति आइं परमाणाणं ॥१॥ त्ति, 'एव' मिति पूर्व-सूत्राभिलापसूचनार्थं इति, अभेद्याः सूच्यादिना अदाह्या अग्निक्षारादिना अग्राह्या हस्तादिनां न विद्यतेऽर्द्धं येषामित्यनर्द्धा विभागद्वयाभावात्, अमध्या विभागत्रयाभावात् अत एवाह—'अप्रदेशाः' निरवयवाः, अत एवाविभाज्या-विभक्तुमशक्याः, अथवा विभागेन निर्वृत्ता विभागिमास्तन्नि-षधाद विभागिमाः ।

(ग) अपदेसो परमाणू तेण पदेसुब्भवो भणिदो ।

—प्रव० अ २ । गा ४५ । उत्तरार्ध

(घ) परमाणुरप्रदेशो वर्णादिगुणेषु भजनीयः ।

—प्रशम० श्लो २०८ । उत्तरार्ध

टीका—परमाणुस्तु न स्कंधशब्दाभिधेयोऽप्रदेशत्वात् । न हि तस्य द्रव्यप्रदेशाः सन्त्यन्ये । स्वयमेवासौ प्रदेशः प्रकृष्टोदेशोऽवयवः प्रदेशाः । न ततः परमन्यः सूक्ष्मतमोऽस्ति पुद्गलः । द्रव्यप्रदेशः वर्णगंधरसस्पर्शगुणेषु भजनीयः सेवनीयः । प्रदेशत्वेन सन्निहितस्य वर्णादयोऽवयवास्तैरवयवैः सप्रदेश एवासौ द्रव्यावयवैरप्रदेश इति ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(ङ) द्रव्यमित्यादिमध्यांतमविभागमतींद्रियं।
अविनाश्यग्निशस्त्राद्यैः परमाणुरुदाहृतं॥

—योगसार। अधि २। श्लो १०

(च) परमाणुरनंशकः।

—योगसार० अधि २। श्लो ११

परमाणु पुद्गल अच्छेद्य है, अभेद्य है, अदाह्य है, अग्राह्य है, अनर्द्ध है, अमध्य है, अप्रदेशी है, अविभागी है परन्तु सार्ध नहीं है, समध्य नहीं है और सप्रदेशी भी नहीं है।

बुद्धि द्वारा अथवा क्षुरिकादि के द्वारा (स्कंध से विच्छिन्न) परमाणु पुद्गल का छेदन नहीं होता है अतः परमाणु पुद्गल अच्छेद्य है क्योंकि छेदन करने में समय आदि के अयोग्य होता है। कहा है—"जो सुतीक्ष्ण शस्त्रों के द्वारा भी छेदा-भेदा न जा सके उसे ज्ञानी पुरुष परमाणु कहते हैं और वह अंगुल आदि प्रमाण का आदि—मूल-रूप है। सूची आदि के द्वारा अभेद्य है; अग्नि-क्षार आदि के द्वारा अदाह्य है, हस्तादि के द्वारा जिसके अर्द्धभाग ग्राह्य नहीं है अतः परमाणु पुद्गल अग्राह्य है। दो विभाग का अभाव होने से परमाणु पुद्गल अनर्द्ध है; तीन विभाग का अभाव होने से परमाणु पुद्गल अमध्य है। अतः कहा गया है कि परमाणु पुद्गल अप्रदेशी है, निरवयव है। इस प्रकार परमाणु का विभाग भी संभव नहीं है। अथवा जो विभाग से बने वह विभागवाला और ऐसे विभाग का निषेध होने से परमाणु अविभागी होता है।

(छ) परमाणुपोग्गलाणं भंते! किं सड्ढा, अणड्ढा? गोयमा! सड्ढा वा, अणड्ढा वा।

—भग० २५। उ ४। सू ८७। पृ० ८६८-६९

टीका—परमाणुपोग्गलेत्यादि। यदा बहवोऽणवः समसंख्या भवन्ति तदा सार्द्धाः यदास्तु विषमसंख्यास्तदा अनर्द्धाः। संघातभेदाभ्यामनवस्थितस्वरूपत्वात्तेषामिति।

जब परमाणुओं का समूह होता है तब उनकी संख्या बहुत होती है। और वह संख्या सम होती है तो वे सार्ध होते हैं और यदि संख्या विषम होती है तो वे अनर्द्ध होते हैं। परमाणु की संख्या संघात और भेद के कारण अवस्थित नहीं होती है इसलिए वे कभी समसंख्यक हो जाते हैं तथा कभी विषम-संख्यक हो जाते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·३१ ७ अच्छेद्य-अभेद्यत्व

१ सूक्ष्म परमाणु का अच्छेद्य-अभेद्यत्व

(क) परमाणुपोग्गले णं भंते ! असिधारं वा खुरधारं वा ओगाहेज्जा ? हंता, ओगाहेज्जा। से णं भंते ! तत्थ छिज्जेज्जा वा भिज्जेज्जा वा ? गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे, णो खलु तत्थ सत्थं कमइ, एवं जाव-असंखेज्ज-पएसिओ × × ×।

एवं अगणिकायस्स मज्झंमज्झेणं, तहिं णवरं 'झियाएज्ज' भाणियव्वं, एवं पुक्खलसंवट्टगस्स महामेहस्स मज्झंमज्झेणं, तहिं 'उल्ले सिया' एवं गंगाए महाणईए पडिसोयं हव्वं आगच्छेज्जा, तहिं विणिहायं आवज्जेज्ज, उदगावत्तं वा उदगबिंदु वा ओगाहेज्ज से णं तत्थ परियावज्जेज्ज।

—भग० श ५। उ ७। सू ५, ६, ८। पृ० ४८३

टीका—'परमाणु' इत्यादि 'ओगाहेज्ज' त्ति अवगाहेत आश्रयेत, 'छिद्येत' द्विधाभावं यायात्, 'भिद्येत' विदारणभावमात्रं यायात्। 'नो खलु तत्थ सत्थंकमइ' त्ति परमाणुत्वात्, अन्यथा परमाणुत्वमेव न स्याद् इति × × ×। 'उल्ले सिय' त्ति आर्द्रो भवेत्, 'विणिहायं आवज्जेज्ज' त्ति प्रतिस्खलनम् आपद्येत, 'परियावज्जेज्ज' त्ति पर्यापद्येत विनश्येत्।

परमाणु पुद्गल तलवार की या क्षुरधार (उस्तरे की धार) पर रह सकता है। उस तलवार की धार या क्षुर की धार पर स्थित परमाणु पर शस्त्र का आक्रमण नहीं हो सकता अतः तत्र स्थित परमाणु पुद्गल छिन्न-भिन्न नहीं होता है।

इसी प्रकार परमाणु पुद्गल अग्निकाय के बीचो-बीच में प्रवेश कर वहाँ स्थित रह कर भी परमाणु पुद्गल दग्ध नहीं होता है।

इसी प्रकार परमाणु पुष्कर संवर्तक नामक महामेघ के मध्य में प्रवेश कर सकता है परन्तु तत्र स्थित रह कर भी परमाणु पुद्गल आर्द्र भाव (गीलापन) को प्राप्त नहीं होता है।

इसी प्रकार गंगा महानदी के प्रतिश्रोत—प्रवाह में प्रवेश कर सकता है परन्तु तत्र स्थित रह कर भी परमाणु पुद्गल प्रतिस्खलित नहीं होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसी प्रकार उदगावर्त अथवा उदक बिन्दु में प्रवेश कर सकता है परन्तु तत्र स्थित परमाणु पुद्गल विनष्ट नहीं होता है।

टीकाकार ने कहा है कि परमाणु में शस्त्र प्रवेश नहीं कर सकता है। यदि परमाणु में शस्त्र प्रवेश मान लिया जाय तो उसके परमाणुत्व की स्थिति नहीं बनती अर्थात् उसमें परमाणुत्व गुण का निरूपण नहीं किया जा सकता है।

(ख) छहिं ठाणेहिं सव्वजीवाणं णत्थि इड्डीति वा जुत्तीति वा, [जसेइ वा बलेति वा वीरिएइ वा पुरिसक्कार] (जाव) परक्कमेति वा, तंजहा × × × परमाणुपोग्गलं वा छिंदित्तए वा भिंदित्तए वा अगणिकातेण वा समोदहित्तते × × ×।

—ठाण० स्था ६। सू ४७९ पृ० २६९-७०

टीका—'छहो' त्यादि, षट्सु स्थानेषु सर्वजीवानां संसारिमुक्तरूपाणां नास्ति ऋद्धिः–विभूतिः, इतीति-एवंप्रकारा × × × परमाणुपुद्गलं वा छेत्तुं वा खड्गादिना द्विधा कृत्व भेत्तुं वा शूच्यादिना वा विध्या छेदादौ परमाणुत्व-हानेः अग्निकायेन समयदग्धुमिति सूक्ष्मत्वेन। दाहृयत्तस्येति।

कोई भी जीव अपनी ऋद्धि यावत् पराक्रम आदि से परमाणुपुद्गल के खड्ग आदि के द्वारा दो विभाग नहीं कर सकते हैं, सूची के द्वारा छेद नहीं सकते हैं, अग्निकाय में जला नहीं सकते हैं क्योंकि परमाणुपुद्गल सूक्ष्म है, अदाह्य है।

२ व्यावहारिक परमाणु का अच्छेद्य-अभेद्यत्व

(क) से किं तं वावहारिए ? वावहारिए अणंताणं सुहुमपरमाणु-पोग्गलाणं समुदयसमिइसमागमेणं से एगे वावहारिए परमाणुपोग्गले निप्फज्जइ। से णं भंते ! असिधारं वा खुरधारं वा ओगाहेज्जा ? हंता ! ओगाहेज्जा। से णं तत्थ छिज्जेज्ज वा ? नो इणट्ठे समट्ठे, नो खलु तत्थ सत्थ कमइ। से णं भंते ! अगणिकायस्स मज्झं-मज्झेणं वीतीवदेज्जा ? हंता ! वितीवदेज्जा। से णं तत्थ डहेज्जा ? नो इणट्ठे समट्ठे, नो खलु तत्थ सत्थं कमइ।

से णं भंते ! पुक्खलसंवट्टयस्स महामेहस्स मज्झं-मज्झेणं वीतीवदेज्जा ? हंता ! वीतीवदेज्जा। से णं तत्थ उदउल्ले सिया ? नो इणट्ठे समट्ठे, नो खलु तत्थ सत्थं कमइ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

से णं भंते ! गंगाए महानइए पडिसोयं हव्वमागच्छेज्जा ? हंता ! हव्वमागच्छेज्जा। से ण तत्थ विणिघायमावज्जेज्जा ? नो इणट्ठे समट्ठे, नो खलु तत्थ सत्थं कमइ।

से णं उदगावत्तं वा उदगबिंदु वा ओगाहेज्जा ? हंता। ओगाहेज्जा। से णं तत्थ कुच्छेज्ज वा परियावज्जेज्ज वा ? नो इणट्ठे समट्ठे, नो खलु तत्थ सत्थं कमइ।

सत्थेण सुतिक्खेण वि छेत्तुं भेत्तुं व जं किर न सक्का।
तं परमाणू सिद्धा वयंति आवी पमाणाणं॥

—अणुओ० सू ३४२-३४३। पृ० ११२५

—जंबु० वक्ष २। सू १९ पृ० ५४३ संक्षिप्त

(ख) सत्थे ण सुतिक्खेण वि छेत्तुं च जं किर न सक्का।
तं परमाणुं सिद्धा वयंति आइं पमाणाणं॥

—भग० श ६। उ ७। सू ६। पृ० ५०३

टीका—यद्यपि च नैश्चयिकपरमाणोरपि इदमेव लक्षणम्, तथापीह प्रमाणाधिकाराद् व्यावहारिक परमाणुलक्षणमिदम्।

(ग) अणुशब्देन व्यवहारेण पुद्गला उच्यन्ते, निश्चयेन तु वर्णादिगुणानां पूरण-गलनयोगात्पुद्गला इति। वस्तुवृत्त्या पुनरणुशब्दः सूक्ष्मवाचकः।

—वृद्रसं० गा २६। टीका

अनंत सूक्ष्म परमाणु पुद्गलों के समुदाय की समिति के समागम से एक व्यावहारिक परमाणु पुद्गल होता है।

वास्तव में व्यावहारिक परमाणु पुद्गल स्कंध होता है लेकिन अत्यन्त सूक्ष्मता के कारण इसको व्यावहारिक परमाणु पुद्गल कहा जाता है और इसे केवली भगवान अन्य स्कंधों का आदि भूत प्रमाण कहते हैं।

व्यावहारिक परमाणु पुद्गल तलवार की धार या क्षुर की धार पर रह सकता है। उस तलवार की धार या क्षुर की धार पर स्थित व्यावहारिक परमाणु पर शस्त्र का आक्रमण नहीं हो सकता है अतः तत्र स्थित व्यावहारिक परमाणु पुद्गल छिन्न-भिन्न नहीं हो सकता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

व्यावहारिक परमाणु पुद्गल अग्निकाय के बीचों-बीच में प्रवेश कर वहाँ स्थित रहकर भी व्यावहारिक परमाणु पुद्गल दग्ध नहीं होता है।

व्यावहारिक परमाणु पुद्गल पुष्कर संवर्तक नामक महामेघ के मध्य में प्रवेश कर सकता है परन्तु तत्र स्थित रहकर भी व्यावहारिक परमाणु पुद्गल आर्द्रभाव (गीलापन) को प्राप्त नहीं होता है।

व्यावहारिक परमाणु पुद्गल गंगा महानदी के प्रतिस्रोत— प्रवेश कर सकता है परन्तु तत्र स्थित रहकर भी व्यावहारिक परमाणु पुद्गल प्रतिस्खलित नहीं होता है।

व्यावहारिक परमाणु पुद्गल उदगावर्त अथवा उदगबिंदु में प्रवेश कर सकता है परन्तु तत्र स्थित व्यावहारिक परमाणु पुद्गल विनष्ट नहीं होता है।

·३ द्रव्य रूप से अच्छेद्य, गुण रूप से छेद्य भी है।

अछेज्जस्स परमाणुस्स कथं छेदो कीरदे ? ण एस दोसो, तस्स दव्वमेव अछेज्जं, ण गुणा इदि अब्भुवगमादो।

—षट्० खण्ड ४, २, ७। सू १९९। टीका। पृ० ९३

द्रव्य की अपेक्षा परमाणु अच्छेद्य है परन्तु गुण की अपेक्षा छेद्य भी है।

·३१ ८ उपचारतः-अस्तिकायत्व

एयपदेसो वि अणू णाणाखंधप्पदेसदो होदि।
बहुदेसो उवयारा तेण य काओ भणंति सव्वण्हु॥

बृद्रसं० गा २६

टीका—'एयपदेसो वि अणू णाणाखंधप्पदेसदो होदि बहुदेसो' एक प्रदेशोऽपि पुद्गलपरमाणुर्नानास्कंधरूपबहुप्रदेशतः सकाशाद् बहुप्रदेशो भवति। 'उवयारा' उपचाराद् व्यवहारनयात् "तेण य काओ भणंति सव्वण्हु" तेन कारणेन कायमिति सर्वज्ञा भणंतीति।

यद्यपि परमाणु पुद्गल एक प्रदेशी होता है तथापि नाना प्रकार के स्कंध रूप बहुप्रदेशों के कारण बहुप्रदेशी होता है। उपचार अर्थात् व्यवहारनय से सर्वज्ञ भगवान उसे 'काय' कहते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·३१·९ रूपित्व-मूर्तत्व

(क) (परमाणू) सो सस्सदो असद्दो एक्को अविभागी मुत्तिभवो।

—पंच० श्लो० ७७

जयसेन टीका—'मुत्तिभवो अमूर्तात्परमात्म द्रव्याद्विलक्षणा या तु स्पर्शरसगंधवर्णवती मूर्तिस्तया समुत्पन्नत्वात् मूर्तिभवः इति सूत्राभिप्रायः।

(ख) 'रूपमेषामस्त्येषु वाऽस्तीति रूपिणइति'। एषामिति पुद्गलानां परमाणुद्व्यणुकादिक्रमभाजाम्, उक्तलक्षणं रूपं मूर्तिः साविद्यतइति रूपिणः।

—तत्त्व सिद्ध० अ ५। सू ४। पृ० ३२५

(ग) खंधा य खंधदेसा य तप्पएसा तहेव य।
परमाणुणो य बोद्धव्वा, रूविणो य चउव्विहा॥

—उत्त० अ ३६। गा १०। पृ० १०५०

परमाणु पुद्गल रूपी है—मूर्तिवान् है। वर्ण-गंध-रस-स्पर्श गुणों के कारण परमाणु पुद्गल को मूर्तिवान कहा है।

·३१·१० वर्ण-गंध-रस-स्पर्श

(क) भावपरमाणू णं भंते। कइविहे पन्नत्ते? गोयमा! चउव्विहे पन्नत्ते, तंजहा—१ वन्नमंते, २ गंधमंते, ३ रसमंते, ४ फासमंते।

—भग० श २०। उ ५। सू १६। पृ० ८०२

(ख) परमाणुपोग्गले णं भंते! कइवन्ने, जाव (कइगंधे, कइरसे,) कइफासे पन्नत्ते? गोयमा! एगवन्ने, एगगंधे, एगरसे, दुफासे पन्नत्ते।

—भग० श १८। उ ६। सू ५। पृ० ७७२

टीका—'परमाणुपोग्गले ण' मित्यादि, इह च वर्णगंधरसेसु पंच द्वौ पंच च विकल्पाः 'दुफासे' त्ति स्निग्धरूक्षशीतोष्णस्पर्शानामन्यतराविरुद्धस्पर्शद्वय-युक्तं इत्यर्थः, इह च चत्वारो विकल्पाः शीतस्निग्धयोः शीतरूक्षयोः उष्ण-स्निग्धयोः उष्णरूक्षयोश्च संबंधादिति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(ग) परमाणुपोग्गले णं भंते ! कइवन्ने, कइगंधे, कइरसे, कइफासे पन्नत्ते ? गोयमा ! एगवन्ने, एगगंधे, एगरसे, दुफासे पन्नत्ते, तंजहा— जइ एगवन्ने सियकालए, सियनीलए, सिय लोहिए, सिय हालिद्दए, सिय सुक्किल्लए, जइ एगगंधे सिय सुब्भिगंधे, सिय दुब्भिगंधे, जइ एगरसे सिय तित्त, सिय कडुए, सिय कसाए, सिय अंबिले, सिय महुरे, जइ दुफासे सिय सीए य निद्धे य १ सिय सीए य लुक्खे य २ सिय उसिणे य निद्धे य ३ सिय उसिणे य लुक्खे य।

—भग० श २० । उ ५ । सू १ । पृ० ७९३

(घ) परमाणुः एकरसवर्णगंधो द्विस्पर्शः ।

—ठाण० स्था ५ । सू ५ । टीका में उद्धृत

(ङ) रूपरसगंधस्पर्शयुक्ता हि परमाणवः एक गुणरूपादिपरिणता।

—तत्त्व० राज० अ ५ । सू १ । पृ० ४३४ । ला १८

(च) स्पर्शरसगंधवर्णवंतोणवः ।

—तत्त्व० श्लो० अ ५ । सू २५ । टीका

परमाणुपुद्गल में एक वर्ण, एक गंध, एक रस तथा दो स्पर्श होते हैं ।

एक वर्ण हो तो कदाचित् कृष्णवर्ण, कदाचित् नीलवर्ण, कदाचित् रक्तवर्ण, कदाचित् पीतवर्ण व कदाचित् शुक्लवर्ण होता है ।

एक गंध हो तो कदाचित् सुगंध, कदाचित् दुर्गन्ध होती है ।

एक रस हो तो कदाचित् तिक्त रस, कदाचित् कटु रस, कदाचित् कषायरस, कदाचित् आम्ल रस तथा कदाचित् मधुररस होता है ।

दो स्पर्श हो तो कदाचित् शीत और स्निग्ध, कदाचित् शीत और रूक्ष, कदाचित् उष्ण और स्निग्ध तथा कदाचित् उष्ण और रूक्ष होता है ।

अतः परमाणु के पाँच वर्णों में से कोई एक ही वर्ण होता है, दो गंधों में से कोई एक गंध होती है और पाँच रसों में से कोई एक रस होता है तथा चार स्पर्शों में कोई दो अविरोधी स्पर्श होते हैं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(छ) (परमाणुः) पंचानां रसानां द्वयोर्गंधयोः पंचविधस्य वर्णस्यान्यतमेनैकेन रसादिना युक्तः चतुर्णां स्पर्शानां मध्ये स्पर्शद्वयेनाविरुद्धेन युक्तः ।

—तत्त्वसिद्ध० अ ५ । सू २४ । पृ० ३६६

(ज) एयरसरूवगंधं दो फासं तं हवे सहावगुणं।
विहावगुणमिदि भणिदं, जिणसमये सव्वपयडत्तं ॥

—नियम० गा २७

परमाणुपुद्गल स्वभाव पुद्गल है और उसमें एक रस, एक वर्ण, एक गंध और दो अविरोधी स्पर्श होते हैं लेकिन विभाव गुण रूप विभाव पुद्गल भी होते हैं वे दो अणु आदि से लेकर संख्यात, असंख्यात और अनंत अणुओं के स्कंध रूप होते हैं—वे विभाव गुणधारी है ।

उपरोक्त स्वभाव और विभाव पुद्गलों का वर्णन जैन आगमो में स्पष्ट रूप से कथन किया गया है ।

·३१·११ अगुरुलघु

(क) सुहुमाणंतपदेसा, अगुरुलहू जाव परमाणू ॥

—विह० उ १ । सू ३४ । भाष्य गा २६८७

टीका—यानि च सूक्ष्मपरिणामपरिणतानि अनंतप्रादेशिकादीनि परमाणुपुद्गलं यावद् द्रव्याणि तानि सर्वाण्यगुरुलघूनि ।

(ख) × × ×। अगुरुलहूचउफासा अरूविदव्वा य होंति नायव्वा, सेसाओ अट्ठफासा अगुरूलहुया निच्छणयस्स चउफासा त्ति सूक्ष्मपरिणामानि, 'अट्ठफास' त्ति बादराणि ।

—भग० श १ । उ ९ । सू २८७ । टीका

(ग) अगुरुलहुपरिणामो परमाणूओ आरब्भ जाव असंखेज्जपदेसिया खंधा सुहुमपरिणयावि खंधा अगुरुलहुगा चेव ।

—सूय० अ १ चू० गा २५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चार स्पर्श (शीत-उष्ण-स्निग्ध-रूक्ष) वाले जो सूक्ष्म पुद्गल है वे अगुरुलघु हैं। परमाणुपुद्गल में चार स्पर्शों में से कोई दो अविरोधी स्पर्श होते हैं अतः परमाणु पुद्गल अगुरुलघु है।

·३१·१२ परिणमन

(क) रूपरसगंधस्पर्शयुक्ता हि परमाणवः एकगुणरूपादिपरिणताः द्वित्रिचतुः संख्येयाऽसंख्येयाऽनंतगुणत्वेन वर्धन्ते, तथैव हानिमपि उपयान्तीति × × ×।

—राज० अ ५। सू १। पृ० ४३४

(ख) अण्णणिरावेक्खो जो, परिणामो सो सहावपज्जावो॥

—नियम० अधि २। गा २८। पूर्वार्ध

रूप-रस-गंध-स्पर्श युक्त परमाणु पुद्गल में एक गुण, दो गुण, तीन गुण, चार गुण, (पाँच गुण, छह गुण, सात गुण, आठ गुण, नौ गुण, दस गुण) संख्यात गुण, असंख्यात गुण और अनंत गुण रूप-रस-गंध-स्पर्श गुणों की हानि-वृद्धि होती रहती है अतः परमाणु पुद्गल परिणामी है।

परमाणु पुद्गल में स्वभाव पर्याय होती है। जो परिणमन अन्य की अपेक्षा से नहीं होता है उसे स्वभाव पर्याय कहते हैं। परमाणु पुद्गल का परिणमन पर की अपेक्षा रहित होता है।

(ग) × × × परिणाम गुणो × × ×।

—पंच० गा० ७८

अमृत टीका—परिणामवशात् विचित्रो हि परमाणो परिणामगुणः क्वचित्कस्यचिद्रूपस्य व्यक्ताव्यक्तत्वेन विचित्रां परिणतिमादधाति।

पर्यायों के कारण परमाणु पुद्गल में नाना प्रकार के परिणाम गुण होते हैं। कहीं पर किसी एक गुण की प्रगटता-अप्रगटता के कारण नाना प्रकार की परिणति को धारण करते हैं।

·३१·१३ परमाणुपुद्गल जीव के परिभोग में नहीं आता

धम्मत्थिकाए, अधम्मत्थिकाए, आगासत्थिकाए, जीवे असरीरपडिबद्धे, परमाणुपोग्गले, सेलेसिं पडिवन्नए अणगारे × × ×। एए णं दुविहा जीवदव्वा य अजीवदव्वा य जीवाणं परिभोगत्ताए नो हव्वमागच्छंति।

—भग० श० १८। उ ४। सू १। पृ० ७६९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परमाणु पुद्गल—जीव के परिभोग में नहीं आता है।

नोट—द्विप्रदेशी स्कंध यावत् संख्यात प्रदेशी स्कंध तथा असंख्यात प्रदेशी स्कंध भी जीव के परिभोग में नहीं आते हैं। व्यावहारिक परमाणु—जो अनंत प्रदेशी स्कंध से बना हुआ है वह भी जीव के परिभोग में नहीं आता।

·३१ ३४ अनवकाश-सावकाश नहीं है

× × × णाणवकासो ण सावकासो × × ×।

—पंच० गा० ८०

जयसेन टीका—'णाणवगासो' नानवकाशः किंत्वेकेन प्रदेशेन स्वकीय-वर्णादिगुणानामवकाशदानात्सावकाशः ; 'ण सावगासो' न सावकाशः किंत्वेकेन प्रदेशेन द्वितीयादिप्रदेशाभावान्निरवकाशः।

परमाणु पुद्गल अपने एक प्रदेण में भी स्वकीय वर्णादि गुणों को अवकाश देने में समर्थ है अतः परमाणु पुद्गल सावकाश हैं।

परमाणु पुद्गल अपने एक प्रदेश में स्थान देने में समर्थ नहीं है क्योंकि उसका एक प्रदेश आदि-मध्य-अंतरहित-निर्विभागी है अतः दो आदि प्रदेशों को स्थान देने की उसमें समर्थता नहीं है अतः अवकाश दान देने में असमर्थ कहा जाता है।

·३१·१५ अप्रदेशान्तत्व

× × ×। जं तं तव्वदिरित्तदव्वाणंतं तं दुविहं, कम्माणंतं णोकम्मा-णंतमिदि। × × ×। जं तं णोकम्माणंतं तं कडय-रुजगदीव समुद्रादि एयपदेसादि पोग्गलदव्वं वा। × × ×।

× × × एकप्रदेशे परमाणौ तद्व्यतिरिक्तापरो द्वितीयः प्रदेशोऽन्त-व्यपदेशभाक् नास्तीतिपरमाणुरप्रदेशानन्तः। तथा च कथमयं नोकर्म-द्रव्यानन्ते द्रव्यागतानन्त संख्यापेक्षया अनंतव्यपदेशभाज्यन्तर्भवेत् × × ×।

—षट्० खण्ड० १। भा २। सू २। टीका। पु ३। पृ० ८

तद्व्यतिरिक्त नो आगमद्रव्यानन्त दो प्रकार का है—कर्म तद्व्यतिरिक्त नो आगम द्रव्यानन्त और नोकर्म-तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यानन्त। कटक, रुचकवरद्वीप और समुद्रादि अथवा एक प्रदेशादि पुद्गल द्रव्य—ये सब नोकर्मतद्व्यतिरिक्त नोआ-गमद्रव्यानंत है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एक प्रदेशी परमाणु में उस एक प्रदेश को छोड़कर अन्त इस संज्ञा को प्राप्त होने वाला दूसरा प्रदेश नहीं पाया जाता है, इसलिये परमाणु अप्रदेशानन्त है। ऐसी स्थिति में द्रव्यगत अनंत सख्या की अपेक्षा अनंत संज्ञा को प्राप्त होनेवाले नो कर्म द्रव्यानन्त में वह अप्रदेशानन्त कैसे अन्तर्मूत हो सकता है अर्थात् नहीं हो सकता, इसलिए अप्रदेशानन्त भी स्वतन्त्र है।

३१·१६ परमाणुओं में स्पर्श गुण की सिद्धि

× × × सूक्ष्मेषु परमाण्वादिषु स्पर्शव्यवहारो न प्राप्नोति तत्र तद्-भावात् ? नैष दोषः, सूक्ष्मेष्वपि परमाण्वादिष्वस्ति स्पर्शः स्थूलेषु तत्काय-षुतद्दर्शनान्यथानुपपत्तेः नह्यत्यन्तासतां प्रादुर्भावोऽस्त्यतिप्रसङ्गात्। किंतु इन्द्रियग्रहणयोग्या न भवन्ति। ग्रहणायोग्यानां कथं स व्यपदेश इति चेन्न, तस्य सर्वदायोग्यत्वाभावात्। परमाणुगतः सर्वदा न ग्रहणयोग्यश्चेन्न, तस्यैव स्थूलकार्याकारेण परिणतौ योग्यत्वोपलम्भात् × × ×।

—षट्० खण्ड० १। भ १। सू ३३। टीका। पु १। पृ० २३८-३९

सूक्ष्म परमाणु में भी स्पर्श गुण है, अन्यथा परमाणुओं के कार्यरूप स्थूल पदार्थों में स्पर्श की उपलब्धि नहीं हो सकती। किन्तु स्थूल पदार्थों में स्पर्श पाया जाता है इसलिये सूक्ष्म परमाणुओं में भी स्पर्श की सिद्धि हो जाती है क्योंकि, न्याय का यह सिद्धान्त है कि जो अत्यन्त (सर्वथा) असत् होते हैं उनकी उत्पत्ति नहीं होती है। यदि सर्वथा असत् की उत्पत्ति मानी जाये तो अतिप्रसग हो जायगा। अर्थात् बांझ के पुत्र, आकाश के फूल आदि अविद्यमान बातों का भी प्रादुर्भाव मानना पड़ेगा। अतः परमाणुओं में स्पर्शादि गुण पाये जाते हैं किन्तु वे इन्द्रियों के द्वारा ग्रहण करने योग्य नहीं होते हैं। परमाणुगत स्पर्श के इन्द्रियों के द्वारा ग्रहण करने की योग्यता का सदैव अभाव नहीं है। क्योंकि जब परमाणु स्कंध रूप में स्थूलत्व को प्राप्त होते हैं, तब तद्गत धर्मों की इन्द्रियों के द्वारा ग्रहण करने योग्यता पाई जाती है।

३१·१७ अविभागप्रतिच्छेद

(क) तत्थ एक्कम्हि परमाणुम्हि जो जहण्णवट्ठिदो अणुभागो तस्स अविभागपडिच्छेदो त्ति सण्णा।

—षट्० खण्ड० ४, २, ७। सू १९९। टीका। पु १२। पृ० ९२

एक परमाणु में जो जघन्य रूप से अवस्थित अनुभाग (गुण-शक्ति) है वह उसकी अविभाग प्रतिच्छेद संज्ञा है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(ख) णइगमणयमस्सिदूण जं जहण्णाणुभागट्ठाणं तस्स सव्व परमाणु-पुंजं एक दो कादूण ट्ठविय तत्थ सव्वमंदाणुभागपरमाणुं घेत्तूण वण्ण-गंध-रसे मोत्तूण पासं चेव बुद्धीए घेत्तूण तस्स पण्णाच्छेदो कायव्वो जाव विभागवज्जिदपरिच्छेदोत्ति। तस्स अंतिमस्स खंडस्स अच्छेज्जस्स अविभागपडिच्छेद इदि सण्णा।

—षट्० खण्ड० ४, २, ७। सू १९९। टीका। पु १२ पृ० ९२

नैगमनय का आश्रय करके जो जघन्य अनुभाग स्थान है उसके सब परमाणुओं के समूह को एकत्रित करके स्थापित करे। फिर उनमें से सर्वमंद अनुभाग से संयुक्त परमाणु को ग्रहण करके वर्ण, गंध, और रस को छोड़कर केवल स्पर्श का युक्ति से ग्रहणकर उसका विभाग रहित छेद होने तक प्रज्ञा के द्वारा छेद करना चाहिए। उस नहीं छेदने योग्य अन्तिम खण्ड की अविभाग प्रतिच्छेद संज्ञा है।

(ग) ××× इह सर्वजघन्यस्यापि पुद्गलस्य रसः केवलिप्रज्ञया छिद्यमानः सर्वजीवानन्तगुणान् भागान् प्रयच्छति। ते च भागा अतिसूक्ष्मतयाऽपरभागाभावान्निरंशा अंशा रसाणव इत्युच्यन्ते। रसाणवो रसविभागा रसपलिच्छेदा भावपरमाणवइति पर्याया।

—कर्म० भा ५। गा ७८। टीका

पुद्गल के सर्व जघन्य रस केवली प्रज्ञा से, छेद किये जा सकते हैं जो सर्वजीवों के अनन्त गुण भाग हैं। वे रस भाग अति सूक्ष्म है जिनका फिर दूसरा विभाग नहीं किया जा सकता हैं अर्थात् रस के निरंश अंश को रसाणु कहा जाता है।

रसाणु रस विभाग, रस पलिच्छेद तथा भाव परमाणु—ये पर्यायवाची शब्द हैं।

·३२ परमाणुपुद्गल और पर्याय

·३२·१ पर्याय का लक्षण

(क) अण्णणिरावेक्खो जो, परिणामो सो सहावपज्जावो।
खंधसरूवेण पुणो, परिणामो सो विहावपज्जायो।

—नियम० गा २८

(ख) पुद्गलपरमाणुरपि स्वभावेनैकोऽपि शुद्धोऽपि रागद्वेषस्थानीयबंधयोग्यस्निग्धरूक्षगुणाभ्यां परिणम्य द्व्यणुकादिस्कंधरूपविभावपर्यायैर्बहुविधो बहुप्रदेशो भवति।

—बृद्रसं० गा २६। टीका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परमाणु पुद्गल में स्वभाव पर्याय होती है क्योंकि वह स्वभावतः एक है और शुद्ध है। परन्तु राग द्वेष के स्थानभूत बंध के योग्य स्निग्ध-रूक्ष गुणों के द्वारा द्वयणुक आदि स्कंध रूप में परिणमन करता है तब उसमें विभाव पर्याय होती है स्कंध अवस्था में वह बहुप्रदेशी होता है।

इसी विभाव पर्याय के कारण बहुप्रदेशता रूप कायत्व के कारण परमाणु पुद्गल को उपचारतः सर्वज्ञ देव ने काय कहा है।

.३२·२ एकत्व-पृथक्त्व

एगत्तेण पुहुत्तेण खंधा य परमाणो य।

—उत्त० अ ३६। गा ११। पूर्वार्ध। पृ० १०५०

अनेक परमाणुओं के एकत्व से स्कंध बनता है और उसका पृथक्त्व होने से पुनः परमाणु हो जाते हैं।

·३२·३ बंधन के नियम

(क) भाष्य-जघन्यगुणस्निग्धानां जघन्यगुणरूक्षाणां च परस्परेण बंधो न भवति ॥३३॥

सिद्ध टीका—जघन्यगुणस्निग्धानामित्यादि भाष्यम्। प्रकृतत्वाद् बंधः प्रतिषिध्यते न शब्देन, केषां बंधो न भवति? जघन्यगुणस्निग्धानां जघन्यगुणरूक्षाणां च। जघने भवो जघन्यः, (जघन्य इवान्यो जघन्यः) निकृष्ट इत्यर्थः, जघन्यश्चासौ गुणश्च जघन्यगुणः (जघन्यगुणः) स्निग्धो येषां वे जघन्यगुणस्निग्धाः पुद्गलास्तेषां जघन्यगुणरूक्षाणां च परस्परेण बंधः प्रतिषिध्यते, परस्परेणेति सजातीयविजातीयविशेषप्रतिपादनम्। स्व-स्थाने स्निग्धस्य स्निग्धेन नेष्यते बंधः, रूक्षस्यापि रूक्षेण नवास्ति बंधः, तथा परस्थानेऽप्येकगुणस्निग्धस्यैकगुणरूक्षेण नैवास्ति बंधः। सत्यप्येषां संयोगे स्निग्धरूक्षगुणत्वे च न परस्परमेकत्वपरिणतिलक्षणो बंधः समस्ति, किं पुनः कारण मत्रैषां बंधो न भवतीति?

तादृग्विधपरिणति शक्तेरभावात् परिणामशक्तयश्च द्रव्याणां विचित्राः क्षेत्रकालाद्यनुरोधिन्यः प्रयोगविस्रसापेक्षाः प्रभवन्ति, न जातुचित् पर्यनुयोग-वशेन पर्यनुयोक्तुरिच्छामनुरुध्यते, जघन्यश्च स्नेहगुणः स्तोकत्वादेव जघन्य-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुणरूक्षं पुद्गलं न प्रत्यलः परिणामयितुम्, तथा रूक्षगुणोऽप्यल्पत्वाज्जघन्य गुणस्निग्धं नात्मसात्कर्तुं समर्थः, संख्यावाची चायं गुणशब्दः, यथैक एवास्य गुणः पुरुषस्येति, आधिक्यार्थे वा द्विगुणत्रिगुणमिति यथा, अस्ति च स्नेहादि-गुणानांप्रकर्षापकर्षभेदः, तद् यथा—जलादजाक्षीरं स्निग्धम्, अजाक्षीराद् गोपयः, गोपयसो महिषीपयः, ततः करभीपयः इत्युत्तरोत्तरस्नेहाधिकत्वम्, एषामेव पूर्वं पूर्वं रूक्षम्।

तत्रैकगुणस्निग्धस्यैक गुणस्निग्धे 'नेव द्वयादिना सर्वेण सदृशेन संख्येया-संख्येयानन्तानन्तगुणस्निग्धेन वा नास्ति बंधः' तथैव चैकगुणरूक्षस्यैकगुण रूक्षादिभिः सदृशैर्यावदनन्तगुणरूक्षैर्न भवति बंधः, तथैव चैकगुणरूक्षस्यैक-गुणरूक्षादिभिः सदृशैर्याववनन्तगुणरूक्षैर्न भवति बंधः, सूत्रव्यापारस्तु जघन्य-गुणस्निग्धानां जघन्यगुणरूक्षाणां च पुद्गलानां नास्ति बंधः परस्परम्, शेषं वक्ष्यमाणसूत्रव्याख्येयमुक्तं प्रसङ्गतः इत्येवमेतौ जघन्यगुणस्निग्धरूक्षौ विहायान्येषां मध्यमोत्कृष्टस्निग्धानां रूक्षैः सह स्निग्धैश्च रूक्षाणां परस्परेण बंधो भवति इति अर्थापत्तिलभ्योऽयमर्थः सामर्थ्यादवगम्यते, स च यादृशो यथा च भवति तं तादृशं तथा वक्ष्यामः, इहैतावदुपयुज्यत इति ॥३३॥

—तत्त्व० अ ५। सू ३३

जघन्य गुणांश स्निग्धों का तथा जघन्य गुणांश रूक्षों का परस्पर में बंधन नहीं होता है।

अजघन्य गुणवाले परमाणुओं का चिकनेपन और रूखेपन से एकीभाव होता है।

गुण का अर्थ है अंश। अजघन्य गुणवाले अर्थात् दो या दो से अधिक गुणवाले चिकने एवं रूखे परमाणुओं का क्रमशः अजघन्य गुणवाले रूखे और चिकने परमाणुओं के साथ एकीभाव होता है।

पृथक्-पृथक् परमाणु आपस में मिलते हैं उनका हेतु स्निग्धता और रूक्षता है। परमाणु चाहे विषमगुणवाले हो चाहे समगुणवाले हो, उनका परस्पर सम्बन्ध हो जाता है केवल एक ही बात है कि वे सब अजघन्य गुणवाले होने चाहिए।

एक गुणवाले परमाणुओं का एक गुणवाले परमाणुओं के साथ सम्बन्ध नहीं होता है। इसका फलितार्थ यह है कि स्निग्ध परमाणु रूक्ष परमाणु के साथ या रूक्ष परमाणु स्निग्ध परमाणु के साथ मिलें तब वे दोनों ही कम से कम द्विगुण स्निग्ध

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवं द्विगुण रूक्ष होने चाहिए। यदि इनमें एक और भी कमी हो तो उनका संबंध नहीं हो सकता।

यह विसदृश (विजातीय) परमाणुओं के एकीभाव की प्रक्रिया है।

सदृश परमाणुओं का एकीभाव दो गुण अधिक या उससे अधिक गुणवाले परमाणुओं के साथ होता है।

स्निग्ध परमाणुओं का स्निग्ध परमाणुओं के साथ एवं रूक्ष परमाणुओं का रूक्ष परमाणुओं के साथ संबंध तब होता है, जब उनमें (स्निग्ध या रूक्ष परमाणुओं में) दो गुण या उनसे अधिक गुणों का अन्तर मिले। उदाहरणस्वरूप एक गुण स्निग्ध परमाणु तीन गुण स्निग्ध परमाणु के साथ संबंध होता है किन्तु समान गुणवाले एवं एक गुण अधिक वाले परमाणु के साथ संबंध नहीं होता है।

देखिए यंत्र —

परमाणुओं के अंश	सदृश	विसदृश
१—जघन्य + जघन्य	नहीं	नहीं
२—जघन्य + एकाधिक	नहीं	नहीं
३—जघन्य + द्वयधिक	है	नहीं
४—जघन्य + त्र्यादिअधिक	है	नहीं
५—जघन्येतर + समजघन्येतर	नहीं	है
६—जघन्येतर + एकाधिकतर	नहीं	है
७—जघन्येतर + द्वयधिकतर	है	है
८—जघन्येतर + त्र्यादि अधिकतर	है	है

(ख) निद्धस्स निद्धेण दुआहियेण, लुक्खस्स लुक्खेण दुआहियेण।
निद्धस्स लुक्खेण उवेइ बंधो, जहन्नवज्जो विसमो समो वा।।

—पण्ण० पद १३। सू १४

·३२·४ बंधन तथा भेदन

·१ दो परमाणु पुद्गलों का बंधन तथा भेदन

दो भंते ! परमाणुपोग्गला एगयओ साहन्नंति साहण्णित्ता किं भवइ ? गोयमा ! दुप्पएसिए खंधे भवइ, से भिज्जमाणे दुहा कज्जइ एगयओ परमाणुपोग्गले एगयओ परमाणुपोग्गले भवइ।

—भग० श १२। उ ४। सू १। पृ० ६५४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दो परमाणु पुद्गल एकत्र होकर जब बंधन को प्राप्त होते हैं तब उनका एक द्विप्रदेशी स्कंध होता है। उस द्विप्रदेशी स्कंध के भेद-विभाग होने से उसके एक-एक परमाणु पुद्गल के दो विभाग होते हैं।

·२ तीन परमाणु पुद्गलों का बंधन तथा भेदन

(क) तिन्नि भंते ! परमाणुपोग्गला एगयओ साहन्नंति, साहण्णित्ता किं भवइ ? गोयमा ! तिपएसिए खंधे भवइ। से भिज्जमाणे दुहा वि तिहा वि कज्जइ, दुहा कज्जमाण एगयओ परमाणुपोग्गले, एगयओ दुपएसिए खंधे भवइ, तिहा कज्जमाणे तिण्णि परमाणुपोग्गला भवंति।

—भग० श १२। उ ४। सू २। सू० ६५४

तीन परमाणु पुद्गल जब एकत्र होकर बंधन को प्राप्त होते हैं तब उनका एक तीन प्रदेशी स्कंध होता है। यदि उस तीन प्रदेशी स्कंध के भेद-विभाग होते हैं तो उनके दो या तीन विभाग होते हैं। यदि दो विभाग हो तो एक विभाग में एक परमाणु पुद्गल और दूसरे विभाग में एक द्विप्रदेशी स्कंध होगा। यदि तीन विभाग हो तो तीन परमाणु पुद्गल पृथक्-पृथक् रहेंगे।

·३ चार परमाणु पुद्गलों का बंधन तथा भेदन

जब वह छः स्पर्श वाला होता है तो, (१) सर्व कर्कश, सर्व गुरु, एक देश शीत एक देश उष्ण, एक देश स्निग्ध, और एक गुण रूक्ष होता है। (२) कदाचित् सर्व कर्कश, सर्व गुरु, एक देश शीत, एक देश उष्ण, एक देश स्निग्ध, और अनेक देश रूक्ष होता है। इस प्रकार यावत् सर्व कर्कश, सर्व गुरु, अनेक देश शीत, अनेक देश उष्ण, अनेक देश स्निग्ध और अनेक देश रूक्ष—यह सोलहवां भंग है। इस प्रकार १६ भंग होते हैं। (२) कचाचित् सर्व कर्कश, सर्व लघु, एक देश शीत, एक देश उष्ण, एक देश स्विग्ध व एक देश रूक्ष के सोलह भंग।

(३) कदाचित् सर्व मृदु, सर्व गुरु, एक देश शीत, एक देश उष्ण, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष के सोलह भंग। (४) कदाचित् सर्व मृदु, सर्व लघु, एक देश शीत, एक दिश उष्ण, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष के १६ भंग। ये सब मिलाकर ६४ भंग होते हैं।

अथवा कदाचित् सर्व कर्कश, सर्व शीत, एक देश गुरु, एक देश लघु, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष होता है। इस प्रकार यावत् सर्व मृदु, सर्व उष्ण, अनेक देश गुरु, अनेक देश लघु, अनेक देश स्निग्ध और अनेक देश रूक्ष होते हैं। यह चौसठवां भंग है। इस प्रकार इसके भी ६४ भंग होते हैं।

कदाचित् सर्व कर्कश, सर्व स्निग्ध, एक देश गुरु, एक देश लघु, एक देश शीत और एक देश उष्ण, होता है। यावत् कदाचित् सर्व मृदु, सर्व रूक्ष, अनेक देश गुरु, अनेक देश लघु, अनेक देश शीत और अनेक देश उष्ण होते हैं। यह चौसठवां भंग है। इस प्रकार यहाँ भी ६४ भंग होते हैं।

कदाचित् सर्व गुरु, सर्व शीत, एक देश कर्कश, एक देश मृदु, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष होता है।

इस प्रकार यावत् सर्व लघु, सर्व उष्ण, अनेक देश कर्कश, अनेक देश मृदु, अनेक देश स्निग्ध और अनेक देश रूक्ष होते हैं। यह चौसठवां भंग है। इस प्रकार यहाँ भी ६४ भंग होते हैं।

कदाचित् सर्व शीत, सर्व स्निग्ध, एक देश कर्कश, एक देश मृदु, एक देश शीत और एक देश उष्ण होता है। इस प्रकार यावत् कदाचित् सर्व लघु, सर्व रूक्ष, अनेक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देश मृदु, अनेक देश शीत और अनेक देश उष्ण होते हैं। यह चौसठवां भंग है। इस प्रकार यहाँ भी ६४ भंग होते हैं।

कदाचित् सर्व शीत, सर्व स्निग्ध, एक देश कर्कश, एक देश मृदु, एक देश गुरु और एक देश लघु होता है।

इस प्रकार यावत् कदाचित् सर्व उष्ण, सर्व रूक्ष, अनेक देश कर्कश, अनेक देश मृदु, अनेक देश गुरु और अनेक देश लघु होता है। यह चौसठवां भंग है। इस प्रकार यहां पर भी ६४ भंग होते हैं। ये सब मिलाकर छः स्पर्श सम्बन्धी ३८४ भंग होते हैं।

जब वह सात स्पर्श वाला होता है, तो—(१) सर्व कर्कश, एक देश गुरु, एक देश लघु, एक देश शीत, एक देश उष्ण, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष होता है। ४-४ कदाचित् सर्व कर्कश एक देश गुरु, एक देश लघु, एक देश शीत एक देश उष्ण, अनेक देश स्निग्ध और अनेक देश रूक्ष होते हैं। (इस प्रकार चार भंग कहने चाहिए)। (२) कदाचित् सर्व कर्कश, एक देश गुरु, एक देश लघु, एक देश शीत, अनेक देश उष्ण, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष के चार भंग। (३) कदाचित् सर्व कर्कश, एक देश गुरु, एक देश लघु, अनेक देश शीत, एक देश उष्ण, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष के चार भंग। (४) कदाचित् सर्व कर्कश, एक देश गुरु, एक देश लघु, अनेक देश शीत, अनेक देश उष्ण, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष के चार भंग। ये सब १६ भंग होते हैं।

(२) कदाचित् सर्व कर्कश, एक देश गुरु, अनेक देश लघु, एक देश शीत, एक देश उष्ण, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष होता है। इस प्रकार 'गुरु' पद को एक वचन में और 'लघु' पद को अनेक (बहु) वचन में रखकर पूर्ववत् सोलह भंग यहां भी कहने चाहिए। (३) कदाचित् सर्व कर्कश, अनेक देश गुरु, एक देश लघु, एक देश शीत, एक देश उष्ण, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष के सोलह भंग। (४) कदाचित् सर्व कर्कश, अनेक देश गुरु, अनेक देश लघु, एक देश शीत, एक देश उष्ण, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष के १६ भंग। ये ६४ भंग हुए। ये ६४ भंग 'सर्व कर्कश' के साथ बने हैं।

(२) कदाचित् सर्व मृदु, एक देश गुरु, एक देश लघु, एक देश शीत, एक देश उष्ण, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष होता हैं। इस प्रकार मृदु के साथ भी ६४ भंग होते हैं। (३) कदाचित् सर्व गुरु, एक देश कर्कश, एक देश मृदु, एक देश शीत, एक देश उष्ण, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष—इस प्रकार 'गुरु' के साथ भी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६४ भंग होते हैं। (४) कदाचित् सर्व लघु, एक देश कर्कश, एक देश मृदु, एक देश शीत, एक देश उष्ण, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष, इस प्रकार लघु के साथ भी ६४ भंग होते हैं। (५) कदाचित् सर्व शीत, एक देश कर्कश, एक देश मृदु, एक देश गुरु, एक देश लघु, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष, इस प्रकार शीत के साथ भी ६४ भंग कहने चाहिए। (६) कदाचित् सर्व उष्ण, एक देश कर्कश, एक देश मृदु, एक देश गुरु, एक देश लघु, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष—इस प्रकार उष्ण के साथ भी ६४ भंग कहने चाहिए। (७) कदाचित् सर्व स्निग्ध, एक देश कर्कश, एक देश मृदु, एक देश गुरु, एक देश लघु, एक देश शीत और एक देश उष्ण होता है। इस प्रकार स्निग्ध के साथ भी ६४ भंग कहने चाहिए।

(८) कदाचित् सर्व रूक्ष, एक देश कर्कश, एक देश मृदु, एक देश गुरु, एक देश लघु, एक देश शीत और एक देश उष्ण—इस प्रकार रूक्ष के साथ भी ६४ भंग यावत् सर्व रूक्ष, अनेक देश कर्कश, अनेक देश मृदु, अनुक देश गुरु, अनेक देश लघु, अनेक देश शीत और अनेक देश उष्ण होता है। इस प्रकार ये सब मिलाकर सात स्पर्श के ५१२ भंग होते हैं।

जब वह आठ स्पर्श वाला होता है, तो (१) कदाचित् एक देश कर्कश, एक देश मृदु, एक देश गुरु, एक देश लघु, एक देश शीत, एक देश उष्ण, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष होता है। इसके चार भंग कहने चाहिए। (२) कदाचित् एक देश कर्कश, एक देश मृदु, एक देश लघु, एक देश शीत, अनेक देश उष्ण, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष ये चार भंग। (३) कदाचित् एक देश कर्कश, एक देश मृदु, एक देश गुरु, एक देश लघु, अनेक देश शीत, एक देश उष्ण, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष के चार भंग। (४) कदाचित् एक देश कर्कश, एक देश मृदु, एक देश गुरु, एक देश लघु, अनेक देश शीत, अनेक देश उष्ण, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष के चार भंग। इस प्रकार चार चतुष्क के १६ भंग होते हैं। (२) कदाचित् एक देश कर्कश, एक देश मृदु, एक देश गुरु, अनेक देश लघु, एक देश शीत, एक देश उष्ण, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष। इस प्रकार गुरु पद को एक वचन में और 'लघु' पद को बहुवचन में रखकर पूर्ववत् १६ भंग कहने चाहिए।

(३) कदाचित् एक देश कर्कश, एक देश मृदु, अनेक देश गुरु, एक देश लघु, एक देश शीत, एक देश उष्ण, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष के १६ भंग। (४) कदाचित् एक देश कर्कश, एक देश मृदु, अनेक देश गुरु, अनेक देश लघु, एक देश शीत, एक देश उष्ण, एक देश स्निग्ध और एक देश रूक्ष के १६ भंग। ये सब

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिलाकर ६४ भंग 'कर्कश और मृदु' के एक वचन में रखने से बनते हैं। (२) इन्हीं भंगों में 'कर्कश' को एक वचन में और 'मृदु' को बहुवचन में रखकर पूर्ववत् ६४ भंग कहने चाहिए। (३) 'कर्कश को बहुवचन में और 'मृदु' को एक वचन में रखकर फिर पूर्ववत् ६४ भग कहने चाहिए। (४) कर्कश और मृदु दोनों को बहुवचन में रखकर फिर ६४ भंग कहने चाहिए। यावत् अनेक देश कर्कश, अनेक देश मृदु, अनेक देश गुरु, अनेक देश लघु, अनेक देश शीत, अनेक देश उष्ण, अनेक देश स्निग्ध और अनेक देश रूक्ष होते हैं। यह अन्तिम भंग है।

ये सब मिलाकर आठ स्पर्श के २५६ भंग होते हैं। इस प्रकार बादर परिणत अनंत प्रदेशी स्कंध के सब संयोग के मिलाकर १२९६ भंग स्पर्श सम्बन्धी होते हैं।

नोट—इस प्रकार बादर अनंत प्रदेशी स्कंध में स्पर्श के चतुःसंयोगी १६, पंच-संयोगी १२८, षट्संयोगी ३८४, सप्तसंयोगी ५१२ और अष्टसंयोगी २५६—ये कुल मिलाकर १२९६ भंग होते हैं। एक परमाणु से लेकर सूक्ष्म अनंत प्रदेशी स्कंध के ३९८ भंग होते हैं और बादर अनंत प्रदेशी स्कंध के १२९६ भंग होते हैं।

परमाणु से लेकर बादर अनंत प्रदेशी स्कंध तक वर्ण-गंध-रस-स्पर्श के कुल ६४७० भंग होते हैं। जिनका गणन पूर्व हो चुका है।

·५१·९ स्कंध और स्पर्श

परमाण्वादीनामसंख्यातप्रदेशकस्कन्धपर्यन्तानां केषांचिदनन्तप्रादेशिकानामपि स्कन्धानां तथा एकप्रदेशावगाढानां यावत्संख्यातप्रदेशावगाढानां शीतोष्णस्निग्धरूक्षरूपाश्चत्वार एव स्पर्शा इति प्रज्ञापनावृत्तौ।

—लोक प्र० स ११। गा १३ में उद्धृत। पृ० ५५०

असंख्यात प्रदेशी स्कंध तक, कितनेक अनंत प्रदेशी स्कंध, आकाश के एक प्रदेश में अवगाहित पुद्गल स्कंध यावत् आकाश के संख्यात प्रदेश में अवगाहित स्कंध में—शीत, उष्ण, स्निग्ध और रूक्ष—चार स्पर्श मिलते है।

विवेचन—एक परमाणु में एक वर्ण, एक गंध, एक रस और दो स्पर्श होते हैं। किन्तु किसी भी स्थूल स्कंध में पाँच वर्ण, पाँच रस, दो गंध और आठ स्पर्श मिलेंगे। स्पर्शों की अपेक्षा से स्कंधों के दो भेद हो जाते हैं—चतुःस्पर्शी स्कंध व अष्टस्पर्शी स्कंध। सूक्ष्म से सूक्ष्म पुद्गल जाति चतुःस्पर्शी स्कंधात्मक है। चतुःस्पर्शी पुद्गलों में उक्त आठ स्पर्शों में से शीत, उष्ण, स्निग्ध और रूक्ष—ये चार स्पर्श मिलेंगे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपेक्षा विशेषयों से यह भी कहा जा सकता है उक्त चार स्पर्श ही पुद्गल के मौलिक स्पर्श है। परमाणु में उक्त चारों में से ही कोई दो अविरोधी स्पर्श मिलेंगे। कोई परमाणु शीत या उष्ण होगा या स्निग्ध और रूक्ष होगा। मृदु, कठिन, गुरु, लघु, इन चार स्पर्शों में से किसी भी अकेले परमाणु में कोई स्पर्श नहीं मिलता। परिणाम यह हुआ कि ये चार स्पर्श मौलिक न होकर संयोगज हैं। इन चार स्पर्शों के उत्पाद की कोई व्यवस्थित प्रक्रिया मिल नहीं रही है। परन्तु तथा प्रकार की नियामक प्रक्रिया होनी अवश्य चाहिए, नहीं तो क्या कारण हो सकता है कि असंख्य अनंत परमाणुओं के संयोग से बने हुए स्कंधों में कुछ चतुःस्पर्शी ही रह जाते हैं और कुछ आठ स्पर्शी हो जाते हैं! यह एक विशेष बात है कि जैन दर्शनिकों ने गुरुत्व (भारीपन) और लघुत्व (हल्केपन) को मौलिक स्वभाव नहीं माना है। यह भी विभिन्न परमाणुओं का संयोगज परिणाम है। खोज की दृष्टि से यह एक महत्व का विषय है—स्थूलत्व से सूक्ष्मत्व की ओर जाते हुए पुद्गल भारी आदि गुणों से रहित हो जाते और सूक्ष्मत्व से स्थूल की ओर जाते हुए उससे गुरुत्व, मृदुत्व आदि योग्यताएं उत्पन्न हो जाती है।

·५१·१० तीनों काल की अपेक्षा स्कंध परिणाम

(एस णं भंते ! पोग्गले तीयमणंतं सासयं समयं लुक्खी, समयं अलुक्खी, समयं लुक्खी वा अलुक्खी वा ? पुव्विं च णं करणेणं अणेगवण्णं अणेगरूवं परिणामं परिणइ ? अहे से परिणामे णिज्जिण्णे भवइ, तओ पच्छा एगवण्ण एगरूवे सिया ? हंता गोयमा ! एस णं पोग्गले तीयं तं चेव जाव एगरूवे सिया। एस णं भंते ! पोग्गले पडुप्पण्णं सासयं समयं० ? एवं चेव, एवं अणागयमणंतं पि) एस ण भंते ! खंधे तीय-मणंतं० ? एवं चेव, खंधे वि जहा पोग्गले।

—भग० श १४। उ ४। सू १ से ३। पृ० ६९९

किसी एक समय रूक्ष, किसी एक समय स्निग्ध तथा किसी एक समय रूक्ष-स्निग्ध—ये तीनों पद स्कंध पुद्गल पर घटित होते हैं। अतीत, वर्तमान तथा अनागत तीनों कालों में उपर्युक्त तीनों पद स्कंध पुद्गल पर घटित होते हैं। पूर्वकरण (प्रयोगकरण) और विस्रसाकरण के द्वारा अनेक वर्णवाले और अनेक रूप वाले परिणाम रूप में परिणत हुआ, होता है व होगा और उस अनेक वर्णादि परिणाम के क्षीण होने पर वह स्कंध एक वर्ण वाला और एक रूप वाला हुआ, होता है और होगा। (देखो क्रमांक ·११·१४·१)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·५१·१० स्कंध पुद्गल परिणामी है

(१) खंधसरूवेण पुणो, परिणामो सो विहावपज्जावो।

—नियम० अधि २। गा २८ उत्तरार्ध

स्कंध पुद्गल में विभाव पर्याय होती है। जो परिणमन अन्य की अपेक्षा से होता है उसे विभाव पर्याय कहते हैं। स्कंध पुद्गल का परिणमन पर की अपेक्षा से होता है अर्थात् स्कंध पुद्गल का परिणमन सजातीय परमाणुओं से होता है।

·२ एस णं भंते ! खंधे तीतं अणंतं सासयं समयं भुवीति वत्तव्वं सिया ? हंता गोयमा ! एसणं खंधे तीतं अणंतं सासयं समयं भुवीति वत्तव्वं सिया।

एस णं भंते ! खंधे पडुप्पणं सासयं समय भवतीति वत्तव्वं सिया ? हंता गोयमा ! एस णं खंधे अणागयं अणंतं सासयं समयं भवतीति वत्तव्वं सिया।

एस णं भंते ! खंधे अणागयं अणंतं सासयं समयं भविस्सतीति वत्तव्वं सिया ? हंता गोयमा ! एस णं खंधे अणागयं अणंतं सासयं समयं भविस्सतीति वत्तव्वं सिया।

—भग० श १। उ ४। सू १९४ से १९६

स्कंध पुद्गल अतीत अनंत शाश्वत काल में था। स्कंध पुद्गल वर्तमान शाश्वत काल में है। स्कंध पुद्गल अनंत और शाश्वत भविष्यत काल में रहेगा।

इस प्रकार स्कंध के तीन आलापक की पृच्छा की गई है—(१) अतीत अनंत शाश्वत काल, (२) वर्तमान शाश्वत काल और (३) अनंत शाश्वत भविष्यत् काल।

यहाँ अतीत काल को अनंत और शाश्वत कहा गया है। अतीत काल सदा से है, उसकी आदि (प्रारम्भ) नहीं है इस कारण वह परिमाण रहित है। परिमाण रहित होने के कारण वह अनंत है और अतीत काल सदा ही रहता है, कभी ऐसा अवसर नहीं आसकता कि लोक में अतीत काल न हो। इस कारण से अतीत काल को शाश्वत कहा है। वर्तमान काल भी शाश्वत है और भविष्यत् काल भी शाश्वत है।

नोट—परमाणु भी तीनों काल में शाश्वत था, शाश्वत है और शाश्वत रहेगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·३ द्रव्य का परिणाम

परिणामोऽवस्थान्तरगमनं न च सर्वथा ह्यवस्थानम्। न च सर्वथा विनाशः परिणामस्तद्विदामिष्टः।

—स्याद्‌वाद मंजरी

कोई द्रव्य न तो सर्वथा नित्य है, न सर्वथा विनाशी है अतः प्रत्येक द्रव्य का परिणाम स्वीकार करना इष्ट है।

द्रव्यस्य स्वजात्यपरित्यागेन प्रयोग विस्रसालक्षणो विकारः परिणामः।

—तत्त्वराज० ५, २२, १०

द्रव्य को निज की जाति या निज के स्वभाव को छोड़े बिना प्रयोग या विस्रास से उद्‌भावित विकार को परिणाम कहते हैं।

·४ परिणाम का लक्षण—

परिणामो ह्यर्थान्तरगमनं न च सर्वथा व्यवस्थानं।
न तु सर्वथा विनाशः परिणामस्तद्‌विदामिष्टः॥

—पण्ण० पद १३। टीका-मलय०

अर्थात् द्रव्य की अवस्थान्तर प्राप्ति को परिणाम कहते हैं। द्रव्य का सर्वथा एक रूप से रहना या विनाश हो जाना यह 'परिणाम' शब्द का अर्थ नहीं है।

·१ स्कन्धः सकलः समस्तः।

—प्राकृत भाषा गा ८१

·२ तदेकीभावः स्कन्धः।

—जैसिदी० प्र १। सू १८

·३ तेषां द्व्यानन्त परिमितानां परमाणूनामेकत्वेनावस्थानं स्कन्धः।

—जैसिदी० प्र १। सू १८

पुद्‌गल द्रव्यों की एक इकाई स्कंध है। दो से लेकर यावत् अनंत परमाणुओं का एकीभाव स्कंध है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·४ तद् भेदसंघाताभ्यामपि। स्कन्धस्य भेदतः संघाततोऽपि स्कन्धो भवति।

—जैसिदी० प्र २। सू १८

विभिन्न परमाणुओं का एक होना जैसे स्कंध है, वैसे विभिन्न स्कंधों का एक होना व एक स्कंध का एक से अधिक परमाणु की इकाई में टूटने का परिणाम भी एक स्वतन्त्र स्कंध है।

·५ तत्र अन्त्यं अशेषलोकव्यापि महास्कन्धस्य।

—जैसिदी० प्र १। सू १५

कम से कम दो परमाणुओं का एक स्कंध होता है जो द्विप्रदेशी स्कंध कहलाता है और कभी-कभी अनंत परमाणुओं के स्वाभाविक मिलन से एक लोक व्यापी महा-स्कंध भी बन जाता है।

स्कन्ध देश

·६ बुद्धिकल्पितो वस्त्वंशो देशः। वस्तुनोऽपृथग्भूतो बुद्धिकल्पितोंशो देश उच्यते।

—जैसिदी० प्र १। सू ३०

स्कन्ध एक इकाई है। उस इकाई से बुद्धि कल्पित एक भाग को स्कंधदेश कहा जाता है।

नोट—इस दण्ड का आधा भाग या वह इस पुस्तक का एक पृष्ठ है तो वह उस स्कन्ध रूप दण्ड का पुस्तक का एक देश कहलाता है। जिसे हम देश कहेंगे वह स्कन्ध से पृथग्भूत नहीं होगा। पृथग्भूत होने से तो वह स्वयं एक स्कन्ध की संज्ञा ले लेगा।

·७ प्रदेश

निरंशो देशः प्रदेशः कथ्यते।

—जैसिदी० १। ३१

परमाणु जब तक स्कंधगत है तब तक वह स्कंधप्रदेश कहलाता है।

नोट—वस्तु का वह अविभागी अंश जो सूक्ष्मतम है और जिसका फिर अंश नहीं बन सकता वह स्कंधप्रदेश है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·८ परमाणु

अविभाग्यः परमाणुः ।

—जैसिदी० प्र १ । सू १७

स्कंध का वह अन्तिम भाग जो विभाजित हो ही नहीं सकता, वह परमाणु है ।

·१ अन्तावि अन्तमज्झं अन्तन्तं णेव इन्द्रियगेज्झं ।
जं दव्वं अविभागी तं परमाणु विजानीहि ।।

—सर्वसि० सू २५ । टीका

अर्थात् जिसका आदि, अन्त और मध्य एक ही है अर्थात् वह स्वयं ही आदि है, स्वयं ही मध्य है और स्वयं ही अन्त है, जो इन्द्रिय ग्राह्य नहीं है, जो अविभागी है, ऐसे द्रव्य को परमाणु जानना चाहिए ।

·२ सौक्ष्म्याद्यात्मादयः आत्ममध्याः आत्मांताश्च ।

—राज० ५ । २५ । १

परमाणु सूक्ष्मता के कारण स्वयं ही आदि, स्वयं ही मध्य और स्वयं ही अन्त है ।

·३ एक रस, वर्ण, गन्ध, द्विस्पर्श शब्दकारणमशब्दम् ।
स्कन्धान्तरितं द्रव्यं परमाणु तं विजानीहि ।।

—पंचास्तकायसार ८८

परमाणु वह है—जिसमें एक वर्ण, एक गंध, एक रस और दो स्पर्श हो । जो शब्द का कारण हो पर स्वयं शब्द न हो और स्कंध से अतिरिक्त हो ।

·५२ स्कंध पुद्‌गल और पर्याय

·५२·१ स्कंध पुद्‌गल और पर्याय के लक्षण

खंधसरूवेण पुणो, परिणामो सो विभावपज्जावो ।

—नियम० गा २८ । उत्तरार्ध

टीकाकार कहते हैं—पुद्‌गल की स्कन्ध रूप पर्याय अपने सजातीय परमाणुओं से बंध रूप है । इस लक्षण से अशुद्ध है अतः स्कंध पुद्‌गल विभाव पर्याय है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुद्गल का स्कंध रूप जो परिणमन होता है वह उसका विभाव पर्याय है।

सद्भावो हि, स्वभावो गुणैः सह पर्ययैश्चित्रः।
द्रव्यस्य सर्वकालमुत्पादव्यय ध्रुवत्वैः ॥

—प्रव० अ २। गा ४ की छाया

यह (यानी द्रव्य का अस्तित्व) गुण-पर्याय सहित है तथा उत्पाद्, व्यय व ध्रुवत्व संयुक्त है।

गुणपर्यायवद् द्रव्यम्।

—तत्त्व० अ ५। सू ३७

जिसमे गुण और पर्याय हो—उसे द्रव्य कहते हैं।

द्रव्याश्रयानिर्गुणा गुणाः।

—तत्त्व० अ ५। सू ४०

जो द्रव्य में रहते हैं, स्वयं निर्गुण है, वे ही गुण कहलाते हैं।

भावान्तरं संज्ञान्तरं च पर्यायः।

—तत्त्व० उ। ५। सू ३७ का भाष्य

संज्ञान्तर व भवान्तर को पर्याय कहते हैं।

·५२·२ स्कन्ध पुद्गल और एकत्व-पृथगत्व

(पाठ के लिए देखो क्रमांक ·१२·२)

एगत्तेण पुहुत्तेण खंधा य परमाणु य।

—उत्त० अ ३६। गा १०। पूर्वार्ध। पृ० १०५०

अनेक परमाणुओं के एकत्व से स्कंध बनता है और उनका पृथगत्व होने से पुनः परमाणु हो जाते हैं।

·५२·३ स्कन्ध पुद्गल और बंधन के नियम

(पाठ के लिए देखो क्रमांक ·३२·३)

दो परमाणु पुद्गल, तीन परमाणु पुद्गल, चार परमाणु पुद्गल या पाँच परमाणु पुद्गल स्निग्धता के कारण परस्पर बंधन को प्राप्त होते हैं। इन दो, तीन,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चार, पाँच आदि परमाणुओं के बंधन से बने हुए स्कंध अशाश्वत होते हैं और सदा उपचय और अपचय को प्राप्त होते रहते हैं।

बंधन के नियम

स्निग्धरूक्षत्वाद् बंधः ॥३२॥
न जघन्यगुणानाम् ॥३३॥
गुणसाम्ये सदृशानाम् ॥३४॥
द्व्यधिकादिगुणानां तु ॥३५॥

—तत्त्व० अ ५। सू ३२ से ३५

मूल—स्निग्ध और रूक्ष स्पर्श गुणों के कारण पुद्गलों का बंध होता है।

स्निग्ध और रूक्ष स्पर्श गुण यदि जघन्य हों तो बंधन नहीं होता है।

यदि स्पर्श गुण सदृश हो तथा गुणों में साम्य हो तो बंधन नहीं होता है। इससे प्रतिफलित होता है कि यदि स्पर्श गुण विसदृश हों तो तथा गुणों में साम्य हो तो बंधन होता है।

यदि स्पर्श गुण सदृश हो तथा गुणों में किसी एक पक्ष में दो या दो से अधिक गुण की अधिकता हो तो बंधन होता है।

इन नियमों से प्रतिफलित होता है कि स्पर्श गुण विसदृश हों तो, जघन्य गुण को बाद देकर, सभी सम-विषम गुणों में बंधन होता है।

·५२·३ बंधन के नियम

(क) समणिद्धयाए बंधो ण होति,
समलुक्खयाए वि ण होति ॥
वेमायणिद्धलुक्खत्तणेण,
बंधो उ खंधाणं ॥
णिद्धस्स णिद्धेण दुयाहिएणं,
लुक्खस्स लुक्खेण दुयाहिएणं ॥
णिद्धस्स लुक्खेण उवेइ बंधो,
जहण्णवज्जो विसमो समो वा ॥

—पण्ण० प १३। सू ९४८। पृ० ४१०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

टीका—'समनिद्धयाए' इत्यादि, परस्परं समस्निग्धतायां—समगुणस्निग्धतायां तथा परस्परं समरूक्षतायां—समगुणरूक्षतायां बंधो न भवति, किंतु यदि परस्परं स्निग्धत्वस्य रूक्षत्वस्य च विषममात्रा भवति तदा बंधः स्कंधानामुपजायते, इयमत्र भावना—समगुणस्निग्धस्य परमाण्वादेः समगुणस्निग्धेन परमाण्वादिना सह संबंधो न भवति, तथा समगुणरूक्षस्यापि परमाण्वादेः समगुणरूक्षेण परमाण्वादिना सह संबंधो न भवति, किन्तु यदि स्निग्धः स्निग्धेन रूक्षः रूक्षेण सह विसमगुणो भवति, तदा विषममात्रत्वात् भवति तेषां परस्परं संबंधः। विषममात्रया बंधो भवतीत्युक्तं ततो विषममात्रानिरूपणार्थमाह—

"णिद्धस्स णिद्धेण दुयाहिएण" त्यादि, यदि स्निग्धस्य परमाण्वादेः स्निग्धगुणेनैव सह परमाण्वादिना बंधो भवितुमर्हति तदा नियमात् द्व्यादिकाधिकगुणेनैव परमाण्वादिनेति भावः, रूक्षगुणस्यापि परमाण्वादेः रूक्षगुणेन परमाण्वादिना सह यदि बंधो भवति तदा तस्यापि तेन द्व्याद्यधिकादिगुणनैव वान्यथा, यदा पुनः स्निग्धरूक्षयोर्बन्धस्तदा कथमिति चेत्? अत आह—'णिद्धस्स लुक्खेण' त्यादि, स्निग्धस्य रूक्षेण सह बंध उपैति—उपपद्यते जघन्यवर्जो विषमः समो वा, किं मुक्तं भवति? एक गुणस्निग्धं एकगुणरूक्षं च मुक्त्वा शेषस्य द्विगुणस्निग्धादिद्विगुणरूक्षादिना सर्वेण बंधो भवतीति।

गाथार्थ—स्निग्ध स्पर्श वाले पुद्गलों का यदि स्निग्ध स्पर्श गुण सम हो तो परस्पर में बंधन नहीं होता है। उसी प्रकार रूक्ष स्पर्श वाले पुद्गलों का यदि रूक्ष स्पर्श गुण सम हो तो परस्पर में बंधन नहीं होता है।

स्निग्ध स्पर्श वाले पुद्गलों का यदि स्निग्ध स्पर्श गुण विषम हो तो परस्पर में बंधन होता है। उसी प्रकार रूक्ष स्पर्श वाले पुद्गलों का यदि रूक्ष स्पर्श गुण विषम हो तो परस्पर में बंधन होता है।

इस प्रकार के बंधन से स्कंधों का निर्माण होता है।

स्निग्ध स्पर्श वाले पुद्गलों का परस्पर में यदि उनके स्निग्ध स्पर्श गुणों में दो गुण का अंतर हो तो बंधन होता है। उसी प्रकार रूक्ष स्पर्श वाले पुद्गलों का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परस्पर में यदि रूक्ष स्पर्श गुणों में दो गुण का अन्तर हो तो बंधन होता है—अर्थात् एक पुद्‌गल का स्पर्श गुण दूसरे पुद्‌गल के स्पर्श गुण से दो गुण अधिक हो तभी बंधन होता है।

स्निग्ध स्पर्श वाले पुद्‌गल का रूक्ष स्पर्श वाले पुद्‌गल के साथ—स्पर्श गुण सम हो या विषम हो दोनों का परस्पर बंधन होता है, लेकिन दोनों में से कोई जघन्य (एक) गुण वाला हो तो बंधन नहीं होता है।

टीकार्थ—परस्पर समान गुण स्निग्धता में बंधन नहीं होता है तथा परस्पर समान गुण रूक्षता में भी बंधन नहीं होता है परन्तु यदि स्निग्धता अथवा रूक्षता में गुणों की विषमता हो तो बंधन होता है।

स्निग्ध परमाणु आदि का विषम गुण स्निग्ध परमाणु आदि के साथ बंध होता है, उसी प्रकार रूक्ष परमाणु आदि का विषम गुण रूक्ष परमाणु आदि के साथ बंध होता है। यह बंध विषम मात्रा (गुणत्व) से होता है। यह विषम मात्रा कैसी होनी चाहिए—इस प्रश्न के उत्तर में कहा जाता हैं।

'णिद्धस्स णिद्धेणदुयाहिएण'—इत्यादि का भाव है कि यदि स्निग्ध परमाणु आदि का स्निग्ध परमाणु आदि के साथ बंध होता है तो नियम से बंध होने वाले दोनों पक्षों में से कोई एक पक्ष दो गुण या दो से अधिक गुण अधिकता वाला होता है। उसी प्रकार रूक्ष परमाणु आदि का रूक्ष परमाणु आदि से बंधन होता है तो एक तरफ दो गुण या द्वयाधिक गुण की अधिकता होगी।

स्निग्ध पुद्‌गल का रूक्ष पुद्‌गल से बंधन सम गुण या विषम गुण दोनों अवस्था में होता है लेकिन जघन्य गुण में बंधन नहीं होता है। एक गुण स्निग्ध, एक गुण रूक्ष को बाद देकर शेष दो गुण स्निग्धादि दो गुण रूक्षादि सर्व का बंध होता है।

	श्वेताम्बर मान्यताः		दिगम्बर मान्यता	
	पण्ण० टीका	तत्त्व० भा०	षट्०	तत्त्व० वि०
	सदृश विसदृश			
जघन्य + अघन्य	नहीं नहीं	नहीं नहीं	नहीं नहीं	नहीं नहीं
जघन्य + एकाधिक	नहीं नहीं	नहीं है	नहीं नहीं	नहीं नहीं
जघन्य + द्वय अधिक	नहीं नहीं	है है	नहीं नहीं	नहीं नहीं
जघन्य + त्रयादि अधिक	नहीं नहीं	है है	नहीं नहीं	नहीं नहीं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जघन्येतर+समाजघन्येतर	नहीं है	नहीं है	नहीं है	नहीं नहीं
जघन्येतर+एकाधिक ज०	नहीं है	नहीं है	नहीं है	नहीं नहीं
जघन्येतर+द्वय अधिक	है है	है है	है है	है है
जघन्येतर+त्र्यादि अधिक	है है	है है	नहीं है	नहीं नहीं

बंधन के नियम—

(ग) अहं पुण गोयमा ! एवमाइक्खामि

दो परमाणुपोग्गला एगयओ साहण्णंति। कम्हा दो परमाणुपोग्गला एगयओ साहण्णंति ? दोण्हं परमाणुपोग्गलाणं अत्थि सिणेहकाए, तम्हा दो परमाणुपोग्गला एगयओ साहण्णंति × × ×।

तिण्णि परमाणुपोग्गला एगयओ साहण्णंति, कम्हा तिण्णि परमाणुपोग्गला एगयओ साहण्णंति ? तिण्हं परमाणुपोग्गलाणं अत्थि सिणेहकाए, तम्हा तिण्णि परमाणुपोग्गला एगयओ साहण्णंति × × ×।

एवं जाव चत्तारि।

पंच परमाणुपोग्गला एगयओ साहण्णंति। एगयओ साहण्णित्ता खंधत्ताए कज्जं। खंधे वि य णं से असासए सया समियं। उवचिज्जइ य अवचिज्जइ य।

—भग श० १। उ १०। सू ३१८, ३१९, ३२०। पृ० ४१५

टीका— × × × "दोण्हं परमाणुपोग्गलाणं अत्थि सिणेहकाए' त्ति एकस्य अपि परमाणोः शीतोष्ण-स्निग्ध-रूक्ष स्पर्शानाम्-अन्यतरद् अविरुद्ध स्पर्शद्वयम्-एकदा एव अस्ति, ततो द्वयोरपि तयोः स्निग्धभावात् स्नेहकायोऽस्त्येव, ततश्च तौ विषमस्नेहात् संहन्येते, इदं च परमतानुवृत्त्या उक्तम्, अन्यथा रूक्षौ अपि रूक्षत्ववैषम्ये संहन्येते एवयदाहः—"समनिद्धयाए बंधो न होइ, समलुक्खयाए वि न होइ। वेमायनिद्ध-लुक्खत्तणणं बंधो उ खंधाणं" त्ति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उस समय के अन्य तीर्थियों का वक्तव्य था कि दो, तीन, चार अथवा पाँच परमाणु—उनमें स्नेहकाय होने के कारण बंधन को प्राप्त होते हैं। लेकिन भगवान महावीर उनके इस कथन का प्रतिवाद करते हुए कहते हैं—

दो परमाणु पुद्गल परस्पर में बंधन को प्राप्त होते हैं और इस बंधन को प्राप्त होने का कारण इनकी स्निग्धता (स्नेहकाय) है। इसी प्रकार तीन, चार या पाँच परमाणु स्निग्धता के कारण परस्पर बंधन को प्राप्त होते हैं। ये दो, तीन, चार, पाँच आदि परमाणुओं के बंधन से बने हुए स्कंध आशाश्वत होते हैं और सदा उपचय और अपचय को प्राप्त होते रहते हैं।

टीकाकार इसका निम्न प्रकार से स्पष्टीकरण करते हैं। उनका कथन है कि केवल स्निग्धता ही परमाणुओं के बंधन का कारण नहीं है, रूक्षता भी बंधन का कारण है।

एक अकेले परमाणु में शीत-उष्ण, स्निग्ध-रूक्ष इन चार स्पर्शों में कोई दो अविरूद्ध स्पर्श एक काल में अवश्य होते हैं।

यदि दो परमाणुओ में स्निग्धता होती है तो उनका बंधन स्निग्धता गुण की विषमता के कारण होता है। तथा यदि दो परमाणुओं से रूक्षता होती है तो उनका बंधन भी रूक्षता गुण की विषमता के कारण होता है।

जैसे कहा है कि—"सम-स्निग्धता में तथा सम-रूक्षता में बंधन नहीं होता है। विषम स्निग्धता तथा विषम स्निग्धता तथा विषम रूक्षता होने से परमाणु से लेकर स्कंध तक बंधन होता है।"

टीका—जघन्य गुण स्निग्धों का जघन्य गुण स्निग्धों के साथ तथा जघन्य गुण रूक्षों का जघन्य गुण रूक्षों के साथ बंधन नहीं होता है।

निकृष्ट—निम्नतम को जघन्य कहते हैं। जघन्य शब्द से एक संख्या को और गुण शब्द से शक्ति के अंश को ग्रहण करना चाहिए। जघन्य गुणांश पुद्गलों का बंध नहीं होता है। यहाँ परस्पर शब्द से सजातीय-विजातीय दोनों ग्रहण करना चाहिए। अर्थात् एक गुण स्निग्ध पुद्गल का एक गुण स्निग्ध या एक गुण रूक्ष पुद्गल के साथ बंध नहीं होता है, उसी प्रकार एक गुण रूक्ष पुद्गल का एक गुण स्निग्ध या एक गुण रूक्ष पुद्गल के साथ बंध नहीं होता है।

स्वस्थान की अपेक्षा जघन्य गुणांश स्निग्धों का जघन्य गुणांश स्निग्धों के साथ तथा जघन्य गुणांश रूक्षों का जघन्य गुणांश रूक्षों के साथ बंधन नहीं होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परस्थान की अपेक्षा एक गुणांश स्निग्ध का भी एक गुणांश रूक्ष के साथ बंध नहीं होता है इन सबका—स्निग्ध गुणांश और रूक्ष गुणांशों का संयोग होने पर भी परस्पर एकत्व परिणति रूप बंध नहीं होता है। क्या कारण में कि इन जघन्य गुणांश स्निग्धों का तथा जघन्य गुणांश रूक्षों का बंध नहीं होता है। वैसी परिणमन रूप शक्ति का अभाव होने के कारण बंध नहीं होता है। ऐसा बंधन अर्थात् जघन्य गुणांश पुद्गलों का बंधन के अभाव में नहीं होता है। संयोग होने पर भी वैसी परिणमन करने की शक्ति अभाव होने के कारण बंधन नहीं होता है।

द्रव्यों की परिणमन शक्ति विचित्र होती है ; वह परिणमन शक्ति क्षेत्र, काल आदि के अनुसार होती है तथा प्रयोग और विस्रसा की अपेक्षा प्रभावित होती रहती है। प्रयोग के वश प्रयोग करने वाले की कहीं भी प्रयोगवश जो परिणमन होता है उसमें प्रयोग करने वाले की इच्छा का अनुरोध न करें।

जघन्य स्निग्ध गुण स्तोक होने के कारण ही जघन्य गुण रूक्ष पुद्गल का परिणमन करने में समर्थ नहीं है। उसी प्रकार जघन्य रूक्ष गुण भी अल्प होने के कारण जघन्य गुण स्निग्ध को आत्मसात करने में समर्थ नहीं है।

यहाँ पर गुण शब्द संख्यावाची है, यथा—इस पुरुष का एक ही गुण है और आधिक्य अर्थ में द्विगुण, त्रिगुण का व्यवहार होता है। स्नेहादि गुणांशों के प्रकर्ष-अपकर्ष-न्यूनाधिक भेद होते हैं यथा—जल से बकरी का दूध, बकरी के दूध से गाय का दूध, गाय के दूध से भैंस का दूध तथा उससे हाथी का दूध स्निग्ध होता है। इस प्रकार उत्तरोत्तर स्निग्ध गुण की अधिकता रहती है।

इन्हीं का यदि पूर्व-पूर्व की अपेक्षा विचार किया जाय तो पूर्व-पूर्व दूध रूक्ष होगा।

एक गुण स्निग्ध का एक गुण स्निग्ध के साथ बंध नहीं होता है। इसी प्रकार दो आदि सभी सदृश बोधक—संख्यात, असंख्यात, अनंत, अनंतानंत गुण स्निग्ध के साथ बंध नहीं होता है।

उसी प्रकार एक गुण रूक्ष का एक गुण रूक्ष के साथ बंधन नहीं होता है यावत् (दो आदि सभी सदृश बोधक— संख्यात, असंख्यात) अनंत गुण रूक्षों का सदृशों के साथ बंध नहीं होता है।

सूत्रार्थ का जहाँ तक संबंध हैं—जघन्य गुण स्निग्धों का तथा जघन्य गुण रूक्षों का परस्पर बंध नहीं होता है।

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

आगे के सूत्र की व्याख्या करेंगे। उसको प्रसंगवश यहाँ कहा है। इसी प्रकार जघन्य गुण स्निग्ध और जघन्य गुण रूक्ष—इन दोनों को छोड़कर अन्य मध्यम और उत्कृष्ट गुण स्निग्धों का रूक्षों के साथ तथा मध्यम और उत्कृष्ट गुण रूक्षों का स्निग्धों के साथ परस्पर बंधन होता है—यह अर्थ—अर्थापत्ति प्रमाण से लभ्य होता है। सामर्थ्य से जाना जाता है। वह जैसा—जिस प्रकार होता है उसका उसी प्रकार कहेंगे। यहीं यहां उपयुक्त होता है।

भाष्य—अत्राह—उक्तं भवता—जघन्यगुणवर्जानां (स्निग्धानां) रूक्षेण रूक्षाणां च स्निग्धेन सह बंधो भवतीति। अथ तुल्यगुणयोः किमत्यन्त प्रतिषेध इति ? अत्रोच्यते—न जघन्यगुणानामित्यधिकृत्येदमुच्यते—

सिद्ध० टीका—अत्राहेत्यादिना ग्रन्थेन संबंधं विधत्ते। प्रतिपादित भवताऽनन्तरं जघन्यगुणस्निग्धरूक्षयोर्नास्ति बंधः, तन्निषेधादन्येषां जघन्य गुणवर्जानां बंधप्रसङ्गे सदृशानां प्रतिषेधे यतो विधेय इत्यर्थापत्तिप्रापितं चेदं द्विगुणस्निग्धस्यैकगुणरूक्षेण सह एकगुणस्निग्धस्य द्विगुणरूक्षेण सह बंधो भवतीति।

एतदुक्तं भवति—निकृष्टस्निग्धरूक्षयोर्बन्ध प्रतिषेधान्मध्यमोत्कृष्टस्निग्ध-रूक्षगुणानां परस्परेण बंधः प्रतिज्ञातोऽर्थतः पृथगधिकारणानाम्। अथ तुल्यगुणयोः किमत्यन्तप्रतिषेध इति प्रश्नयति, प्रस्तुतानन्तरवचनोऽयमथ शब्दः, तुल्यगुणयोः स्निग्धाधिकरणयोरेकैकगुणयोः किमेकान्तेनैव प्रतिषेध इति प्रश्ने कृते अत्रोच्यत इत्याह। अत्यन्तप्रतिषेध एव, क्वाधिकृत इति चेदित्याह, न जघन्य गुणानामित्यधिकृत्येदमुच्यते यथैव स्निग्धरूक्षाणां जघन्यविषयाणां बंधाभावस्तथैव गुणसाम्ये सदृशानां बंधाभाव इति संबंधनीयम्। अथवा स्निग्धरूक्षयोभिन्नाधिकरणयोर्बन्धप्रतिषेधः कृतोऽथ तुल्य गुणयोः किं प्रतिपत्तव्यमिति सामर्थ्यादध्याहारं कृत्वा व्याख्येयम्, तुल्य गुणयोः स्निग्धाधिकरणयोः रूक्षाधिकरणयोर्वा किं बंधनिषेधः प्रति-पत्तव्यः, आहोस्विद् बंधविधिरिति ? आचार्य आह—अत्यन्तप्रतिषेध इति, एकान्तेनैव प्रतिषेधः, स पुनर्न जघन्यगुणानामित्यत्र सूत्रेऽधिकृतस्तमाश्रि-त्योच्यते।

—तत्त्व० अ ५। सू ३३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भाष्य—जघन्य गुणांश स्निग्धों का तथा जघन्य गुणांश रूक्षों का परस्पर में बंधन नहीं होता है।

जघन्य गुणांश को बाद देकर स्निग्धों का रूक्ष के साथ तथा रूक्षों का स्निग्ध के साथ बंध होता है। क्या तुल्य गुणांश के बंधन का नितांत प्रतिषेध है। यह 'न जघन्य गुणानाम्' सूत्र के अधिकार से ही सिद्ध है।

टीका—जघन्य गुणांश स्निग्धों का और जघन्य गुणांश रूक्षों का बंध नहीं होता है। इसके (जघन्य गुणांश के) निषेध हो जाने से अन्य जो जघन्य गुणांश वर्जित हैं उनके बंध के प्रसंग में सदृशों के प्रतिषेध में यत्न करना चाहिए। यह अर्थापत्ति के द्वारा प्राप्त हुआ अर्थात् उसकी भी प्रसंग आया ; यदि—द्विगुणांश स्निग्ध का एक गुणांश रूक्ष के साथ तथा एक गुणांश स्निग्ध का द्विगुण रूक्ष के साथ बंध होता है।

निकृष्ट—जघन्य गुणांश स्निग्ध और जघन्य गुणांश रूक्षों के बंध के प्रतिषेध से मध्यम और उत्कृष्ट गुणांश स्निग्ध और रूक्षों का बंध होता है—ऐसा अर्थापत्ति से ज्ञात होता है।

अब प्रश्न उठता है कि क्या तुल्य गुणांशों के बंध का अत्यन्त प्रतिषेध है। तुल्य गुणांश स्निग्धों का एक-एक गुणांश वाले पुद्गलों का बन्ध क्या एकान्ततः नहीं होता है ऐसा प्रश्न करने पर कहा जाता है कि "अत्यन्त प्रतिषेध ही है।"

'न जघन्य गुणानाम्' इस सूत्र से ही यह बात सिद्ध होती है। जिस प्रकार जघन्य गुणांश स्निग्धों तथा जघन्य गुणांश रूक्षों का बन्ध नहीं होता है उसी प्रकार गुण साम्य रहने पर सदृशों का भी बन्ध नहीं होता है।

अथवा भिन्नाधिकरण वाले स्निग्ध और रूक्षों को बन्ध का प्रतिषेध किया गया है। अब तुल्य गुणों का क्या समझना चाहिए। इसके लिए अल्पाहार करके व्याख्या करनी चाहिए—अस्तु तुल्य गुण वाले स्निग्धों का तथा रूक्षों का बन्ध नहीं होता है—अर्थात् अत्यन्त प्रतिषेध ही है।

भाष्य—गुणसाम्ये सति सदृशानां बंधो न भवति तद् यथा—तुल्यगुण-स्निग्धस्य तुल्य गुणस्निग्धन, तुल्यगुणरूक्षस्य तुल्यगुणरूक्षेणेति।

टीका—गुणसाम्ये सतीत्यादि भाष्यम्। गुणाः—स्निग्धरूक्षास्तेषां समता साम्यं तस्मिन् गुणसाम्ये, सतीत्यनेन विशिष्टार्था सप्तमीं सूचयति। "यस्य च भावेन भावलक्षणम्" (पा० अ २, पा० ३, सू० ३७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सति गुणसाम्ये तुल्य संख्यत्वे सदृशानां बंधो न भवति, गुणानां साम्येन ये सदृशाः, न क्रियासाम्येन, ते सति गुणसाम्ये सदृशास्तेषां बंधो नास्ति, पूर्वापवादविशेष समर्थनार्थमेवेदं – न जघन्यगुणानाम् (सू ३३) इत्यभिधाय तद्विशेषमपवदते, तं चापोह्यमानमुदाहरणेन स्पष्टयति। तद् यथेत्युदाहरणोपन्यासः, तुल्य गुणस्निग्धस्य तुल्यगुणस्निग्धेन तुल्यगुणरूक्षस्य तुल्यगुणरूक्षणेति सामान्योपन्यासः समस्तैक गुणस्निग्धरूक्षादि समगुणविकल्प संग्रहार्थः। तुल्यगुणः स्निग्धो यस्य स तुल्यगुणस्निग्धः, तुल्यः स्नेहगुणो यस्येत्यर्थः तस्यानेन सदृशेनैव तुल्यगुणस्निग्धेन बंधो नास्ति, परस्परं परिणति शक्तेरभावात् × × ×।

एक गुणस्निग्धो हि नैकगुणस्निग्धेन बध्यते, तथाऽनन्तपर्यवसानाद् द्विगुणादिस्निग्धाः द्विगुणादिस्निग्धैः समगुणैरनन्तपर्यवसानैः सह न बध्यन्ते, एवमेकगुणरूक्षोऽप्येकगुणरूक्षेण सह न बध्यते × × ×। तथा द्विगुणादिरूक्षा न द्विगुणादिरूक्षैरनन्तावसानैः सह बंधमनुभवन्तीति।

—तत्त्व• अ ५। सू ३४

भाष्य—अत्राह—सदृशग्रहणं किमपेक्षत इति ? अत्रोच्यते—गुणवैषम्ये सदृशानां बंधो भवतीति ॥३४॥

टीका—'अत्राह—सदृशग्रहणं किमपेक्षत इति। एवं मन्यते प्रष्टा, गुणसाम्ये सति बंधो न भवति, येषां च समा गुणाः प्रकर्षापकर्षवृत्ताः प्रतिविशिष्टसंख्यावच्छिन्नास्ते नियमेन गुणैः सदृशाः, इत्येतावताऽभिलषितेऽर्थे सिद्धे सदृश ग्रहणमतिरिच्यमानमपरार्थापेक्षि भवति, तं चापरमर्थमजानानः प्रश्नयति किमपेक्षते सदृशग्रहणमिति, आचार्योऽपि विशिष्टार्थप्रतिपत्तये सदृशग्रहणं चेतसि निधायाह अत्रोच्यत इति।

गुणवैषम्ये सदृशानां बंधो भवतीति, स्नेहगुणवैषम्ये रूक्षगुण वैषम्ये च बंधः समस्ति, केषामत आह—सदृशानामिति। एवमर्थं सदृशग्रहणमपेक्षते, सादृश्यं च स्नेहगुणमात्रनिबंधनं रौक्ष्यगुणमात्रनिबंधनं च संख्यानमाश्रित्य ग्राह्यम्, अतः सदृशानामपि स्नेहगुणसामान्येन रौक्ष्यगुणसामान्येन च

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकर्षापकर्षवृत्ततद्गुणवैषम्ये सति भवत्येव बंधः, तद्यथा—एकगुणस्निग्ध-स्त्रिगुणस्निग्धेन, द्विगुणस्निग्धश्चतुर्गुणस्निग्धेन, त्रिगुणस्निग्धः पंचगुण-स्निग्धेन, चतुर्गुणस्निग्धः षड्गुण स्निग्धेनेत्येवं यावदनन्तगुणस्निग्धो विषम-गुण इति। अन्ये त्विममिदधति सूरयः—एक गुणस्निग्धस्य द्विगुणस्निग्धेनैक-गुणरूक्षस्य द्विगुणरूक्षेणेति भावनीयम्, एतच्च सम्प्रदायेनागमोपनिबंध-दर्शनेन च प्रायो विसंवति इत्यनादरः।

—तत्त्व० अ ५। सू ३३

भाष्य—अत्राह—किमविशेषेण गुणवैषम्ये सदृशानां बंधो भवतीति? अत्रोच्यते।

टीका—अत्राहेत्यादिः संबंध प्रतिपादनपरो ग्रन्थः, किमविशेषेण गुण-वैषम्ये सदृशानां बंधो भवतीति यद्यविशेषेण ततः एकगुणस्निग्धस्य द्विगुण-स्निग्धेनापि बंध प्रसंगोऽनिष्टं चैतदा (दित्या?) रेकमाण प्रष्टरि सूरिराह-अत्रोच्यत इति, न सवषामेव, सदृशानां, किं तर्हि?

—तत्त्व० अ ५। सू ३४

भाष्य—द्व्यधिकादि गुणानां तु सदृशानां बंधो भवति।

सिद्ध० टीका—द्व्यधिकादिगुणानां तु सदृशानां बंधो भवतीत्यादि भाष्यम्। द्वाभ्यां गुणविशेषाभ्यामन्यस्मादधिको यः परमाणुः स आदिर्येषां ते द्व्यधिकादिगुणाः गुणशब्दोऽत्र गुणिवचनः। गुणवंतो गुणाः परमाणवः इत्यर्थः तेषां द्व्यधिकादिगुणानामणुनां सदृशानां बंधो भवति, सदृशानामिति स्नेहसामान्यं रूक्षसामान्यं चाश्रित्य सादृश्यं व्याख्येयम् × × ×।

—तत्त्व० अ ५। सू ३५

भाष्य—द्व्यधिकादि गुणानां तु सदृशानां बंधो भवति। तद्यथा-स्निग्धस्य द्विगुणाधिक स्निग्धेन, द्विगुणाद्यधिकस्निग्धस्य एकगुणस्निग्धेन, रूक्षस्यापि द्विगुणाद्यधिकरूक्षेण, द्विगुणाद्यधिकरूक्षस्य एकगुणरूक्षेण, एकादिगुणाधिक-योस्तु सदृशोर्बन्धो न भवति। अत्रतु शब्दो व्यावृत्ति विशेषणार्थ, प्रतिषेधं व्यावर्तयति बधं च विशेषयति ॥३५॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

टीका —तद्यथा—स्निग्धस्येत्यादिनोदाहरति। (एकगुण) स्निग्धस्येत्यनुक्तेऽपि संख्या गम्यते गुणश्चसामर्थ्यात्, द्विगुणाद्यधिकस्निग्धेनाणुना द्वाभ्यां स्नेहगुणविशेषाभ्यामेकगुणस्निग्धादधिको यस्तेन सहास्ति बंधः, यथैकगुणस्निग्धएकस्तदन्यस्त्रिगुणस्निग्धः, अत्रैकगुणस्निग्धस्यैकः समानो गुणस्त्रिगुणस्निग्धे (स्कंधे) अणौ वा शेषेण गुणद्वयेनाधिकः, द्विगुणाद्यधिकस्निग्धेनेत्यादिग्रहणादेकगुणस्निग्धस्य चतुर्गुणपंचगुणस्निग्धेनापि बंधसिद्धिः, तथा द्विगुणाद्यधिकस्निग्धस्यैकगुणस्निग्धेन सह बंधसंभवः।

ननु च प्रथमविकल्पान्नास्ति कश्चिद् विशेषोऽस्य स्पुटः, सत्यं, न कश्चिद् भेदः, तथापि तु बंधो द्व्यादिवृत्तिः, तत्र बध्यमानयोर्बध्यमानानां वा षठ्यन्तत्वे तृतीयान्तत्वे वा बंधाविशेषः इति प्रतिपत्त्यर्थमुभयथोच्चारणं चकार भाष्यकारः।

रूक्षस्यापीत्यादिभाष्यमुक्तप्रकारेणैव गमनीयम्। एवं द्व्यधिकादिगुणानां स्नेहवतां रौक्ष्यवतां च यथोक्तलक्षणो बंधो भवतीत्युच्यते, प्रतिषेधव्यावृत्तिप्रदर्शनार्थं भवति तुशब्दोपादनम् द्व्यधिकादिगुणानां बंधाभ्यनुज्ञाने चार्थापत्तिलभ्यफलप्रदर्शनार्थमिदमाह—एकादिगुणाधिकयोस्तु सदृशयोर्बंधो न भवति, प्रतिविशिष्टपरिणतिशक्तरभावात्, एक गुणस्निग्धस्य हि द्विगुणस्निग्धोऽणुरेकगुणाधिकः, द्विगुणस्निग्धस्य त्रिगुणस्निग्ध एकगुणाधिकः, त्रिगुणस्निग्धस्य चतुर्गुणस्निग्ध एकाधिकः इत्यादि यावदनन्तगुण एकाधिकः इति, एवं रूक्षस्यापि वाच्यम्, एकादिगुणाधिकयोरित्यत्रादिग्रहणाद् द्विगुणस्य त्रिगुणेन सह नास्ति बंधः, तत्रापि द्विगुणश्चैकगुणाधिकश्चेति द्विवचनम्, एवं शेषविकल्पयोजनमपि कार्यम्, तु शब्दः कमर्थंवयात् सूत्र इत्याशंकिते भाष्यकृहाह—अत्र तुशब्दो व्यावृत्तिविशेषणार्थः। तुशब्दस्यानेकार्थवृत्तित्वे सत्यप्यत्र सूत्रे व्यावृत्तिविशेषणं चोभयमर्थं परिगृह्यते, व्यावृत्तिश्च विशेषणं च व्यावृत्तिविशेषणे अर्थस्ते यस्य स यथोक्तः, तत्र व्यावृत्तिः-निवृत्तिः, विशेष्यतेऽनेनेति विशेषणं तदर्थो यस्यासौ व्यावृत्तिविशेषणार्थः, कस्य पुनर्व्यावृत्ति किं वा विशेष्यमाणमित्याह—प्रतिषेधं व्यावर्तयति बंध च विशेषयतीति। न जघन्यगुणानामिति प्रकृतप्रतिषेधस्तं व्यावर्तयति, यथा-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ऽधिकृतं च बंधं विशिनष्टि, गुणवैषम्ये सति सदृशानां गुणद्वयाधिकानां बंधो भवतीत्येवं विशेषणार्थः, ततश्च व्यावृत्ते प्रतिषेधे बंधे च विशेषिते द्वयधिकादिगुणानां बंधः सिद्धो निरपवाद इति। आगमगाथासंवादी चायं सूत्रचतुष्टयार्थः —

निद्धस्स निद्धेण दुआधिएण,
लुक्खस्स लुक्खेण दुआधिएण।
निद्धस्स लुक्खेण उवेति बंधो,
जहण्णवज्जो विसमो समो वा।

—पण्ण० प १३

गुणवैषम्ये सदृशानां द्वयधिकादिगुणानां तु बंधो भवतीत्यस्य वाचकं गाथाशकलमाद्यं, स्निग्धस्य स्निग्धेन सह रूक्षस्यापि रूक्षेण सहेति ततश्च "गुणसाम्ये सदृशानां" (सू ३४) भवति बंध इत्येतत् सूत्र लब्धम्। अथ स्निग्धरूक्षयोः परस्परेण कथमित्याह—पाश्चात्यमर्धम्। एतेन च "स्निग्ध-रूक्षत्वाद् बंधः" (सू० ३२) "न जघन्यगुणानाम्" (सू० ३३) इति सूत्रद्वयपरिग्रहः स्निग्धगुणरूक्षयोश्च जघन्यगुणवर्जः परस्परेण विषमगुणयोः समगुणयोश्च बंधो भवतीति ॥३५॥

—तत्त्व० अ ५। सू ३५

भाष्य —अत्राह —परमाणुषु स्कंधेषु च ये स्पर्शादयो गुणास्ते किं व्यवस्थितास्तेषु आहोस्विदव्यवस्थिता इति ? अत्रोच्यते—अव्यवस्थिताः। कुतः ? परिणामात्। अत्राह—द्वयोरपि वध्यमानयोर्गुणवत्त्वे सति कथं परिणामो भवतीति ? उच्यते।

टीका अत्राह—परमाणुष्वित्यादिना ग्रन्थेन सूत्रं सम्बन्धाति। अत्रे-त्यौत्सर्गिके बंधलक्षणे सापवादे प्रतिपादिते पृच्छत्यजानानः, परिणामविशेषो हि बंधः, स च स्निग्धे रूक्षलक्षणपरिणामान्तरापाद्यः, अतः परमाणुषु ये स्पर्शादिगुणपरिणामाः स्कंधेषु वा शब्दादयस्ते किं नित्याः—सर्वदाव्यवस्थि-तास्तेषु परमाण्वादिष्वाहोस्विदव्यवस्थिता—भूत्वा पुनर्नभवन्तीति ? अय-मभिप्रायः प्रश्नयितुः —परमाणवः संहन्यमाना द्विप्रदेशादिकस्कंधाकृत्या

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिणमन्ते परिमंडलादिपंचप्रकारसंस्थानरूपेण वेति, तत्र यदि व्यवस्थिताः परमाणुषु परिणामाः स्पर्शादयः स्कंधेषु वा स्पर्शादिशब्दादयस्ततस्तेषां व्यवस्थितत्वात् सर्वदा नोत्पादो न विनाशः, तौ चान्तरेण स्निग्धरूक्षगुणयोरण्वोः, परिणामभावे तदवस्थयो कुतो द्व्यणुकादिस्कंधपरिणामः? स्कंधेषु स्पर्शादिशब्दादिपरिणामस्यैकस्यैव नित्यतयेष्टत्वात् शेषस्पर्शादिशब्दादिपरिणामाभावः अथाव्यवस्थिताः, सर्वमिष्यमाणमुपपन्नम्, पूर्वकपरिणामत्यागेनोत्तरपरिणामान्तराभ्युपगमे स्पर्शादयोऽन्ये चान्ये च स्पर्शादिशब्दादयश्च क्षेत्रकालद्रव्यभावपरिणामविशेषाः स्युरित्यवगम्येत यथापरिणामं वस्त्विति, तन्नजाने कथमेतदिति, सति चाप्यव्यवस्थित्वे किं समगुणः समगुणतयैव परिणमयत्युत विषमगुणतयाऽपीति सन्दिहानं प्रतीवमत्रोच्यते—अव्यवस्थिताः परमाणुस्कंधेषु स्पर्शादयः, स्पर्शादि शब्दादयश्चेति, अनवस्थितत्वे प्रतिज्ञाते पुनः प्रश्नयति—कुतः पुनरनवस्थितत्वम्? एवं मन्यते—किं प्रतिज्ञामात्रेणानवस्थितत्वमुत काचिद् युक्तिरप्यस्तीतिएवमाशंकिते युक्तिमाह—परिणामादिति।

"तद्भावलक्षण परिणामो" वक्ष्यते (सू० ४१) स एव हि परमाणुः स्कंधो वा द्रव्यत्वादिजातिस्वभावमजहत् स्पर्शान्तरादिगुण शब्दान्तरादिगुणं प्रतिपद्यते, स्पर्शादिसामान्यमजहतः परमाण्वादयः स्पर्शादिविशेषानासादयन्ति, अतोऽवस्थितानवस्थितत्वमेषां स्पर्शादीनाम्, परिणन्तारो हि स्वशक्तिपाटवभाजो मरिचलवणहिङ्ग्वादयः परिणम्यं वस्तु क्वथिततक्रादिस्वाद्वाद्याकारेणात्मसात्कुर्वन्तो दृष्टाः, केचित् तु दधिगुडादयः परिणमनशक्तिस्वाभाव्यात् परस्परपरिणतिहेतवः, पूर्वषामेकतः परिणतिशक्तिः पाटवातिशयात्, एवं परिणामादनवस्थिताः स्पर्शादिशब्दादयः, परिणामानवस्थितत्वे प्रतिपादिते लब्धावकाशः पुनः अत्राह—द्वयोरपि बध्यमानयोर्गुणवत्त्वे सति कथं परिणामो भवतीति? एवं मन्यते—भवतु परिणतिविशेषादनवस्थितं गुणवत्त्वम्, अण्वोस्तु बध्यमानयोर्गुणवत्त्वे सति तुल्यगुणयोर्विषमगुणयोर्वा संख्यया द्विगुणस्निग्धस्य द्विगुणरूक्षस्य वेत्यादेस्तथैकगुणस्निग्धस्य त्रिगुणस्निग्धस्य चेत्यादेरेकगुणरूक्षस्य त्रिगुणरूक्षादेः कथं-केन प्रकारेण परिणामो भवति?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अयमभिप्रायः—किं द्विगुणस्निग्धो द्विगुणरूक्षं स्नेहात्मतया परिणमयत्युत द्विगुणरूक्षो द्विगुणस्निग्धं रूक्षात्मतया परिणमयतीति ? एवं शेषविकल्पाः द्रष्टव्याः। तथा किमेकगुणस्निग्धास्त्रिगुणस्निग्धामात्मसात्करोतीत्येवं त्रिगुणस्निग्धः एकगुणस्निग्धमित्यादिसंदेहविच्छेदायात्रोच्यते—

—तत्त्व० अ ५। सू ३५

भाष्य—स्निग्धरूक्षयोः पुद्गलयोः स्पृष्टयो बंधो भवति ॥३२॥

अत्र आह किमेष एकान्त इति।

सिद्ध टीका—'स्निग्धरूक्षयोरित्यादि भाष्यम्। स्नेहो हि गुण स्पर्शाख्यः, तत्परिणामः स्निग्धः, तथा रूक्षोऽपि, एकः स्निग्धोऽपरो रूक्षः, तयोर्भावः स्निग्धरूक्षत्वं तत्परिणामापत्तिः तस्मात् स्निग्धरूक्षत्वादिति हेतो पंचमी, अण्वोरणूनां वा बंधो भवति। × × ×। स्पृष्टयोरिति संयुक्तयोर्नासंयुक्तयोरिति, अनेन संयोगमात्रं गृहीतं संयोगपूर्वकसकलबंधज्ञापनार्थम्, तत्र बंधात् प्रतिघातो जायतेऽण्वोरणूनां वा, प्रतिघातश्चैकदेशावगाहेऽन्योन्यं प्रतिहननम्। × × ×।

अत्राहेत्यादिसंबंधप्रतिपत्तिः किमेषः एकांत इति ? किमिति प्रश्नार्थः, एष इत्यन्तरयोगार्थाभिसंबंधः, स्निग्धगुणानां, रूक्षगुणानां च बंधो भवतीति, इतिशब्दोऽवधारणार्थः। किमेष नियम एव सर्वस्य स्निग्धगुणस्य रूक्षगुणेन बंध इति, एवं पृष्टे अत्रोच्यते इत्याह—

भाष्य—स्निग्ध और रूक्ष पुद्गलों के स्पृष्ट होने से बंध रूप परिणमन होता है लेकिन यह एकांत नियम नहीं है।

टीका—पुद्गल के स्पर्श गुण के आठ भेदों में स्नेह और रूक्ष गुण भी हैं। इन स्निग्ध तथा रूक्ष स्पर्श गुणों के कारण पुद्गल का बंध रूप परिणमन होता है।

पुद्गलों के स्पृष्ट होने से अर्थात् संयुक्त होने से बंध होता है, असंयुक्त का बंध नहीं होता है। पुद्गलों के सकल बंध संयोग पूर्वक ही होते हैं—ऐसा समझना चाहिए। बंध होने से दो अणुओं या अनेक अणुओं का परस्पर में प्रतिघात होता है और यह प्रतिघात जब एक देश अवगाही होता है तब अणुओं का परस्पर प्रतिहनन होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्निग्ध और रूक्ष स्पर्शों के कारण संयोग होने से ही बंध होता है— ऐसा एकान्त नियम नहीं है।

पुद्गल के बंधन के नियमों में गुण शब्द के दो अर्थ ग्रहण किये गये हैं— (१) पुद्गल के वर्ण, गंध, रस, स्पर्श गुण तथा (२) इन गुणों की शक्ति-अंश। यथा—एक गुण काला, दो गुण काला, अनेक गुण काला, अनंत गुण काला वर्ण। इसी प्रकार यहाँ पर एक गुण स्निग्ध, दो गुण स्निग्ध, अनेक गुण स्निग्ध, अनंत गुण स्निग्ध तथा एक गुण रूक्ष, दो गुण रूक्ष, अनेक गुण रूक्ष, अनंत गुण रूक्ष ग्रहण करना चाहिए।

हमने गुण की शक्ति के अंश के स्थान पर गुणांश शब्द का व्यवहार किया है।

(ग) मुत्तो रूवादिगुणो बज्झदि फासेहिं अण्णमण्णेहिं।

—प्रव० अ २। गा ८१

टीका—मूर्तयोर्हि तावत्पुद्गलयो रूवादिगुणयुक्तत्वेन यथोदितस्निग्ध-रूक्षत्वस्पर्शविशेषादन्योन्यबंधोऽवधार्यते।

(घ) णिद्धा वा लुक्खा वा अणुपरिणामा समा व विसमावा।
समदो दुराधिगा जदि बज्झंति हि आदिपरिहीणा॥
णिद्धत्तणेण दुगुणो चदुगुणणिद्धेण बंधमणुभवंति।
लुक्खेण वा तिगुणिदो अणु बज्झदि पंचगुणजुत्तो॥

—प्रव० अ २। गा ७३-७४

टीका—समतो द्व्यधिकगुणद्धि स्निग्धरूक्षत्वाद् बंधइत्युत्सर्गः, स्निग्ध-रूक्षद्व्यधिकगुणत्वस्य हि परिणामकत्वेन बंधसाधनत्वात्। न खल्वेकगुणात् स्निग्धरूक्षत्वाद्बंध इत्यपवादः एक गुणस्निग्धरूक्षत्वस्य हि परिणम्य परिणामकत्वाभावेन बंधस्यासाधनत्वात् × × ×। यथोदितहेतुकमेव परमाणूनां पिंडत्वमवधार्यं द्विचतुर्गुणयोस्त्रिपंचगुणयोश्च द्वयोः स्निग्धयोः द्वयोरूक्षयोर्द्वयोः स्निग्धरूक्षयोर्वा परमाण्वोर्बन्धस्य प्रसिद्धेः।

(च) णिद्धस्स णिद्धेण दुराधिएण लुक्खस्स लुक्खेण दुराधिएण।
णिद्धस्स लुक्खेण हवेइ बंधो जहण्णवज्जो विसमे समे वा॥

—गोजी० गा ६१४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(छ) × × ×। जघन्यो गुणो येषां ते जघन्यगुणास्तेषां जघन्यगुणानां नास्ति बंधः। एतदुक्तं भवति—एकगुणस्निग्धस्य एकगुणस्निग्धेन द्वितीयादिसंख्येयाऽसंख्येयानन्तगुणस्निग्धेन वा नास्ति बंधः। तस्यैवैकगुणस्निग्धस्य एकगुणरूक्षेण द्वयादिसंख्येयाऽसंख्येयानन्तगुणस्निग्धेन वा नास्ति बंधः। तथा एकगुणरूक्षस्यापि योज्यमिति।

× × ×। सदृशग्रहणे पुनः सति द्विगुणस्निग्धानां द्विगुणस्निग्धैर्द्विगुण रूक्षाणां द्विगुणरूक्षैरित्येवमादिषु बंधनिषेधः कृतो भवति।

द्वयधिकश्चतुर्गुणः ॥१॥ द्वाभ्यां गुणाभ्यामधिकोः द्वयधिकः। कः पुनरसौ ? चतुर्गुणः ?

आदिशब्दस्य प्रकारार्थत्वात् पंचगुणादिसंप्रत्ययः ॥२॥ द्वयाधिकादीत्ययमादिशब्दः प्रकारार्थः। कः पुनरसौ प्रकारः ? द्वाभ्यामधिकता। तेन पंचगुणादीनां संप्रत्ययो भवति। 'अवयवेन विग्रहः समुदायो वृत्त्यर्थः' इति चतुर्गुणस्यापि ग्रहणं भवति। तेन द्वयधिकादिगुणानां तुल्यजातीयानामतुल्यजातीयानां च बंध उक्तो भवति, नेतरेषाम्। तद्यथा—द्विगुणस्निग्धस्य परमाणोः एकगुणस्निग्धेन द्विगुणस्निग्धेन त्रिगुणस्निग्धेन वा नास्ति बंधः, चतुर्गुणस्निग्धेन पुनरस्ति बंधः। तस्यैव पुर्नद्विगुणस्निग्धस्य पंचगुणस्निग्धेन षट्सप्ताष्टनवदशसंख्येयाऽसंख्येयानन्तगुणस्निग्धेन बंधो न विद्यते।

एवं त्रिगुणस्निग्धस्य पंचगुणस्निग्धेन बंधोऽस्ति, शेषैः पूर्वोत्तरैर्नभवति। चतुर्गुणस्निग्धस्य षट्गुणस्निग्धेनास्ति बंधः शेषैः पूर्वोत्तरर्नास्ति। एवं शेषेष्वपि योज्यः। तथा द्विगुणरूक्षस्य एकद्वित्रिगुणरूक्षैर्नास्ति बंधः, चतुर्गुणरूक्षेण त्वस्ति बंधः। तस्यैव द्विगुणरूक्षस्य पंचगुणरूक्षादिभिरुत्तरैर्नास्ति बंधः। एवं त्रिगुणरूक्षादिनामपि द्विगुणाधिकैर्बन्धो योज्यः। एवं भिन्नजातीयेष्वपि द्विगुणस्निग्धस्य एकद्वित्रिगुणरूक्षैर्नास्ति बंधः, चतुर्गुणरूक्षेणत्वस्ति बंधः, उत्तरैः पंचगुणरूक्षादिभिर्नास्ति। एवं त्रिगुणस्निग्धादीनां पंचगुणरूक्षादिभिरस्ति, शेषैः पूर्वोत्तरैर्नास्ति बंधः इति योज्यः।

—तत्त्वराज० अ ५। सू ३३ से ३५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बंधेऽधिकौ पारिणामिकौ

—तत्त्व० अ ५ । सू ३६

तत्त्व राज टीका — × × ×। यथा क्लिन्नगुडोऽधिकमधुररसःपतितानां रेण्वादीनां स्वगुणापादनात् परिणामकः, तथा अन्योऽपि अधिकगुणः अल्पीयसः परिणामक इति कृत्वा द्विगुणादिस्निग्धरूक्षस्य चतुर्गुणादिस्निग्ध-रूक्ष परिणामको भवतीति ततः पूर्वस्याप्रच्यवपूर्वकं तार्तीयकमवस्थान्तरं प्रादुर्भवतीत्येकस्कंधत्वमुपपद्यते, इतरथा हि शुक्लकृष्णतन्तुवत्संयोगे सत्य-प्यपरिणामकत्वात् सर्वं विविक्तरूपेणैवावतिष्ठेत। दृश्यते हि श्लेषे सति वर्णगंधरसस्पर्शानामवस्थान्तरभावः शुक्लपीतादिसंयोगे शुक्लपत्रवर्णादि-प्रादुर्भाववत्।

(ज) वो—तिण्णिआदिपोग्गलाणं जो समवाओ सो पोग्गलबंधो णाम × × ×। जेण-णिद्ध-ल्हुक्खादिगुणेण पोग्गलाणं बंधो होदि सो पोग्गल-बंधो णाम।

—षट्० खं० ५, ५। सू ८२। टीका। पु १३। पृ० ३४७

जो सो थप्पो सादियविस्ससाबंधो णाम तस्स इमो णिद्देसो—वेमादा णिद्धदा वेमादा ल्हुक्खदा बंधो।

—षट्० खं० ५, ६। सू ३२। टीका। पु १४। पृ० ३०

टीका— × × ×। णिद्धदाए विसरिसत्तं ल्हुक्खदं पेक्खिदूण ल्हुक्खदाए विसरिसत्तं णिद्धदं पेक्खिदूण घेत्तव्वं। तेण णिद्धपरमाणूणं ल्हुक्खपरमाणूहि सह बंधो होदि, गुणेण सरिसत्ताभावादो।

णिद्धणिद्धा ण बज्झंति ल्हुक्खल्हुक्खा य पोग्गला।
णिद्धल्हुक्खा य बज्झंति रूवारूवी य पोग्गला॥

—षट्० खं० ५, ६। सू ३४। टीका। पु १४। पृ० ३१

टीका— × × ×। णिद्धपरमाणू णिद्धपरमाणूहि ण बज्झंति, णिद्ध-गुणभावेण समाणत्तादो। ल्हुक्खा पोग्गला ल्हुक्खपोग्गलेहि सह बंधं णागच्छंति, ल्हुक्खगुणभावेण समाणत्तादो। बिदियद्धेण पढमसुत्तद्ध

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परूवेदि। 'णिद्ध-ल्हुक्खाय बज्झंति' णिद्धा पोग्गला ल्हुक्खा पोग्गला च परोप्परं बंधमागच्छंति, विसरिसत्तादो। णिद्धल्हुक्खपोग्गलाणं किं गुणा विभागपडिच्छेदेहि सरिसाणं बंधो होदि आहो विसरिसाणं बंधो होदि त्ति पुच्छिदे 'रूवारूवी य पोग्गला बज्झंति' त्ति भणिदं। गुणविभागपडिच्छेदेहि समाणा जे णिद्धल्हुक्खगुणजुत्तपोग्गला ते रूविणोणाम ते वि बज्झंति। विसरिसा पोग्गला अरूविणो णाम। ते वि बंधमागच्छंति। णिद्धल्हुक्ख पोग्गलाणं गुणाविभागपडिच्छेदसंखाए सरिसाणमसरिसाणं च बंधो होदि त्ति भणिदं होदि।

वेमादा णिद्धदा वेमादा ल्हुक्खदा बंधो।

—षट्० खं० ५, ६। सू ३५। टीका। पु १४। पृ० ३२

टीका—× × ×। द्वे मात्रे यस्यां स्निग्धतायामधिके हीनेवा द्विमात्रा स्निग्धता, सो बंधो बंधकारणं होदि। णिद्धपोग्गला वेअविभागपडिच्छेदुत्तरणिद्धपोग्गलेहि वेअविभागपडिच्छेदहीणणिद्धपोग्गलेहि वा बज्झंति। तण्णिआदिअविभागपडिच्छेदुत्तरपोग्गलेहि तिण्णिआदिअविभागपडिच्छेदुत्तरपरिहीणपोग्गलेहि च बंधो णत्थि त्ति घेत्तव्वं। एवं ल्हुक्खपोग्गलाणं पि ल्हुक्खपोग्गलेहि सह बंधो वत्तव्वो।

णिद्धस्स णिद्धेण दुराहिएण ल्हुक्खस्स ल्हुक्खेण दुराहिएण।
णिद्धस्सल्हुक्खेण हवेदिबंधो जहण्णवज्जे विसमे समे वा॥

—षट्० खं० ५, ६। सू ३६। पु १४। पृ० ३३

टीका—णिद्धस्स पोग्गलस्स अण्णंण णिद्धपोग्गलेण जदि बंधो होदि तो दुराहिएणव। ल्हुक्खस्स ल्हुक्खेण जदि बंधो होदि तो वि दुराहिएण बंधो होदि। णिद्धस्स सव्वपोग्गलस्स ल्हुक्खेण सव्वेणपोग्गलेण सह बंधो होदि सो कत्थ होदि त्ति भणिदे 'विसमे समे वा।' गुणाविभागपडिच्छेदेहि ल्हुक्खपोग्गलेण सरिसो णिद्धपोग्गलो समोणामा असरिसो विसमोणाम। तत्थ णिद्ध-ल्हुक्खेण पोग्गलाण बंधो होदि [त्ति] सव्वेसिं पोग्गलाणं बंधे 'संपत्ते जहण्णज्जे' त्ति भणिदं। जहण्णगुणाणं णिद्ध-ल्हुक्खपोग्गलाणं सत्थाणेण परत्थाणेण वा णत्थि बंधो। एवं गुणविसिट्ठाणं पोग्गलाणं बंधो होदि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दो, तीन आदि पुद्गलों का (परमाणु पुद्गलों का) जो समवाय संबंध होता है उसे पुद्गल बंध कहते हैं। जिस स्निग्ध और रुक्ष आदि गुण के कारण पुद्गलों का बंध होता है उसे पुद्गल बंध कहते हैं।

विसदृश स्निग्धता और विसदृश रूक्षता बंध है। अर्थात् स्निग्धता में विसदृश्यता रूक्षता की अपेक्षा और रुक्षता में विसदृश्यता स्निग्धता की अपेक्षा समझनी चाहिए। फलस्वरूप स्निग्ध परमाणुओं का रूक्ष परमाणुओं के साथ बंध होता है और रूक्ष परमाणुओं का भी स्निग्ध परमाणुओं के साथ बंध होता है क्योंकि यहाँ गुण की अपेक्षा समानता नहीं पाई जाती है।

स्निग्ध परमाणु अन्य स्निग्ध परमाणुओं के साथ नहीं बंधते क्योंकि स्निग्ध गुण की अपेक्षा वे समान है। रूक्ष पुद्गल अन्य रूक्ष पुद्गलों के साथ नहीं बंधते, क्योंकि रूक्ष गुण की अपेक्षा वे समान है।

'णिद्धल्हुक्खा ण बज्झंति' अर्थात् स्निग्ध पुद्गल और रूक्ष पुद्गल परस्पर बंध को प्राप्त होते हैं, क्योंकि इनमें विसदृश्यता पाई जाती है। क्या गुणों के अविभाग प्रतिच्छेदों की अपेक्षा समान स्निग्ध और रूक्ष पुद्गलों का बंध होता है या अविभाग प्रतिच्छेदों की अपेक्षा विसदृश स्निग्ध और रूक्ष पुद्गलों का बंध होता है—ऐसा प्रश्न करने पर 'रूवारूवी य पोग्गला बज्झंति' यह कहा है। जो स्निग्ध और रूक्ष गुणों से युक्त पुद्गल गुणों के अविभाग प्रतिच्छेदों की अपेक्षा समान होते हैं वे रूपी कहलाते हैं। वे भी बंध को प्राप्त होते हैं। और विसदृश पुद्गल अरूपी कहलाते हैं —वे भी बंध को प्राप्त होते हैं।

स्निग्ध और रूक्ष पुद्गल गुणों के अविभाग-प्रतिच्छेदों की संख्या की अपेक्षा चाहे समान हों, चाहे असमान हों—उनका परस्पर बंध होता है।

द्विमात्रा स्निग्धता और द्विमात्रा रूक्षता (परस्पर) बंध है। जिस स्निग्धता में दो मात्रा अधिक या हीन होती है वह द्विमात्रा स्निग्धता कहलाती है—वह बंध है अर्थात् बंधन का कारण है। स्निग्ध पुद्गल दो अविभाग—प्रतिच्छेद अधिक स्निग्ध पुद्गलों के साथ या दो अविभाग-प्रतिच्छेद कम स्निग्ध पुद्गलों के साथ बंधते हैं। इनका तीन आदि अविभाग प्रतिच्छेद अधिक पुद्गलों के साथ और आदि अविभाग-प्रतिच्छेदक पुद्गलों के साथ बंध नहीं होता है। इसी प्रकार रूक्ष पुद्गलों का रूक्ष पुद्गलों के साथ बध का कथन करना चाहिए।

स्निग्ध पुद्गल का दो गुण अधिक स्निग्ध पुद्गल के साथ और रूक्ष पुद्गल का दो गुण अधिक रूक्ष पुद्गल के साथ बंध होता है। तथा स्निग्ध पुद्गल का रूक्ष पुद्गल के साथ जघन्य गुण के सिवाय विषम या सम गुण के रहने पर बंध होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्निग्ध सब पुद्गल का रूक्ष सब पुद्गल के साथ जो बंध होता है वह किस अवस्था में होता है, ऐसा पूछने पर 'विसमे समे वा' यह वचन कहा है। गुण के अविभाग-प्रतिच्छेदों की अपेक्षा रूक्ष पुद्गल के साथ सदृश स्निग्ध पुद्गल सम कहलाता है और असदृश स्निग्ध पुद्गल विषम कहलाता है। यहाँ स्निग्ध और रूक्ष गुण के द्वारा पुद्गलों का बंध होता है। इस नियम के अनुसार सब पुद्गलों का बंध प्राप्त होने पर 'जहण्णवज्जे' यह कहा है। जघन्य गुणवाले स्निग्ध और रूक्ष पुद्गलों का न तो स्वस्थान की अपेक्षा बंध होता है और न परस्थान की अपेक्षा ही बंध होता है।

पढमो तइओ सत्तमनवदसएक्कारबारतेरसमो।
तेवीसचउव्वीसो पणुवीसइमो य पंचमए ॥१८७॥
वि चउत्थ पंचं छट्ठं पणरस सोलं च सत्तरट्ठारं।
वीसेक्कवीसबावीसगं च वज्जेज्ज छट्ठम्मि ॥१८९॥
बिचउत्थपंचछट्ठं पण्णर सोलं च सत्तरऽट्ठारं।
बावीसइमविहूणा सत्तपएसम्मि खंधम्मि ॥१९०॥
बिचउत्थपंचछट्ठं पण्णर सोलं च सत्तरट्ठारं।
एए वज्जिय भंगा सेसा सेसेसू खंधेसु ॥१९१॥

—पण्ण० पद १०। सू ७९० में

देखो—२६ भांगों का विवरण ·३९

द्विप्रदेशी स्कंध कदाचित् चरिम है, अचरिम नहीं है, कदाचित् अवक्तव्य है। अवशेष तेबीस भांगों का प्रतिषेध करना चाहिए।

तीन प्रदेशी स्कंध—१ कदाचित् चरिम है, २ अचरिम नहीं हैं, ३ कदाचित् अवक्तव्य है (एकवचन की अपेक्षा), ४ चरिम नहीं है, ५ अचरिम नहीं है, ६ अवक्तव्य नहीं है (बहुवचन की अपेक्षा), ७ चरम और अचरम नहीं है, ८ एकवचन चरम और बहुवचन अचरम नहीं है, ९ कदाचित् बहुवचन चरम और एकवचन अचरम है, १० बहुवचन चरम और अचरम नहीं है, ११ कदाचित् एकवचन चरम और अवक्तव्य है। शेष पंद्रह भंगो का प्रतिषेध करना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चतुष्प्रदेशी स्कंध—१ कदाचित् चरम हैं, २ अचरम नहीं है, ३ कदाचित् अवक्तव्य है, ४ चरिम नहीं है, ५ अचरम नहीं है, ६ अवक्तव्य नहीं है, ७ चरम नहीं है और अचरम है, ८ चरम नहीं है तथा अचरम है, ९ कदाचित् चरम है तथा अचरम है, १० कदाचित् चरम है तथा अचरम है, ११ कदाचित् चरम है तथा अवक्तव्य है, १२ कदाचित् चरम है तथा अवक्तव्य है, १३ चरम नहीं है तथा अवक्तव्य है, १४ चरम नहीं है तथा अवक्तव्य है १५ अचरम नहीं है तथा अवक्तव्य है, १६ अचरम नहीं है तथा अवक्तव्य है, १७ अचरम नहीं है तथा अवक्तव्य है, १८ अचरम नहीं है तथा अवक्तव्य है, १९ चरम नहीं है, अचरम है तथा अवक्तव्य है, २० चरम नहीं है, अचरम है तथा अवक्तव्य है, २१ चरम नहीं है, अचरम है तथा अवक्तव्य है, २२ चरिम नहीं है, अचरम है व अवक्तव्य है, २३ कदाचित् चरम है, अचरम है तथा अवक्तव्य है। शेष भंगो का प्रतिषेध करना चाहिए।

नोट—'पढमो तइओ य होइ दुपएसे' अर्थात् पहला तथा तीसरा भंग द्विप्रदेशी स्कंध में होता है।

तीन प्रदेशी स्कंध में पहला, तीसरा, नववां और ग्यारहवां भंग होता है।

चतुःप्रदेशी स्कंध में पहला, तीसरा, नववां, दसवां, ग्यारहवां, बारहवां तथा तेइसवां—ये सात भांगे घटित होते हैं।

पंच प्रदेशी स्कंध—(१) कदाचित चरम है, २ अचरम नहीं है, ३ कदाचित् अवक्तव्य है, ४ चरम नहीं है, ५ अचरम नहीं है, ६ अवक्तव्य नहीं है, ७ कदाचित् चरम है तथा अचरम है, ८ चरम नहीं है तथा अचरम है, ९ कदाचित् चरम है, व अचरम है, १० कदाचित् चरम है तथा अचरम है, ११ कदाचित् चरम है तथा अवक्तव्य है, १२ कदाचित् चरम है तथा अवक्तव्य है, १३ कदाचित् चरम है तथा अवक्तव्य है, १४ चरम नहीं है तथा अवक्तव्य है, १५ अचरम नहीं है तथा अवक्तव्य है, १६ अचरम नहीं है तथा अवक्तव्य है, १७ अचरम नहीं है तथा अवक्तव्य है, १८ अचरम नहीं है तथा अवक्तव्य है, १९ चरम नहीं है, अचरम है तथा अवक्तव्य है २० चरम नहीं है, अचरम है तथा अवक्तव्य है, २१ चरम नहीं है, अचरम है तथा अवक्तव्य है, २२ चरम नहीं है, अचरम है तथा अवक्तव्य है, २३ कदाचित् चरम है, अचरम है तथा अवक्तव्य है, २४ कदाचित् चरम है, अचरम है तथा अवक्तव्य है, २५ कदाचित् चरम है, अचरम है तथा अवक्तव्य है, २६ कदाचित् चरम है, अचरम है तथा अवक्तव्य है।

नोट—पंच प्रदेशी स्कंध में पहला, तीसरा, सातवां, नववां, दसवां, ग्यारहवां,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बारहवां, तेरहवां, तेइसवां, चौबीसवां तथा पचीसवां— ग्यारह भांगे होते हैं, बाकी का प्रतिषेध करना चाहिए।

छः प्रदेशी स्कंध — १ कदाचित् चरम है, २ अचरम नहीं है, कदाचित् अवक्तव्य है, ४ चरम नहीं है, ५ अचरम नहीं है, ६ अवक्तव्य नहीं है, ७ कदाचित् चरम है, व अचरम है, ८ कदाचित् चरम है तथा अचरम है, ९ कदाचित् चरम है तथा अचरम है, १० कदाचित् चरम है तथा अवक्तव्य है, ११ कदाचित् चरम है तथा अवक्तव्य है, १२ कदाचित् चरम है तथा अवक्तव्य है, १३ कदाचित् चरम है तथा अवक्तव्य है, १४ कदाचित् चरम है तथा अवक्तव्य है, १५ अचरम नहीं है तथा अवक्तव्य है, १६ अचरम नहीं है तथा अवक्तव्य है, १७ अचरम नहीं है तथा अवक्तव्य है, १८ अचरम नहीं है तथा अवक्तव्य है, १९ कदाचित् चरम, अचरम तथा अवक्तव्य है, २० चरम नहीं है, अचरम है, अवक्तव्य है, २१ चरम नहीं है, अचरम है, तथा अवक्तव्य है, २२ चरम नहीं है, अचरम है तथा अवक्तव्य है है, २३ कदाचित् चरम है, अचरम है तथा अवक्तन्य है, २४ कदाचित् चरम है, अचरम है तथा अवक्तव्य है, २५ कदाचित् चरम है, अचरम है तथा अवक्तव्य है तथा २६ कदाचित चरम है, अचरम है तथा अवक्तव्य है।

नोट—दूसरा, चौथा, पांचमा, छट्ठा, पन्द्रहवां, सोलहवां, सत्तरवां, अठारवां, बीसवां, इककीसवां, बाइसवां, इन ग्यारह भांगो को छोड़कर बाकी के पन्द्रह भांगे छः प्रदेशी स्कध में होते हैं।

सात प्रदेशी स्कंध — १ कदाचित् चरम है, २ अचरम नहीं है, ३ कदाचित् अवक्तव्य है, ४ चरम नहीं है, ५ अचरम नहीं है, ६ अवक्तव्य नहीं है, ७ कदाचित् चरम है, अचरम है, ८ कदाचित् चरम है, अचरम है, ९ कदाचित् चरम हैं, तथा अचरिम है, १० कदाचित् चरम है तथा अचरम है, ११ कदाचित् चरम है तथा अवक्तव्य है, १२ कदाचित् चरम है तथा अवक्तव्य है, १३ कदाचित् चरम है तथा अवक्तव्य है, १४ कदाचित् चरम है यथा अवक्तव्य है, १५ अचरम नहीं है तथा अवक्तव्य है, १६ अचरम नहीं है तथा अवक्तव्य है, १७ अचरम नहीं है तथा अवक्तव्य है, १८ अचरम नहीं है तथा अवक्तव्य है, १९ कदाचित् चरम है, अचरम है, अवक्तव्य है, २० कदाचित् चरम है, अचरम है तथा अवक्तव्य है, २१ कदाचित् चरम है, अचरम हैं तथा अवक्तव्य है, २२ कदाचित् चरम है, अचरम हैं तथा अवक्तव्य हैं, २३ कदाचित् चरम हैं, अचरम हैं तथा अवक्तव्य हैं, २४ कदाचित् चरम हैं, अचरम हैं तथा अवक्तव्य हैं, २५ कदाचित् चरम हैं, अचरम हैं तथा अवक्तव्य हैं, २६ कदाचित् चरम हैं, अचरम हैं तथा अवक्तव्य हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नोट—दूसरा, चौथा, पांचवां, छट्ठा, पंद्रहवां, सोलहवां, सत्तरवां, अठारवां और बावीसवां—इन भांगो को छोड़कर बाकी के भांगे सात प्रदेशी स्कंध में जानना चाहिये।

आठ प्रदेशी स्कंध—कदाचित् चरम है, २ अचरब नहीं है, ३ कदाचित् अवक्तव्य है, ४ चरम नहीं हैं, ५ अचरम नहीं हैं, ६ अवक्तव्य नहीं है, ७ कदाचित् चरम है, अचरम है, ८ कदाचित् चरम है तथा अचरम हैं, ९ कदाचित् चरम हैं तथा अचरम हैं, १० कदाचित् चरम है तथा अचरम हैं, ११ कदाचित् चरम है तथा अवक्तव्य है, १२ कदाचित् चरम हैं तथा अवक्तव्य हैं, १३ कदाचित् चरम हैं तथा अवक्तव्य है, १४ कदाचित् चरम हैं तथा अवक्तव्य है, १५ अचरम नहीं है तथा अवक्तव्य है, १६ अचरम नहीं है तथा अवक्तव्य है, १७ अचरम नहीं हैं तथा अवक्तव्य है, १८ अचरम नहीं हैं तथा अवक्तव्य हैं, १९ कदाचित् चरम है, अचरम है तथा अवक्तव्य है, २० कदाचित् चरम है, अचरम हैं, तथा अवक्तव्य हैं, २१ कदाचित् चरम है, अचरम हैं तथा अवक्तव्य है, २२ कदाचित् चरम है, अचरम है तथा अवक्तव्य है, २३ कदाचित् चरम है, अचरम हैं तथा अवक्तव्य हैं, २४ कदाचित् चरम हैं अचरम है तथा अवक्तव्य है, २५ कदाचित् चरम है, अचरम हैं तथा अवक्तव्य हैं, २६ कदाचित् चरम हैं, अचरम हैं तथा अवक्तव्य हैं।

नोट—आठ प्रदेशी स्कंध में दूसरा, चौथा, पांचवां, छट्ठा, पंद्रहवां, सोलहवां, सतरवां तथा अठारहवां—इन आठ भांगों को छोड़ कर बाकी के सब भांगे मिलते हैं।

संख्यात प्रदेशी स्कंध, (नौ प्रदेशी स्कंध, दस प्रदेशी स्कंध यावत् संख्यात प्रदेशी स्कंध) असंख्यात प्रदेशी स्कंध तथा अनंत प्रदेशी स्कंध-प्रत्येक स्कंध के सम्बन्ध में जैसा आठ प्रदेशी स्कंध के विषय में कहा—वैसा ही इनके सम्बन्ध में कहना चाहिए।

१—अस्तु परमाणु में तीसरा विकल्प, द्विप्रदेशी स्कंध में पहला तथा तीसरा विकल्प, होता है। तीन प्रदेशी स्कंध में पहला, तीसरा, नववां तथा ग्यारवां विकल्प होता है।

२—चतुः प्रदेशी स्कंध में पहला, तीसरा, नववां, दसवां, ग्यारवां, बारहवां तथा तेइसवां विकल्प होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३—पंच प्रदेशी स्कंध में पहला, तीसरा, सातवाँ, नववां, दसवां, ग्यारहवां, बारहवां, तेरहवां, तेइसवां, चौवीसवां तथा पचीसवां विकल्प होता है।

४—छः प्रदेशी स्कंध में दूसरा, चौथा, पांचवां, छट्ठा, पंद्रहवां, सोलहवां, सतरहवां, अठारहवां, बीसवां, इक्कीसवां तथा बाइसवां भंग के सिवाय अन्य भंग जानना चाहिए।

५—सात प्रदेशी स्कंध में दूसरा, चौथा, पांचवां, छट्ठा, सोलहवां, सतरहवां, अठारहवाँ और बाइसवाँ विकल्प सिवाय अवशेष भंग जानना चाहिए।

अवशेष स्कंधों के विषय में (अष्ट प्रदेशी स्कंध, नवप्रदेशी स्कंध, दस प्रदेशी स्कंध, संख्यात प्रदेशी स्कंध, असंख्यात प्रदेशी स्कंध, अनंत प्रदेशी स्कंध) दूसरा, चौथा, पांचवां, छट्ठा, पंद्रहवां, सोलहवां, सतरहवां, अठारहवां विकल्पों को छोड़कर अवशेष भंग जानना चाहिए।

नोट—दो प्रदेशी स्कंध में १, ३ (पहला, तीसरा) दो भांगे मिलते हैं यथा—
१ [·] [·], ३ [··] उसी प्रकार उपयोग लगाकर भांगे जान लेने चाहिए।

नोट—परमाणु पुद्गल का मध्य नहीं है अतः चरम नहीं है तथा अन्त भी नहीं है अतः अचरम नहीं है, अवक्तव्य है। द्विप्रदेशी स्कंध यदि आकाश के दो प्रदेश को अवगाहित कर रहते है तो पहले की अपेक्षा दूसरा चरम तथा दूसरे की अपेक्षा पहला चरम है। अचरम नहीं है क्योंकि उन परमाणु स्कंध के तीन विभाग नहीं होते हैं। यदि द्विप्रदेशी स्कंध आकाश के एक प्रदेश से अवगाहित कर रहे तो चरम-अचरम दोनों नहीं है अतः अवक्तव्य है। अतः द्विप्रदेशी स्कंध में पहला व तीसरा भंग मिलता है। अवशेष २४ भांगे नहीं मिलते हैं।

यदि तीन प्रदेशी स्कंध के दो प्रदेश सम श्रेणी में रहे व एक विषम श्रेणी में रहे तो सम श्रेणी की अपेक्षा चरम है व विषम श्रेणी की अपेक्षा अवक्तव्य है। (ग्यारहवां भंग) यदि तीन परमाणु तीन प्रदेश अवगाह कर रहे तो तब दोनों तरफ दो परमाणु रहे वे बहुवचन आश्री चरम है और एक परमाणु बीच में है वह एक वचन आश्री अचरिम है (नौवां भग)। इस प्रकार तीन प्रदेशी स्कध में ४ भांगे मिलते हैं। (१, ३, ९, ११) शेष २२ भंग नहीं मिलते हैं।

इस प्रकार उपयोग लगाकर सर्व स्कंध के विषय में जान लेना चाहिये।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·६५ वर्गणा

१· परिभाषा/अर्थ

(क) सजातीयपुद्गलानां समूहो वर्गणोच्यते ।
मौक्तिकानां मिथस्तुल्य गुणानामिव राशयः ।।
कुचिकर्णो यथा नाना-वर्णा संख्येयधेनुकः ।
चक्र गवां सवर्णानां समुदायान् पृथक् पृथक् ।।
तथाकृते चाभूवंस्ताः सुज्ञानाः सुग्रहा यथा ।
तथा तीर्थङ्करोद्दिष्टाः पुद्गल वर्गणा अपि ।।

—लोकप्र० सर्ग ३५ । गा ४ से ५ । पृ० ६५०

मोतियों की राशि की तरह परस्पर श्वेतादि तुल्य गुणवाले सजातीय पुद्गलों के समूह को वर्गणा कहते हैं ।

जिस प्रकार अलग-अलग वर्णवाली असंख्यात गायों के समूह में से एक समान वर्णवाली गायों के समूह को कुचिकर्णनामक सेठ अलग-अलग रखता था—उस प्रकार करने से उन गायों का उसको ज्ञान रहता था—उसी प्रकार तीर्थंकर कथित पुद्गल वर्गणामें भी सम्यग् प्रकार से समझी जा सकती है और सम्यग् प्रकार से ग्रहण की जा सकती है ।

(ख) कुइयण्णगोविसेसोवलक्खणोवम्मओ विणेयाणं ।
दव्वाइवग्गणाहिं पोग्गलकायं पयंसेंति ।।

—विशेभा० गा ६३२

सजातीयवस्तुसमुदायो वर्गणा, समूहो, वर्गः, राशिः इति पर्यायाः ।

—विशेभा० गा ६३५ । टीका

·२ अणुवर्गणा

परिभाषा/अर्थ

(क) वग्गणपरूवणदाए इमा एयपदेसिया परमाणुपोग्गलदव्ववग्गणा-णाम ।

—षट्० खण्ड ५, ६ । सू ७०७ । पु १४ पृ० ५४२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(ख) अणंतेहि सरिसधणियपरमाणूहि एगा वग्गणा होदि, दव्वट्ठिय-णयावलंबादो।

—कसापा० विह० ४। भा ५। गा २२। टीका। पृ० ३४८

(ग) पुद्‌गलसमुदायविशेषे।

—अभिधा० भा ५। पृ० ९६८

(घ) असंख्यातानामनन्तानां च परमाणूनां समुदाये।

—अभिधा० भा ५। पृ० ५४१

(ङ) इह समस्तलोकाकाशप्रदेशेषु ये केचन एकाकिनः परमाणवो विद्यन्ते तत्समुदायः सजातीयत्वाद् एकावर्गणाः।

—कर्म० भा ५। गा ७५। टीका। पृ० ८१

(च) एकाकिनः संति लोके येऽनंताः परमाणवः।
एकाकित्वेन तुल्यानां तेषामेकात्र वर्गणा॥

— लोकप्र० सर्ग ३५। श्लो ७

(छ) ××× एगपदेसियपोग्गलदव्ववग्गणा परमाणुसरूवा ×××।

—षट्० खण्ड ५, ६। सू ७६। टीका। पु १४। पृ० ५४

वर्गणापरूपणा की अपेक्षा यह एक प्रदेशी परमाणु पुद्गल द्रव्य वर्गणा है। इस समस्त लोकाकाश प्रदेश में एकाकि (अलग अस्तित्व छुटे हुए) इस प्रकार के अनंत परमाणु लोक में है। उनका एकीपन तुल्य होने के कारण उसकी एक वर्गणा समझनी चाहिए। एक प्रदेशी पुद्गल द्रव्य वर्गणा परमाणु स्वरूप होती है।

२· अणुवर्गणा

परिभाषा/अर्थ

वर्गणा शब्द की भावाभिव्यक्ति अंग्रेजी के Grouping शब्द में पूर्ण रूप से व्यक्त होती है। सजातीयवस्तुसमुदायो वर्गणा समूहो, वर्गः राशिः इति पर्यायाः—विशेभा० गा ६३५। टीका। अर्थात् समान गुण और जाति वाले समुदाय को वर्गणा कहते हैं। वर्गणा, समूह, वर्ग, राशि—ये पर्यायवाची शब्द हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·३ भेद—

परमाणुवग्गणम्मि ण अवरुक्कस्सं च सेसगे अत्थि।

—गोजी॰ गा ५९५ पूर्वार्धं

परमाणु—अणुवर्गणा में जघन्य तथा उत्कृष्ट भेद नहीं है।

एगा परमाणुपोग्गलाणं वग्गणा। एवं जाव एगा अणंतपएसियाणं खंधाणं पोग्गलाणं वग्गणा।

—ठाण॰ स्था १। सू ५१। पृ॰ १८५

परमाणु पुद्गलों की एक वर्गणा है।

·४ परमाणु पुद्गल द्रव्य वर्गणा का उद्भव

वग्गणणिरूवणिदाए इमा एयपदेसियपरमाणुपोग्गलदव्ववग्गणा णाम किं भेदेण किं संघादेण किं भेदसंघादेण × × ×। उवरिल्लीणं दव्वाणं भेदेण।

—षट्॰ खण्ड ५, ६, ४। सू ९८-९९। पु १४

टीका—दुपदेसियादिउवरिमवग्गणाण भेदेणव एयपदेसिया वग्गणा होदि, सुहुमस्स थूलभेदादो चेव उप्पत्तिदंसणादो। संघादेण भेदसंघादेण वा एयपदेसियपरमाणुपोग्गलदव्ववग्गणा ण होदि।

द्विप्रदेशी आदि उपरिम वर्गणाओं के भेद से ही एक प्रदेशी परमाणु पुद्गल द्रव्य वर्गणा होती है क्योंकि सूक्ष्म की स्थूल के भेद से ही उत्पत्ति देखी जाती है। संघात से और भेद-संघात से एक प्रदेशी परमाणु पुद्गल द्रव्य वर्गणा नहीं होती है क्योंकि इससे नीचे अन्य वर्गणाओं का अभाव है।

·५ वर्गणाओं का वर्ण-गंध-रस-स्पर्श

औदारिक- प्रभृतमएताश्चाहारकावधिः।
अष्टस्पर्शाः पंचवर्णरस - गंधद्वयान्विता ॥४१॥

एकवर्णरसगंधः स्याद् द्विस्पर्शश्च यद्यपि।
परमाणुस्तथाप्येते समुदायव्यपेक्षया ॥४२॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तजसाद्या वर्गणा अ-प्येवं वर्णादिभिः स्मृताः।
स्पर्शतस्तु चतुःस्पर्शा-स्तेषां मृदुलघुध्रुवौ ॥४३॥

अन्यौ द्वौ च स्निग्धशीतौ स्निग्धोष्णौ वा प्रकीर्त्तितौ।
रूक्षोष्णौ रूक्षशीतौ वा विज्ञेयौ यथागमं ॥४४॥

अयं पंच संग्रहवृत्तिशतकबृहट्टीकाद्यभिप्रायः।

टीका—कर्मप्रकृतिप्रज्ञप्त्याद्यभिप्रायेण त्वेतासु स्निग्धोष्णरूक्षशीत-रूपमेव स्पर्शचतुष्टयं स्यान्नान्यदिति।

—लोकप्र० । सर्ग ३५ । गा ४१ से ४४ । पृ० ६५५

औदारिक से आहारक तक की वर्गणायें अष्टस्पर्शी, पंचवर्णी, पंचरसवाली और दो गंधवाली होती है।

यद्यपि परमाणु—एक वर्ण, एक रस, एक गंध और दो स्पर्शवाला होता है। आठ स्पर्श जो कहे गये हैं वह समुदाय (स्कंध) की अपेक्षा कहे गये हैं।

तैजसादि वर्गणा भी इसी प्रकार वर्ण, गंध, रस वाली होती है। (प्रथम की तीन वर्गणा की तरह पाँच वर्ण, पाँच रस—दो गंध वाली होती है।) परन्तु स्पर्श की अपेक्षा चतुःस्पर्श वाली होती है। उसमें मृदु और लघु—ये दो स्पर्श निरंतर होते हैं और दूसरे दो स्निग्ध और शीत अथवा स्निग्ध और उष्ण स्पर्श होते हैं। अथवा रूक्ष और उष्ण अथवा रूक्ष और शीत—ये दो स्पर्श होते हैं।

·६ नयकी अपेक्षा वर्गणा का विवेचन

वग्गणपरूवणदाए ताणि चेव तिण्णि अणियोगद्दाराणि। तत्थपरूवणदाए अत्थि जहण्णिया वग्गणा। एवं णेदव्वं जाव उक्कस्सवग्गणेत्ति। एवं परूवणा गदा।

पमाणं वुच्चदे—अणंतेहि सरिसधणियपरमाणूहि एगा वग्गणा होदि, दव्वट्ठियणयावलंबादो। पज्जवट्ठियणए पुण अवलंबिदे वग्गो वि वग्गणा होदि। णिव्वियप्पवग्गस्स कधं वग्गणत्तं ? ण, उवरिमएगोलि पेक्खिदूण सवियप्पस्स वग्गणत्तं पडि विरोहाभावादो। विरोहे वा महाखंडवग्गणाए

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धुवसुण्णवग्गणाणं च ण वग्गणत्तं होज्ज, सरिसधणियाभावादो। ण च एवं, वग्गणाणं तेवीससंखाए अभावप्पसंगादो।

—कसायपा० विहृ ४। भा ५। गा २२। टीका। पृ० ३४९

द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा समान अविभाग प्रतिच्छेदों के धारक अनंत परमाणुओं की एक वर्गणा होती है, पर्यायार्थिक नय की अपेक्षा एक वर्ग की वर्गणा होती है। वर्ग में वर्गणा इसलिये हैं—क्योंकि उपरिम एक पंक्ति को देखते हुए पंक्ति का वर्ग भी सविकल्प है, अतः उसके वर्गणा होने में कोई विरोध नहीं है। यदि विरोध हो तो महास्कंध वर्गणा और ध्रुवशून्य वर्गणाएँ भी वर्गणा नहीं हो सकती, क्योंकि उनमें समान धनवालों का अभाव है। किन्तु ऐसा नहीं है, क्योंकि ऐसा होने से वर्गणाओं की जो तेईस संख्या बतलाई गई है उसके अभाव का प्रसंग प्राप्त होता है।

·७ द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव के आश्रय स्कंध पुद्गल की वर्गणा

(मूल पाठ के लिए देखो क्रमांक ·१३)

·१ द्रव्य अपेक्षा

टीका—इतो द्रव्यक्षेत्रकालभावानाश्रित्य पुद्गलवर्गणैकत्वं चिन्त्यते—पूरणगलनधर्माणः पुद्गलाः, ते च स्कन्धा अपि स्युरिति विशेषयति-परमाणवो निष्प्रदेशास्ते च पुद्गलाश्चेति विग्रहस्तेषां, एवं करणात्, दुपएसियाणं खंधाणं तिचउपंचछसत्तट्ठनवदससंखेज्जपएसियाणं असंखेज्जपएसियाणं अनंतपएसियाणमिति दृश्यमिति, कृता द्रव्यतः पुद्गलचिन्ता।

·२ क्षेत्र अपेक्षा

अतः क्षेत्रतः क्रियते—'एगा एगपएसे' त्यादि, एकस्मिन् प्रदेशे क्षेत्रास्यावगाढ़ाः—अवस्थिता एक प्रदेशावगाढ़ास्तेषां ते च परमाणवादयोऽनन्तप्रादेशिकस्कन्धान्ताः स्युः अचिन्त्यत्वात् द्रव्यपरिणामस्य, यथा— पारदस्यैकेन कर्षेण चारिताः सुवर्णस्य ते सप्ताप्येको भवन्ति, पुनर्वामिताः प्रयोगतः सप्तैव त इति।'

·३ काल अपेक्षा

कालत साह—'एगा एगसमए' त्यादि, एकं समयं यावत् स्थितिः परमाणुत्वादिना एकप्रदेशावगाढादित्वेन एकगुणकालादित्वेन वाऽवस्थानं येषां ते

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एक समयस्थितिकास्तेषामिति, इह च अनन्तसमयस्थितेः पुद्गलानामभावाद् असंखेज्जसमयट्ठितीयाणमित्युक्तमिति ।

·४ भाव अपेक्षा

भावत पुद्गलानाह- एकेन गुणो-गुणनं ताडनं यस्य स एकगुणः, एकगुणः कालो वर्णो येषां ते एकगुणकालकाः, तारतम्येन कृष्णतरकृष्णतमादीनां येभ्यः आरभ्य प्रथमुत्कर्षप्रवृत्तिर्भवतीति भावस्तेषाम्, एवं सर्वाण्यपि भावसूत्राणि षट्यधिद्विशतप्रमाणानि वाच्यानि २६०, विंशतेः कृष्णादिभावानां त्रयोदशभिगु णनादिति ।[1]

·५ प्रदेश अपेक्षा

साम्प्रतं भंग्यन्तरेण द्रव्यादिविशेषितानां जघन्यादिभेदभिन्नानां स्कन्धानां वर्गणैकत्वमाह 'एगा जहन्नपएसियाणं' मित्यादि, जघन्याः सर्वाल्पाः प्रदेशाः परमाणवस्ते सन्तियेषां ते जधन्य प्रदेशिकाः द्व्यणुकादयः इत्यर्थः, स्कन्धाः—अणुसमुदयास्तेषां उत्कर्षन्तीत्युत्कर्षाः उत्कर्षवन्तः उत्कृष्टसंख्याः परमानन्ताः प्रदेशाः—अणवस्ते सन्ति येषां ते उत्कर्षप्रदेशिकाः तेषाः जघन्याश्च उत्कर्षाश्च जघन्योत्कर्षाः, न तथा ये ते अजघन्योत्कर्षप्रदेशिका मध्यमा इत्यर्थः ते प्रदेशाः सन्ति येषां ते अजघन्योत्कर्षप्रदेशि स्तेषाम्, एतेषां चानन्तवर्गणत्वेऽप्य जघन्योत्कर्ष शब्दव्यप देश्यत्वादेकवर्गणात्वमिति ।

·६ अवगाहन अपेक्षा

'जहन्नोगाहणगाणं' ते अवगाहन्ते—आसते यस्यां साऽवगाहना-क्षेत्रप्रदेशरूपा सा जघन्य येषां ते स्वार्थिककप्रत्ययाज्जघन्यावगाहनकास्तेषाम्, एकप्रदेशावगाढानामित्यर्थः । उत्कर्षावगाहनाकानामसंख्यातप्रदेशावगाढानामित्यथः, अजघन्योत्कर्षवगाहनकानां संख्येयासंख्येयप्रदेशावगाढानामित्यर्थः ।[2]

---

१. एकस्यादारभ्यदशान्ताः संख्येयासंख्येस्या नन्ताश्चेति त्रयोदश ।

२. स्वस्ववर्गणायां जघन्यानां वर्गणानामनेकविधत्वात् द्व्यणुकादय इति ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·७ स्थिति अपेक्षा

जघन्या-जघन्यसंख्या समयापेक्षया स्थितिर्येषां ते जघन्यस्थितिकाः एकसमय स्थिति का इत्यर्थः तेषां, उत्कर्षा—उत्कर्षवत् संख्या समयापेक्षया स्थितिर्येषां ते तथा तेषामसंख्यातसमयस्थितिका नामित्यर्थः तृतीय कण्ठ्यं ।

·८ भाव अपेक्षा

जघन्ये—जघन्यसंख्याविशेषणकेनेत्यर्थः गुणो-गुणनं ताडनं यस्य स तथा (तथा) विधः कालो वर्णो येषां ते जघन्यगुणकालकास्तेषाम्' एव-मुत्कषगुणकालकानामनन्तगुण कालकानामित्यर्थः, तृतीयं कंठ्य, एवं भाव-सूत्राण्यपि षष्टिभावनीयामीति ।

सामान्यस्कन्धवर्गणैकत्वाधिकारादेवाजघन्योत्कर्षप्रदेशिकास्याजघन्यो-त्कर्षप्रदेशावगाढ़स्य स्कन्धविशेषस्यैकत्वमाह ।

टीका—सर्वेषां वर्गणा वर्गः समुदायः ।

—ठाण स्था १ । सू ५१ । टीका

वर्गणा अर्थात् सजातीय समूह ।

१—द्रव्य की अपेक्षा वर्गणा

द्विप्रदेशी स्कन्ध की एक वर्गणा होती है । इसी प्रकार तीन प्रदेशी स्कंध यावत् दस प्रदेशी स्कंध, संख्यात प्रदेशी स्कंध, असंख्यात प्रदेशी स्कंध तथा अनन्त प्रदेशी स्कंध प्रत्येक की एक वर्गणा होती है ।

२—क्षेत्र की अपेक्षा

स्कंध पुद्गल आकाशास्तिकाय के एक प्रदेश से असंख्यात प्रदेश में अवगाहित कर रह सकते हैं । अतः एक प्रदेशावगाढ़ परमाणु व स्कंध पुद्गलों की एक वर्गणा होती है । इसी प्रकार दो प्रदेशावगाढ़ स्कंध पुद्गलों की यावत् असंख्यात प्रदेशाव-गाढ़ स्कंध पुद्गलों की प्रत्येक की, एक वर्गणा होती है ।

३—काल स्थिति की अपेक्षा

एक समय की स्थिति वाले परमाणु व स्कंध पुद्गलों की एक वर्गणा होती है । इसी प्रकार दो समय की स्थितिवाले यावत् असंख्यात समय की स्थितिवाले परमाणु व स्कंध पुद्गलों की एक वर्गणा होती है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४—भाव की अपेक्षा

एक गुण कृष्णवर्णवाले परमाणु व स्कंध पुद्गलों की एक वर्गणा होती है। इसी प्रकार द्विगुण यावत् अनंत गुण कृष्णवाले पुद्गलों की एक वर्गणा होती है। इसी प्रकार नील, रक्त, पीत तथा शुक्ल वर्ण के पुद्गलों के विषय मे समझना चाहिए।

इसी प्रकार दो गंध, पाँच रस तथा आठ स्पर्श के विषयों में समझना चाहिए।

जघन्य प्रदेशी स्कंधों (द्विप्रदेशी स्कंध पुद्गल) की एक वर्गणा होती है। उत्कृष्ट प्रदेशी स्कंधों (उत्कृष्ट संख्या से अनंत प्रदेशी स्कध पुद्गल) की एक वर्गणा होती है तथा अजघन्य-अनुत्कृष्ट (मध्यम) प्रदेशी स्कंधों की एक वर्गणा होती है।

·८ वर्गणा

अथोल्लंघ्याखिला एताः सिद्धानंतांशसंमितैः।
अभव्येभ्योऽनंतगुणः परमाणुभिरुद्गतः ॥१३॥
स्कंधैर्याः स्युः सभारब्धा वर्गणा विस्रसावशात्।
जघन्या ग्रहणार्हाः स्यु-स्ताः किलौदारिकोचिताः ॥१४॥
आभ्यश्चैककाणुवृद्धा मध्यमा ग्रहणोचिताः।
तावद् ज्ञेया यावदौदा-रिकार्होत्कृष्टवर्गणाः ॥१५॥
उत्कृष्टौदारिकार्हाभ्य - श्चैकेनाप्यणुनाधिका।
भवंति पुनरप्यौदा - रिकानर्हा जघन्यतः ॥१६॥
ततश्चैकैकाणुवृद्धा अनर्हा मध्यमा बुधैः।
तावद् ज्ञेया पुनर्याव - दुत्कृष्टाः स्युरनर्हकाः ॥१७॥
एता बह्वणुनिष्पन्न - त्वात्सूक्ष्माः परिणामतः।
तत औदारिकानर्हाः स्थूलस्कंधोद्भवं हि तत् ॥१८॥
यथा यथाणुभूयस्त्वं परिणामस्तथा तथा।
स्कंधेषु सूक्ष्मः स्यात्तथा - मल्पत्वे स्थूलमिष्यते ॥१९॥
औदारिकापेक्षयैव किलताः प्रचुराणुकाः।
स्युः सूक्ष्मपरिणामाश्च वैक्रियापेक्षया पुनः ॥२०॥
स्वल्पाणुजातत्वात्स्थूल - परिणामा अमूस्ततः।
वैक्रियानुचिताः सूक्ष्म - स्कंधोत्थं प्राच्यतो हि तत् ॥२१॥

—लोकप्र० सर्ग ३५/गा १३ से २१/पृ० ६५१-५२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसके बाद—सिद्ध के अनंतवें भाग तथा अभव्य से अनंत गुने परमाणुओं से बने हुए स्कंधों से विस्रसा परिणाम बनी हुई वर्गणाएँ औदारिक शरीर योग्य जघन्य ग्रहण योग्य वर्गणा जाननी चाहिए। इससे एक एक परमाणुओं की वृद्धि होने से स्कंधवाली वर्गणा मध्यम वर्गणा ग्रहणयोग्य वहाँ तक जाननी चाहिए जहाँ तक औदारिक उत्कृष्ट ग्रहण योग्य वर्गणा होती है। उत्कृष्ट औदारिक ग्रहण योग्य वर्गणा से एक प्रदेश अधिक परमाणुवाली अनंत औदारिक शरीर के अयोग्य जघन्य वर्गणा जाननी चाहिए। इसके बाद एक एक अणु की वृद्धि होने से—औदारिक शरीर के अयोग्य मध्यम वर्गणा वहाँ तक जाननी चाहिए यावत् उत्कृष्ट औदारिक अयोग्य वर्गणा होती है। ये सब वर्गणा बहु परमाणुओं से निष्पन्न होने के कारण स्वाभाविक सूक्ष्म परिणामवाली होती है अतः औदारिक शरीर के अग्रहण योग्य है क्योंकि औदारिक शरीर स्थूल स्कंधों से उत्पन्न होता है।

जैसे जैसे परमाणुओं की वृद्धि होती है वैसे-वैसे स्कंधों में परिणाम सूक्ष्म होता है और जैसे-जैसे परमाणु अल्प होते हैं वैसे-वैसे परिणाम स्थूल होते हैं। वह वर्गणा औदारिक शरीर की अपेक्षा ही प्रचुर परमाणुओं वाली और सूक्ष्म परिणाम वाली होती है। और वैक्रिय की अपेक्षा स्वल्प परमाणुओं से उत्पन्न होने से स्थूल परिणामवाली होती है इसलिए वह वैक्रिय परीर के ग्रहण योग्य नहीं है क्योंकि वैक्रिय शरीर पूर्व के औदारिक शरीर की अपेक्षा सूक्ष्म स्कंधों से उत्पन्न होता है।

·१ वर्गणा

(क) उत्कृष्टौदारिकानर्हा यास्ता एकाणुनाधिकाः।
जघन्या वैक्रियार्हाः स्यु-स्ततो द्व्याद्यणुभिर्युताः॥
मध्यमा वैक्रियार्हाः स्यु - स्तदर्होत्कृष्टकावधि।
जघन्यमध्यमोत्कृष्टा वैक्रियानुचितास्ततः॥
वैक्रियापेक्षया भूयो - ऽणुकाः सूक्ष्मा अमूः किल।
आहारकापेक्षया च स्थूलाः स्तोकाणुका इति॥

—लोकप्र० सर्ग ३५/गा २२ से २४/पृ०६५२

औदारिक के अयोग्य उत्कृष्ट वर्गणा से एक परमाणु से अधिक वह जघन्य वैक्रिय के ग्रहणयोग्य वर्गणा समझनी चाहिए। उसमें दो आदि परमाणुओं के युक्त होने से मध्यम वैक्रिय योग्य वर्गणा होती है वह वैक्रिय योग्य उत्कृष्ट वर्गणा तक समझनी चाहिए। उसके बाद वैक्रिय के अयोग्य जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट वर्गणा समझनी चाहिए। क्योंकि वह वैक्रिय की अपेक्षा वृद्धि परमाणु वाली और

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूक्ष्म परिणाम वाली है तथा आहारक की अपेक्षा वह स्थूल परिणाम वाली और अल्प परमाणुवाली है।

·२ वर्गणा

(क) जघन्यमध्यमोत्कृष्टा-स्तत आहारकोचिताः।
तदनर्हास्ततस्त्रेधा ततश्च तैजसोचिताः ॥२५॥

ततस्तथैव त्रिविधा-स्तैजसानुचितास्ततः।
त्रेधा भाषोचिता भाषा-नुचिताश्च ततस्त्रिधा ॥२६॥

आनप्राणो चितास्त्रेधा तदनर्हास्ततस्त्रिधा।
मनोऽर्हास्तदनर्हाश्च त्रिविधा स्युस्ततः क्रमात् ॥२७॥

जघन्यमध्यमोत्कृष्टाः कर्मणामुचितास्ततः।
भवंति वर्गणास्त्रेधा याभ्यः कर्म प्रजायते ॥२८॥

इतोऽप्यूर्ध्वं ध्रुवाचित्ता-दयो या संति वर्गणा।
नार्थाभावात्ता इहोक्ताः प्रोक्तास्त्वावश्यकादिषु ॥२९॥

—लोकप्र० सर्ग ३५ गा २५ से २९। पृ० ६५३

उसके बाद आहारक के योग्य जघन्य-मध्यम और उत्कृष्ट वर्गणा जाननी चाहिए। उसके बाद उसके योग्य तीन प्रकार की वर्गणा जाननी चाहिए। उसके बाद तैजस के योग्य तीन प्रकार की वर्गणा जाननी चाहिए।

इसके बाद क्रमशः तैजस के अयोग्य तीन प्रकार की वर्गणा, इसके बाद भाषा के योग्य तीन प्रकार की वर्गशा, इकके बाद भाषा के अयोग्य तीन प्रकार की वर्गणा, इसके बाद आनप्राण—श्वासोच्छ्वास के योग्य तीन प्रकार की वर्गणा, इसके बाद श्वासोच्छ्वास के अयोग्य तीन प्रकार की वर्गणा, इसके बाद मन के योग्य तीन प्रकार की वर्गणा, इसके बाद मन से अयोग्य तीन प्रकार की वर्गणा होती है।

इसके बाद जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट—तीन प्रकार की कार्मण के योग्य वर्गणा जाननी चाहिए, जिसके द्वारा कर्म का बंध होता है।

इसके बाद दूसरी ध्रुव अचित्तादिक वर्गणा जाननी चाहिए।

नोट—कर्मप्रकृति और प्रज्ञापना आदि के अभिप्राय से तैजसादि वर्गणाओं में स्निग्ध, उष्ण, रुक्ष और शीत ये—चार स्पर्श होते है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·३ वर्गणा के भेद

**(क) औदारिकवैक्रियांगा - हारक - तैजसोचित्ताः ।
भाषोच्छ्वासमनः कर्मयोग्याश्चेत्यष्ट वर्गणाः ॥**

—लोकप्र० सर्ग ३५ । गा ३ । पृ० ६५०

औदारिक, वैक्रिय, आहारक, तैजस, भाषा, उच्छ्वास, मन और कर्म—ये आठ वर्गणा है ।

**(ख) ओराल-विउव्वा-हार-तेय-भासा-णुपाणमण-कम्मो ।
अह दव्ववग्गणाणं कमो विवज्जासओ खेत्ते ॥**

— विशेभा० गा ६३१

·४ भेद

(क) × × × दुपदेसियपरमाणुपोग्गलदव्ववग्गण्पहुडि जाव उक्कस्स-संखेज्जपदेसियदव्ववग्गणेत्ति ताव एसा संखेज्जपदेसियवग्गणाणाम रुवणुक्कस्ससंखेज्जमेत्तवियप्पा × × ×।

—षट्० खण्ड ५, ६ सू ७८ । टीका । पु १४ । पृ० ५७-५८

एगा परमाणुपोग्गलाणं वग्गणा। एवं जाव एगा अणंतपएसियाणं खंधाणं पोग्गलाणं वग्गणा।

—ठाण० स्था १ । सू ५१ । पृ १८५

टीका— × × ×। एवं करणात् दुपएसियाण खंधाणं तिचउपंचछ-सत्तट्ठनवदससंखेज्जपएसियाणं असंखेज्जपएसियाण, मिति दृश्यमिति ।

द्विप्रदेशी परमाणु पुद्गल स्कंध द्रव्य वर्गणा से लेकर उत्कृष्ट संख्यात प्रदेशी द्रव्य वर्गणा तक—यह सब संख्यात द्रव्य वर्गणा है । इसके एक कम उत्कृष्ट संख्यात भेद होते हैं । द्विप्रदेशी स्कंध वर्गणा एक है, तीन प्रदेशी स्कंध वर्गणा एक है । चार प्रदेशी स्कंध वर्गणा एक है, पंचप्रदेशी स्कंध वर्गणा एक है, छ:प्रदेशी स्कंध वर्गणा एक है, सात प्रदेशी स्कंध वर्गणा एक है, आठ प्रदेशी स्कंध वर्गणा एक है, नव प्रदेशी स्कंध वर्गणा एक है, दस प्रदेशी स्कंध वर्गणा एक है, संख्यात प्रदेशी स्कंध वर्गणा एक है । असंख्यात प्रदेशी स्कंध वर्गणा एक है तथा अनंत प्रदेशी स्कंध वर्गणा एक है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·५ पुद्गल का ज्ञान

·१ अवधि ज्ञानी जीव किन-किन वर्गणाओं को जानता है

संखेज्ज मणोदव्वे भागो लोग-पलियस्स बोधव्वो।
संखेज्ज कम्मदव्वे लोए थोवूणयं पलियं॥

—विशेभा० गा ६६९

टीका—मनोवर्गणागतं मनःपरिणामयोग्यं द्रव्यं मनोद्रव्यं तस्मिन् मनोद्रव्ये मनोद्रव्यविषयेऽवधौ 'संखेज्ज त्ति' संख्येयतमो भागो लोक-पल्योपमयोर्विषयत्वेन बोद्धव्यः। इदमुक्तं भवति—मनोवर्गणाद्रव्यं पश्य-न्नवधिः क्षेत्रतो लोकस्य संख्याततमं भागं, कालतस्तु पल्योपमस्य संख्येयतमं भागं पश्यतीति। 'संखेज्ज कम्मदव्वे त्ति' कर्मवर्गणागतं कर्मणो योग्यं द्रव्यं तद्विषयेऽवधौ संख्येया लोकपल्योपमभागास्तद्विषयतयाऽवगन्तव्याः। इद-मुक्तं भवति-कर्मवर्गणाद्रव्यं पश्यन्नवधिः क्षेत्रतो लोकस्य संख्येयान् भागान् पश्यति, कालतस्तु पल्योपमस्य संख्येयान् भागानवलोकयति। 'लोए थोवूणयं पलियं ति' चतुर्दशरज्ज्वात्मकलोकविषयेऽवधौ कालतः स्तोकोनं पल्योपमं विषयतया बोद्धव्यम्।

इदमत्र हृदयम्-क्षेत्रतः समस्तलोकं पश्यन्नवधिः कालतः स्तोकोनं पल्यो-पमं पश्यति। द्रव्येण सह-क्षेत्र-कालयोरुपनिबन्धे प्रस्तुते केवलयोस्त-योरुपनिबंधप्ररूपणं विस्मरणशीलतासूचकमिति चेत्। नैवम्, साक्षादिह द्रव्योपनिबंधो नोक्तः, सामर्थ्यात् त्वसौ प्रोक्त एव, तथाहि—पूर्वं 'काले चउण्ह वुड्ढी' इत्युक्तमेव। कालवृद्धिश्चानन्तरोक्तकर्मद्रव्यदर्शकापेक्षया-ऽत्रोक्तैव। ततश्चास्य समस्तलोकस्तोकोनपल्योपमदर्शिनः सामर्थ्यात् कर्म-द्रव्योपर्येव किमपि द्रव्यं विषयत्वेन द्रष्टव्यम्।

अतएव च तदुपर्यपि ध्रुववर्गणादिद्रव्यं पश्यतः क्षेत्र-कालवृद्धिक्रमेण परमावधिसंभवोऽप्युनुमीयते।

जो अवधि ज्ञानी काल से पल्योपम के संख्यातवें भाग को, क्षेत्र से लोक के संख्यातवें भाग को देखता है वह अवधि ज्ञानी मनोवर्गणा-द्रव्य को जानता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो अवधि ज्ञानी काल से पल्योपम के संख्यातवें भाग को, क्षेत्र से लोक के संख्यातवें भाग को देखता है वह अवधि ज्ञानी कार्मणवर्गणा द्रव्य को जानता है।

जो अवधिज्ञान संपूर्णलोक को देखता है वह कुछ न्यून पल्योपम काल को देखता है।

कर्म द्रव्य के बाद—उसके ऊपर ध्रुववर्गणादि द्रव्य को देखता हुआ— अनुमान से—क्षेत्र-कालवृद्धि के क्रम से परमावधिज्ञान संभव है।

.६ पुद्गल का ज्ञान

अवधि ज्ञानी जीव किन-किन वर्गणाओं को जानता है

तेया-कम्मशरीरेतेयादव्वे य भासदव्वे य।
बोधव्वमसंखेज्जा दीव-समुद्दा य कालो य॥

—विशेभा० गा ६७३

टीका—शरीरशब्दः प्रत्येकमभिसंबध्यते। तैजसशरीरे कार्मणशरीरे चैतद्विषयेऽवधावित्यर्थः ; तथा, तैजसवर्गणाद्रव्यविषयेऽवधौ, भाषावर्गणा-द्रव्यगोचरे, भाषावर्गणाद्रव्यगोचरे चावधौ क्षेत्रतः प्रत्येकमसंख्येया द्वीप-समुद्राः, कालश्चासंख्येय पल्योपमासंख्येयभागरूपो विषयत्वेन बोद्धव्यः। कार्मणशरीरादप्यबद्धानां तजसवर्गणाद्रव्याणां सूक्ष्मत्वात् तद् बृहत्तरं, तेभ्योऽपि भाषाद्रव्याणां सूक्ष्मत्वात् तद् बृहत्तमं द्रष्टव्यम् × × ×।

तैजस शरीर तथा कार्शण शरीर को देखने वाले अवधिज्ञानी तथा तैजस वर्गणा द्रव्य और भाषावर्गणा द्रव्य को देखने वाले अवधिज्ञानी क्षेत्र से असंख्यात द्वीप-समुद्र और काल से पल्योपम के असंख्यातवें भाग को देखते हैं। यद्यपि यहाँ पर तैजस शरीर और कार्मण शरीर को देखने वाले अवधिज्ञान का विषय सामान्यतः समान है फिर भी तैजस शरीर की अपेक्षा कार्मण शरीर सूक्ष्म है, कार्मण शरीर की अपेक्षा भाषा वर्गणा द्रव्य सूक्ष्म है अतः तैजस शरीर की अपेक्षा कार्मण शरीर का विषय, कार्मण शरीर की अपेक्षा भाषा वर्गणा का द्रव्य बृहतर है।

(देखो क्रमांक ·१३ तथा ·३३)

तेईस वर्गणाओं में से आहारवर्गणा, तैजसवर्गणा, भाषा वर्गणा, मनोवर्गणा और कार्मण शरीरवर्गणा—ये पाँच वर्गणाएँ जीव द्वारा ग्रहण योग्य है, शेष नहीं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्विप्रदेशी दो स्कंध भेद को प्राप्त होकर जब पूर्व सबद्ध परमाणुओं के साथ या अन्य परमाणुओं के साथ समागम को प्राप्त होते हैं तब द्विप्रदेशी वर्गणा स्वस्थान में भेद-संघात से उत्पन्न होती है।

स्कंध के टूटने का नाम भेद है। परमाणुओं के समागम का नाम संघात है और स्कंध का भेद होकर मिलने का नाम भेद-संघात है।

मात्र सान्तर-निरंतर वर्गणा को लेकर अशून्य रूप जितनी वर्गणाएं हैं वे सब स्वस्थान की अपेक्षा भेद-संघात से ही उत्पत्ति होती है।[1] इतनी बात अवश्य है कि किन्हीं सूत्र-पोथियों में सान्तर-निरंतर वर्गणा की उत्पत्ति भी पूर्व की वर्गणाओं के संघात से, उपरिम वर्गणाओं के भेद से और स्वस्थान की अपेक्षा भेद-संघात से बतलाई है।

बादर और सूक्ष्म निगोद वर्गणा में अन्तर यह है कि बादर निगोद वर्गणा दूसरों के आश्रय में रहती है और सूक्ष्म निगोद वर्गणा जल में, स्थल में व आकाश में सर्वत्र बिना आश्रय के रहती है।

उत्कृष्ट अनंतप्रदेशी द्रव्य वर्गणायें एक अंक के मिलाने पर जघन्य औदारिक वर्गणा होती है। यह वर्गणा जीवों के द्वारा ग्राह्य है। फिर एक अधिक के क्रम से अभव्यों से अनंतगुणे और सिद्धों के अनंतवें भाग प्रमाण भेदों के जाने पर अंतिम औदारिक वर्गणा होती है। विशेषों का प्रमाण अभव्यों से अनंतगुणा और सिद्धों के अनंतवें भाग प्रमाण होता हुआ भी उत्कृष्ट औदारिक द्रव्य वर्गणा के अनंतवें भाग प्रमाण है।

·७ वग्गणा

ओरालिय-वेउव्विय-आहारशरीरपाओग्गपोग्गलक्खंधाणं आहारदव्व-वग्गणा त्ति सण्णा। एवमेसा पंचमी वग्गणा ॥५॥

—षट्० खण्ड ५, ६। सू ९९। टीका। पु १४

अर्थात् औदारिक, वैक्रियिक और आहारक शरीरों के योग्य पुद्गल स्कंधों की आहार द्रव्य वर्गणा संज्ञा है। इस प्रकार यह पांचवीं वर्गणा है। (१—अणुवर्गणा, २—संख्याताणुवर्गणा, ३—असंख्याताणुवर्गणा, ४—अनंताणुवर्गणा तथा ५—आहार वर्गणा।)

१—षट् खंडागम पु १४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·६६ स्कंध पुद्गल की आत्मा

·१ द्विप्रदेशी स्कंध की आत्मा

आया भंते ! दुपएसिए खंधे, अन्ने दुपएसिए खंधे ? गोयमा ! दुपएसिए खंधे १ सिय आया, २ सिय नो आया, ३ सिय अवत्तव्वं-आयाइय नो-आयाति य, ४ सिय आया य नोआया य, ५ सिय आया य अवत्तव्वं आयाति य नोआयाति य, ६ सिय नोआया य अवत्तव्वं-आयाति य नो-आयाति य। [सू १८]

से केणट्ठेणं भंते ! एवं तं चेव जाव—'नो आया य अवत्तव्वं आयाति य नोआयाति य ? गोयमा ! १ अप्पणो आदिट्ठे आया, २ परस्स आदिट्ठे नोआया, ३ तदुभयस्स आदिट्ठे अवत्तव्वं दुपएसिए खंधे आयाति य नो आयाति य, ४ देसे आदिट्ठे सब्भावपज्जवे देसे आदिट्ठे असब्भाव-पज्जवे दुप्पएसिए खंधे आया य नो आया य, ५ देसे आदिट्ठे सब्भावपज्जवे देसे आदिट्ठे तदुभयपज्जवे दुपएसिए खंधे आया य अवत्तव्वं आयाइ य नो-आयाइ य, ६ देसे आदिट्ठे असब्भावपज्जवे देसे आदिट्ठे तदुभयपज्जवे दुपएसिए खंधे नोआया य अवत्तव्वं आयाति य नोआयाति य, से तेणट्ठेणं तं चेव जाव नो आयाति य। अवत्तव्व—आयाति य नोआयाति य।

—भग० श १८। उ १०। सू १८, १९ पृ० ५८४

द्विप्रदेशी स्कंध कथंचित् आत्मा सद्रूप है, कथंचित् नो आत्मा असद्रूप है और सद्-असद्रूप होने से कथंचित् अवक्तव्य है। ४ कथंचित् सद्रूप है और कथंचित् असद्रूप है। ५ कथंचित् सद्रूप है और सदसद् उभय रूप होने से अवक्तव्य है। ६ कथंचित् असद्रूप है और सदसद् उभय रूप होने से अवक्तव्य है।

इसका कारण यह है कि द्विप्रदेशी स्कंध अपने स्वरूप की अपेक्षा सद्रूप है, आत्मा है, पररूप की अपेक्षा असद्रूप है, आत्मा नहीं है और उभयरूप से अवक्तव्य है।

४—एक देश की अपेक्षा एवं सद्भाव पर्याय की विवक्षा तथा एक देश की अपेक्षा से एवं असद्भाव पर्याय की विवक्षा से द्विप्रदेशी स्कंध सद्रूप है और असद्रूप है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५—एक देश की अपेक्षा, सद्भाव पर्याय की अपेक्षा और एक देश की अपेक्षा से सद्भाव और असद्भाव—इन दोनों पर्यायों की अपेक्षा से द्विप्रदेशी स्कध पुद्गल सद्रूप और असद्रूप उभय होने से अवक्तव्य है।

६—एक देश की अपेक्षा, असद्भाव पर्याय की अपेक्षा और एक देश के सद्भाव असद्भाव रूप उभय पर्याय की अपेक्षा द्विप्रदेशी स्कंध असद्रूप और अवक्तव्य रूप है।

विवेचन—आत्मा का अर्थ है सद्रूप और अनात्मा का अर्थ है असद्रूप। किसी भी वस्तु को एक साथ सद्रूप और असद्रूप नहीं कहा जा सकता। उस दशा में वस्तु अवक्तव्य कहलाती है। स्व-पर पर्यायों से आत्मस्वरूप और अनात्मरूप अर्थात् सद् और असद्रूप—इन दोनों द्वारा एक बार कहना अशक्य है।

अस्तु—द्विप्रदेशी स्कंध के विषय में छ भंग बनते हैं, इनमें से पहले के तीन भंग सम्पूर्ण स्कंध की अपेक्षा से बनते हैं। ये असंयोगी है। बाकी के तीन भग देश की अपेक्षा है जो कि द्विसंयोगी है द्विप्रदेशी स्कंध होने से उसके एक देश की स्वपर्यायों द्वारा सद्रूप की विवक्षा की जाय और दूसरे देश की पर पर्यायों द्वारा असद्रूप से विवक्षा की जाय, तो द्विप्रदेशी स्कंध अनुक्रम से कथंचित् सद्रूप और कथंचित् असद्रूप होता है। उसके एक देश की स्वपर्यायों द्वारा सद्रूप से विवक्षा की जाय और दूसरे देश में सदसद् उभय रूप से विवक्षा की जाय, तो कथंचित् सद्रूप और कथंचित् अवक्तव्य कहलाता है। उस द्विप्रदेशी स्कध के एक देश की पर्यायों द्वारा असद्रूप से विवक्षा की जाय और दूसरे देश की उभय रूप से विवक्षा की जाय, तो असद्रूप और अवक्तव्य कहलाता है। कथंचित् सद्रूप, कथंचित् असद्रूप और कथंचित् अवक्तव्य रूप—इस प्रकार सातवां भंग द्विप्रदेशी स्कंध में नहीं बनता है। क्योंकि उसके केवल दो अंश ही है। त्रिप्रदेशी स्कधों में तो सातों भग बनते हैं।

दूसरी तरह से आत्मा के तीन भेद है—

नोट—१ जो अपनी पर्यायों की अपेक्षा सत्स्वरूप विद्यमान हो उसे आत्मा कहते हैं।

२—जो पर पर्यायों की अपेक्षा असत्स्वरूप हो, अविद्यमान हो, उनको नोआत्मा कहते हैं।

३—जो स्वपर्यायों की अपेक्षा सत्स्वरूप है और परपर्यायों की अपेक्षा असत्स्वरूप है ऐसा मिश्ररूप जो शब्दों से कहा नहीं जाय सके उसे अवक्तव्य कहते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·२ तीन प्रदेशी स्कंध पुद्गल की आत्मा

आया भंते ! तिपएसिए खंधे ? अन्ने तिपएसिए खंधे ? गोयमा ! तिप-एसिए खंध सिय आया १ सिय नोआया २ सिय अवत्तव्वं आयाइ य नो-आयाइ य ३ सिय आया य नोआया य ४ सिय आया य नोआयाओ य ५ सिय आयाओ य नोआया य ६ सिय आया य अवत्तव्वं आयाइ य नो आयाइ य ७ सिय आया य अवत्तव्वाइं आया(इ)ओ य नोआयाओ य ८ सिय आयाओ य अवत्तव्वं आयाइ य नोआयाइ य ९ सिय नोआया य अवत्तव्वं आयाइ य नोआयाइ य १० सिय नोआया य अवत्तव्वाइं आयाओ य नोआयाओ य ११ सिय नोआयाओ य अवत्तव्वं आयाइ य नोआयाइ य नोआयाइ य १२ सिय आया य नो आया य अवत्तव्वं आयाइ य १३ से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ तिपएसिए खंधे सिय आया—एवं चेव उच्चारेयव्वं जाव सिय आया य नो आया य अवत्तव्व आयाइ य नोआयाइ य ? गोयमा ! अप्पणो आइट्ठे आया १ परस्स आइट्ठे नोआया २ तदुभयस्स आइट्ठे अवत्तव्वं आयाइ य नो आयाइ य ३ देसे आइट्ठे सब्भावपज्जवे देसे आइट्ठे असब्भाव-पज्जवे तिपएसिए खंधे आया य नोआया य ४ देसे आइट्ठे सब्भावपज्जवे देसा आइट्ठा असब्भावपज्जवा तिपएसिए खंधे आया य नोआयाओ य ५ देसा आइट्ठा सब्भावपज्जवा देसे आइट्ठे असब्भावपज्जवे तिपएसिए खंधे आयायो य नो आया य ६ देसे आइट्ठे सब्भावपज्जवे देसे आइट्ठे तदुभय-पज्जवे तिपएसिए खंधे आया य अवत्तव्वं आयाइ य नो आयाइ य ७ देसे आइट्ठे सब्भावपज्जवे देसा आइट्ठा तदुभयपज्जवा तिपएसिए खंधे आया य अवत्तव्वाइं आयाओ य नो आयाओ य ८ देसा आइट्ठा सब्भावपज्जवा देसे आइट्ठे तदुभयपज्जवे तिपएसिए खंधे आयाओ य अवत्तव्वं आयाइ य नो आयाइ य ९ एए तिन्नि भंगा, देसे आइट्ठे असब्भावपज्जवे देसे आइट्ठे तदुभयपज्जवे तिपएसिए खंधे नोआया य अवत्तव्वं आयाइ य नो आयाइ य १० देसे आइट्ठे असब्भावपज्जवे देसा आइट्ठा तदुभयपज्जवा तिपएसिए खंधे नो आया य अवत्तव्वाइं आयाओ य नो आयाओ य ११ देसा आइट्ठा असब्भावपज्जवा देसे आइट्ठे तदुभयपज्जवे तिपएसिए खंधे नो आयाओ य अवत्तव्वं आयाइ य नो आयाइ य १२ देसे आइट्ठे सब्भावपज्जवे देसे आइट्ठे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असब्भावपज्जवे देसे आइट्ठे तदुभयपज्जवे तिपएसिए खंधे आया य नोआया य अवत्तव्वं आयाइ य नोआयाइ य १३ से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ तिपएसिए खंध सिय आया तं चेव जाव नो आयाइ य।

—भग० श १२। उ १०। सू २२०-२१ पृ० ५८४-८५

अर्थात् त्रिप्रदेशी स्कंध १ कथंचित् आत्मा है। (विद्यमान है।) २ कथंचित् नो आत्मा है, ३ आत्मा तथा नो आत्मा इस उभय रूप से कथंचित् अवक्तव्य है, ४ कथंचित् आत्मा तथा कथंचित् नो आत्मा है।

५—कथंचित् आत्मा और नो आत्माएं हैं।

६—कथंचित् आत्माएं और नो आत्मा है।

७—कथंचित् आत्मा और आत्मा तथा नो आत्मा उभय रूप से अवक्तव्य है।

८—कथंचित् आत्मा और आत्माएं तथा नो आत्माएं उभय रूप से अवक्तव्य है।

९—कथंचित् आत्माएं और आत्मा तथा नो आत्मा उभय रूप से अवक्तव्य है।

१०—कथंचित् नो आत्मा और आत्मा तथा नो आत्मा उभय रूप से अवक्तव्य है।

११—कथंचित् नो आत्मा और आत्माएं तथा नो आत्माएं उभय रूप से अवक्तव्य है।

१२—कथंचित् नो आत्माएं और आत्माएं तथा नो आत्माएं उदय रूप से अवक्तव्य है।

१३—कथंचित आत्मा, नो आत्मा और आत्मा तथा नो आत्मा उभय रूप से अवक्तव्य है।

इसका कारण यह है कि तीन प्रदेशी स्कंध—१—अपने आदेश (अपेक्षा) से आत्मा है, २—पद के आदेश से नो आत्मा है, ३—उभय के आदेश से आत्मा और नो आत्मा—इस उभय रूप से अवक्तव्य है, ४—एक देश के आदेश से सद्भाव पर्याय की अपेक्षा से और एक देश के आदेश से असद्भाव पर्याय की अपेक्षा त्रिप्रदेशी स्कंध आत्मा और नो आत्मा रूप है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५ एक देश के आदेश से सद्भाव पर्याय की अपेक्षा और बहुत देशों के आदेश से असद्भाव पर्याय की अपेक्षा से वह त्रिप्रदेशी स्कंध आत्मा तथा नो आत्माएं हैं।

६—बहुत देशों के आदेश से सद्भाव पर्याय की अपेक्षा और एक देश के आदेश से असद्भाव पर्याय की अपेक्षा से त्रिप्रदेशी स्कंध आत्माएं और नो आत्मा हैं।

७—एक देश के आदेश से सद्भाव पर्याय की अपेक्षा से और एक देश के आदेश से उभय (सद्भाव और असद्भाव) पर्याय की अपेक्षा से त्रिप्रदेशी स्कंध आत्मा और आत्माएं तथा नो आत्माएं उभय रूप से अवक्तव्य है।

८—एक देश के आदेश से सद्भाव पर्याय की अपेक्षा से और बहुत देशों के आदेश से उभय पर्याय की विवक्षा से त्रिप्रदेशी स्कंध आत्मा और आत्माएं तथा नो आत्माएं इस उभय रूप से अवक्तव्य है।

९—बहुत देशों के आदेश से सद्भाव पर्याय की अपेक्षा और एक देश के आदेश से उभय पर्याय की अपेक्षा से त्रिप्रदेशी स्कंध आत्माएं और आत्मा तथा नो आत्मा इस उभय रूप से अवक्तव्य है। ये तीन भंग जानने चाहिए।

१०—एक देश के आदेश से असद्भाव पर्याय की अपेक्षा से और एक देश के आदेश से उभय पर्याय की अपेक्षा से तीन प्रदेशी स्कंध नो आत्मा और आत्मा तथा नो आत्मा से अवक्तव्य है।

११—एक देश के आदेश से असद्भाव पर्याय की अपेक्षा से और बहुत देशों के आदेश से तदुभय पर्याय की अपेक्षा से त्रिप्रदेशी स्कंध नो आत्माए और आत्माएं तथा नो आत्माए इस उभय रूप से अवक्तव्य है।

१२—बहुत देशों के आदेश से असद्भाव पर्याय की अपेक्षा से और एक देश के आदेश से तदुभय पर्याय की अपेक्षा से तीन प्रदेशी स्कंध नो आत्माए और आत्मा तथा नो आत्मा उभय रूप से अवक्तव्य है।

१३—एक देश के आदेश से सद्भाव पर्याय की अपेक्षा, एक देश के आदेश से असद्भाव पर्याय की अपेक्षा से और एक देश के आदेश से तदुभय पर्याय की अपेक्षा तीन प्रदेशी स्कंध कथंचित् आत्मा नोआत्मा और आत्मा तथा नो आत्मा उभय रूप से अवक्तव्य है। अतः तीन प्रदेशी स्कंध के विषय में उपर्युक्त कथन किया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·३ चार प्रदेशी स्कंध पुद्गल की आत्मा

आया भंते ! चउप्पएसिए खंधे ? अन्ने० पुच्छा, गोयमा ! चउप्पएसिए खंधे सिय आया १ सिय नो आया २ सिय अवत्तव्वं आयाइ य नो आयाइ य ३ सिय आया य नो आया य ४ सिय आया य अवत्तव्वं ४ सिय नो आया य अवत्तव्वं ४ सिय आया य नो आया य अवत्तव्वं सिय आयाइ य नो आयाइ य १६ सिय आया य नो आया य अवत्तव्वाइं आयाओ य नो आयाओ य १७ सिय आया य नो आयाओ य अवत्तव्वं आयाइ य नो आयाइ य १८ सिय आयाओ य नो आया य अवत्तव्वं आयाइ य नो आयाइ य १९ से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ चउप्पएसिए खंधे सिय आया य नो आया य अवत्तव्वं तं चेव अट्ठे पडिउच्चारेयव्वं, गोयमा ! अप्पणो आइट्ठे आया १ परस्स आइट्ठे नो आया २ तदुभयस्स आइट्ठे अवत्तव्वं आयाइ य नो आयाइ य ३ देसे आइट्ठे सब्भावपज्जवे देसे आइट्ठे असब्भावपज्जवे चउभंगो, सब्भावपज्जवेणं तदुभएण य चउभंगो, असब्भावेणं तदुभएण य चउभंगो, देसे आइट्ठे सब्भावपज्जवे देसे आइट्ठे असब्भावपज्जवे देसे आइट्ठे तदुभयपज्जवे चउप्पएसिए खंधे आया य नो आया य अवत्तव्वं आयाइ य नो आयाइ य, देसे आइट्ठे सब्भावपज्जवे देसे आइट्ठे असब्भावपज्जवे देसा आइट्ठा तदुभयपज्जवा चउप्पएसिए खंधे आया य नो आया य अवत्तव्वाइं आयाओ य नो आयाओ य १७ देसे आइट्ठे सब्भावपज्जवे देसा आइट्ठा असब्भावपज्जवा देसे आइट्ठे तदुभयपज्जवे चउप्पएसिए खंधे आया य नो आयाओ य अवत्तव्वं आयाइ य नोआयाइ य १८ देसा आइट्ठा सब्भावपज्जवा देसे आइट्ठे असब्भावपज्जवे देसे आइट्ठे तदुभयपज्जवे चउप्पएसिए खंधे आयाओ य नो आया य अवत्तव्वं आयाइ य नो आयाइ य १९ से तेणट्ठेणं गोयमा ! वुच्चइ चउप्पएसिए खंधे सिय आया सिय नो आया सिय अवत्तव्वं निक्खेवे ते चेव भंगा उच्चारेयव्वा जाव नो आयाइ य ।

—भग० श १२ । उ १० । सू २२२ से २२३

चतुष्प्रदेशी स्कंध १—कथंचित आत्मा है, २—कथंचित् नो आत्मा है, ३—आत्मा नो आत्मा उभय रूप से कथंचित् अवक्तव्य है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४-७—कथंचित् आत्मा और नो आत्मा है (एक वचन और बहुवचन आश्री चार भंग)।

८-११—कथंचित् आत्मा और अवक्तव्य है। (एक वचन और बहुवचन आश्री चार भंग)।

१२-१५—कथंचित् नो आत्मा और अवक्तव्य है (एक वचन और बहुवचन आश्री चार भंग)।

१६—कथंचित आत्मा और नो आत्मा तथा आत्मा, नो आत्मा रूप से अवक्तव्य है।

१७—कथंचित् आत्मा, नो आत्मा तथा आत्माएं और नो आत्माएं रूप से अवक्तव्य है।

१८—कथंचित् आत्मा, नो आत्माएं तथा आत्मा और नो आत्मा उभय रूप से अवक्तव्य है।

१९—कथंतित् आत्माएं, नो आत्मा और आत्मा तथा नो आत्मा रूप से अवक्तव्य है।

इस प्रकार कहने का कारण यह है कि—

१—अपने आदेश से आत्मा है।

२—पद के आदेश से नो आत्मा है।

३—तदुभय के आदेश से आत्मा और नोआत्मा—इस उभय रूप से अवक्तव्य है।

४ से ७—एक देश के आदेश से सद्भाव पर्याय की अपेक्षा से और एक देश के आदेश से असद्भाव पर्याय की अपेक्षा से (एक वचन और बहुवचन आश्री) चार भंग होते हैं।

८-११—सद्भाव पर्याय और तदुभय पर्याय की अपेक्षा से (एक वचन बहुवचन आश्री) चार भंग होते हैं।

१२-१५—असद्भाव पर्याय और तदुभय पर्याय की अपेक्षा से (एक वचन बहुवचन आश्री) चार भंग होते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१६—एक देश के आदेश से सद्भाव पर्याय की अपेक्षा से, एक देश के आदेश से असद्भाव पर्याय की अपेक्षा से और एक देश के आदेश से तदुभय पर्याय की अपेक्षा से चतुष्प्रदेशी स्कंध आत्मा, नो आत्मा और आत्मा नो आत्मा उदय रूप से अवक्तव्य है।

१७—एक देश के आदेश से सद्भाव पर्याय की अपेक्षा से एक देश के आदेश से असद्भाव पर्याय की अपेक्षा से और बहुत देशों के आदेश से, तदुभय पर्याय की अपेक्षा से चतुष्प्रदेशी स्कंध आत्मा, नो आत्मा और आत्माएं, नो आत्माएं उभय रूप से अवक्तव्य है।

१८—एक देश के आदेश से सद्भाव पर्याय की अपेक्षा से, बहुत देशों के आदेश से असद्भाव पर्याय की अपेक्षा से और एक देश के आदेश से तदुभय पर्याय की अपेक्षा से चतुष्प्रदेशी स्कंध आत्मा नो आत्माएं और आत्मा नो आत्मा उभय रूप से अवक्तव्य है।

१९—बहुत देशों के आदेश से सद्भाव पर्याय की अपेक्षा से एक देश के आदेश से असद्भाव पर्याय की अपेक्षा से और एक देश के आदेश से तदुभव पर्याय की अपेक्षा से चतुष्प्रदेशी स्कंध आत्माएं, नो आत्मा और आत्मा नो आत्मा उभय रूप से अवक्तव्य हैं।

इस लिये ऐसा कहा जाता है कि चतुष्प्रदेशी स्कंध कथंचित् आत्मा है, कथंचित् नोआत्मा है, कथंचित् नो आत्मा और कथंचित् अवक्तव्य है। इस निक्षेप में पूर्वोक्त सभी भंग यावत् नो आत्मा है, तक कहना चाहिए।

नोट—चतुष्प्रदेशी स्कंध में भी त्रिप्रदेशी स्कंध के समान जानना चाहिए। किन्तु यहाँ उन्नीस भंग बनते हैं। उनमें से तीन भंग सम्पूर्ण स्कंध की अपेक्षा से असंयोगी होते हैं। बाद में बारह भंग द्विसंयोगी होते हैं। शेष चार भंग त्रिसंयोगी होते हैं।

·४ पांच प्रदेशी स्कंध की आत्मा

·५ छः प्रदेशी स्कंध यावत् अनंत प्रदेशी स्कंध की आत्मा सात प्रदेशी

आया भंते! पंचपएसिए खंधे अन्ने पंचपएसिए खंधे? गोयमा! पंचपएसिए खंधे सिय आया १ सिय नो आया २ सिय अवत्तव्वं आयाइ य नो आयाइ य सिय आया य नो आया य ४ सिय अवत्तव्वं (४) आया य नो आया य ४ (नो आया य अवत्तव्वेण य) तियगसंजोगे एक्को ण

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पडइ, से केणट्ठेणं भंते ! तं चेव पडिउच्चारेयव्वं ? गोयमा ! अप्पणो आइट्ठे आया १ परस्स आइट्ठे नो आया २ तदुभयस्स आइट्ठे अवत्तव्वं ३ देसे आइट्ठे सब्भावपज्जवे देसे आइट्ठे असब्भावपज्जवे एवं दुयगसंजोगे सव्वे पडंति तियगसंजोगे एक्को ण पडइ।

छप्पएसियस्स सव्वे पडंति, जहा छप्पएसिए एवं जाव अणंतपएसिए। सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति जाव विहरइ।

—भग० श। १२ उ १०। सू २२४-२२६ पृ० ५८६-८७

पंच प्रदेशी स्कंध—१—कथंचित् आत्मा है, २—कथंचित् नो आत्मा है, ३—आत्मा नो आत्मा रूप कथंचित् अवक्तव्य है।

४-७—कथंचित् आत्मा, नो आत्मा और आत्मा, नो आत्मा उभय रूप से कथंचित् अवक्तव्य है।

८ से ११—कथंचित् आत्मा और अवक्तव्य के चार भंग।

१२ से १५—कथंचित् नो आत्मा और अवक्तव्य के चार भंग, त्रिक संयोगी आठ भंग में से एक आठवां भंग घटित नहीं होता अर्थात् सात भंग होते हैं। कुल मिला कर बावीस भंग होते हैं।

इसके कथन का कारण यह है कि—

१—पंच प्रदेशी स्कंध अपने आदेश से आत्मा है।

२—पर के आदेश से नो आत्मा है।

३—तदुभय के आदेश से अवक्तव्य है, एक देश के आदेश से सद्भाव पर्याय की अपेक्षा और एक देश के आदेश से असद्भाव पर्याय की अपेक्षा से कथंचित् आत्मा है, कथंचित् नो आत्मा है। इस प्रकार द्विक संयोगी सभी भंग पाये जाते हैं। त्रिसंयोगी आठ भंग होते हैं। उनमें से आठवां भंग घटित नही होता।

छ:प्रदेशी स्कंध के विषय में ये सभी भंग घटित होते हैं। छ:प्रदेशी स्कंध के समान यावत् अनंत प्रदेशी स्कंध तक कहना चाहिए।

विवेचन—पंचप्रदेशी स्कंध के २२ भंग होते हैं। इनमें से पहले के तीन भंग पूर्ववत् सकला देश रूप है। इसके बाद द्विसंयोगी बारह भंग है। त्रिसंयोगी आठ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भंग पाये जाते हैं। उनमें से यहाँ प्रथम के सात भंग ग्रहण करने चाहिए। आठवां भंग यहाँ असंभव होने से घटित नहीं हो सकता। छःप्रदेशी स्कंध में और इसके आगे यावत् अनंतप्रदेशी स्कंध तक तेईस-तेईस भंग होते हैं।

नोट—इन तीन आत्माओं के भांगे २३ (असंयोगी ३, दो संयोगी १२ व तीन संयोगी ८)।

असंयोगी तीन भंग

१—आत्मा, २—नो आत्मा, ३—अवक्तव्य।

दो संयोगी बारह भंग—

१—आत्मा एक, नो आत्मा एक।
२—आत्मा एक, नो आत्मा बहुत।
३—आत्मा बहुत, नो आत्मा एक।
४—आत्मा बहुत, नो आत्मा बहुत।
५—आत्मा एक, अवक्तव्य एक।
६—आत्मा एक, अवक्तव्य बहुत।
७—आत्मा बहुत, अवक्तव्य एक।
८—आत्मा बहुत, अवक्तव्य बहुत।
९—नो आत्मा एक, अवक्तव्य बहुत।
१०—नो आत्मा एक, अवक्तव्य एक।
११—नो आत्मा बहुत, अवक्तव्य एक।
१२—नो आत्मा बहुत, अवक्तव्य बहुत।

तीन संयोगी आठ भंग—

१—आत्मा एक, नो आत्मा एक, अवक्तव्य बहुत।
२—आत्मा एक, नो आत्मा एक, अवक्तव्य बहुत।
३—आत्मा एक, नो आत्मा बहुत, अवक्तव्य एक।
४—आत्मा एक, नो आत्मा बहुत, अवक्तव्य बहुत।
५—आत्मा बहुत, नो आत्मा एक, अवक्तव्य एक।
६—आत्मा बहुत, नो आत्मा एक, अवक्तव्य बहुत।
७—आत्मा बहुत, नो आत्मा बहुत, अवक्तव्य एक।
८—आत्मा बहुत, नो आत्मा बहुत, अवक्तव्य बहुत।

परमाणु पुद्गल में तीन असंयोगी भंग पाये जाते हैं। दो प्रदेशी स्कंध में ६ भंग पाये जाते हैं, असंयोगी ३ और दो संयोगी ३—पहला, पांचवां और आठवां।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

तीनप्रदेशी स्कंध में १३ भंग पाये जाते हैं—यथा—३ असंयोगी, ९ दो संयोगी (चौथा, आठवां और बारहवां ये तीन भग छोड़कर, शेष ९ भंग) और तीन संयोगी १ (पहला भग)।

चतुष्प्रदेशी स्कंध में १९ भंग पाये जाते हैं, यथा —३ असंयोगी, १२ दो संयोगी और ४ तीन संयोगी (पहला, दूसरा, तीसरा और पांचवां)।

पंचप्रदेशी स्कंध में २२ भंग पाये जाते हैं—यथा —३ असंयोगी, १२ दो संयोगी और ७ तीन संयोगी (आठवां भंग छोड़कर शेष सात)।

छः प्रदेशी स्कंध में २३ भंग पाये जाते हैं।

इसी प्रकार सात प्रदेशी स्कंध में, आठ प्रदेशी स्कंध में यावत् अनंतप्रदेशी स्कंध में प्रत्येक में तेईस-तेईस भंग पाये जाते हैं।

नोट —दो प्रदेशी स्कंध में छः भांगे होते हैं—इनमें पहले के तीन भांगे सकल (सब) स्कंध की अपेक्षा से होते हैं। इनमें पहले के तीन भांगे सकल (सब) स्कंध की अपेक्षा से होते हैं। बाकी के तीन भांगे देश की अपेक्षा से होते हैं। द्विप्रदेशी स्कंध होने से उसका एक देश की स्वपर्याय के द्वारा सत् रूप विवक्षा की जाय और दूसरे देश की पर्याय के द्वारा असत् रूप विवक्षा की जाय तो द्विप्रदेशी स्कंध में चौथा भांगा यानी दो संयोगी का पहला भांगा (कथंचित् आत्मा रूप और कथंचित् नोआत्मा रूप) पाया जाता है। जब द्विप्रदेशी स्कंध के एक देश की स्वपर्याय के द्वारा सत् रूप विवक्षा की जाय और दूसरे सत और असत् उभय रूप में विवक्षा की जाय तब पांचवां भांगा यानी दो संयोगी का पांचवां भांगा (कथंचित् आत्मा और कथंचित् अवक्तव्य) पाया जाता है। जब द्विप्रदेशी स्कंध का एक देश पर पर्याय के द्वारा असत् रूप विवक्षा की जाय और दूसरे देश की उभय रूप विवक्षा की जाय तब छट्ठा भांगा यानी दो संयोगी का नवबां भांगा (नोआत्मा और अवक्तव्य पाया जाता है।

तीन प्रदेशी स्कंध में १३ भांगे पाये जाते हैं। उसमें असंयोगी ३ भांगे सकल स्कंध की अपेक्षा से होते हैं। दो संयोगी नव भांगे—१-२-३-५-६-७-९-१०-११ (समुच्चय दो संयोगी १२ भांगे में से चौथा, आठवां, और बारहवां—ये तीन भांगे छोड़कर) तीन संयोगी आत्मा एक, नो आत्मा, एक अवक्तव्य एक यह भांगा पाया जाता है।

·६७ स्कंध की विविध अपेक्षा से स्थिति

·१ (पाठ के लिए देखो क्रमांक ·२१)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१) संतति की अपेक्षा

स्कंध की स्थिति—संतति प्रवाह अर्थात् अपरापरोत्पत्ति प्रवाह की अपेक्षा अनादिअनंत होती है।

(२) विवक्षित क्षेत्र की अपेक्षा

विवक्षित क्षेत्र में स्कंध पुद्गल की अवस्थिति रूप स्थिति सादिसांत होती है।

(३) एक रूप की अपेक्षा

× × ×। द्व्यणुकादिस्कंधाः सादिसपर्यवसिताः, एकेन द्व्यणुकत्वादिना परिणामेनोत्कृष्टतोऽपि पुद्गलद्रव्यस्याऽसंख्येयकालमेव स्थितेः। अनागताद्धा भविष्यत्कालरूपा साद्यपर्यवसिता × × ×।

—विशेभा० गा २०३४। टीका

द्विप्रदेशी स्कंध से अनंतप्रदेशी स्कंध की (व्यक्तिगतभाव) स्थिति—अधिक से अधिक असंख्यातकाल पर्यंत है। द्विप्रदेशी आदि स्कंध का स्थिति सादि-सपर्यवसित है।

नोट—जघन्य स्थिति एक समय की जाननी चाहिए।

एकक्षणाद्यसंख्येयकालान्तस्थितिशालिनः।

—लोकप्र० सर्ग ११। गा ७ उत्तरार्ध

पुद्गल की स्थिति जघन्य एक समय, उत्कृष्ट असंख्यातकाल की है।

(पाठ के लिए देखो क्रमांक २१)

(४) सकंपत्व की अपेक्षा

(५) निष्कंपत्व की अपेक्षा

नारकी की तरह पृथ्वीकायिक से वनस्पतिकायिक के विषय में जानना चाहिए परन्तु यह उष्ण कारण प्रत्यय नहीं कहना। वे पांचों वर्ण के पुद्गलों का आहार ग्रहण करते हैं. दो प्रकार के गंध के पुद्गलों का, पांचों प्रकार के रस के पुद्गलों का तथा कर्कश आदि आठों स्पर्श के पुद्गलों का आहार करते हैं।

नोट—शुभ-अशुभ दोनों प्रकार के पुद्गलों का आहार करते हैं।

द्वीन्द्रिय से चतुरिन्द्रिय तक—पृथ्वीकाय की तरह समझना चाहिए।

पंचेन्द्रिय तिर्यंच पंचेन्द्रिय के विषय में त्रीन्द्रिय की तरह जानना चाहिए।

इसी प्रकार मनुष्य के विषय में जानना चाहिए।

मनुष्य—

मणूसा एवं चेव।

—पण्ण० पद २८ । सू १८०५

वाणव्यंतर-ज्योतिषी-वैमानिक देव

वाणमंतरा जहा नागकुमारा, एवं जोइसिया × × ×। एवं वेमाणिया वि।

—पण्ण० पद २८ । सू १९०५

वानव्यंतर-ज्योतिषी तथा वैमानिक देवों के विषय में नागकुमार देवों की तरह समझना चाहिए।

नारकी और देव अनंतप्रदेशी अचित्त स्कंध पुद्गलों का (स्कंधों का) आहार करते हैं लेकिन सचित्त आहार व मिश्र आहार ग्रहण नहीं करते हैं। तिर्यंच मनुष्य सचित्त-अचित्त-मिश्र तीनों प्रकार के पुद्गलों का आहार करते हैं। अधिकतर नारकी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के जीव वर्ण में कृष्ण वर्ण और नील वर्ण, गंध में दुरभिगंध, रस में कटु-तीखा रस, स्पर्श में कर्कश, गुरु-शीत-रूक्ष का आहार ग्रहण करते हैं। उन गृहीत पुद्गलों से सड़ाकर खराब करके, पूर्व के वर्णादिक गुणों से विपरीत करके ये खराब वर्णादि उत्पन्न कर फिर ग्रहण किये हुए पुद्गलों का आहार ग्रहण करते हैं।

जिस नाम कर्म के उदय से जीव की चाल (चलना), हाथी या बैल की चाल के समान शुभ अथवा ऊंट या गधे की चाल के समान अशुभ होती है उसे विहायोगति कहते है। जिससे चाल के अर्थ में गति शब्द को समझा जाय न कि देवगति, नरकगति आदि के अर्थ में।

·८० स्कंध और अवगाहन क्षेत्र

आकाश के एक प्रदेश पर अनंत प्रदेशी स्कंध अवगाहित कर रह सकता है

(क) × × × विशिष्टावगाह परिणामादेकपरमाणुपरिमाणोऽनन्त-परमाणुस्कंधः परमाणोरनंशत्वात् पुनरप्यनन्तांशत्वं न साधयति × × ×।

—प्रव० अ २। गा ४७। टीका

(ख) आगासमणुणिविट्ठं आगासपदेससण्णया भणिदं।
सव्वेसिं च अणूणं सक्कदि तं देदुमवगासं॥

—प्रव० अ २। गा ४८

टीका—आकाशस्यैकाणुव्याप्योंऽशः किलाकाशप्रदेशः, स खल्वेकोऽपि शेषपंचद्रव्यप्रदेशानां परमसौक्ष्मपरिणतानन्तपरमाणुस्कंधानां चावकाशदान-समर्थः।

(ग) अत्र चाविशेषोक्तादपि परमाणूनामेकप्रदेश एवावस्थानात् स्कंध-विषयैव भजना द्रष्टव्या, ते हि विचित्रत्वात् परिणतेर्बहुतरप्रदेशोपचिता अपि केचिदेकप्रदेशे तिष्ठन्ति, युदुक्तम्-एगेणवि से पुण्णे दोहिंवि पुण्ण सयंपि माइज्जे 'त्यादि' अन्ये तु संख्येयेषु च प्रदेशेषु यावत् सकललोकेऽपि तथा-विधचित्त महास्कन्धवद् भवेयुरिति भजनीया उच्यन्ते।

—वृहद्वृत्ति० प ६७४

(घ) एकत्तेण पुहत्तेण-खंधा य परमाणु य।
लोएगदेसे लोए य, भइयव्वा ते उ खेत्तओ॥

—उत्त० ३६। गा १०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनेक परमाणुओं के एकत्व से स्कंध बनता है और उसका पृथक्त्व होने से परमाणु बनते हैं। क्षेत्र की अपेक्षा से वे स्कंध लोक के एक देश और समूचे लोक में भाज्य है। असंख्य विकल्प युक्त है।

नोट—परमाणु आकाश के एक प्रदेश में ही अवगाहन करते हैं। इसलिए 'भजना' अथवा विकल्प केवल स्कंध का ही होता है। स्कंध की परिणति नाना प्रकार की होती है। कुछ स्कंध आकाश के एक प्रदेश में भी अवगाहन कर लेते हैं, कुछ आकाश के संख्येय प्रदेशों में अवगाहन करते हैं और कुछ स्कंध पूर्ण लोकाकाश में फैल जाते हैं। इसलिए क्षेत्रावगाहन की दृष्टि से इसके अनेक विकल्प है।

(ङ) जध ते णभप्पदेसा तधप्पदेसा हवंति सेसाणं।
अपदेसो परमाणू तेण पदेसुब्भवो भणिदो।।

—प्रव० अ २। गा ४५

टीका—पुद्गलस्य तु द्रव्येणैक प्रदेशमात्रत्वादप्रदेशत्वे यथोदिते सत्यपि द्विप्रदेशाद्युद्भवहेतुभूततथाविधस्निग्धरूक्षगुणपरिणामशक्तिस्वभावात्प्रदेशोद्भवत्वमस्ति। ततः पर्यायेणानेकप्रदेशत्वस्यापि संभवात्। द्व्यादिसंख्येयासंख्येयानन्तप्रदेशत्वमपि न्याय्यं पुद्गलस्य।

स्कंध पुद्गल और क्षेत्रावगाह

(च) जावदियं आयासं अविभागीपुद्गलाणुउट्ठद्धं।
तं खु पदेसं जाणे सव्वाणुट्ठाणदाणरिहं।।

—वृहद्० अधि १। गा २७

टीका—× × × सर्वाणूनां सर्वपरमाणूनां सूक्ष्मस्कंधानां च स्थानदानस्यावकाशदानस्यार्हं योग्यं समर्थमिति। यत एवेत्थंभूतावगाहनशक्तिरस्त्याकाशस्य तत एवासंख्यातप्रदेशेऽपिलोके अनंतानंतजीवास्तेभ्योऽप्यनन्तगुणपुद्गलाअवकाशः लभन्ते × × ×।

उग्गाढगाढणिचिदो पुग्गलकाएहिं सव्वजो लोगो।
सुहुमेहिं बादरेहिं य णंताणंतेहिं विविहेहिं।।२।।

अर्थात् जितना आकाश अविभागी परमाणु से रोका जाता है उसको सब परमाणुओं के स्थान देने में समर्थ प्रदेश जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अस्तु सब परमाणु और सूक्ष्म स्कंधों को अवकाश (स्थान) देने के लिए समर्थ है। इस प्रकार की अवगाहन शक्ति जो आकाश में है इसी हेतु से असंख्यात प्रदेश-प्रमाण लोकाकाश में अनन्तानन्त जीव तथा उन जीवों से भी अनन्त गुणे पुद्गल अवकाश को प्राप्त होते हैं।

यह लोक सब ओर से विविध तथा अनन्तानन्त सूक्ष्म-बादर पुद्गलकायों द्वारा अति सघनता के साथ भरा हुआ है।

पुद्गल का क्षेत्रावगाह

पुद्गलजीवाश्च प्रतिनियतावगाहाः ॥८॥

—भिक्षुन्याय० भाग २

टीका—पुद्गलाः अणवो नभसः प्रत्येकस्मिन् प्रदेशे, स्कन्धाश्च एकस्मिन्नपि स्वपरिमाणप्रदेशेषु, उत्कर्षतश्चासंख्येषु।

परमाणु पुद्गल आकाशस्तिकाय के एक प्रदेश को अवगाहित कर रहता है। स्कंध पुद्गल आकाश के एक प्रदेश से लेकर असंख्यात प्रदेश अवगाह कर रहता है।

(छ) जीवेणं भंते ! जाइं दव्वाइं भासत्ताई गहियाइं निस्सरन्ति ताइं किं भिण्णाइं निस्सरन्ति अभिण्णाइं निस्सरन्ति ? गोयमा ! भिण्णाइं वि निस्सरन्ति अभिण्णाइं विनिस्सरन्ति। तत्थणं जाइं दव्वाइं भिण्णाइं निस्सरन्ति ताइं अणंतगुण परिवड्ढिए परिवुड्ढमानाइं लोयंतं फुसंति। जाइं अभिण्णाइं निस्सरन्ति ताइं असंखेज्जाओ ओगाहणवग्गणाओ गंता भेवमावज्जंति संखेज्जाइं जोयणाइं गंता विद्धंसमागच्छति।

—पण्ण० प ११ सू ३९८

तीव्र प्रेरणा प्राप्त शब्द कुछ क्षणों में सारे ब्रह्माण्ड को पार कर उसके अन्त तक पहुँच सकता है।

(ज) विद्युत्-पुद्गलपरिणाम

स्निग्धरूक्षगुणनिमित्तो विद्युत्।

—सर्व० अ ५ । सू ३४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अर्थात् आकाश में चमकने वाली विद्युत् परमाणुओं के स्निग्ध और रूक्ष गुणों का परिणाम है।

आदेश मात्रमूर्तः धातु चतुष्कस्य कारणं यस्तु।
सज्ञेयः परमाणुः परिणामगुणः स्वयमशब्दः ॥८५॥

शब्दः स्कन्ध प्रभवः स्कन्धः परमाणुसंघ-संघातः।
स्पृष्टेषु तेषुजायते शब्द उत्पाद कोनियतः ॥८६॥

—पंचास्तिकायपसार

अर्थात् परमाणु स्वयं अशब्द है। शब्द तो नाना स्कंधों के संघर्ष से उत्पन्न होता है। इसलिए वह स्कन्ध प्रभव है।

लक्षण की परिभाषा

लक्ष्यतेऽनेनेति लक्षणम्।

—सिद्धसेनगणि वक्तव्यं

जो गुण दूसरों में नहीं हो, वह गुण लक्षण-गुण कहलाता है। जिससे लक्ष्य निर्दिष्ट किया जा सके, वह लक्षण है।

लणक्ष गुण से ही एक वस्तु को दूसरी वस्तु से पृथक् किया जा सकता है।

पुद्गल का एक भेद

परस्परेणासंयुक्ता परमाणवः।

—तत्त्व० अ ५। सू २५ के भाष्य पर सिद्धसेन गणि टीका

पुद्गल का एक भेद—व्यक्तिगत भाव से सर्व पुद्गल परमाणु है। किसी दूसरे पुद्गल के साथ अबद्ध अवस्था में पुद्गल परमाणु रूप है। अतः परमाणु के स्वरूप की अपेक्षा से पुद्गल का एक ही भेद—'परमाणु' होता है। पुद्गल का एकान्त भेद केवल एक परमाणु है। निश्चयनय से सर्व पुद्गल परमाणु है।

·८१ स्कंध

अहवा कसिणो अकसिणो अणेगदव्वो स एव विण्णेओ।
देसावचिओवचिओ अणेगदव्वो विसेसोऽयं ॥

—विशेभा० गा ८९७

टीका—स एव व्यतिरिक्तस्कंधस्योऽन्यथा त्रिविधो विज्ञेयः, तद्यथा—कृत्स्नस्कंधः, अकृत्स्नस्कंधः अनेकद्रव्यस्कंधश्चेति। यस्मादन्यो बृहत्तरः स्कंधो नास्ति स कृत्स्न परिपूर्णः स्कंधः कृत्स्नस्कंधः, स च हयस्कंधः, गजस्कंधः, नरस्कंध इत्यादि। आह—यद्येवम्, प्रकान्तरत्वमसिद्धम्, सचित्ततुरङ्गमादिस्कंधस्यैव संज्ञान्तरेणोक्तत्वात् × × ×।

अथाऽकृत्स्नस्कंध उच्यते—यस्मादन्यो बृहतरः स्कंधोऽस्ति, सोऽपरिपूर्णत्वादकृत्स्नस्कंधः, सचद्विप्रदेशिकादिर्यावत् सर्वोत्कृष्टानन्तपरमाणुसंघातनिष्पन्न एकेन परमाणुना न्यूनस्तावद् विज्ञेयः। उत्कृष्टानन्ताणुस्कंधापेक्षया ह्येकपरमाणुन्यूनोत्कृष्टानन्ताणुकोऽकृत्स्नस्कंधः, तदपेक्षया तु परमाणुद्वयन्यूनोत्कृष्टानन्ताणुकोऽकृत्स्नस्कंधः। एवमेकैकपरमाणुहान्या तावद् नेयंयावत् त्रिप्रदेशिकस्कंधापेक्षया द्विप्रदेशिकस्कंधोऽकृत्स्नस्कंधः। अतएव प्रागुक्ताचित्तस्कंधादस्य भेदः, पूर्व हि द्विप्रदेशिकादेः परिपूर्णोत्कृष्टानन्ताणुकस्कंधपर्यंतस्य सर्वास्यप्यचित्तस्कधस्य सामान्येन संग्रहात्। अत्रत्वेकः परिपूर्णोत्कृष्टानन्ताणुको न संगृह्यते। तस्य कृत्स्नस्कंधत्वादिति।

अथानेकद्रव्यस्कंध उच्यते—अनेकैः सचित्ता-ऽचित्तलक्षणैर्द्रव्यैर्निष्पन्नः स्कंधोऽनेकद्रव्यस्कंधः स च हय-गजादिस्कंध एव × × ×।

अथवा व्यतिरिक्त द्रव्य स्कंध दूसरी अपेक्षा से तीन प्रकार का है—कृत्स्न स्कंध, अकृत्स्न स्कंध और अनेक द्रव्य स्कंध। जिससे अन्य कोई बृहत्तर स्कंध नहीं होता है वह कृत्स्न (परिपूर्ण) स्कंध जानना चाहिए। वह अश्व स्कंध, हस्ति स्कध और मनुष्यादि स्कंध जानना चाहिए।

यहाँ जीव और जीव से व्याप्त शरीर के अवयव का समुदाय—कृत्स्न स्कंध रूप से कहा है।

जिससे दूसरा अत्यन्त बृहत्तर स्कंध होता है वह अपूर्ण होने से अकृत्स्न स्कंध कहा जाता है वह दो प्रदेशी से लेकर सर्वोत्कृष्ट अनंत परमाणु के संघात से निष्पन्न स्कंध में एक परमाणु से न्यून स्कंध पर्यंत जानना चाहिए। क्योंकि उत्कृष्ट अनंताणु स्कंध की अपेक्षा से एक परमाणु न्यून उत्कृष्ट अनन्ताणुवाला स्कंध अकृत्स्न (अपूर्ण) स्कंध कहा जाता है। उसकी अपेक्षा दो परमाणु न्यून उत्कृष्ट अनंत अणु स्कंध—अकृत्स्न स्कंध कहा जाता है। इस प्रकार एक-एक परमाणु की हानि से अंतिम

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तीन प्रदेश वाले स्कंध की अपेक्षा दो प्रदेश वाला स्कंध अकृत्स्न स्कंध जानना चाहिए। इसलिए पूर्वोक्त अचित्त स्कंध से इसका भेद है। पूर्व में दो प्रदेशी स्कंध से लेकर सम्पूर्ण उत्कृष्ट अनंताणुक स्कंध पर्यन्त के सर्व स्कंध सामान्यत: अचित्त स्कंध कहे जाते हैं। यहां पर सम्पूर्ण उत्कृष्ट अनंताणुवाला एक स्कध का ग्रहण नहीं किया है क्योंकि वह परिपूर्ण होने से कृत्स्न स्कंध है।

सचित्त-अचित्त रूप अनेक द्रव्यों से बना हुआ स्कंध—अनेक द्रव्य स्कंध है। वह देशापचित-उपचित अश्व-हस्ति आदि स्कंध जानना चाहिए।

नख—दंत केशादि रूप प्रदेश में जीव प्रदेश से रहित—देशापचित है और पीठ हृदय, बाहु, उर आदि रूप प्रदेश में जीव प्रदेश से व्याप्त—देशोपचित है। इस प्रकार विशिष्ट परिणाम से परिणत सचेतन और अचेतन देश के समुदायात्मक—अश्वादि स्कंध अनेक द्रव्य स्कध जानना चाहिए।

·८२ पुद्गल और पर्याय

·१ पुद्गल और पृथक्त्व

पविभत्तपदेसत्त पुधत्तमिदि सासणं हि वीरस्स।
अण्णत्तमतब्भावो ण तब्भवं होदि कधमेगं॥

—प्रव० अ २। गा १४। पृ० १४६

जयसेन टीका—'पविभत्तपदेसत्तं पुधत्तं' पृथक्त्वं भवति पृथक्त्वाभिधानो भवति। किं विशिष्टम्। प्रकर्षेण विभक्तप्रदेशत्वं भिन्नप्रदेशत्वम्। किंवत्। दंडदंडिवत्।

जिन पुद्गल द्रव्यों के प्रदेश अत्यन्त भिन्न हो उसे पृथक्त्व कहते हैं। जैसे दंड और दंडी में प्रदेश भेद है वैसे ही प्रदेश-भेद को पृथक्त्व कहते हैं।

·२ पुद्गल और काल

पुग्गलकरण जीवा खंधा खलु कालकरणादु।

—पंचास्तिकाय प्राभृत में

अर्थात् धर्म द्रव्य के विद्यमान होते हुए भी जीवों की गति में कर्म, नोकर्म पुद्गल सहकारी कारण होते हैं और अणु तथा स्कंध—इन दो भेदों से भेद को प्राप्त हुए पुद्गलों के गमन में काल द्रव्य सहकारी कारण होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·३ पुद्गल के प्रदेश

होंति असंखा जीवे धम्माधम्मे अणंत आयासे।
मुत्ते तिविह पदेसा कालस्सेगो ण तेण सो काओ॥

—बृहद्० अधि १। गा २५

एक जीव, धर्म, अधर्म द्रव्य में असंख्यात प्रदेश है और आकाश में अनंत है। मुर्त—पुद्गल में संख्यात, असंख्यात तथा अनंतप्रदेश हैं। तथा काल के एक ही प्रदेश हैं अतः काल काय नहीं है।

एवपदेसो वि अणू णाणाखंधप्पदेसदो होदि।
बहुदेसो उवयारा तेण य काओ भणंति सव्वण्हु॥

—बृहद्० अधि १। गा २६

एक प्रदेश का धारक भी परमाणु अनेक स्कंध रूप बहुत प्रदेशों से बहु प्रदेशी होता है अतः सर्वज्ञ देव उपचार से पुद्गल परमाणु को काय कहते हैं।

·८३ अल्पबहुत्व

·१ द्रव्य-प्रदेश की अपेक्षा पुद्गल की अल्पबहुत्व

एयस्स णं भंते ! पोग्गलत्थिकायस्स दव्वट्ठ-पएसट्ठयाए कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा बहुया वा तुल्ला वा विसेसाहिया वा ? गोयमा ! सव्वत्थोवे पोग्गलत्थिकाए दव्वट्ठयाए, से चेव पएसट्ठयाए असंखेज्जगुणे।

—पण्ण० प ३। सू २७२

पुद्गलास्तिकाय के द्रव्य सबसे कम है, उनसे पुद्गलास्तिकाय के प्रदेश असंख्यात-गुणे अधिक है।

·२ द्रव्य की अपेक्षा पुद्गल का अल्पबहुत

एएसि णं भंते ! धम्मत्थिकाय-अधम्मत्थिकाय-आगासत्थिकाय-जीवत्थिकाय-पोग्गलत्थिकाय-अद्धासमयाणं दव्वट्ठयाए कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा बहुया वा तुल्ला वा विसेसाहिया वा ? गोयमा ! धम्मत्थिकाए-अधम्मत्थिकाए आगासत्थिकाए य एए णं तिन्नि वि तुल्ला दव्वट्ठयाए सव्वत्थोवा १, जीवत्थिकाए दव्वट्ठयाए अणंतगुणे २, पोग्गलत्थिकाए दव्वट्ठयाए अणंतगुणे ३, अद्धासमए दव्वट्ठयाए अणंतगुणे।

—पण्ण० प ३। सू २७०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्रव्य की अपेक्षा—धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय व आकाशस्तिकाय के द्रव्य—तीनों समान होते हुए सबसे न्यून है। उससे जीव द्रव्य अनंतगुणे हैं, उससे पुद्गल द्रव्य अनंतगुणे हैं तथा उससे काल के द्रव्य अनंतगुणे हैं।

·३ पुद्गल और आकाश

दव्वाइं संखेत्ताओऽणंतगुणा पज्जवा सदव्वाओ।
नियमाहाराहीणो तेसिं वुड्ढी स हाणी य॥

—विशेभा० गा ७३६

इह स्वरूपेण तावत् समस्तपुद्गलास्तिकायलक्षणानि द्रव्याण्याधारभूतात् स्वक्षेत्रात् 'अनंतगुणानि' वर्तन्त इति लिङ्गव्यत्ययेनाऽत्रापि योज्यते, एककाकाशप्रदेशेऽनन्तस्य परमाणु-द्व्यणुकादि द्रव्यस्यावगाहात्।

पर्यवाः पर्यायाः पुनः स्वाश्रयभूताद् द्रव्यादनन्तगुणाः, एकैकस्य परमाण्वादेरनन्तपर्यायत्वादिति × × ×। द्रव्यस्य निजकाधारः क्षेत्रम्, पर्यायाणा तु निजकाधारो द्रव्याणि, तदधीना च तेषां द्रव्यपर्यायाणां सामान्येन वृद्धिः हानिश्च भवति।

स्वरूप की अपेक्षा—समस्त पुद्गलास्तिकाय रूप द्रव्य स्वआधारभूत क्षेत्र से अनंतगुणे हैं क्योंकि एक-एक आकाश प्रदेश में अनंत परमाणु, द्विप्रदेशी स्कंधादि द्रव्य अवगाहित होकर रहते हैं तथा पर्याय स्वाश्रयभूतद्रव्य से अनंतगुणी है क्योंकि एक-एक परमाणु आदि द्रव्य अनंत पर्याय वाले होते हैं। इस प्रकार द्रव्य का स्वआधार क्षेत्र हैं और पर्याय का स्वआधार द्रव्य है अतः द्रव्य-पर्यायों की वृद्धि-हानि सामान्यतः उसके अधीन होती है।

·४ पुद्गल अनंत है

जीवादु पुग्गलादो, ऽणंतगुणा चावि संपदा समया।
लोयायासे संति य, परमट्ठो सो हवे कालो॥

—नियम० अधि २। गा ३२

जीवों से पुद्गल अनंतगुणे हैं, पुद्गल से अणंतगुणे काल के समय हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·५ छः द्रव्यों की प्रदेश की अपेक्षा अल्पबहुत्व

पुद्गल-अनंत है

धम्माधम्मागासा तिण्णि वि तुल्लाणि होंति थोवाणि।
वड्ढीदु जीवपोग्गल कालागासा अणंतगुणा॥

—षट्० खण्ड १। भा २। सू ३। टीका में उद्धृत। पु ३। पृ० १५

धर्म द्रव्य, अधर्म द्रव्य और लोकाकाश—ये तीनों ही समान होते हुए स्तोक है तथा जीव द्रव्य, पुद्गल द्रव्य, काल के समय और आकाश के प्रदेश—ये उत्तरोत्तर वृद्धि की अपेक्षा अनंतगुणे हैं।

·६ द्रव्य-प्रदेश-पर्याय की अपेक्षा अल्पबहुत्व

(क) एएसि णं भंते! जीवाणं पोग्गलाणं अद्धासमयाणं सव्वदव्वाणं सव्व पएसाणं सव्वपज्जवाण य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा बहुया वा तुल्ला वा विसेसाहिया वा? गोयमा! सव्वत्थोवा जीवा १, पोग्गला अणंत गुणा २, अद्धासमया अणंत गुणा ३, सव्वदव्वा विसेसाहिया ४, सव्वपएसा अणंत गुणा ५, सव्वपज्जवा अणंतगुणा।

—पण्ण० प ३। सू २७५

(ख) जीवा पोग्गल समया दव्व पएसा य पज्जवा चेव।
थोवाणंताणंता विसेसअहिआ दुवेऽणंता॥

—प्रवसा० गा १४३६

सबसे न्यून जीव है, उससे पुद्गल अनंतगुणे हैं, उससे काल अनंतगुणा हैं, उससे सर्व द्रव्य विशेषाधिक हैं, उससे सर्व प्रदेश अनंतगुणे हैं, उससे सर्व द्रव्यों की पर्याय अनंतगुणी है।

·७ प्रदेश की अपेक्षा छः द्रव्यों का अल्पबहुत्व

पुद्गल अनंत है

एएसि णं भंते! धम्मत्थिकाय-अधम्मत्थिकाय-आगासत्थिकाय-जीवत्थिकाय-पोग्गलत्थिकाय-अद्धासमयाणं पएसट्ठयाए कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा बहुया वा तुल्ला वा विसेसाहिया वा? गोयमा! धम्मत्थिकाए

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अधम्मत्थिकाए य एएणं दो वि तुल्ला पएसट्ठयाए सव्वत्थोवा १, जीवत्थिकाए पएसट्ठयाए अणंततुण २, पोग्गलत्थिकाए पएसट्ठयाए अणंतगुणे ३, अद्धासमए पएसट्ठयाए अणंतपुणे ४, आगासत्थिकाए पएसट्ठयाए अणंतगुणे ।

—पण्ण० प ३ । सू २७१

धर्मास्तिकाय और अधर्मास्तिकाय इन दोनों के प्रदेश समान होते हैं—वे सबसे कम है, उनसे जीवों के प्रदेश अनंतगुणे हैं, उनसे पुद्गलास्तिकाय के प्रदेश अनंतगुणे हैं, उनसे काल के प्रदेश (अप्रदेश) अनंतगुणे हैं तथा उनसे आकाशास्तिकाय के प्रदेश अनंतगुणे हैं ।

·८ द्रव्य-प्रदेश की अपेक्षा छः द्रव्यों का अल्पबहुत्व

एएसि णं भंते ! धम्मत्थिकाय-अधम्मत्थिकाय-आगासत्थिकाय-जीवत्थिकाय-पोग्गलत्थिकाय–अद्धासमयाणं दव्वट्ठ-पएसट्ठयाए कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा बहुया वा तुल्ला वा विसेसाहिया वा ? गोयमा ! धम्मत्थिकाए अधम्मत्थिकाए आगासत्थिकाए य एए णं तिण्णि वि तुल्ला दव्वट्ठयाए सव्वत्थोवा १, धम्मत्थिकाए अधम्मत्थिकाए य एए णं दोण्णि वि तुल्ला पएसट्ठयाए असंखेज्जगुणा २, जीवत्थिकाए दव्वट्ठयाए अणंतगुणे ३, से चेव पएसट्ठयाए असंखेज्जगुणे ४, पोग्गलत्थिकाए दव्वट्ठयाए अणंतगुणे ५, से चेव पएसट्ठयाए असंखेज्जगुणे ६, अद्धासमए दव्वट्ठ-पएसट्ठयाए (अपएसट्ठयाए) अणंतगुणे ७, आगासत्थिकाए पएसट्ठयाए अणंतगुणे ८ ।

—पण्ण० प ३ । सू २७३

धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय तथा आकाशजीवकाय—इन तीनों द्रव्य से तुल्य है (एक-एक है) सबसे कम है, उनसे धर्मास्तिकाय तथा अधर्मास्तिकाय के प्रदेश तुल्य है (असंख्यात-असंख्यात है) असंख्यातगुणे अधिक है, उनसे जीव द्रव्य अनंतगुणे हैं, उनसे जीवों के प्रदेश असंख्यातगुणे अधिक है । उनसे पुद्गल द्रव्य अनंतगुणे हैं, उनसे पुद्गलों के प्रदेश असंख्यातगुणे हैं । उनसे काल द्रव्य-प्रदेश (अप्रदेश) अनंतगुणे हैं तथा उनसे आकाशास्तिकाय के प्रदेश अनतगुणे अधिक है ।

नोट—धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, लोकाकाश व एक जीव के प्रदेश एक समान है—असंख्यातप्रदेश है । चूंकि केवली समुद्घात के चतुर्थ समय में जीव के प्रदेश सर्वलोक व्यापी बन जाते हैं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

.९ दिशा की अपेक्षा पुद्गल का अल्पबहुत्व

दिसाणुवाएणं सव्वत्थोवा पोग्गला उड्ढदिसाए १, अहेदिसाए विसेसाहिया २, उत्तरपुरत्थिमेणं दाहिणपच्चत्थिमेणं य दो वि तुल्ला असंखेज्जगुणा ३, दाहिणपुरत्थिमेणं उत्तरपच्चत्थिमेणं य दो वि तुल्ला विसेसाहिया ४, पुरत्थिमेणं असंखेज्जगुणा ५, पच्चत्थिमेणं विसेसाहिया ६, दाहिणेणं विसेसाहिया ७, उत्तरेणं विसेसाहिया ८।

—पण्ण० प ३। सू ३२७

सबसे कम पुद्गल ऊंची दिशा में है, उनसे अधोदिशा में पुद्गल विशेषाधिक है, उनसे उत्तर पूर्व (ईशानकुण) तथा दक्षिण पश्चिम (नैऋत्यकुण) दिशा में (परस्पर तुल्य है) असंख्यातगुणे हैं, उनसे दक्षिण-पूर्व दिशा (अग्निकुण) तथा उत्तर-पश्चिम (वायुकुण) दिशा के (परस्पर तुल्य है) विशेषाधिक है, उनसे पूर्व दिशा में असंख्यातगुणे, उनसे पश्चिम दिशा में विशेषाधिक है, उनसे दक्षिण दिशा विशेषाधिक तथा उनसे उत्तर दिशा में पुद्गल विशेषाधिक है।

नोट—चार प्रदेशी ऊंची दिशा निकली वह सात रज्जू न्यून होने से उर्ध्व दिशा में पुद्गल कम है। चार प्रदेशी नीची दिशा निकली वह सात रज्जू अधिक है अतः नीची दिशा उस अपेक्षा से हैं। एक प्रदेशी श्रेणी ऊंची-नीची १४ रज्जू तक और तिरछी लोकांत तक गई है अतः ईशानकुण नैऋत्यकुण में इस अपेक्षा से हैं। गजदंत्ता पर्वत पर सोमनस और गंधमादन एक-एक कूट कम होने से धूमस और धामस आदि सूक्ष्म पुद्गल अग्निकुण वायुकुण में इस अपेक्षा से है। पूर्व दिशा लम्बी-चौड़ी अधिक होने की अपेक्षा से पुद्गल अधिक है। पश्चिम दिशा में सलिलावती विजय हजार योजन ऊंडी है अतः पुद्गल अधिक है। दक्षिण दिशा में भवनपतियों के भवन अधिक होने से पुद्गल अधिक है। उत्तर दिशा में मानसरोवर है अतः जल अधिक है। इस कारण सात बोल के जीव अधिक है—उनके कर्म, काय, योग, उपयोग और लेश्या के पुद्गल अधिक है।

·१० क्षेत्र की अपेक्षा पुद्गल की अल्पबहुत्व

खेत्ताणुवाएणं सव्वत्थोवा पोग्गला तेल्लोके १, उड्ढलोयतिरियलोए अणंतगुणा २, अहेलोयतिरियलोए विसेसाहिया ३, तिरियलोए असंखेज्जगुणा ४, उड्ढलोए असंखेज्जगुणा ५, अहेलोए विसेसाहिया ६।

—पण्ण० प ३। सू ३२६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सबसे कम तीन लोक में व्याप्त पुद्गल है (क्योंकि अचित्त महास्कंध तीन लोक में व्याप्त कर रहता है सबसे कम है) उससे उर्ध्वलोक व तिर्यग्लोक में व्याप्त पुद्गल अनंतगुणे हैं (दो प्रदेश स्पर्शित करने वाले पुद्गल अधिक है)। उससे अधोलोक-तिर्यग्लोक में विशेषाधिक है, उनसे तिर्यग्लोक में असंख्यातगुणे अधिक है, उससे ऊर्ध्वलोक में असंख्यातगुणे हैं, उससे अधोलोक में पुद्गल द्रव्य विशेषाधिक है।

नोट—अधोलोक सप्तरज्ज् अधिक है, उर्ध्वलोक सप्तरज्ज् न्यून है तथा तिर्यग्लोक में पुद्गल असंख्यातगुणा (एक रज्जू लम्बा-चौड़ा) अधिक है।

·११ अल्पबहुत्व

भेद की अपेक्षा

एएसि णं भंते ! दव्वाणं खंडाभेएणं पयराभेएणं चूण्णियाभेएणं अणुतडियाभेएणं उक्करियाभेएण य भिज्जमाणाणं कयरेहिंतो अप्पा वा ४ ? गोयमा ! सव्वत्थोवाइं दव्वाइं उक्करियाभेएणं भिज्जमाणाइं अणुतटियाभेएणं भिज्जमाणाइं अणंतगुणा चुण्णियाभेएणं भिज्जमाणाइं अणंतगुणाइं, पयराभेएणं भिज्जमाणाइं अणंतगुणाइं, खंडाभेएणं भिज्जमाणाइं अणंतगुणाइं।

—पण्ण० प ११। सू ८९७

·१२ अल्पबहुत्व

भेद की अपेक्षा अल्पबहुत्व

द्रव्याणि भिद्यमानानि स्तोकान्युत्करिकाभिदा।
पश्चानुपूर्व्या शेषाणि स्युरनन्तगुणानि च॥

—लोकप्र० सर्ग ११। गा ११२। पृ० ५६६

सबसे कम उत्कटिका भेद वाले द्रव्य है, उससे अनुतटिका भेद वाले द्रव्य अनंतगुणे हैं, उससे चूर्णिका भेद वाले द्रव्य अनंतगुणे हैं, उससे प्रतर भेद वाले द्रव्य अनंतगुणे हैं, उससे खंड भेद वाले द्रव्य अनंतगुणे हैं।

पुद्गल के भेद की परस्पर अल्पबहुत्व

एएसि णं भंते ! दव्वाणं खंडाभेएणं पयराभेदेणं चुण्णियाभेदेणं अणुतडियाभेदेणं उक्करियाभेदेण य भिज्जमाणाणं कयरे कयरेहिंतो अप्पा व बहुया वा तुल्ला वा, विसेसाहिया वा ? गोयमा ! सव्वत्थोवाइं दव्वाइं उक्कारिया-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भेदेणं भिज्जमाणाइं, अणुतडियाभेएणं भिज्जमाणाइं अणंतगुणाइं, चुण्णिया-भेदेणं भिज्जमाणाइं अणंतगुणाइं, पयराभेदेणं भिज्जमाणाइं अणंतगुणाइं, खंडाभेदेणं भिज्जमाणाइं अणंतगुणाइं। —पण्ण० प ११। सू ८१७

·१३ परमाणुपुद्गल-स्कंधपुद्गल का अल्पबहुत्व

एएसि णं भंते ! परमाणुपोग्गलाणं संखेज्जपएसियाणं असंखेज्जपए-सियाणं अणंतपएसियाण य खंधाणं दव्वट्ठयाए पएसट्ठयाए दव्वट्ठपएसट्ठयाए कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा बहुया वा तुल्ला वा विसेसाहिया वा ? गोयमा ! सव्वत्थोवा अणंतपएसिया खंधा दव्वट्ठयाए, परमाणुपोग्गला दव्वट्ठयाए अणंतगुणा, संखेज्जपएसिया खंधा दव्वट्ठयाए संखेज्जगुणा, असंखपएसिया खंधा दव्वट्ठयाए असंखेज्जगुणा। पएसट्ठयाए—सव्वत्थोवा अणंतपएसिया खंधा पएसट्ठयाए, परमाणुपोग्गला अपएसट्ठयाए अणंतगुणा, संखेज्जपएसिया खंधा पएसट्ठयाए संखेज्जगुणा, असंखपएसिया खंधा पएसट्ठयाए असंखेज्ज-गुणा। दव्वट्ठपएसट्ठयाए—सव्वत्थोवा अणंतपएसिया खंधा दव्वट्ठयाए, ते चेव पएसट्ठयाए अणंतगुणा, परमाणुपोग्गला दव्वट्ठअपएसट्ठयाए अणंतगुणा, संखेज्जपएसिएसिया खंधा दव्वट्ठयाए संखेज्जगुणा, ते चेव पएसट्ठयाए संखेज्जगुणा, असंखपएसिया खंधा दव्वट्ठयाए असंखेज्जगुणा, ते चेव पएसट्ठयाए असंखेज्जगुणा।

—पण्ण० प ३। सू ७७

द्रव्य की अपेक्षा

सबसे कम अनंत प्रदेशी स्कंध है, उनसे परमाणु पुद्गल अनंत गुणे है, उनसे संख्यात प्रदेशी स्कंध संख्यात गुणे है तथा उनसे असंख्यात प्रदेशी स्कंध द्रव्यत: असख्यात गुणे हैं।

प्रदेश की अपेक्षा

सब से कम अनंत प्रदेशी स्कंधों के पुद्गल कम है, उनसे परमाणु पुद्गल के अप्रदेश अनंत गुणे है। उनसे असंख्यात प्रदेशी स्कंधों के प्रदेश संख्यात गुणे हैं तथा उनसे असंख्यात प्रदेशी स्कंधों के प्रदेश असंख्यात गुणे हैं।

द्रव्य-प्रदेश की अपेक्षा

सबसे कम अनंत प्रदेशी स्कंध द्रव्य रूप से है उनसे अनंत प्रदेशी स्कंध प्रदेश की अपेक्षा अनंत गुणे है, उनसे परमाणुपुद्गल द्रव्य—अप्रदेश की अपेक्षा अनंत गुणे है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उनसे संख्यात प्रदेशी स्कंध द्रव्य रूप से संख्यात गुणे हैं, उनसे संख्यात प्रदेशी स्कंधों के प्रदेश संख्यात गुणे हैं। उनसे असंख्यात प्रदेशी स्कंध द्रव्य की अपेक्षा असंख्यात गुणे हैं तथा उनसे असंख्यात प्रदेशी स्कंधों के प्रदेश असंख्यात गुणे हैं।

·१४ प्रायोगिक पुद्गल

·१ पुद्गल स्कंध-शरीरवर्गणा की अल्पबहुत्व

× × × सव्वत्थोवाओ कम्मइयसरीरदव्ववग्गणाओ ओगाहणाए। मणदव्ववग्गणाओ ओगाहणाए असंखेज्जगुणाओ। भासादव्वग्गणाओ ओगाहणाए असंखेज्जगुणाओ। तेयासरीरदव्ववग्गणाओ ओगाहणाए असंखेज्जगुणाओ। आहारसरीरदव्ववग्गणाओ ओगाहणाए असंखेज्जगुणाओ। वेउव्वियसरीरदव्ववग्गणाओ ओगाहणाए असंखेज्जगुणाओ। ओरालियसरीरदव्ववग्गणाओ ओगाहणाए असंखेज्जगुणाओ त्ति।

—षट्० खण्ड ५। भा ६। सू २३७। टीका। पु १४

·२ × × ×। सव्वत्थोवा कम्मइय-सरीर-दव्व-वग्गणाए ओगाहणा, मणदव्व-वग्गणाए ओगाहणा असंखेज्जगुणा, भासा-दव्व-वग्गणाए ओगाहणा असंखेज्जगुणा, तेया-सरीर-दव्व-वग्गणाए ओगाहणा असंखेज्जगुणा, आहार-सरीर-दव्व-वग्गणाए ओगाहणा असंखेज्जगुणा, वेउव्विय-सरीर-दव्व-वग्गणाए ओगाहणा असंखेज्जगुणा, ओरालिय-सरीर-दव्ववग्गणाए ओगाहणा असंखेज्जगुणा।

—षट्० खण्ड १। सू ५६। टीका। पु १। पृ० २९०-१

कार्मण शरीर सम्बन्धी द्रव्य वर्गणा की अवगाहना सबसे न्यून है। मनोद्रव्य वर्गणा की अवगाहना इससे असंख्यातगुणी है। भाषा द्रव्य वर्गणा की अवगाहना इससे असंख्यातगुणी है। तैजस शरीर सम्बन्धी द्रव्य वर्गणा की अवगाहना इससे असंख्यातगुणी है, आहारक शरीर सम्बन्धी द्रव्यवर्गणा की अवगाहना इससे असंख्यात गुणी है। वैक्रियक शरीर सम्बन्धी द्रव्यवर्गणा की अवगाहना इससे असंख्यातगुणी है। औदारिक शरीर सम्बन्धी द्रव्यवर्गणा की अवगाहना इससे असंख्यातगुणी है।

·१५ प्रदेश की अपेक्षा वर्गणा की अल्पबहुत्व

सव्वत्थोवा ओरालिय-सरीर-दव्व-वग्गणा-पदेसा, वेउव्विय-सरीर-दव्व-वग्गणा-पदेसा असंखेज्जगुणा, आहार-सरीर-दव्व-वग्गणा-पदेसा-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असंखेज्जगुणा, तेयासरीर-दव्व-वग्गणा-पदेसा अणंतगुणा, भासादव्ववग्गणा पदेसा अणंतगुणा, मण-दव्व-वग्गणा-पदेसा अणंतगुणा, कम्मइय-सरीर-दव्व-वग्गणा-पदेसा अणंतगुणा त्ति।

—षट् खण्ड १। भा १। सू ५६। टीका। पु १। पृ० २९०

औदारिक शरीर द्रव्य सम्बन्धी वर्गणाओं के प्रदेश सबसे थोड़े हैं, उससे असंख्यातगुणे वैक्रियक शरीर द्रव्य सम्बन्धी वर्गणाओं के प्रदेश हैं। उससे असंख्यातगुणे आहारक शरीर द्रव्य सम्बन्धी वर्गणाओं के प्रदेश हैं। उससे अनन्तगुणे तैजस शरीर द्रव्य सम्बन्धी वर्गणा के प्रदेश हैं। उससे अनत गुणे भाषा-द्रव्य वर्गणाओं के प्रदेश है। उससे मनोद्रव्य वर्गणाओं के प्रदेश अनंत गुणे है। उससे अनंतगुणे कार्मण शरीर द्रव्य वर्गणा के प्रदेश हैं।

·१६ शरीर के पुद्गलों की प्रदेशरूप अल्पबहुत्व

शरीरनाम्नि सर्वस्तोकमौदारकशरीरनाम्नः, ततस्तैजसशरीरनाम्नो विशेषाधिकं, ततः कार्मणशरीरनाम्नो विशेषाधिकं, ततो वैक्रियशरीरनाम्नोऽसंख्येयगुणं ततोऽप्याहारकशरीरनाम्नोऽसंख्येयगुणम् × × ×।

एवं संङ्घातनाम्नोऽपि वाच्यम्।

अङ्गोपाङ्गनाम्नि सर्वस्तोकं जघन्यपदे प्रदेशाग्रमौदारिकाङ्गोपांगनाम्नः, ततो वैक्रियाङ्गोपाङ्गनाम्नोऽसंख्येयगुणं, ततोऽप्याहारकाङ्गोपाङ्गनाम्नोऽसंख्येयगुणम्।

—कर्मग्र० भा ५। गा ८१। टीका। पृ० ६३ से ६४

·१७ पुद्गल परिवर्तन की अल्पबहुत्व

(क) अदीदकाले एयजीवस्स सव्वत्थोवा भाव परियट्टवारा। भवपरियट्टणवारा अणंतगुणा। कालपरियट्टवारा अणंतगुणा। खेत्तपरियट्टवारा अणंतगुणा। पोग्गलपरियट्टवारा अणंतगुणा।

—कसायपा० विहत्ती ३। भा ४ गा २२। टीका। पृ० १०१

अतीत काल में एक जीव के भाव परिवर्तनवार सबसे थोड़े हुए हैं। इनसे भव परिवर्तनवार अनंतगुणे हुए हैं। इनसे काल परिवर्तनवार अनंतगुणे हुए हैं। इनसे क्षेत्र परिवर्तनवार अनंतगुणे हुए हैं। इनसे पुद्गल परिवर्तनवार अनंतगुणे हुए हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवस्स साहणट्ठमप्पाबहुगं वुच्चदे। तंजहा-सव्वत्थोवो पोग्गलपरियट्टकालो। खेत्तपरियट्टकालो अणंतगुणो। कालपरियट्टकालो अणंतगुणो। भवपरियट्टकालो अणंतगुणो। भावपरियट्टकालो अणंतगुणो त्ति।

—कसायपा० विह ३। भा ४। गा २२। टीका। पृ० १०१

पुद्गल परिवर्तन काल सबसे थोड़ा है। इससे क्षेत्र परिवर्तन का काल अनंत गुणा है। इससे काल परिवर्तन का काल अनंतगुणा है। इससे भव परिवर्तन का काल अनंतगुणा है। इससे भाव परिवर्तन का काल अनंतगुणा है।

पुद्गल परिवर्तन (संख्या की)

(ख) अदीदकाले एगस्स जीवस्स सव्वत्थोवा भावपरियट्टवारा। भवपरियट्टवारा अणंतगुणा। कालपरियट्टवारा अणंतगुणा। खेत्तपरियट्टवारा अणंतगुणा। पोग्गलपरियट्टवारा अणंतगुणा।

—षट्० खण्ड २। भा ५। सू ४। टीका। पु ४। पृ० १६७

अतीत काल में एक जीव के सब से कम भाव परिवर्तन के वार हैं। भव परिवर्तन के वार भाव परिवर्तन के वारों से अनंतगुणे हैं। काल परिवर्तन के वार भव परिवर्तन के वारों से अनंतगुणे हैं। क्षेत्र परिवर्तम के वार काल परिवर्तन के वारों से अनंतगुणे हैं। पुद्गल परिवर्तन के वार क्षेत्र परिवर्तन के वारों से अनंतगुणे हैं।

पुद्गल परिवर्तन की अल्पबहुत्व

(ग) सव्वत्थोवो पोग्गलपरियट्टकालो। खेत्तपरियट्टकालो अणंतगुणो। कालपरियट्टकालो अणंतगुणो। भवपरियट्टकालो अणंतगुणो। भाव परियट्टकालो अणंतगुणो।

—षट्० खण्ड २। भा ५। सू ४। टीका। पु ४। पृ० १६७

पुद्गल परिवर्तन का काल सबसे कम है। क्षेत्र परिवर्तन का काल पुद्गल परिवर्तन के काल से अनंतगुणा है। काल परिवर्तन का काल क्षेत्र परिवर्तन के काल से अनंतगुणा है। भव परिवर्तन का काल काल परिवर्तन के काल से अनन्तगुणा है। भाव परिवर्तन का काल भव परिवर्तन के काल से अनंतगुणा है।

·१८·१ वर्गणा की अपेक्षा अल्पबहुत्व

सव्वत्थोवा कम्मइयसरीरदव्ववग्गणाए ओगाहणा। मणदव्ववग्गणाए ओगाहणा असंखेज्जगुणा। भासादव्ववग्गणाए ओगाहणा असंखेज्जगुणा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तेयासरीरदव्ववग्गणाए ओगाहणा असंखेज्जगुणा। आहारसरीरदव्व-वग्गणाए ओगाहणा असंखेज्जगुणा। वेउव्वियसरीरदव्ववग्गणाए ओगाहणा असंखेज्जगुणा। ओरालियसरीरदव्ववग्गणाए ओगाहणा असंखेज्जगुणा त्ति अप्पाबहुअवयणादो।

—षट्० खण्ड ५। भा ५। सू ५९। टीका। पु १३। पृ० ३१२, ३१३

कार्मण शरीर द्रव्यवर्गणा की अवगाहना सबसे स्तोक होती है। उससे मनो-द्रव्यवर्गणा की अवगाहना असंख्यातगुणी होती है। उससे भाषा द्रव्यवर्गणा की अवगाहना असंख्यातगुणी होती है। उससे तैजस-शरीर-द्रव्यवर्गणा की अवगाहना असंख्यातगुणी होती है। उससे आहारक शरीर द्रव्यवर्गणा की अवगाहना असंख्यात गुणी होती है। उससे वैक्रियिक शरीर द्रव्य वर्गणा की अवगाहना असंख्यात गुणी होती है। उससे औदारिक शरीर द्रव्यवर्गणा की अवगाहना असंख्यात गुणी होती है।

·१८ २ वर्गणा का अल्पबहुत्व

सव्वत्थोवा जहण्णियाए वग्गणाए अविभागपडिच्छेदा! उक्कस्सियाए वग्गणाए अविभागपडिच्छेदा अणंतगुणा। को गुणगारो? सव्वजीवेहि अणंतगुणो। कुदो? जहण्णबंधट्ठाणप्पहुडि उवरि असंखेज्ज० लोगमेत्त-छट्ठाणेसु गदेसु सुहुमइ'दिय जहण्णट्ठाणचरिमवग्गणाए समुप्पत्तीदो। अज-हण्णअणुक्कस्सियासु वग्गणासु अविभागपडिच्छेदा अणंतगुणा। कोगुण-गारो? अभवसिद्धिएहि अणंतगुणो सिद्धाणमणंतभागमेत्तो। अणुक्क-स्सियासु वग्गणासु अविभागपडिच्छेदा विसेसाहिया। अजहण्णियासु वग्गणासु अविभागपडिच्छेदा विसेसाहिया। केत्तियमेत्तण? जहण्णवग्गणाविभाग-पडिच्छेदेहि ऊणउक्कस्सवग्गणाविभागपडिच्छेदमेत्तण। सव्वासु वग्गणासु अविभागपडिच्छेदा विसेसाहिया। केत्तियमेत्तेण? जहण्णवग्गणाविभाग-पडिच्छेदमेत्तेण।

—कसायपा० विह ४। भा ५। गा २२। टीका पृ० ३४७

जघन्य वर्गणा में, अविभागप्रतिच्छेद सबसे थोड़े हैं। उनसे उत्कृष्ट वर्गणा में अविभाग प्रतिच्छेद अनंत गुणे हैं। गुणकार का प्रमाण—सब जीवों से अनंत गुणा हैं, क्योंकि जघन्य बन्धस्थान से लेकर ऊपर असंख्यात लोकप्रमाण षट्स्थानों के जाने पर सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीव के जघन्य अनुभाग स्थान की अन्तिम वर्गणा की

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उत्पत्ति होती है। उनसे अजघन्य-अनुत्कृष्ट वर्गणाओं में अविभाग-प्रतिच्छेद अनंत-गुणे हैं। यहाँ पर गुणकार का प्रमाण अभव्य राशि से अनंत गुणा और सिद्ध-राशि का अनंतवां भाग प्रमाण गुणकार का प्रमाण है। उनसे अनुत्कृष्ट वर्गणाओं में अविभाग-प्रतिच्छेद विशेषाधिक हैं। जघन्य वर्गणा के अविभाग प्रतिच्छेद विशेषाधिक है। जघन्य वर्गणा के अविभाग-प्रतिच्छेदों से कम उत्कृष्ट वर्गणा के अविभाग-प्रतिच्छेदों से कम उत्कृष्ट वर्गणा के अविभाग प्रतिच्छेद प्रमाण अधिक है। उनसे सभी वर्गणाओं में अविभाग प्रतिच्छेद विशेष अधिक हैं। जघन्य वर्गणा के अविभाग-प्रतिच्छेदों का जितना प्रमाण है, उतने अधिक है।

.१८·३ वर्गणा

जहण्णियाए वग्गणाए अविभागपडिच्छेदा केवडिया ? अणंता सव्वजीवेहि अणंतगुणा। एवं णेदव्वं जाव उक्कस्सिया वग्गणा त्ति।

—कसायपा० विह ४। भा ५। गा २२। टीका पृ० ३४६

जघन्य वर्गणा में अविभाग प्रतिच्छेद अनंत हैं। जो सब जीवों से अनंत गुणे हैं। इस प्रकार उत्कृष्ट वर्गणापर्यंत समझना चाहिए।

वर्गणा

अनुभाग स्थान

जहण्णट्ठाणसव्ववग्गणाओ वि अभवसिद्धिएहि अणंतगुणाओ सिद्धाण-मणंतिमभागमेत्ताओ। कुदो ? अभवसिद्धिएहि अणंतगुण-सिद्धाणमणंतिमभागमेत्तं कम्मपरमाणूहि णिप्पण्णत्तादो। एगम्मि जीवे सव्वजीवेहि अणंतगुणा परमाणू किण्ण मिलंति ? ण, मिच्छत्तादिपच्चएहि आगच्छ-माणपरमाणूणमभवसिद्धिएहि अणंतगुणसिद्धाणंतिमभागपमाणत्तुवलंभादो। ण च एत्तिएसु कम्मपरमाणुपोग्गलेसु कम्मट्ठिदीए गुणिदेसु सव्वजीवेहि अणंतगुणा कम्मपरमाणू होंति, विरोहादो। एक्केक्कफद्दए वि अभव-सिद्धिएहि अणंतगुणसिद्धाणमणंतिमभागमेत्ताओ वग्गणाओ होंति। ताओ च सव्वफद्दएसु संखाए समाणाओ। कुदो ? साहावियादे × × ×।

—कसायपा० विह ४। भा ५। गा २२। टीका पृ० ३४८-४९

जघन्य अनुभाग स्थान की सब वर्गणाएँ भी अभव्य राशि से अनंतगुणी और सिद्ध राशि के अनंतवें भाग प्रमाण है, क्योंकि वे अभव्य राशि से अनंतगुणे और सिद्ध राशि के अनंतवें भाग प्रमाण कर्म परमाणु से बनी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिथ्यात्वादि कारणों से बंध को प्राप्त होने वाले परमाणु अभव्य-राशि से अनंत-गुणे और सिद्ध-राशि के अनंतवें भाग प्रमाण ही पाये जाते हैं। इसके कर्म परमाणुओं को कर्मों की स्थिति से गुणा करने पर समस्त कर्म परमाणु सब जीवों से अनंत गुणे नहीं होते हैं।

एक-एक स्पर्धक में भी अभव्य राशि से अनंत गुणी और सिद्ध राशि के अनंतवें भाग प्रमाण वर्गणाएँ होती है। वे वर्गणाएँ संख्या में भी सभी स्पर्धकों में समान होती है, क्योंकि ऐसा स्वाभाविक है।

·५ वर्गणा-स्पर्धक अल्पबहुत्व

अनुभाग स्थान-अल्पबहुत्व

जहण्णफद्दए वग्गणाओ थोवाओ। अजहण्णेसु फद्दएसु वग्गणाओ अणंतगुणाओ। सव्वेसु फद्दएसु वग्गणाओ विसेसाहियाओ × × ×।

—कसायपा० विह ४। भा ५। गा २२। टीका पृ० ३४९

जघन्य स्पर्धक में थोड़ी वर्गणाएँ हैं। उनसे अजघन्य स्पर्धकों में अनंतगुणी वर्गणाएँ है। उनसे सब स्पर्धकों में विशेष अधिक वर्गणाएँ हैं।

·६ अल्पबहुत्व-स्पर्धक

जहण्णए ट्ठाणे अभवसिद्धिएहि अणंतगुणसिद्धाणमणंतिमभागमेत्ताणि फद्दयाणि × × ×।

सव्वत्थोवं जहण्णफद्दयं, एगसंखत्तादो। अजहण्णफद्दयाणि अणंतगुणाणि। कोगुणगारो? अभवसिद्धिएहि अणंतगुणो सिद्धाणमणंतिमभागमेत्तो। सव्वाणि फद्दयाणि विसेसाहियाणि एकरूवेण। अथवा अविभागपडिच्छेदे अस्सिदूण उच्चदे-जहण्णफद्दयं थोवं। उक्कस्सफद्दयमणंतगुणं। को गुणगारो? सव्वजीवेहि अणंतगुणो अजहण्णअणुक्कस्सफद्दयाणि अणंतगुणाणि। को गुणगारो। अभवसिद्धिएहि अणंतगुणो सिद्धाणमणंतिमभागमेत्तो। अणुक्कस्सफद्दयाणि विसेसाहियाणि अजहण्णफद्दयाणिविसेसाहियाणि। सव्वाणि फद्दयाणि विसेसाहियाणि।

—कसायपा० विह ४। भा ५। गा २२। टीका पृ० ३४९-५०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अजघन्य अनुभागस्थान में अभव्य-राशि से अनंतगुणे और सिद्ध-राशि के अनंतवें भाग प्रमाण स्पर्धक होते हैं।

जघन्य स्पर्धक सबसे थोड़ा है, क्योंकि उसकी संख्या एक है। उससे अजघन्य स्पर्धक अनंत गुणे हैं। अभव्य-राशि से अनंत गुणा और सिद्ध-राशि के अनंतवें भाग प्रमाण गुणकार का प्रमाण है। उनसे सभी स्पर्धक विशेषाधिक हैं क्योंकि अजघन्य स्पर्धकों से इनमें स्पर्धक अधिक होता है।

अथवा अविभाग-प्रतिच्छेदों की अपेक्षा कहते हैं—जघन्य स्पर्धक थोड़ा है। उससे उत्कृष्ट स्पर्धक अनंत गुणा है। सब जीवों से अनंतगुणा गुणकार है। अजघन्य-अनुत्कृष्ट स्पर्धक अनंत गुणे हैं। अभव्य राशि से अनतगुणा और सिद्ध राशि के अनंतवें भाग प्रमाण गुणकार है। अनुत्कृष्ट स्पर्धक विशेष अधिक हैं। अजघन्य स्पर्धक विशेष अधिक है। सब स्पर्धक विशेष अधिक है।

·१ द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव की अपेक्षा सप्रदेश-अप्रदेश पुद्गलों की अल्पबहुत्व

एएसि णं भंते ! पोग्गलाणं दव्वादेसेणं, खेत्तादेसेणं, कालादेसेणं, भावादेसेणं सपएसाणं, अपएसाणं य कयरे-कयरे जाव—विसेसाहिया वा ? गोयमा, सव्वत्थोवा पोग्गला भावादेसेणं अपएसा, कालादेसेणं अपएसा असंखेज्जगुणा, दव्वादेसेणं अपएसा असंखेज्जगुणा, खेत्तादेसेण अपएसा असंखेज्जगुणा, खेत्तादेसेण चेव सपएसा असंखेज्जगुणा, दव्वादेसेणं सपएसा विसेसाहिया, कालादेसेणं सपएसा विसेसाहिया, भावादेसेणं सपएसा विसेसाहिया।

—भग० श ५ उ ८। सू २०६

सबसे कम भावादेश अप्रदेशी पुद्गल है, उससे कालादेश अप्रदेशी पुद्गल असंख्यात गुणे है, उससे द्रव्यादेश अप्रदेशी पुद्गल असंख्यात गुणे है, उससे क्षेत्रादेश अप्रदेशी पुद्गल असंख्यात गुणे है, उससे क्षेत्रादेश सप्रदेशी पुद्गल असंख्यात गुणे है, उससे द्रव्यादेश सप्रदेशी पुद्गल विशेषाधिक है, उससे कालादेश सप्रदेशी पुद्गल विशेषाधिक है, उससे भावादेश सप्रदेशी पुद्गल विशेषाधिक है।

नोट—नियम से सप्रदेशी द्रव्य पुद्गल की अपेक्षा, क्षेत्रादेश की अपेक्षा सप्रदेशी पुद्गल स्कंध ही होते हैं। कालादेश व भावादेश से सप्रदेशी पुद्गल परमाणु भी होते हैं, स्कंध भी होते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·२० आयुष्य स्थान की अपेक्षा अल्पबहुत्व

·१ एयस्स णं भंते ! दव्वट्ठाणाउयस्स, खेत्तट्ठाणाउयस्स, ओगाहणट्ठाणाउयस्स, भावट्ठाणाउयस्स कयरे-कयरे जाव विसेसाहिया गोयमा ! सव्वत्थोवे खेत्तट्ठाणाउए, ओगाहणट्ठाणाउए असंखेज्जगुणे, दव्वट्ठाणाउए असंखेज्जगुणे, भावट्ठाणाउए असंखेज्जगुणे।

—भग० श ५। उ ७। सू २७

सबसे कम क्षेत्र स्थानआयु पुद्गल है, उससे अवगाहना स्थान आयु पुद्गल असंख्यातगुणे है, उससे द्रव्यस्थान आयु पुद्गल असंख्यात गुणे है तथा उससे भाव स्थान आयु पुद्गल असंख्यात गुणे है।

द्रव्यस्थानायु-क्षेत्रस्थानायु-अवगाहनास्थानायु और भावस्थानायु पुद्गल की परस्पर अल्पबहुत्व

·२ एयस्स णं भंते ! दव्वट्ठाणाउयस्स, खेत्तट्ठाणाउयस्स, ओगाहणट्ठाणाउयस्स, भावट्ठाणाउयस्स कयरे-कयरे जाव-विसेसाहिया ? गोयमा ! सव्वत्थोवे खेत्तट्ठाणाउए, ओगाहणट्ठाणाउए असंखेज्जगुणे, दव्वट्ठाणाउए असंखेज्जगुणे, भावट्ठाणाउए असंखेज्जगुणे।

खेत्तोगाहणादव्वे, भावट्ठाणाउयं च अप्प-बहुं।
खेत्त सव्वत्थोवे, सेसा ठाणा असंखेज्जगुणा॥

—भग० श ५। उ ७। सू २७

द्रव्य-क्षेत्र-भाव अवगाहना स्थान आयु के पुद्गलो में सबसे कम क्षेत्रस्थानआयु पुद्गल है, शेष स्थान क्रमशः असंख्यात गुणे है।

·२१ द्रव्य की अपेक्षा क्षेत्रावगाह पुद्गलों की अल्पबहुत्व

एएसि णं भंते ! एगपएसोगाढाणं दुपएसोगाढाण य पोग्गलाणं दव्वट्ठयाए कयरे कयरेहिंतो जाव विसेसाहिया वा ? गोयमा ! दुपएसोगाढेहिंतो पोग्गलेहिंतो एगपएसोगाढा पोग्गला दव्वट्ठयाए विसेसाहिया। एवं एएणं गमएणं तिपएसोगाढेहिंतो पोग्गलेहिंतो दुपएसोगाढा पोग्गला दव्व-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ट्ठयाए विसेसाहिया, जाव दसपएसोगाढेहिंतो पोग्गलेहिंतो नवपएसोगाढा पोग्गला दव्वट्ठयाए विसेसाहिया। दसपएसोगाढहिंतो पोग्गदेहिंतो संखेज्ज-पएसोगाढा पोग्गला दव्वट्ठयाए बहुया, संखेज्जपएसोगाढहिंतो पोग्गले-हिंतो असंखेज्जपएसोगाढा पोग्गला दव्वट्ठयाए बहुया। पुच्छा सव्वत्थ भाणियव्वा।

—भग० श २५। उ ४। सू १५८। पृ० ९२२

द्रव्य की अपेक्षा द्विप्रदेशावगाढ़ पुद्गलों से एक प्रदेशावगाढ़ पुद्गल विशेषाधिक है। इसी प्रकार इस गमक से तीन प्रदेशावगाढ़ पुद्गलों से द्विप्रदेशावगाढ़ पुद्गल विशेषाधिक है यावत् दश प्रदेशावगढ़ पुद्गलों से नव प्रदेशावगाढ़ पुद्गल द्रव्य विशेषा-धिक है। दश प्रदेशावगाढ़ पुद्गल द्रव्यों से संख्यात प्रदेशावगाढ़ पुद्गल द्रव्य बहुत है। संख्यात प्रदेशावगाढ़ पुद्गल द्रव्यों से असंख्यात प्रदेशावगाढ़ पुद्गल द्रव्य बहुत है।

·२२ प्रदेश की अपेक्षा क्षेत्रावगाह पुद्गलों की अल्पबहुत्व

एएसि णं भंते ! एगपएसोगाढाणं दुपएसोगाढाण य पोग्गलाणं पएसट्ठयाए कयरे कयरेहिंतो जाव विसेसाहिया वा ? गोयमा ! एगपए-सोगाढहिंतो पोग्गलेहिंतो दुपएसोगाढा पोग्गला पएसट्ठयाए विसेसाहिया, एवं जाव-नवपएसोगाढहिंतो पोग्गलेहिंतो दसपएसोगाढा पोग्गला पएसट्ठ-याए विसेसाहिया, दसपएसोगाढहिंतो पोग्गलेहिंतो सखेज्जपएसोगाढा पोग्गला पएसट्ठयाए बहुया, संखेज्जपएसोगाढहिंतो पोग्गलेहिंतो असंखेज्ज-पएसोगाढा पोग्गला पएसट्ठयाए बहुया।

—भग० श २५। उ ४। सू १५९। पृ० ९२२

एक प्रदेशावगाढ़ पुद्गल (प्रदेश रूप से) से द्विप्रदेशी पुद्गल प्रदेश रूप से विशेषाधिक है। इस प्रकार यावत् नव प्रदेशावगाढ़ पुद्गल से दस प्रदेशावगाढ़ पुद्गल प्रदेश रूप से विशेषाधिक है। दस प्रदेशावगाढ़ पुद्गल से संख्यात प्रदेशावगाढ़ पुद्गल प्रदेश रूप से बहुत है। संख्यात प्रदेशावगाढ़ पुद्गल से असंख्यात प्रदेशावगाढ़ पुद्गल प्रदेश रूप से बहुत है।

·२३ प्रदेशावगाह पुद्गलों में द्रव्य-प्रदेश-द्रव्य-प्रदेश की अपेक्षा अल्पबहुत्व

·१ एएसिणं भंते ! एगपएसोगाढाण संखेज्जपएसोगाढाणं असंखेज्ज-पएसोगाढाण य पोग्गलाणं दव्वट्ठयाए पएसट्ठयाए दव्वट्ठपएसट्ठयाए कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा बहुया वा तुल्ला वा विसेसाहिया वा ? गोयमा !

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सव्वत्थोवा एगपएसोगाढा पोग्गला दव्वट्ठयाए, संखेज्जपएसोगाढा पोग्गला दव्वट्ठयाए संखेज्जगुणा, असंखेज्जपएसोगाढा पोग्गला दव्वट्ठयाए असंखेज्ज-गुणा, पएसट्ठयाए-सव्वत्थोवा एगपएसोगाढा पोग्गला पएसट्ठयाए, संखिज्ज-पएसोगाढा पोग्गला पएसट्ठयाए संखिज्जगुणा, असंखिज्जपएसोगाढा पुग्गला पएसट्ठयाए असंखेज्जगुणा। दव्वट्ठपएसट्ठयाए-सव्वत्थोवा एगपएसोगाढा पुग्गला दव्वट्ठपएसट्ठयाए, संखिज्जपएसोगाढा पुग्गला दव्वट्ठयाए संखिज्ज-गुणा, ते चेव पएसट्ठयाए संखिज्जगुणा, असंखिज्जपएसोगाढा पुग्गला दव्वट्ठयाए असंखिज्जगुणा, ते चेव पएसट्ठयाए असंखिज्जगुणा।

—पण्ण० पद ३ सू ७८

·२ द्रव्य की अपेक्षा क्षेत्रावगाह पुद्गलों की अल्पबहुत्व

द्रव्य की अपेक्षा

प्रदेश की अपेक्षा

द्रव्य-प्रदेश की अपेक्षा

एएसि णं भंते ! एगपएसोगाढाणं, संखेज्जपएसोगाढाणं, असंखेज्ज-पएसोगाढाण य पोग्गलाणं दव्वट्ठयाए पएसट्ठयाए दव्वट्ठपएसट्ठयाए कयरे कयरे० जाव विसेसाहिया वा ? गोयमा ! सव्वत्थोवा एगपएसोगाढा पोग्गला दव्वट्ठयाए, संखेज्जपएसोगाढा पोग्गला दव्वट्ठयाए संखेज्जगुणा, असंखेज्जपएसोगाढा पोग्गला दव्वट्ठयाए असंखेज्जगुणा।

पएसट्ठयाए-सव्वत्थोवा एगपएसोगाढा पोग्गला अपएसट्ठयाए, संखेज्ज-पएसोगाढा पोग्गला पएसट्ठयाए संखेज्जगुणा, असंखेज्जपएसोगाढा पोग्गला पएसट्ठयाए असंखेज्जगुणा।

दव्वट्ठपएसट्ठयाए-सव्वत्थोवा एगपएसोगाढा पोग्गला दव्वट्ठअपए-सट्ठयाए, संखेज्जपएसोगाढा पोग्गला दव्वट्ठयाए संखेज्जगुणा, ते चेव पएसट्ठयाए संखेज्जगुणा, असंखेज्जपएसोगाढा पोग्गला दव्वट्ठयाए असंखेज्ज-गुणा, ते चेव पएसट्ठयाए असंखेज्जगुणा।

—भग० श २५। उ ४। सू १६४। पृ० ९३३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्रव्य की अपेक्षा—एक प्रदेशावगाढ़ पुदगल द्रव्यत: सबसे कम है, उससे संख्यात प्रदेशावगाढ़ पुद्गल द्रव्यत: संख्यात गुणे है, उससे असंख्यात प्रदेशावगाढ़ पुद्गल द्रव्यत: असंख्यात गुणे हैं।

प्रदेश की अपेक्षा—एक प्रदेशावगाढ़ पुद्गल प्रदेश रूप से सबसे कम है, उससे संख्यातप्रदेशावगाढ़ पुद्गल प्रदेश रूप से संख्यात गुणे है, उससे असंख्यातप्रदेशावगाढ़ पुद्गल प्रदेश रूप से असंख्यात गुणे है।

द्रव्यार्थ-प्रदेशार्थ की अपेक्षा

एक प्रदेशावगाढ़ पुद्गल द्रव्यार्थ-प्रदेशार्थ रूप से सबसे कम है, उससे संख्यात प्रदेशावगाढ़ पुद्गल द्रव्यार्थ रूप से संख्यातगुण है, उससे संख्यात प्रदेशावगाढ़ पुद्गल प्रदेशार्थ रूप से संख्यातगुणे हैं, उससे असंख्यात प्रदेशावगाढ़ पुद्गल द्रव्यार्थ रूप से असंख्यातगुणे हैं और उससे असंख्यात प्रदेशावगाढ़ पुद्गल प्रदेश रूप से असंख्यात-गुणे है।

·२४ पुद्गल और जीव की अल्पबहुत्व

·१ जीवा अणंतसंखाणंतगुणा पुग्गला हु तत्तो दु।

—गोजी० गा ५८७

जीव अनंत है, उससे पुद्गल अनंत गुणे हैं।

·२ ववहारो पुणकालो पोग्गलदव्वावणंतगुणमेत्तो।
तत्तो अणंतगुणिदा आगासपदेसपरिसंखा॥

—गोजी० गा ५८९

व्यवहार काल-पुद्गल द्रव्य से अनंत गुणा है। उससे आकाश-प्रदेश अनंत गुणे हैं।

·३ जीवभंगो जिनैरुक्तः पुद्गलाद्धाविहायसाम्।
अनंतगुणितं पूर्वं परतः परतः परम्॥

—पचसं० गा ९ (अमितगति)

जीव अनंत है उससे पुद्गल अनंत गुणे है उससे काल अनंत गुणा है।

·२५ प्रदेश की अपेक्षा पुद्गलों की अल्पबहुत्व

एएसि णं भंते ! परमाणुपोग्गलाणं दुपएसियाण य खंधाणं पएसट्ठयाए कयरे कयरेहिंतो बहुया ? गोयमा ! परमाणुपोग्गलेहिंतो दुपएसिया खंधा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पएसट्ठयाए बहुया। एवं एएणं गमएणं जाव-नवपएसिएहिंतो खंधेहिंतो दसपएसिया खंधा पएसट्ठयाए बहुया, एवं सव्वत्थ पुच्छियव्वं। दसपए-सिएहिंतो खंधेहिंतो संखेज्जपएसिया खंधा पएसट्ठयाए बहुया। संखेज्ज-पएसिएहिंतो खंधेहिंतो असंखेज्जपएसिया खंधा पएसट्ठयाए बहुया [सू० १५६]।

एएसि णं भंते ! असंखेज्जपएसियाणं पुच्छा। गोयमा ! अनंतपएसि-एहिंतो खंधेहिंतो असंखेज्जपएसिया खंधा पएसट्ठयाए बहुया [सू १५७]

—भग० श २५। उ ४। सू १५६, १५७। पृ० ९२१

परमाणु पुद्गल के प्रदेश से द्विप्रदेशी स्कंध के प्रदेश बहुत है। इसी प्रकार से द्विप्रदेशी स्कंध के पुद्गलों से तीन प्रदेशी स्कंध के पुद्गल बहुत है यावत् नवप्रदेशी स्कंधों के पुद्गल प्रदेश से दसप्रदेशी स्कंध के पुद्गल प्रदेश बहुत है।

दस प्रदेशी स्कंध पुद्गलों के प्रदेश से संख्यात प्रदेशी स्कंध के पुद्गल प्रदेश बहुत है। संख्यात प्रदेशी स्कंध पुद्गलों के प्रदेश से असंख्यात प्रदेशी स्कंध के पुद्गल बहुत है।

अनंत प्रदेशी स्कंधों के पुद्गल प्रदेश से असंख्यात प्रदेशी स्कंध पुद्गल के प्रदेश बहुत है।

·२६ परमाणु तथा स्कंध पुद्गलों की अल्पबहुत्व

·१ सकंप-निष्कंप परमाणुओं तथा स्कंधों पुद्गलों की अल्पबहुत्व

(क) एएसि णं भंते ! परमाणुपोग्गलाणं सेयाणं, निरेयाण य कयरे कयरेहिंतो जाव विसेसाहिया वा ? गोयमा ! सव्वत्थोवा परमाणुपोग्गला सेया, निरेया असंखेज्जगुणा, एवं जाव-असंखिज्जपएसियाणं खंधाणं।

—भग० श २५। उ ४। सू २०९। पृ० ९२८

सकंप परमाणु पुद्गल सबसे कम है, इससे निष्कंप परमाणु असंख्यातगुणे है। इसी प्रकार द्विप्रदेशी यावत् असंख्यात प्रदेशी स्कंधों के सकंप-निष्कंप के विषय में जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(ख) एएसि णं भंते ! परमाणुपोग्गलाणं सव्वेया णं निरेयाण य कयरे कयरेहिंतो जाव-विसेसाहिया वा ? गोयमा ! सव्वत्थोवा परमाणुपोग्गला सव्वेया, निरेया असंखेज्जगुणा।

—भग० श २५ । उ ४ । सू २३६ । पृ० २३०

सबसे कम सकंप परमाणु है, उससे निष्कंप परमाणु असंख्यातगुणे है।

·२७ पुद्गल-स्थिति की अपेक्षा अल्पबहुत्व

·१ द्रव्य-प्रदेश-द्रव्य प्रदेश पुद्गलों की अल्पबहुत्व

एएसि णं भंते ! एगसमयठिइयाणं संखिज्जसमयठिइयाणं असंखिज्जसमयठिइयाणं पुग्गलाणं दव्वट्ठयाए पएसट्ठयाए दव्वट्ठपएसट्ठयाए कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा बहुया वा तुल्ला वा विसेसाहिया वा ? गोयमा ! सव्वत्थोवा एगसमयठिइया पुग्गला दव्वट्ठयाए, संखिज्जसमयठिइया पुग्गला दव्वट्ठयाए संखिज्जगुणा, असंखिज्जसमयठिइया पुग्गला दव्वट्ठयाए असंखिज्जगुणा। पएसट्ठयाए-सव्वत्थोवा एगसमयठिइया पुग्गला पएसट्ठयाए, संखिज्जसमयठिइया पुग्गला पएसट्ठयाए संखेज्जगुणा, असंखिज्जसमयठिइया पुग्गला पएसट्ठयाए असंखेज्जगुणा। दव्वट्ठपएसट्ठयाए-सव्वत्थोवा एगसमयठिइया पुग्गला दव्वट्ठपएसट्ठयाए, संखिज्जसमयठिया पुग्गला दव्वट्ठयाए संखिज्जगुणा, ते चेव पएसट्ठयाए संखिज्जगुणा। असंखिज्जसमयठिइया पुग्गला दव्वट्ठयाए असंखिज्जगुणा, ते चेव पएसट्ठयाए असंखिज्जगुणा।

—पण्ण० पद ३ । सू ७९

द्रव्य की अपेक्षा स्थिति—

एक समय की स्थितिवाले पुद्गल द्रव्य रूप से सबसे कम है, उससे संख्यात समय की स्थितिवाले पुद्गल द्रव्य रूप से संख्यातगुणे हैं, उससे असंख्यात समय की स्थितिवाले पुद्गल द्रव्य रूप से असंख्यातगुणे हैं।

प्रदेश की अपेक्षा—

एक समय की स्थितिवाले पुद्गल प्रदेश रूप से सबसे कम है, उससे संख्यात समय की स्थितिवाले पुद्गल प्रदेश रूप से संख्यातगुणे हैं, उससे असंख्यात समय की स्थितिवाले पुद्गल प्रदेश रूप से असंख्यातगुणे है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्रव्य-प्रदेश रूप में—

एक समय की स्थिति वाले पुद्गल द्रव्यार्थ रूप से व प्रदेशार्थ रूप से सबसे कम है। उससे संख्यात समय की स्थिति वाले पुद्गल द्रव्यार्थ रूप से संख्यातगुणे है। उससे संख्यात समय की स्थिति वाले पुद्गल प्रदेश रूप से संख्यातगुणे है। उससे असंख्यात समय की स्थितिवाले पुद्गल द्रव्य रूप से असंख्यातगुणे है, उससे असंख्यात समय की स्थिति वाले पुद्गल प्रदेश रूप से असंख्यातगुणे है।

·२ समय-स्थिति की अपेक्षा पुद्गलों की अल्पबहुत्व

एएसि णं भंते ! एगसमयट्ठिईयाणं दुसमयट्ठिईयाण य पोग्गलाणं दव्वट्ठयाए० ? जहा ओगाहणाए वत्तव्वया एवं ठिईए वि।

—भग० श २५। उ ४। सू १६०। पृ० ९२२

एक समय की स्थिति वाले, दो समय की स्थिति वाले पुद्गलों की द्रव्य की अपेक्षा अपेक्षा अल्पबहुत जैसा अवगाहना के विषय में कहा वैसा ही स्थिति की अपेक्षा जानना चाहिए।

·३ एएसि णं भंते ! एगसमयट्ठिईयाणं, संखेज्जसमयट्ठिईयाणं, असंखेज्ज-समयट्ठिईयाणं य पोग्गलाणं० ? जहा ओगाहणाए तहा ठिईए वि भाणि-यव्वं अप्पाबहुगं।

—भग० श २५। उ ४ सू १६५। पृ० ९२३

एक समय स्थिति वाले, संख्यात समय की स्थिति वाले व असंख्यात समय की स्थिति वाले पुद्गलों का अल्प बहुत जैसा अवगाहना के विषय में कहा वैसा स्थिति की अपेक्षा जानना चाहिए।

·२८ परमाणु पुद्गल तथा स्कंध पुद्गल की अल्पबहुत्व

एएसि णं भंते ! परमाणुपोग्गलाणं संखेज्जपएसियाणं, असंखेज्ज-पएसियाण अणंत पएसियाण य खंधाणं सेयाणं निरेयाण य दव्वट्ठयाए पएस-ट्ठयाए दव्वट्ठपएसट्ठयाए कयरे कयरे० जाव—विसेसाहिया वा ? गोयमा ! सव्वत्थोवा अणंतपएसिया खंधा निरेया दव्वट्ठयाए १, अणंतपएसिया खंधा सेया दव्वट्ठयाए अणंतगुणा २, परमाणुपोग्गला सेया दव्वट्ठयाए अणंतगुणा ३, संखेज्जपएसिया खंधा सेया दव्वट्ठयाए असंखेज्जगुणा ४, असंखेज्ज-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पएसिया खंधा सेया दव्वट्ठयाए असंखेज्जगुणा ५, परमाणुपोग्गला निरेया दव्वट्ठयाए असंखेज्जगुणा ६, संखेज्जपएसिया खंधा निरेया दव्वट्ठयाए संखेज्जगुणा ७, असंखेज्जपएसिया खंधा निरेया दव्वट्ठयाए असंखेज्जगुणा ८।

पएसट्ठयाए एवं चेव, नवरं परमाणुपोग्गला अपएसट्ठयाए भाणियव्वा, संखेज्जपएसिया खंधा निरेया पएसट्ठयाए असंखेज्जगुणा, सेसं तं चेव।

दव्वट्ठपएसट्ठयाए सव्वत्थोवा अणंतपएसियाखंधा निरेया दव्वट्ठयाए १, ते चेव पएसट्ठयाए अणंतगुणा २, अणंतपएसिया खंधा सेया दव्वट्ठयाए अणंतगुणा ३, ते चेव पएसट्ठयाए अणंतगुणा ४, परमाणुपोग्गला सेया दव्वट्ठअपएसट्ठयाए अणंतगुणा ५, संखेज्जपएसिया खंधा सेया दव्वट्ठयाए असंखेज्जगुणा ६, ते चेव पएसट्ठयाए असंखेज्जगुणा ७, असंखेज्जपएसिया खंधा सेया दव्वट्ठयाए असंखेज्जगुणा ८, ते चेव पएसट्ठयाए असंखेज्जगुणा ९, परमाणुपोग्गला निरेया दव्वट्ठअपएसट्ठयाए असंखेज्जगुणा १०, संखेज्जपएसिया खंधा निरेया दव्वट्ठयाए असंखेज्जगुणा ११, ते चेव पएसट्ठयाए असंखेज्जगुणा १२, असंखेज्जपएसिया खंधा निरेया दव्वट्ठयाए असंखेज्जगुणा १३, ते चेव पएसट्ठयाए असंखेज्जगुणा १४।

—भग० श २५। उ ४। सू २११। पृ० ९२८

१—सबसे कम द्रव्यतः निष्कंप अनंत प्रदेशी स्कंध है।

२—उससे द्रव्यतः सकंप अनंत प्रदेशी स्कंध अनतगुणे है।

३—उससे द्रव्यतः सकंप परमाणु पुद्गल अनंतगुणे है।

४—उससे द्रव्यतः संकप संख्यात प्रदेशी स्कंध असंख्यातगुणे है।

५—उससे द्रव्यतः सकंप असंख्यात प्रदेशी स्कंध असंख्यातगुणे है।

६—उससे दव्यतः निष्कंप परमाणु पुद्गल असंख्यातगुणे है।

७—उससे द्रव्यतः निष्कप संख्यात प्रदेशी स्कंध संख्यातगुणे है तथा

८—उससे द्रव्यतः निष्कंप असंख्यात प्रदेशी स्कंध असंख्यातगुणे है।

इसी प्रकार प्रदेश की अपेक्षा जानना चाहिए किन्तु परमाणु पुद्गल भी पृच्छा में अप्रदेशी कहना चाहिए तथा निष्कंप संख्यात प्रदेशी स्कंध प्रदेश की अपेक्षा असंख्यातगुणा जानना चाहिए। अवशेष उसी प्रकार जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्रव्य तथा प्रदेश की अपेक्षा

१—सबसे द्रव्यतः कम निष्कंप अनंत प्रदेशी स्कंध है।

२—उससे प्रदेश रूप से निष्कंप अनंत प्रदेशी स्कंध अनंतगुणे है।

३—उससे द्रव्यतः सकंप अनंत प्रदेशी स्कंध अनंतगुणे है।

४—उससे प्रदेशतः सकंप अनंत प्रदेशी स्कंध अनंतगुणे है।

५—उससे सकंप द्रव्यतः तथा अप्रदेशी परमाणु पुद्गल अनंतगुणे है।

६—उससे सकंप द्रव्यतः संख्यात प्रदेशी स्कंध असंख्यातगुणे है।

७—उससे सकंप प्रदेशतः संख्यात प्रदेशी स्कंध असंख्यातगुणे है।

८—उससे सकंप द्रव्यतः असंख्यात प्रदेशी स्कंध असंख्यातगुणे है।

९—उससे सकंप प्रदेशतः असंख्यात प्रदेशी स्कंध असंख्यातगुणे है।

१०—उससे निष्कंप द्रव्यतः अप्रदेशीत्व की अपेक्षा परमाणु पुद्गल असंख्यातगुणे है।

११—उससे निष्कंप द्रव्यतः संख्यातप्रदेशी स्कंध असंख्यातगुणे है।

१२—उससे निष्कंप प्रदेशतः संख्यातप्रदेशी स्कंध असंख्यातगुणे है।

१३—उससे निष्कंप द्रव्यतः असंख्यातप्रदेशी स्कंध असंख्यातगुणे है।

१४—उससे निष्कंप प्रदेशतः असंख्यातप्रदेशी स्कंध असंख्यातगुणे है।

·२९ संस्थान की अपेक्षा अल्पबहुत्व

परिमंडलस्स णं भंते ! संठाणस्स अणंतपएसियस्स संखेज्जपएसोगाढस्स अचरिमस्स य चरमाण य चरमंतपएसाण य अचरमंतपएसाण य दव्वट्ठयाए पएसट्ठयाए दव्वट्ठपएसट्ठयाए कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा० गोयमा ! जहा संखेज्जपएसिअस्स संखेज्जपएसोगाढस्स, नवरं संकमेणं अणंतगुणा, एवं जाव आयए। परिमंडलस्स णं भंते ! संठाणस्स अणंतपएसियस्स असंखेज्जपएसोगाढस्स अचरमस्स य ४ जहा रयणप्पभाए, नवरं संकमे अणंतगुणा, एवं जाव आयते।

—पण्ण० प ५। सू १८

प्रश्न—संख्यात प्रदेश में रहे हुए अनंतप्रदेशी परिमंडल संस्थान के अचरम खंड, चरमखंड, चरमान्त प्रदेश और अचरमान्त प्रदेशों में द्रव्यार्थ रूप से, प्रदेशार्थ रूप में और द्रव्यार्थ-प्रदेशार्थ रूप में कौन-कौन से अल्प, बहु, तुल्य अथवा विशेषाधिक है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

—तत्त्व० अ ५, सू ४२, ४३

पुद्गल का परिणाम आदिमान है। काल की अपेक्षा परिणाम के दो भेद हैं—अनादि व सादि।

रूपिषु तु द्रव्येषु आदि परिणामोऽनेकविधः।

—तत्त्व० अ ५। सू ४३ का भाष्य

पुद्गल का आदिमान परिणाम अनेक प्रकार का है।

·६१ वर्ण-रस-यावत् गुणस्थान आदि भाव निश्चय नय से पुद्गल परिणाम तथा व्यवहार नय से जीव परिणाम है

जीवस्स णत्थि वण्णो णवि गंधो णवि रसो णवि य फासो।
णवि रूपं ण सरीरं ण वि संठाणं ण संहणणं ॥५०॥
जीवस्स णत्थि रागो णवि दोसो णेव विज्जदे मोहो।
णो पच्चया णकम्मं णोकम्मं चावि से णत्थि ॥५१॥
जीवस्स णत्थि वग्गो ण वग्गणा णेव फड्ढया केई।
णो अज्झप्पट्ठाणा णेव य अणुभावट्ठाणा वा ॥५२॥
जीवस्स णत्थि केई जोगट्ठाणा ण बंधठाणा वा।
णेव य उदयट्ठाणा णो मग्गणट्ठाणया कई ॥५३॥
णो ठिदिबंधट्ठाणा जीवस्स ण संकिलेसट्ठाणा वा।
णेव विसोहिट्ठाणा णो संजमलद्धिठाणा वा ॥५४॥
णेव य जीवट्ठाणा ण गुणट्ठाणा य अत्थि जीवस्स।
जेणदु एदे सव्वे पोग्गलदव्वस्स परिणामा ॥५५॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ववहारेण दु एदे जीवस्स हवंति वण्णमादीया।
गुणठाणंता भावा ण दु केई णिच्छयणयस्स ॥५६॥

—समय० गा ५० से ५६

जीव के वर्ण, गंध, रस, स्पर्श, रूप, शरीर, संस्थान, संहनन, राग, द्वेष, मोह, आश्रव, कर्म नोकर्म, वर्ग, वर्गणा, स्पर्धक, अध्यात्मस्थान, अनुभागस्थान, योगस्थान, बंधस्थान, उदयस्थान, मार्गणास्थान, स्थितिबंधस्थान, संक्लेशस्थान, विशुद्धिस्थान, संयमलब्धिस्थान, जीवस्थान, गुणस्थान आदि भाव, निश्चयनय से जीव के परिणाम नहीं है, पुद्गल परिणाम है। लेकिन व्यवहारनय से जिन भगवान ने इनको जीव परिणाम कहा है।

एए सव्वे भावा पुग्गलदव्व परिणामणिप्पण्णा।
केवल जिणेहिं भणिया कह ते जीवो त्ति वच्चंति ॥४४॥

ववहारस्स दरीसणमुवएसो वण्णिदो जिणवरेहिं।
जीवा एदे सव्वे अज्झवसाणदिओ भावा ॥४६॥

— समय० गा ४४, ४६

तावृत्ति—देहरागादयः कर्मजनितपर्यायाः पुद्गलद्रव्यकर्मोदयपरिणामेन निष्पन्नाः, केवजिणिनैः सर्वज्ञैः कर्मजनिता इति भणिताः कथं ते निश्चयनयेन जीवा इत्युच्यते न कथमपि × × ×॥४४॥

व्यवहारनयस्य स्वरूपं दर्शितं यत्किं कृतं उपदेशो वर्णितः कथिता जिनवरैः। कथंभूतः। जीवा एते सर्वे अध्यवसानादयो भावः परिणामा भण्यंत इति × × ×॥४६॥

सर्वज्ञ भगवान ने शरीर, राग, द्वेष आदि अध्यवसायों को पुद्गलद्रव्य कर्मोदय के परिणाम से निष्पन्न कहा है अतः निश्चयनय से इनको जीव या जीव परिणाम नहीं कहा जा सकता है।

इन सब अध्यवसानादि भावों को जिनवर भगवान ने जो जीव या जीव परिणाम कहा है वह व्यवहारनय की अपेक्षा से कहा है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·८४ स्कंध और नय

१—निश्चय व्यवहार नय से अजीव आदि के वर्णादि

एवं एएणं अभिलावेणं लोहिया मंजिट्ठिया, पीतिया हालिद्दा, सुक्किलए संखे, सुब्भिगंधे कोट्ठे, दुब्भिगंधे मयगसरीरे, तित्ते निंबे कडुया सुंठी, कसाए कविट्ठे, अंबा अंबिलिया, महुरे खण्ड, कक्खडे बइरे, मउए णवणीए, गरूए अए, लहुए अलुयपत्ते, सोए हिमे, उसिणे अगणिकाए, णिद्धे, तेल्ले।

—भग० श १८ । उ ६ । सू १०९

(वावहारियणयस्स) इस प्रकार इस अभिलाप द्वारा मजीठ लाल है, हल्दी पीली है, शंख श्वेत है, कुष्ठ (पटवास कपड़े सुगंध देनेवाली पत्ती) सुगंधित है, मुर्दा (मृतक शरीर) दुर्गंधित है, नीम (निम्ब) तिक्त (कड़वा) है। सूंठ कडुय (तीखा) है, कविठ कसैला है, इमली खट्टी है, खांड (शक्कर) मधुर है, वज्र कर्कश (कठोर) है, नवनीत (मक्खन) मृदु (कोमल) है, लोह भारी है, उलु-कपत्र (बोरडी का पत्ता) हल्का है, हिम (बर्फ) ठण्डा है, अग्निकाय उष्ण है और तेल स्निग्ध (चिकना) है। किन्तु निश्चयनय से इन सब में पांच वर्ण, दो गंध, पांच रस और आठ स्पर्श है।

विवेचन—व्यावहारिकनय लोक व्यवहार का अनुसरण करता है। इसलिये जिस वस्तु का लोकप्रसिद्ध जो वर्णादि होते हैं। वह उसी को मानता है। शेष वर्णादि की वह अपेक्षा करता है। निश्चयनय वस्तु में जितने वर्णादि है उन सबको मानता है।

·८५ पुद्गलों का अवस्थान अनियम से होता है

·१ × × × कधं पुग्गलाणमणियमेण अवट्ठाणं ? एग-बे-तिण्णि समयाइं काऊण उक्कस्सेण मेरुपव्वदादिसु अणादि-अपज्जवसिदसरुपेण संट्ठाणा-वट्ठाणुवलंभा × × ×।

—षट्० खण्ड १ । ९ । १ सू २७ । पु ६ । पृ० ४९

पुद्गलों का अवस्थान अनियत होता है। उनका अवस्थान एक-दो-तीन समय से लेकर उत्कर्षतः मेरूपर्वत आदि पुद्गलों में अनादि अनन्त स्वरूप एक ही आकार का अवस्थान पाया जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·२ परिणामी-जीव-मुत्तं, सपदेसं एय खेत्त-किरिया य।
णिच्चं कारण-कत्ता, सव्वगदमिदरहिं य पवेसे ॥१॥

दुण्णिय एयं एयं, पंच-त्तिय एय दुण्णि चउरो य।
पंच य एयं एयं, एदेसं एय उत्तरं णेयं ॥युग्मम् ॥२॥

—बृहद्० अधि २। गा १, २

पूर्वोक्त षट् द्रव्यों में से परिणामी द्रव्य जीव और पुद्गल ये दो हैं, चेतन द्रव्य एक जीव है, मूर्त्तिमान् एक पुद्गल है।

प्रदेश सहित जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म तथा आकाश—ये पांच द्रव्य हैं, एक संख्यावाले धर्म, अधर्म और आकाश—ये तीन द्रव्य हैं। क्षेत्रवान् एक आकाश द्रव्य है। क्रिया सहित जीव और पुद्गल—ये दो द्रव्य है, नित्य द्रव्य-धर्म, अधर्म, आकाश और काल—ये चार हैं। कारण द्रव्य-पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल—ये पांच हैं। कर्त्ता द्रव्य एक जीव है। सर्वगत (सर्व में व्यापनेवाला) द्रव्य एक आकाश है और ये छः द्रव्य प्रवेशरहित हैं अर्थात् एक द्रव्य में दूसरे द्रव्य का प्रवेश नहीं होता।

टीका—परिणामपरिणामिनो जीवपुद्गलौ स्वभावविभावपर्यायाभ्यां कृत्वा शेषचत्वारि द्रव्याणि विभावव्यंजनपर्यायाभावान्मुख्यवृत्त्या पुनरपरिणामीनीति।

स्वभाव तथा विभाव पर्यायों के परिणाम से परिणामी जीव और पुद्गल—ये दो द्रव्य है। और शेष चार द्रव्य अर्थात् धर्म, अधर्म, आकाश तथा काल—ये चार द्रव्य विभाव व्यंजन पर्याय के अभाव से मुख्यता से अपरिणामी हैं।

३· संठाणा संघादा वण्णरसप्फासगंधसद्दा य।
पोग्गलदव्वप्पभवा होंति गुणा पज्जया य बहू॥

—पंच० गा १३४

समचतुरस्र आदि छः संस्थान, औदारिक आदि पांच शरीरों के मिलापरूप स्कंध, पांच वर्ण, पांच रस, आठ स्पर्श, दो गध तथा सात शब्द पुद्गल द्रव्य से उत्पन्न बहुत से गुण तथा अवस्था विशेष है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विवेचन—इनमें वर्ण, गंध, रस, स्पर्श—ये पुद्गल द्रव्य के गुण हैं तथा संस्थान-संघातादि व शब्द के भेद या वर्णादि भेद पुद्गल द्रव्य की अनेक पर्याय है। अयोगी केवली के सिवाय अन्य जीव स्थूल शरीर सहित अवस्था में आहारक होते हैं।

·८६ जीव और कर्म द्रव्यवर्गणा के पुद्गल

जह पुग्गलदव्वाणं बहुप्पयारेहिं खंधणिव्वत्ती।
अकदा परेहिं दिट्ठा तह कम्माणं वियाणाहि॥

—पंच० श्लो० ६६

टीका—यथा हि स्वयोग्यचंद्रार्कप्रभोपलंभे संध्याभ्रेंद्रचापपरिवेष-प्रभृतिभिर्बहुभिः प्रकारैः पुद्गलस्कंधविकल्पाः कर्त्रंतरनिरपेक्षा एवोत्पद्यंते। तथा स्वयोग्यजीवपरिणामोपलंभे ज्ञानावरणप्रभृतिभिर्बहुभिः प्रकारैः कर्माण्यपि कर्त्रंतरनिपेक्षाण्येवोत्पद्यंते।

जिस प्रकार पुद्गल द्रव्यों के नाना प्रकार के भेदों से स्कंधों की परिणति देखी जाती है -- अन्य द्रव्यों के द्वारा स्कंधों की परिणति नहीं की जाती है वैसे ही कर्मों की विचित्रता के विषय में समझना चाहिए। अर्थात् जिस प्रकार चन्द्रमा या सूर्य की प्रभा का निमित्त पाकर संध्या के समय आकाश में अनेक वर्ण, बादल, इन्द्रधनुष, मंडलादिक नाना प्रकार के पुद्गल स्कंध अन्यतर बिना किये ही अपनी शक्ति से अनेक प्रकार होकर परिणमते हैं उसी प्रकार जीव द्रव्य के अशुद्ध चेतनात्मक भावों का निमित्त पाकर पुद्गल वर्गणायें अपनी ही शक्ति से ज्ञानावरणादि आठ प्रकार के कर्म रूप में परिणत होती है।

·८७ विस्रसा पुद्गल और दृष्टांत

विस्रसानिष्पन्नं त्वभ्रे-न्द्रधनुरादि। × × ×

—विशेभा० गा २६६७। टीका

अभ्र, इन्द्रधनुषादि—विस्रसानिष्पन्न द्रव्य है।

जं जाहे जं भावं परिणमइतयं तया तओऽणन्नं।
परिणइमेत्तविसिट्ठं दव्वं चिय जाणइ जिणिंदो॥

—विशेभा० गा २६६८

टीका—इह यद् घटे-न्द्रधनुरादि द्रव्यं यदा यस्मिन् काले यं रक्त-श्वेतादिभावं पर्यायं परिणमति प्राप्नोति तत् तदा ततः पर्यायादनन्यदभिन्नं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सद् द्रव्यमेव, परिणतिमात्रविशिष्टमविचलितस्वरूपं जानाति जिनेन्द्रः केवलीति। (ननु यदि पर्याया वस्तुसन्तो न भवन्ति, तर्हि कथमविशिष्टेऽपि सुवर्णादिद्रव्ये कुण्डलाऽङ्गुलीयक-नूपुरादयो व्यपदेशाः प्रवर्तन्ते × × ×।

जो द्रव्य जिसकाल में जिसभाव में परिणत होता है वह द्रव्य उस काल में उस पर्याय से अभिन्न होने से परिणतिमात्र विशिष्ट द्रव्य है।

जो घट-पट, इन्द्रधनुषादि द्रव्य जिस काल में श्वेतरक्तादि पर्याय रूप में परिणति को प्राप्त होते हैं उस समय में पर्याय से अभिन्न परिणति मात्र विशिष्ट अविचलित स्वरूप वाला ही द्रव्य है।

खन्धेसु दुप्पएसादिएसु अब्भेसु विज्जुमाईसु।
णिप्फणगाणि दव्वाणि जाण तं वीससाकरणं॥

—सूय० नि गा ८

द्विप्रदेशादि स्कंधों तथा विद्युत से युक्त मेघों में जो द्रव्य निष्पन्न होते हैं उसे विस्रसाकरण जानना चाहिए।

विस्रसा पुद्गल और वर्ण-गंध-रस-स्पर्श-संस्थान

× × × तत्र यद् यद् प्रयोग-विस्रसाद्रव्यं कार्तृ यान् यान् कृष्ण-रक्त-पीत-शुक्लत्वादीन् भावान् पर्यायान् परिणमति प्रतिपद्यते।

—विशेभा० गा २६६७। टीका

जो-जो द्रव्य श्वेत-रक्त-पीत आदि पर्याय रूप में परिणति को प्राप्त होता है वह द्रव्य-प्रयोग और विस्रसा रूप है।

पुद्गल स्वभाव

सुरूवा पोग्गला दुरूवत्ताए परिणमंति।
दुरुवा पोग्गला सुरूवत्ताए परिणमंति॥

—नाया० अ १। सू १२

सुरूप पुद्गल (सुन्दर वस्तुएं) कुरूपता में परिणत होते रहते हैं और असुन्दर वस्तुएं सुरूपता में।

१—दोय प्रदेशिक आदि दे, अनन्तप्रदेशिक खंध।
तेह तणो कारण प्रमुख, परमाणु कथियंद॥

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

२—परमाणु थी नीपजें, खंध सर्व जग मांय।
तिण सूं कारण खंध नो, परमाणु कहिवाय।

३—जिस कारण ह्वे खंध नो, परमाणु अवलोय।
(पिण) खंध नहीं कारण बणें, परमाणु री जोय॥

—झीणीचर्चा पृ० २५३

नोट—स्कंध परमाणु का कारण नहीं बनता, यह सापेक्ष कथन है। तत्त्वार्थ सूत्र में कहा गया है—'भेदादणु' स्कंध के टूटने से परमाणु बनता है। किन्तु जमाचार्य ने परमाणु को मूल सत्ता की दृष्टि से कहा है कि स्कंध परमाणु का कारण नहीं बनता है।

४—जिम घट नो कारण कह्यो, माटी नो पिंड जोय।
पिण घट जे मृत्पिंड नो, कारण नहिं छै कोय॥

५—जिम पट नो कारण कह्यो, जेह तांतवा जोय।
जिण पट जे तांतवा तणो, कारण नहिं छै कोय॥

—झीणी चर्चा २५३

·८८ पुद्गल और पाप-पुण्य

समचे पाप ते किसो भाव है, परिणामीक कथंहो।
छ में पुद्गल नव में त्रिण है, अजीव पाप अरुबंधो॥

द्रव्य पाप ने उदे न आयो, भाव परिणामी थायो।
छ में पुद्गल नव में अजीव बंध, नयवच कहिये पापो॥

भाव पाप एक परिणामी है, छ में पुद्गल ताह्यो।
नव में अजीव पाप कहीजें ताह्यो, नय वचने बंध कहायो॥

—झीणीचर्चा ढाल २। गा २३, २५, २६

समुच्चय दृष्टि से अजीव परिणामिक भाव है। छः द्रव्यों में पुद्गल द्रव्य है। नव पदार्थों में अजीव, पाप तथा बंध है।

द्रव्य पाप—अजीव पारिणामिक भाव है। छः द्रव्यों में पुद्गल द्रव्य है। नव पदार्थों में अजीव तथा बंध है। नय दृष्टि से उसे पाप भी कहा जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भाव पाप अजीव पारिणामिक भाव है। छः द्रव्यों में पुद्गल है। नव पदार्थों में अजीव व पाप है। नय दृष्टि से बंध भी है।

पुद्गल और पुण्य

समचै पुण्य ते कियो भाव है, इक परिणामिकथंहो।
छ में पुद्गल नव में त्रिण है, अजीव पुण्य नें बंधो॥

द्रव्य पुण्य ते उदै न आयो, भाव परिणामी भणियो।
छ में पुद्गल नव में अजीव बंध, नय वचने पुण्य गिणियो॥

भाव पुण्य ते उदय आवियो, भाव एक परिणामी।
छ में पुद्गल नव में अजीव पुण्य, नय वचने बंध धामी॥

—झीणीचर्चा ढाण १०। गा १७, १९, २१

समुच्चय की दृष्टि से पुण्य अजीव पारिणामिक भाव होता है। वह छः द्रव्यों में पुद्गल द्रव्य है। नव पदार्थों में इसका समवतार तीन पदार्थों—अजीव, पुण्य व बंध होता है।

द्रव्य पुण्य—जो उदयगत नहीं है। अजीव पारिणामिक भाव है। वह छः द्रव्य में पुद्गल द्रव्य है। नव पदार्थों में उसका समवतार दो पदार्थों—अजीव तथा बंध में होता है।

भाव पुण्य—अजीव पारिणामिक भाव है। छः द्रव्यों में पुद्गल द्रव्य है। नव पदार्थों में अजीव व पुण्य है। नय दृष्टि से (कार्य में कारण का उपचार होने से) बंध कहा जाता है।

पुद्गल

११—समचै पुद्गल किसो भाव है? परिणामिक इक परखो।
छ द्रव्य मांही पुद्गल कहिये, नव में च्यार सुनिरखो॥

१२—नां सावद्य नां निरवद, उजल करणी लेखे ताह्यो।
असासतो नें कह्यो सासतो, द्रव्य भाव अपेक्षायो॥

१३—द्रव्य पुद्गले ते किसो भाव है? परिणामिक संपेखो।
छ द्रव्य मांही पुद्गल कहिये, नव में अजीव छै एको॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१४—ना सावद्य वलि निरवद, अजल करणी लेखे नांही।
त्रिहु काल में कह्यो सासतो, द्रव्य मिटे नहि कांई॥

१५—भावे पुद्गल किसो भाव है? परिणामीक लहीजे।
छ द्रव्य मांही पुद्गल इक छै, नव में च्यार कहीजे॥

१६—ना सावद्य नां निरवद, अजल करणी लेखेजाणो।
असासतो त्रिहुं काल अपेक्षा, न्याय विचारं नाणी॥

—झीणीचर्चा पृ० १०१, १०२

समुच्चयकी दृष्टि से पुदगल किस भाव में होता है। वह एक पारिणामिक भाव में होता है। वह छः द्रव्यों में पुद्गल द्रव्य है। नव पदार्थों में उसका समवतार चार पदार्थों—अजीव, पुण्य, पाप और बंध में होता है।

पुद्गल—विशुद्धि और करनी दोनों ही दृष्टियों से सावद्य-निरवद्य दोनों नहीं है। वह द्रव्य की अपेक्षा शाश्वत और भाव की अपेक्षा अशाश्वत है।

द्रव्य पुद्गल किस भाव में होता है। वह अजीव पारिणामिक भाव में होता है। वह छः द्रव्यों में पुद्गल द्रव्य है। नव पदार्थों में उसका समवतार केवल अजीव पदार्थ में होता है।

द्रव्य पुद्गल विशुद्धि और करनी दोनों ही दृष्टियों में सावद्य-निरवद्य दोनों नहीं है। द्रव्य का कभी विनाश नहीं होता। इस दृष्टि से वह तीनों कालों में शाश्वत है।

भाव पुद्गल अजीव पारिणामिक भाव है। छः द्रव्यों में पुद्गल द्रव्य है। नव पदार्थों में—अजीव, पुण्य, पाप और बंध होता है।

भाव पुद्गल विशुद्धि और करनी दोनों ही दृष्टियों से सावद्य-निरवद्य दोनों नहीं है। वह तीनों कालों में अशाश्वत है।

·८९ परमाणु-स्कंध

द्व्यादिप्रदेशवन्तो यावदनन्तप्रदेशिकाः स्कंधाः।
परमाणुरप्रदेशो वर्णादिगुणेषु भजनीयः॥२०८॥

—प्रशमरति० प्रक० ९। गा २०८

दो प्रदेशी से अनंतप्रदेशी वाला पुद्गल स्कंध होता है। परमाणु अप्रदेशी है। वर्णादि गुणों से जान लेना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·९० पुद्गल-रूपी है

धर्माधर्माकाशानि पुद्गलाः काल एव चाजीवाः।
पुद्गलवर्जमरूपं तु रूपिणः पुद्गलाः प्रोक्ताः॥

—प्रशमरति० प्रक० ९। गा २०७

धर्म, अधर्म, आकाश, पुद्गल और काल—ये अजीव के पांच प्रकार है। जिसमें पुद्गल रूपी है बाकी चार अरूपी है।

·९१ पुद्गल और भाव

उदयपरिणामिरूपं तु सर्वभावानुगा जीवाः।

—प्रशमरति० प्रक० ९। गा २०९ उत्तरार्ध

रूप अर्थात् पुद्गलास्तिकाय में उदय-परिणामी दो भाव होते हैं। जीव द्रव्य में सर्वभाव है।

वह पुद्गलास्तिकाय जो दृश्य जगत्।

—श्रासं० पूर्वार्ध० गा ३०

जो दृश्यजगत् अणु व स्कंध रूप है वह पुद्गलास्तिकाय है।

·९२ स्कंध पुद्गल व उपग्रह

कर्मशरीरमनोवाग्विचेष्टितोच्छ्वासदुःखसुखदाः स्युः।
जीवितमरणोपग्रहकराश्च संसारिणः स्कंधाः॥२१७॥

—प्रशम० प्रक० ९ गा २१७

कर्म, शरीर, मन-वचन, काययोग, श्वासोच्छ्वास, दुःख, सुख, जीवतर (आयुष्य) और मरण—इन संसारिक उपकार का कर्त्ता स्कंध पुद्गल है।

·९३ किस प्रकार के कर्म द्रव्य वर्गणा के पुद्गलों का भेदन होता है

नेरइया णं भंते ! कइविहा पोग्गला भिज्जंति ? गोयमा ! कम्मदव्व-वग्गणमहिकिच्च दुविहा पोग्गला भिज्जंति, तंजहा—अणू चेव बादरा चेव।

—भग० श १। उ १। सू १९। पृ० ७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नारकी जीव कर्मद्रव्यवर्गणा के पुद्गलों का भेदन करते हैं अर्थात् उनको तीव्र-मध्य-मंद रस वाला करते हैं। कर्मद्रव्यवर्गणा की अपेक्षा जो भेदन होता है वह अणु (सूक्ष्म) तथा बादर (स्थूल) दो प्रकार के पुद्गलों का होता है। यह सूक्ष्मत्व तथा स्थूलत्व कर्मद्रव्यवर्गणा के पुद्गलों का पारस्परिक तुलना की अपेक्षा है अन्यथा कर्म द्रव्यवर्गणा के पुद्गल तो औदारिकादि द्रव्यवर्गणाओं से सूक्ष्म हैं।

नारकी जीव की तरह दंडक के अन्य जीव भी अणु तथा बादर कर्मद्रव्यवर्गणा के पुद्गलों का भेदन करते हैं।

·१ किस प्रकार के आहारद्रव्यवर्गणा के पुद्गलों को एकत्रित करते हैं

नेरइया णं भंते ! कइविहा पोग्गला चिज्जंति ? गोयमा ! आहार-दव्ववग्गणमहिकिच्च दुविहा पोग्गला चिज्जंति, तंजहा—अणुं चेव बादरा चेव।

एवं उवचिज्जंति।

—भग० श १। उ १। सू २०, २१। पृ० ७

नारकी जीव आहारद्रव्यवर्गणा की अपेक्षा दो प्रकार के पुद्गलों को एकत्रित करते हैं—यथा—सूक्ष्म तथा बादर।

२· किस प्रकार के कर्मद्रव्यवर्गणा के पुद्गलों का उदीरण-वेदन-निर्जीर्ण होता है

नेरइयाणं भंते ! कइविहे पोग्गले उदीरेंति ? गोयमा ! कम्मदव्व-वग्गणमहिकिच्च दुविहे पोग्गले उदीरेंति, तंजहा—अणू चेव बादरा चेव। सेसावि एवं चेव भाणियव्वा-वेदेंति णिज्जरेंति।

—भग० श १। उ २। सू २२। पृ० ७

नारकी जीव कर्मद्रव्यवर्गणा के पुद्गलों का उदीरण करते हैं वह अणु (सूक्ष्म) तथा बादर (स्थूल) दो प्रकार के पुद्गलों का होता है।

नारकी जीव की तरह दंडक के अन्य जीव भी अणु तथा बादर कर्मद्रव्यवर्गणा के पुद्गलों का उदीरण करते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·३ किस प्रकार के कर्मद्रव्यवर्गणा के पुद्गलों का अपवर्तन-उद्वर्तन-संक्रमण-निधत्तन-निकाचन होता है

[नेरइयाणं भंते ! कइविहा पोग्गला] उव्वट्टिंसु उव्वट्टंति उव्वट्टिस्संति। संकामिंसु, संकामेंति, संकामिस्संति। णिहत्तिंसु णिहत्तेंति णिहत्तिस्संति। णिकायिंसु णिकायिंति, णिकायिस्संति। सव्वेसु वि कम्मदव्ववग्गणमहिकिच्च। [दुविहे पोग्गले, तंजहा—अणू चेव बायरा चेव]।

—भग० श १। उ १। सू २४। पृ० ७

नारकी कर्मद्रव्यवर्गणा की अपेक्षा अणु (सूक्ष्म) तथा बादर (स्थूल) दो प्रकार के पुद्गलों का अपवर्तन, (उद्वर्तन), संक्रमण, निधत्तन तथा निकाचन किया है, करता है, करेगा।

नारकी जीव की तरह दंडक के अन्य जीव भी अणु तथा बादर कर्मद्रव्यवर्गणा के पुद्गलों का अपवर्तन, (उद्वर्तन), संक्रमण, निधत्तन तथा निकाचन किया है, करता है, करेगा।

× × × तहा भाणियव्वा सव्वजीवाणं ॥३२॥

—भग० श १। उ १। सू ३२। पृ० ९

नारकी की तरह सब जीव दंडकों के विषय में कहना।

·९४ पुद्गल और अचित्त वायुकाय

पंचविधा अचित्ता वाउकाइया पन्नत्ता, तंजहा—अक्कंते धंते पीलिए सरीराणुगते संमुच्छिमे।

—ठाण० स्था ५। सू ४४४

टीका—आक्रान्ते पादादिना भूतवादो यो भवति स आक्रान्तो यस्तु ध्माते इत्यादौ स ध्मातः णदार्द्र वस्त्रे निष्पीड्यमाने पीडित उद्गारोच्छ्वासादिः शरीरानुगतः, व्यंजनादिजन्यः सम्मूर्च्छिमः।

टीका—एते च पूर्वकचेतनास्ततः सचेतना अपि भवतेति।

अचित्त वायु काय पांच प्रकार का होता है—

१—आक्रान्त—पैरों को पीट-पीट कर चलने से उत्पन्न हुआ है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२—ध्यात—धौंकनी से उत्पन्न वायु।

३—पीडित—गीले कपड़ों के निचोड़ने आदि से उत्पन्न वायु।

४—शरीरानुगत—प्रकार, उच्छ्वासादि।

५—संमूर्च्छिम—पंखा झलने आदि से उत्पन्न वायु।

नोट—पांच प्रकार के वायु उत्पत्ति काल में अचेतन होती है और परिणामान्तर होने पर सचेतन भी हो सकती है।

भेदः षोढोत्करचूर्णखंडचूर्णिकाप्रतराणुचटनविकल्पात्॥ १८ भेदः षोढा भिद्यते। कुतः उत्करादिविकल्पात्। तत्रोत्करः काष्ठादीनां करपत्रादिभिरुत्करणं। चूर्णो-यवकोधूमादीनां सक्तुकणिकादिः। खण्डो-घटादीनां कपालशर्करादिः। चूर्णिका—माषमुद्गादादीनां। प्रतरोऽभ्रपटलादीनां। अणुचटनं तप्ताय: पिंडादिष्वयोघनादिभिरभिहन्य मानेषु स्फुलिंग-निर्गमः।

—तत्त्वराज० अ ५। सू २४। टीका

भेद छः प्रकार का है—(१) उत्कर, (२) चूर्ण, (३) खण्ड, (४) चूर्णिका, (५) प्रतर और (६) अनुतटिका।

·१५ अजीव परिणाम-पुद्गल परिणाम

·१ भेद परिणाम

(क) (अजीवपरिणामे णं भंते) दसविहे पन्नत्ते, तंजहा × × × भेय-परिणामे × × ×। भेद परिणामे णं भंते ! कइविहे पन्नत्ते ? गोयमा ! पंचविहे पण्णत्ते, तंजहा—खंडाभेयपरिणामे जाव उक्करिया भेदपरिणामे।

—पण्ण० पद १३ सू ४१८

भेद परिणाम के पांच भेद है—

१—उत्करिका, २—चूर्णिका ३—प्रतर ४—अनुतटिका और ५ खण्ड।

(ख) (दसविधे अजीव परिणामे) भेदपरिणामे

टीका—भेदपरिणामः पञ्चधा, तत्र खण्डभेदः, क्षिप्तमृत्पिण्डस्येव १ प्रतरभेदोऽभ्रपटलस्येव २ अनुतटभेदो वंशस्येव ३ चूर्णभेदः चूर्णनं ४ उत्करिका भेदः समुत्कीर्यमाणप्रस्थकस्येवेति।

—ठाण० स्था १० सू ७१३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(ग) विश्लेषः भेदः। स च पञ्चधा—

१—उत्करः—मुद्गशमीभेदवत्

२—चूर्णः—गोधूमचूर्णवत्

३—खण्डः—लोहखण्डवत्

४—प्रतरः—अभ्रपटलभेदवत्

५—अनुतटिका—तटाकरेखावत्

—जैसिदी० प्र १। सू १५। टीका

पुद्गल परिणाम का—अजीव परिणाम के दश भेदों में एक परिणाम भेद परिणाम है।

भेद का अर्थ है—विश्लेष। वह पांच प्रकार का होता है।

१—उत्कर—जैसे—मूंग की फली का टूटना।

२—चूर्ण—जैसे—गेहूँ आदि का आटा।

३—खण्ड—जैसे—लोहे के टुकड़े, घड़े के टुकड़े।

४—प्रतर—जैसे—अभ्रक के दल।

५—अनुतटिका—जैसे—तालाब की दरारें।

भेद परिणाम पांच प्रकार का है—

१—खण्ड भेद—मिट्टी की दरार।

२—प्रतर भेद—जैसे—अभ्रपटल के प्रतर।

३—चूर्ण भेद—चूर्ण—जैसे—आटा।

४—अनुतट भेद—बांस या ईक्षु को छीलना।

५—उत्करिका भेद—काठ आदि का उत्किरण।

तत्वार्थवार्तिक में इसके छः भेद निर्दिष्ट है। उसमें इन पांच के अतिरिक्त एक चूर्णिका को और माना है। चूर्ण और चूर्णिका का अर्थ इस प्रकार किया है।

१—चूर्ण—जौ, गेहूँ आदि में होने वाली कणिका।

२—चूर्णिका—उड़द, मूंग आदि का आटा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·२ अगुरुलघुपरिणाम

दसविधे अजीवपरिणामे × × × अगुरुलहुपरिणामे ।

—ठाण० स्था १० । सू ७१३

—पण्ण० पद १३ सू ४१८

ठाण० टीका—न गुरुकमधोगमनस्वभावं न लघुकमूर्ध्वगमनस्वभाव यद्द्रव्यं तदगुरुकलघुकं-अत्यन्तसूक्ष्मं भाषामनः कर्मद्रव्यादि तदेव परिणामः परिणामतद्वतोरभेदात् अगुरुलघुकपरिणामः एतद्ग्रहणे नेतद्विपक्षोऽपि गृहीतो द्रष्टव्यः, तत्र गुरुकं च विवक्षया लघुकंच विपक्षयैव यद् द्रव्यं तद्गुरु-लघुकं औदारिकादि स्थूलतरमित्यर्थः, इदमुक्तस्वरूपं द्विविधं वस्तु निश्चय-नयमतेन व्यवहारतस्तु चतुर्द्धा, तत्र गुरुकं-अधोगमनस्वभावं वज्रादि लघुकं-ऊर्ध्वगमनस्वभावं धूमादि गुरुलघुकं-तिर्यग्गामि वायुज्योतिष्कविमानादि अगुरुलघुकं-आकाशादिति, आह च भाष्यकारः ।

निच्छयओ सव्वगुरू सव्वलहुं वा न विज्जई दव्वं ।
बायरमिह गुरुलहुयं अगुरुलहु सेसयं दव्वं ॥१॥
गुरुयं लहुयं उभयं णोभयमिति वावहारियनयस्सा ।
दव्वं लेट्ठू १ दीवो २ वाऊ ३ वोमं ४ जहासंखं ॥२॥

इति निश्चयतः सर्वगुरु सर्वलघु वा द्रव्यं न ।
विद्यते बादर इह गुरुलघुकं शेषं द्रव्यमगुरुलघुकं ॥

अजीव परिणाम-पुद्गल परिणाम के दश भेदो में एक भेद अगुरुलघु परिणाम है । जिसका नीचे जाने का व ऊर्ध्व गमन करने का भी स्वभाव नहीं है—वह अगुरु-लघु परिणाम है । वह सूक्ष्म है—भाषा, मन, कर्म द्रव्यादि अगुरुलघु परिणाम है । गुरुत्व व लघुत्व के विपरीत अगुरुलघु परिणाम है । निश्चयनय से दो प्रकार की वस्तु है—यथा—गुरुलघु और अगुरुलघु लेकिन व्यवहार से चार प्रकार की है ।

१—गुरु—अधोगमन जिसका स्वभाव है—जैसे —वज्रादि ।
२—लघु—जिसका ऊर्ध्वगमन स्वभाव है—वह लघु है—जैसे—धूमादि ।
३—गुरुलघु—तिर्यग् गमन करने वाली वायु तथा ज्योतिष्क विमानादि ।

४—अगुरुलघु—आकाशादि । (परमाणु आदि) भाष्यकार ने कहा है—निश्चयनय से बादर गुरुलघु है—शेष द्रव्य अगुरुलघु है । व्यवहार नय से चारों प्रकार के द्रव्य है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·३ संस्थान

आकृति-संस्थानम्, इत्थंस्थम् अनित्थंस्थम्।

—जैनसिद्दी० प्र १। सू १५

संस्थानं द्विधेत्थं लक्षणं × × ×। अनित्यलक्षणं च।

—तत्त्वराज० अ ५। सू २४

तच्च नियताकार इत्थंस्थम्। अनियताकार अनित्थंस्थम्।

—जैनसिद्दी० प्र २। सू १२ की टीका

आकृति को संस्थान कहते हैं। वह संस्थान दो प्रकार का होता है—इत्थंस्थ और अनित्थंस्थ। अकलंकदेव ने तत्त्वार्थ राजवार्तिक में इन्हीं दो शब्दों को इत्थं और अनित्थं संज्ञा से अभिहित किया है। नियत आकार वाले पुद्गलों से इत्यंस्थ कहा जाता है। अनियत आकार वाले पुद्गलों को अनित्थंस्थ कहा जाता है।

वृत्तत्र्यस्रचतुरस्रायतनपरिमंडलादित्थम्।

—तत्त्वराज० अ ५। सू २४

जैसे—त्रिकोण, आयतन, परिमंडल आदि। इनके अतिरिक्त जो अनियत आकार है उन्हें अनित्थंस्थ कहा जाता है, जैसे बादल आदि की आकृतियां।

पुद्गल का संस्थान

अथाजीवपरिगृहीतं वृत्त-त्र्यस्र-चतुरस्रायतनपरिमण्डलभेदात्।

—तत्त्व० अ ५। सू २४। भाष्य टीका

संस्थान के पांच भेद हैं—परिमंडल, वृत्त, त्र्यस्र, चतुरस्र और आयत।

पुद्गलों के संस्थान

आकृतिः संस्थानम्, इत्थंस्थम्, अनित्थंस्थम्।
संस्थानं द्विधेत्थं लक्षणं अनित्थलक्षणं च॥

—तत्त्वराज० अ ५। सू २४

तच्च चतुरस्रादिकं इत्थंस्थम्।

—जैनसिद्दी० प्र १। सू १२ की टीका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अर्थात् आकृति को संस्थान कहते हैं। वह संस्थान दो प्रकार का होता है—इत्थंस्थ और अनित्थंस्थ। नियत आकार वाले पुद्गल को इत्थंस्थ कहा जाता है। यद्यपि अकलंकदेव ने इन्हीं दो शब्दों को इत्थं और अनित्थं संज्ञा से अभिहित किया है।

संस्थानपरिणाय: परिमंडलवृत्तत्र्यस्र चतुरस्रायतभेदात् पंचविधः।

—ठाण० स्था १० । सू ७१३ । टीका

वृत्तत्र्यस्रचतुरस्रायतनपरिमण्डलादित्थम्।

—तत्त्वराज० अ ५ । सू २४

वृत्त, त्रिकोण, चतुष्कोण, आयतन, परिमंडल, आदि को इत्थंस्थ आकार कहते हैं।

इसके अतिरिक्त जो अनियत आकार है उन्हें अनित्थंस्थ कहा जाता है (अनियताकारं अनित्थंस्थाम्—जैनसिदी० १ । १२ का टीका)।

संस्थान के भेद

सत्त संठाणा, पन्नत्ता, तंजहा—दीहे रहस्से, वट्टे, तंसे, चउरंसे विहुले परिमंडले।

—ठाण० स्था ७ । उ २ । सू ५४८

आकार विशेष को संस्थान कहते हैं। इसके सात भेद हैं—(१) दीर्घ, (२) ह्रस्व, (३) वृत्त, (४) त्र्यस्र, (५) चतुरस्र, (६) पृथुल और (७) परिमंडल।

१—दीर्घ बहुत लम्बे संस्थान को दीर्घ संस्थान कहते हैं।

२—ह्रस्व—दीर्घ संस्थान से विपरीत अर्थात् छोटे संस्थान को ह्रस्व कहते हैं।

३—पृथुल—फैले हुए संस्थान को पृथुल संस्थान कहते हैं। शेष का अर्थ सरल है।

संस्थान के भेद

कति णं भंते! संठाणा पण्णत्ता, गोयमा! छ संठाणा पण्णत्ता-तं जहा—१ परिमंडले, २ वट्टे, ३ तंसे, ४ चउरंसे, ५ आयते, ६ अणित्थंथे।

—भग० श २५ । उ ३ । सू ३३

संस्थान के छः प्रकार है—यथा—परिमंडल, वृत्त, त्र्यस्र, चतुरस्र, आयत और अनित्थंस्थ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कइ णं भंते ! संठाणा पण्णत्ता ? गोयमा ! पंच संठाणा पण्णत्ता, तंजहा—परिमंडले जाव आयते ।

—भग० श २५ । उ ३ । सू ३७

(पुद्गल) संस्थान के पांच प्रकार है—यथा—परिमंडल वृत्त, त्र्यस्र, चतुरस्र और आयत ।

संस्थान

कइ णं भंते ! संठाणा पन्नत्ता । गोयमा ! पंच संठाणा पन्नत्ता, तंजहा—परिमंडले, वट्टे, तंसे, चउरंसे, आयए य ।

—पण्ण० प १० । सू ३६६

संस्थान के पांच प्रकार है, यथा—(१) परिमंडल, (२) वृत्त, (३) त्र्यस्र, (४) चतुरस्र और (५) आयत ।

संस्थान की संख्या

परिमंडला णं भंते ! संठाणा किं संखेज्जा ? असंखेज्जा ? अणंता ? गोयमा ! णो संखेज्जा, णो असंखेज्जा, अणंता ?

वट्टा णं भंते ! संठाणा किं संखेज्जा० ? एवं चेव, एवं जाव आयता ।

—भग० श २५ । उ ३ । सू ६, ७

परिमंडल संस्थान संख्यात नहीं है, असंख्यात नहीं है, अनंत है । इसी प्रकार वृत्त यावत् आयत संस्थान—संख्यात नहीं है, असंख्यात नहीं है, अनंत है ।

द्रव्यतः संख्या

परिमंडला णं भंते ! संठाणा किं संखेज्जा, असंखेज्जा, अणंता ? गोयमा ! नो संखेज्जा, नो असंखेज्जा, अणंता । एवं जाव आयया ।

—पण्ण० प १० । सू ३६७

परिमंडल संस्थान संख्यात नहीं है, असंख्यात नहीं है परन्तु अनंत हैं । इसी प्रकार वृत्त आदि सभी संस्थान के विषय में जानना चाहिए ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रदेश संख्या

परिमंडले णं भंते ! संठाणे किं संखेज्जपएसिए, असंखेज्जपएसिए, अणंतपएसिए ? गोयमा ! सिए संखेज्जपएसिए, सिए असंखेज्जपएसिए, सिए अणंतपएसिए। एवं जाव आयए।

—पण्ण० प १० । सू ३६८

परिमंडल संस्थान कदाचित् संख्यातप्रदेशी, कदाचित् असंख्यातप्रदेशी, कदाचित् अनंतप्रदेशी है। इसी प्रकार वृत्त आदि चारों संस्थान के विषय में जानना चाहिए।

संस्थान की संख्या

द्रव्य की अपेक्षा

प्रदेश की अपेक्षा

परिमंडला णं भंते ! संठाणा दव्वट्ठयाए किं संखेज्जा ? असंखेज्जा ? अणंता ? गोयमा णो संखेज्जा, णो असंखेज्जा, अणंता।

वट्टाणं भंते ! संठाणा० ? एवं चेव, एवं जाव अणित्थंथा, एवं पएसट्ठयाए वि, एवं दव्वट्ठपएसट्ठयाए वि।

—भग० श २५ । उ ३ । सू ३४, ३५

परिमंडल संस्थान द्रव्यार्थ रूप से संख्यात नहीं है, असंख्यात नहीं है, अनंत है।

वृत्त संस्थान द्रव्यार्थ रूप से संख्यात नहीं हैं, असंख्यात नहीं है, अनंत हैं। इसी प्रकार त्र्यस्र, चतुरस्र, आयत तथा अनित्थंस्थ संस्थान के विषय में जानना चाहिए।

इसी प्रकार संस्थान की पृच्छा में प्रदेशार्थ और द्रव्यार्थ-प्रदेशार्थ रूप में जानना चाहिए। अर्थात् संख्यात व असंख्यात नहीं है, अनंत हैं।

नोट—आकार को संस्थान कहते हैं। यहाँ पुद्गल अजीव के छः संस्थान कहे गये हैं, यथा—

१—परिमंडल—चूड़ी जैसा गोल आकार।

२—वृत्त—कुम्भकार के चक्र जैसा गोल आकार।

३—त्र्यस्र—सिंघाड़े जैसा त्रिकोण आकार।

४—चतुरस्र—बाजोट जैसा चतुष्कोण आकार।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५—आयत—लकड़ी जैसा लम्बा आकार।

६—अनित्थंस्थ—अनियत आकार अर्थात् परिमंडल आदि से भिन्न विचित्र प्रकार का आकार।

नोट—जो संस्थान जिस संस्थान की अपेक्षा बहुप्रदेशावगाही होता है, वह स्वाभाविक रूप से थोड़ा होता है। परिमंडल संस्थान जघन्य बीस प्रदेशावगाही होता है और वृत्त, चतुरस्र, त्र्यस्र और आयत संस्थान जघन्य से अनुक्रमशः पांच, चार, तीन और दो प्रदेशावगाही होता है। अतः परिमंडल संस्थान बहुप्रदेशावगाही होने से सबसे थोड़े हैं। उससे वृत्त आदि संस्थान अल्पः अल्पप्रदेशावगाही होने के कारण संख्यातगुण अधिक-अधिक होते हैं। अनित्थंस्थ संस्थान वाले पदार्थ, परिमंडल आदि द्वयादि संयोग वाले होने से उनसे बहुत अधिक होते हैं। इसलिए यह उन सबसे असंख्यातगुण अधिक है।

प्रदेश की अपेक्षा अल्पबहुत्व इसी प्रकार है। क्योंकि प्रदेश द्रव्यों के अनुसार होते हैं और इसी प्रकार द्रव्यार्थ-प्रदेशार्थ रूप से भी अल्पबहुत्व जानना चाहिए। किन्तु द्रव्यार्थ रूप से अनित्थस्थ संस्थान से परिमंडल प्रदेशार्थ रूप से असंख्यातगुण है।

·४ पुद्गल की अपेक्षा जीव के भेद

जीवच्चेव × × × सपोग्गला चेव अपोग्गला चेव।

—ठाण० स्था २। उ १। सू ५७

टीका—सपुद्गलाः कर्म्मादिपुद्गलवन्तो जीवाः, अपुद्गलाः-सिद्धाः।

जीव के दो भेद हैं—(१) सपुद्गला-कर्म्मादिपुद्गल सहित अर्थात् संसारी जीव और (२) अपुद्गला-सिद्धजीव।

नोट—जीव-जीवास्तिकाय के अभिवचन में एक नाम 'पोग्गले' है अर्थात् पुद्गल है। (भग० २० उ २। सू १७)

·५ पुद्गल द्रव्य का कार्य

स्पर्शरसवर्णगन्धा, शब्दो, बन्धोऽथ सूक्ष्मता, स्थौल्यम्।
संस्थान भेदतमश्छायोद्योतातपश्चेति ॥२१६॥

—प्रशमरति० प्रक० ९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्पर्श, रस, वर्ण, गन्ध, शब्द, बन्ध, सूक्ष्मता, स्थौल्य, संस्थान, भेद, तम, छाया, उद्योत व आताप—ये पुद्गल द्रव्य के कार्य अर्थात् पर्याय हैं।

नोट—स्पर्श-रस-वर्ण-गंध—ये चार पुद्गल के मूलभूत गुण है।

नोट—संस्थान इत्थंलक्षण और अनित्थंलक्षण के भेद से दो प्रकार का है। जिस आकार का वह इस तरह का—इस प्रकार से निर्देश किया जा सके वह इत्थंलक्षण संस्थान है। गोल, त्रिकोण, चतुष्कोण, आयत, परिमंडल इत्यादि संस्थानों के आकारों का निर्देश करना संभव है। इसलिये यह इत्थंलक्षण संस्थान है और मेघादि संस्थानों का इस प्रकार का है—यह बतलाना संभव नहीं अतः वह अनित्थंलक्षण संस्थान है।

छव्विह संठाणं बहु विहि देहेहि पूरदित्ति गलदित्ति पोग्गलो।

—धवला ग्रन्थ

वर्णगन्धरसस्पर्शः पूरणगलनं च यत्।
कुर्वन्ति स्कन्धवत्तस्माद् पुद्गलाः परमाणवः॥

—हरिवंश पुराण सर्ग ७

पूरणाद् गलनाच्च पुद्गलाः।

—तत्त्व० अ ५। सू १। सिद्ध टीका

स्पर्शरसगंधवर्णवान् पुद्गलः।

—जैनसिद्धां० प्र १। सू १४

गलन-मिलन स्वभाव के कारण पदार्थ को पुद्गल बताया गया है। स्पर्श, रस, वर्ण, स्वभाव वाला द्रव्य-पुद्गल है।

परमाणु पुद्गल का संस्थान नहीं होता है क्योंकि वह नियम से आकाश के एक प्रदेश को अवगाहित कर रहता है। जब पुद्गल स्कंध आकाश के एक प्रदेश को अवगाहित कर रहता है तब भी उसका संस्थान नहीं होता है। जब पुद्गल स्कंध आकाश के दो प्रदेश यावत् असंख्यात प्रदेश को अवगाहित कर रहता है तब पुद्गल का संस्थान बन जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·६ पुद्गल के लक्षण के विषय में कहा है

सद्दंधयार-उज्जोओ, पहा छायाऽऽतवोति वा।
वण्ण-रस-गंध-फासा-पोग्गलाणं तु लक्खणं ।।

—उत्त० अ २८ । गा १२

शब्द, अंधकार, उद्योत, प्रभा, छाया, आतप, वर्ण-गंध-रस-स्पर्श—ये पुद्गल के लक्षण हैं। अर्थात् इनके द्वारा पुद्गल द्रव्य पहचाना जाता है।

पुद्गल के गुण

पोग्गलु होइ पंच-गुण-वंतउ।
सद्दें गंधें रूवें फासें रसें।।

—वीरजि० संधि १२ । कड ९

पुद्गल द्रव्य पाँच गुणों से युक्त है—शब्द, गंध, रूप, स्पर्श और रस।

गंधु वण्णु रसु फासु स-सद्दउ।

—वीरजि० संधि १२ । कड १०

पुद्गल द्रव्य, गंध, वर्ण, रस, स्पर्श और शब्द—ये पंचगुणात्मक है।

वण्णाइयहिं रसेहिं अणेयहिं।
परिणमंति संजोय-विओयहिं ।।

—वीरजि० संधि १२ । कड १०

यह पुद्गल द्रव्य अनेक वर्णों, अनेक रसों आदि रूप परिणमन करता है और उसका संयोग अर्थात् जोड़ और वियोग अर्थात् विभाजन भी होता है।

·७ शब्द परिणाम

(अजीवपरिणामे) सद्दपरिणामे।

—ठाण० स्था १० । सू ७१३

टीका—शब्दपरिणामः शुभाशुभभेदाद्विद्वधेति।

(पुद्गल) अजीव के दस भेदों में एक शब्द परिणाम है, वह दो प्रकार का है—शुभ शब्द और अशुभ शब्द।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·७ शब्द

संहन्यमानानां भिद्यमानानां च पुद्गलानां ध्वनिरूपः परिणामः शब्दः। प्रायोगिको वैस्रसिकश्च। प्रयत्नजन्यः प्रायोगिकः-भाषात्मकोऽभाषात्मको वा। स्वभावजन्यो वैस्रसिकः-मेघादिप्रभवः।

अथवा जीवाजीवमिश्रभेदादय त्रेधा।

मूर्त्तोऽयं नहि अमूर्त्तस्य आकाशस्य गुणो भवति श्रोत्रेन्द्रियग्राह्यत्वात् न च श्रोत्रन्द्रियममूर्त्तं गृह्णाति इति।

—जैनसिदी० प्र १। सू १५ टीका

पुद्गलों का संघात और भेद होने से जो ध्वनि रूप परिणमन होता है, उसे शब्द कहते हैं। वह दो प्रकार का है—प्रायोगिक और वैस्रसिक। किसी प्रयत्न के द्वारा होने वाला शब्द प्रायोगिक है। वह दो प्रकार का है—भाषात्मक और आभाषात्मक। स्वभाव जन्य शब्द को वैस्रसिक कहते हैं, जैसे—मेघ का शब्द।

प्रकारान्तर से शब्द के तीन भेद किए जाते हैं—जैसे—जीव शब्द, अजीव शब्द और मिश्र शब्द।

शब्द अमूर्त—आकाश का गुण नहीं हो सकता, क्योंकि इसे श्रोत्रेन्द्रिय के द्वारा ग्रहण किया जाता है। श्रोत्रेन्द्रिय के द्वारा अमूर्त विषय का ग्रहण नहीं हो सकता। इससे यह सिद्ध होता है कि शब्द मूर्त है। मूर्त द्रव्य अमूर्त आकाश का गुण नहीं हो सकता।

शब्दो द्विविधः भाषालक्षणो विपरीतश्चेति। भाषालक्षणो द्विविधः साक्षरोऽनक्षरश्चेति। अक्षरीकृतः शास्त्राभिव्यञ्जकः संस्कृतविपरीतभेदादार्यम्लेच्छव्यवहारहेतुः। अनक्षरात्मको द्वीन्द्रियदीनामतिशयज्ञानस्वरूपप्रतिपादनहेतुः। स एष सर्वः प्रायोगिकः। अभाषात्मको द्विविधः प्रायोगिको वैस्रसिकश्चेति। वैस्रसिको वलाहकादिप्रभवः। प्रायोगिकश्चतुर्धा, ततविततधनसौषिरभेदात्।

—सर्वार्थसिद्धि अ ५। सू २४। टीका

भाषा रूप शब्द और अभाषा रूप शब्द—इस प्रकार शब्दों के दो भेद हैं। भाषात्मक शब्द दो प्रकार का है—साक्षर व अनक्षर। जिसमें शास्त्र रचे जाते हैं और जिसमें आर्य और म्लेच्छों का व्यवहार चलता है और ऐसे संस्कृत शब्द और इससे विपरीत शब्द ये सब साक्षर शब्द है। जिससे उनके सातिशय ज्ञान के स्वरूप

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

का पता चलता है ऐसे दो इन्द्रिय आदि जीवों के शब्द अनक्षरात्मक शब्द है। ये दोनों प्रकार के शब्द प्रायोगिक है। अभाषात्मक शब्द दो प्रकार के हैं—प्रायोगिक और वैस्रसिक। मेघ आदि के निमित्त से जो शब्द उत्पन्न होते हैं वे वैस्रसिक शब्द है। तथा तत, वितत, घन और सौषिक के भेद से प्रायोगिक शब्द चार प्रकार के हैं।

१—तत्र चर्मतननिमित्तः पुष्करभेरी दुर्दरादिप्रभवस्ततः।

—सर्वा० अ ५। सू २४

२—तन्त्रीकृतवीणासुघोषादिसमुद्भवोविततः।

—सर्वा० अ ५। २४

३—तालघंटालालनाद्यभिघातजो घनः।

—सर्वा० अ ५। सू २४

४—वंशशंखादिनिमित्तः सौषिरः।

—सर्वा० अ ५। सू २४

वह चार प्रकार का है—तत, वितत घन और सुषिर

१—तत—तबला, पुष्कर, भेदी, दुर्दर आदि शब्द।
२—वितत—वीणा आदि का शब्द।
३—घन—ताल, घण्टा, लालन आदि का शब्द।
४—सुषिर—शंख, बांसुरी आदि का शब्द।

स्वभाव जन्यो वैस्रसिकः-मेघादिप्रभवः।

—जैनसिद्धी० प्र १ सू १५

मेधादि जन्य स्वाभाविक शब्द को वैस्रसिक कहते हैं।



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चउव्विहे वज्जे पण्णत्ते, तंजहा—तते, वितते, घणे, झुसिरे।

—ठाण० स्था ४। उ ४। सू ६३८

वाद्य—जिनसे शब्द की उत्पत्ति होती है।

चार प्रकार के हैं

१—तत—वीणादि, २—वितत—ढोल आदि, ३—घन-कांस्य ताल आदि और ४—शुषिर, बांसुरी आदि।

नोट—तंत्री युक्त वाद्य को तत कहते हैं। चर्म से आनद्ध वाद्यों को वितत कहा जाता है, कांस्य आदि धातुओं से निर्मित वाद्य घन कहलाते हैं। फूंक से बजाये जाने वाले वाद्य-सुषिर है।

·८ बन्ध परिणाम

सश्लेषः-बन्धः, अयमपि प्रायोगिकः सादिः वैस्रसिकस्तु सादिरनादिश्च।

—जैनसिदी० प्र २। सू १५ टीका

विभिन्न परमाणुओं के संश्लेष को वहां बन्ध कहा गया है। उस बन्ध के प्रमुख दो भेद हैं—प्रायोगिक और वैस्रसिक। प्रायोगिक बन्ध सादि और वैस्रसिक बन्ध सादि-अनादि दोनों प्रकार का होता है।

वैस्रसिक बंध

(वैस्रसिकः) तद्यथा-स्निग्धरूक्षत्वगुणनिमित्तो विद्युदुल्काजलधाराग्नीन्द्रधनुरादिविषयः।

—सर्वा० अ ५। सू २४

वैस्रसिक का अर्थ है स्वाभाविक। जिस बन्ध में व्यक्ति विशेष प्रयत्न की अपेक्षा न रहती है। उसके दो प्रकार है—सादि वैस्रसिक और अनादि वैस्रसिक। सादि वैस्रसिक बन्ध वह है जो बनता है, विगड़ता है और उसके बनने-बिगड़ने में किसी व्यक्ति विशेष की अपेक्षा नहीं रहती है। उसके उदाहरण है बादलों में चमकने वाली बिजली, उल्का, मेघ, इन्द्रधनुषादि। स्निग्ध और स्निग्धगुण वाले स्कंधों के संयोग से बिजली पैदा होती है।

पुद्गल द्रव्य का जीव के साथ कर्म रूप में सम्बन्ध

जेम तेल्लु सिहि-सिह-परिणामहु।
तेम कम्म-पोग्गलु वि णिसामहु॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीवें　　लइयउ　　जाइ　　जियत्तहु।
तिव्व - कसाय - रसेंहिं　　पमत्तहु॥

—वीरजि० संधि १२। कड ५

जिस प्रकार दीपक में जलता हुआ तेल अग्नि की शिखा रूप परिवर्तित होता रहता है, उसी प्रकार कर्मरूपी पुद्गल परमाणु भी जीव द्वारा ग्रहण किये जाते और तीव्र कषायरूपी रसों के बल से उस जीव में प्रमत्तभाव उत्पन्न करते हैं।

पुद्गल और संस्थान

रूपादिसंस्थानपरिणामो मूर्त्तिः।

—तत्त्वराज० अ ५। सू ५। १ की व्याख्या में

संस्थान भी वर्ण-गंध-रस-स्पर्श के सिवाय मूर्तत्व का एक लक्षण है।

अथाजीवपरिगृहीतं वृत्त-त्र्यस्र-चतुरस्रायतपरिमण्डलभेदात्।

—तत्त्व० अ ५। सू २४ भाष्य

संस्थान का अर्थ आकृति या आकार है। संस्थान को पुद्गल का गलन मिलनकारी स्वभाव जन्य कहा जा सकता है।

बन्ध

बन्धो द्विविधः—वैस्रसिकः प्रायोगिकश्च। पुरुषप्रयोगानपेक्षो वैस्रसिकः। तद्यथा-स्निग्धरूक्षत्वगुणनिमित्तो विद्युदुल्काजलधाराग्नीन्द्रधनुरादिविषयः। पुरुषप्रयोगनिमित्तः प्रायोगिकः अजीवविषयो जीवाजीवविषयश्चेति द्विधा भिन्नः। तत्राजीवविषयो जतुकाष्टादिलक्षणः जीवाजीव विषयः कर्मनोकर्म बन्धः।

—सर्वसि० अ ५। सू २४। टीका

बन्ध के दो भेद हैं—वैस्रसिक और प्रायोगिक। जिसमें पुरुष का प्रयोग अपेक्षित नहीं है वह वैस्रसिक बन्ध है। जैसे—स्निग्ध और रूक्ष गुण के निमित्तसे होने वाला बिजली, उल्का, मेघ, अग्नि और इन्द्रधनुष आदि का विषय भूत बन्ध वैस्रसिक बन्ध है और जो बन्ध पुरुष के प्रयोग से निमित्त होता है वह प्रायोगिक बन्ध है। इसके दो भेद हैं—अजीव सम्बन्धी और जीवाजीव सबन्धी। लाख, लकड़ी आदि का अजीव सम्बन्धी प्रायोगिक बन्ध है तथा कर्म और नोकर्म का जीव से बन्ध होता है वह जीवाजीव प्रायोगिक बन्ध है।

Jain Education International　　For Private & Personal Use Only　　www.jainelibrary.org

·९ सौक्ष्म्य

·१० स्थौल्य

·१ सौक्ष्म्यं द्विविधं—अन्त्यमापेक्षिकं च। तत्रान्त्यं परमाणूनाम्। आपेक्षिकं बिल्वामलकबदरादीनाम्।

स्थौल्यमपि द्विविधमन्त्यमापेक्षिकं चेति। तत्रान्त्यं जगद्व्यापिनि महास्कन्धे। आपेक्षिकं बदरामलकबिल्वतालादिषु।

—सर्वार्थसि० अ ५। सू २४ टीका

सूक्ष्मता के दो भेद हैं—अन्त्यं और आपेक्षिकं। परमाणुओं में अन्त्य सूक्ष्मत्व है तथा बेल, आंवला और बेर आदि में आपेक्षिक सूक्ष्मत्व है। स्थौल्य भी दो प्रकार का है—अन्त्यं और आपेक्षिक। जगव्यापी महास्कंध में अन्त्य स्थौल्य है। तथा बेर, आंवला और बेर आदि में आपेक्षिक स्थौल्य है।

कहा है

अत्तादि अत्तमज्झं अत्तंतं णेव इंदिये गेज्झं।
जं दव्वं अविभागी तं परमाणु विआणाहि॥

—सर्वार्सि० अ ५। सू २५ में उद्धृत

जिसका आदि, मध्य और अन्त एक है और जिसे इन्द्रियां ग्रहण नहीं कर सकती ऐसा विभाग रहित द्रव्य उसे परमाणु समझो।

·२ सौक्ष्म्यं द्विविधम्—अन्त्यमापेक्षिकञ्च। अन्त्यं परमाणोः आपेक्षिकं यथा—नालिकेरापेक्षया आम्रस्य।

स्थौल्यमपि द्विविधम्—अन्त्यं अशेषलोकव्यापिमहास्कन्धस्य। आपेक्षिकं, यथा—आम्रपेक्षया नालिकेरस्य।

—जैनसि० प्र १। सू १५

सौक्ष्म्यं के दो भेद हैं—अन्त्यं और आपेक्षिकं। अन्त्य सूक्ष्म, जैसे परमाणु। आपेक्षिक सूक्ष्म—जैसे नारियल की अपेक्षा आम छोटा होता है।

स्थौल्य भी दो प्रकार का है—अन्तिम स्थूल, जैसे—समूचे लोक में व्याप्त होनेवाला अचित्त महास्कंध। आपेक्षिक स्थूल, जैसे—आम की अपेक्षा नारियल बड़ा होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

·११ से ·१४ तम, छाया, आतप, उद्योत

तमो दृष्टिप्रतिबन्धकारणं प्रकाशविरोधि

छाया प्रकाशावरणनिमित्ता। सा द्वेधा-वर्णादि-विकारपरिणता प्रतिबिम्बमात्रात्मिका चेति।

आतप आदित्यादिनिमित्तउष्णप्रकाशलक्षणः उद्योतश्चन्द्रमणिखद्योतादिप्रभवः प्रकाशः।

त एते शब्दादयः पुद्गलद्रव्यविकाराः।

त एषां सन्तीति शब्दबन्धसौक्ष्म्य-स्थौल्यसंस्थानभेदतमश्छायातपोद्योतवन्तः। पुद्गला इत्यभिसंबध्यते।

—सर्वसि० अ ५। सू २४। टीका

जिससे दृष्टि में प्रतिबन्ध होता है और जो प्रकाश का विरोधी है वह तम कहलाता है। प्रकाश को रोकने वाले पदार्थों के निमित्त से जो पैदा होती है वह छाया कहलाती है। उसके दो भेद हैं—एक तो वर्णादि के विकार रूप से परिणत हुई और दूसरी प्रतिबिम्ब रूप। जो सूर्य के निमित्त से उष्ण प्रकाश होता है उसे आतप कहते हैं तथा चन्द्रमणि और जुगुनू आदि के निमित्त से प्रकाश होता है उसे उद्योत कहते हैं। ये सब शब्दादिक पुद्गल द्रव्य के विकार (पर्याय) हैं। इसलिए सूत्र में पुद्गल को इन शब्द, बन्ध, सौक्ष्म्य, स्थौल्य, संस्थान, भेद, तम, छाया, आतप व उद्योतवाला कहा है।

·११ तम

·१२ छाया

·१३ आतप

·१४ उद्योत

·१५ प्रभा

कृष्णवर्णबहुलः पुद्गलपरिणामविशेषः तमः।

प्रतिबिम्बरूपः पुद्गलपरिणामः छाया।

सूर्यादीनामुष्णः प्रकाश आतपः॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चन्द्रादीनामनुष्णः प्रकाश उद्योतः।
मण्यादीनां रश्मिः प्रभा॥

सर्व एव एते पुद्गलधर्माः अत एतद्वानपि पुद्गलः।

—जैनसिदी० प्र १। सू १५। टीका

तम—पुद्गलों का सघन कृष्णवर्ण के रूप में जो परिणमन होता है, उसे तम कहते हैं।

सूर्य के उष्ण प्रकाश को आतम कहते हैं।

पुद्गलों का प्रतिबिम्ब रूप परिणमन होता है, उसे छाया कहते हैं।

चन्द्र आदि के शीतल प्रकाश को उद्योत कहते हैं।

रत्न आदि की रश्मियों को प्रकाश कहते हैं।

ये सब (शब्दादि से प्रभातक) पुद्गल के धर्म हैं। (स्कंधपुद्गल में ये सब मिलते हैं, परमाणु पुद्गल में नहीं) इसलिए इनका पुद्गल के लक्षण रूप में निर्देश किया गया है।

स्कन्दन्ति-शुष्यन्ति धीयन्ते च पोष्यन्ते च पुद्गलानां विघटनेनचटनेन स्कन्धाः।

—उशाटी० पृ० ६७३

जो पुद्गलों के विघटन से क्षीण और संघटन से पुष्ट होते हैं वे स्कंध हैं।

पुद्गल के गुण

स्पर्शरसगन्धवर्णवान् पुद्गलः॥१४॥

टीका—पूरणगलनधर्मत्वात् पुद्गल इति।

—जैनसिदी० प्र १ सू १४

जो द्रव्य स्पर्श, रस, गन्ध और वर्ण युक्त होता है वह पुद्गल है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जिसमें पूरण-एकीभाव और गलन-पृथक्भाव होता है वह पुद्गल है, यह इसका शाब्दिक अर्थ है।

·१६-·१९ पुद्गल के वर्ण-गंध-रस-स्पर्श के भेद

तत्र स्पर्शोऽष्टविधः कठिनोमृदुर्गुरुलघुः शीतउष्णः स्निग्धोरूक्षः इति। रसः पंचविधः-तिक्तः कटुः कषायोऽम्लोमधुर इति। गन्धो द्विविधः-सुरभिरसुरभिश्च। वर्णः पंचविधः कृष्णो नीलो लोहितः पीतः शुक्ल इति।

—तत्त्व० अ ५। सू २३ का भाष्य

स्पर्श के आठ भेद—कठिन, मृदु, गुरु, लघु, शीत, उष्ण, स्निग्ध और रूक्ष।

रस के पांच भेद—तीखा, कड़वा, कषाय, खट्टा और मीठा।

गंध के दो भेद—सुगन्ध और दुर्गन्ध।

वर्ण के पांच भेद—काला, नीला, लाल, पीला और सादा।

पुद्गल परिणाम

पोग्गलत्थिकाए पंच वण्णे, पंचरसे, दुगंधे, अट्ठफासे पण्णत्ते।

—भग० श १२। उ ५ सू ११६

पुद्गल स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण, स्वभाव वाला होता है अर्थात् पुद्गल पांच वर्ण, पांच रस, दो गन्ध व आठ स्पर्श से युक्त होता है।

नील, पीत, शुक्ल, कृष्ण, लोहितभेदात्।

—तत्त्वराज० अ ५। सू २३। १०

तिक्तः, कटुकाम्ल, मधुर, कषायारसप्रकारा।

—तत्त्वराज० अ ५। सू २३। ८

गन्ध सुरभिरसुरभिश्च।

—तत्त्वराज० अ ५। सू २३। ९

मृदुः कठिन, गुरु, लघु, शीतोष्ण, स्निग्ध, रूक्ष, स्पर्शभेदाः।

—तत्त्वराज० अ ५। सू २३। ७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जैन शास्त्रों के अनुसार वर्ण मात्र पांच प्रकार का होता है—नील, पीत, शुक्ल, कृष्ण और लोहित।

रस पांच प्रकार का है—तिक्त, कटुक, आम्ल, मधुर और कषाय।

गन्ध दो प्रकार का होता है—सुगन्ध और दुर्गन्ध।

स्पर्श आठ प्रकार का होता है—मृदु, कठिन, गुरु, लघु, शीत, उष्ण, स्निग्ध और रूक्ष।

वर्ण

पंचवन्ना पन्नत्ता, तंजहा—किण्हा नीला, लोहिता, हालिद्दा, सुक्किल्ला।

—ठाण० स्था ५। उ १। सू ३

वर्ण पांच हैं—(१) कृष्ण, (२) नील, (३) रक्त, (४) पीत और (५) शुक्ल।

पंचरसा पन्नत्ता, तंजहा—तित्ता जाव मधुरा।

—ठाण० स्था ५। उ १। सू ४

रस पांच हैं—(१) तीता, (२) कड़वा, (३) कषैला, (४) खट्टा और (५) मीठा।

पुद्गल में स्पर्शादि गुण

स्पर्शादयः परमाणुषु स्कन्धेषु च परिणामजा एव भवन्ति।

—तत्त्व० अ ५। सू २४ का भाष्य

स्पर्श, रस, गन्ध तथा वर्ण—इन चारों का परिणमन सर्व पुद्गलों (चाहे परमाणु हो चाहे स्कंध हो) में होता है।

(क) पूरणगलणत्तणतो पुग्गलो—अनुद्वार चू०।

—पृ० २२

(ख) द्रव्याद् गलन्ति—वियुज्यन्ते किञ्चित्तु द्रव्यं स्वसंयोगतः पूरयन्ति—पुष्टं कुर्वन्ति पुद्गलाः।

—प्रसाटी० प २८९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो द्रव्य से गलित व वियुक्त होते हैं और अपने संयोग से द्रव्य को पुष्ट करते हैं, वे पुद्गल है।

(ग) पूरणाद्गलनाच्च शरीरादीनां पुद्गलः।

—भटी० पृ० १४३२

जिसके शरीर आदि बनते हैं और बिखरते रहते हैं वह पुद्गल है।

पुद्गल और दंडक के जीव

नेरइया णं पंचवन्ने पंचरसे पोग्गले बंधेंसु वा बंधंति वा बंधिस्संति वा, तंजहा—किण्हा जाव सुक्किल्ला तित्ते जाव मधुरे, एवं जाव वेमाणिता।

—ठाण० स्था ५। उ ३ सू २२८, २२९

नैरयिकों ने पांच वर्ण तथा पांच रस वाले पुद्गलों का बंधन (कर्म रूप से स्वीकरण) किया है, कर रहे हैं तथा करेंगे।

१ कृष्णवर्ण वाले, २ नीलवर्ण वाले, ३ लोहितवर्ण वाले, ४ हारिद्रवर्ण वाले तथा ५ शुक्लवर्ण वाले।

१ तिक्तरस वाले, २ कटुरस वाले, ३ कषायरस वाले, ४ अम्लरस वाले और ५ मधुररस वाले।

इसी प्रकार वैमानिकों तक के सारे ही दंडक जीवों ने पांच वर्ण तथा पांच रस वाले पुद्गलों का बंधन (कर्म रूप में स्वीकरण) किया है, कर रहे हैं तथा करेंगे।

शरीर के वर्णादि

णेरइयाणं सरीरगा पंचवन्ना पंचरसा पन्नत्ता, तंजहा—किण्हा जाव सुक्किल्ला, तित्ता जाव मधुरा, एवं निरंतरं जाव वेमाणियाणं।

पंच सरीरया पन्नत्ता, तंजहा—ओरालिते, वेउव्विते आहारते, तेयते कम्मते, ओरालितसरीरे पंचवन्ने पंचरसे पन्नत्ते, तंजहा—किण्हे जाव सुक्किले तित्ते जाव महुरे, एवं जाव कम्मगसरीरे, सव्वेवि णं बादरबोंदिधरा कलेवरा पंचवण्णा, पंचरसा, दुगंधा, अट्ठफासा।

—ठाण० स्था ५। उ १ सू २३, २४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

टीका—सरीर त्ति उत्पत्तिसमयादारभ्य प्रतिक्षणमेव शीर्यत इति शरीरं× × ×। कम्मए त्ति कम्मणो विकारः कार्म्मणं, सकलशरीरकारणमिति। उक्तं च—कम्मविगारो कम्मणमट्ठविहविचित्तकम्मनिष्फन्नं। सव्वेसिं सरीराणं कारणभूयं मुणेयव्वं।

नैरयिक जीवों के शरीर पांच वर्ण तथा पांच रस वाले होते हैं।

१—पांच वर्ण—कृष्ण, नील, लोहित, पीत व शुक्ल।

२—पांच रस—तिक्त, कटुक, कषाय, आम्ल तथा मधुर।

इसी प्रकार वैमानिक तक के सभी दंडको—जीवों के शरीर पांच वर्ण तथा पांच रस वाले होते हैं।

जिसमें प्रतिक्षण जीर्ण-शीर्ण होता है—वह शरीर है।

कर्म-समूह से निष्पन्न अथवा कर्म विकार को कार्मण शरीर कहते हैं। यः सर्व शरीरों का कारणभूत है।

स्कंध पुद्गल द्रव्य और चंचलता

पुद्गल द्रव्ये अणवः संख्यातादयो भवन्ति चलिता हि।

—गोजी० गा ५६३

पुद्गल द्रव्य में (स्कंध पुद्गल) संख्यात, असंख्यात व अनंत परमाणु चलित होते रहते हैं।

पुद्गल उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य वाला है

(१) उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत्।

—तत्त्व० अ ५। सू २९

(२) भगवानपि व्याजहार प्रश्नत्रयमात्रेण द्वादशाङ्ग प्रवचनार्थं सकलवस्तुसंग्राहित्वात् प्रथमतः किल गणधरेभ्यः—"उप्पणेतिवा विगमेति वा धुवेति वा।

—तत्त्व० अ ५। सू ६ सिद्धसेन टीका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यह संसार का प्रथम या मूल नियम कहा जा सकता है। सभी द्रव्य, सहभावी गुणों से ध्रुव है, तथा क्रमभावी पर्यायों से उत्पादव्यय रूप है।

नोट—उनके घरेलू वातावरण में तो परमाणुओं की चहल-पहल और उछल-कुछल करती रहती है। जैसे कि गोमटसार जीव काण्ड में बताया गया है—पुद्गल द्रव्य में संख्यात, असंख्यात, अनन्त परमाणु चलित होते रहते हैं।[1]

पुद्गलों के चार गुण

पुद्गल स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण स्वभाववाला होता है। भगवती सूत्र में यही बात अधिक स्पष्टता से बताई गई है। वहां लिखा गया है—पुद्गल[2] पांच वर्ण, पांच रस, दो गन्ध और आठ स्पर्श से युक्त होता है। जैन शास्त्रों के अनुसार वर्ण मात्र पांच प्रकार का होता है—नील, पीत, शुक्ल, लोहित और कृष्ण। रस पांच प्रकार का है—तिक्त, कटुक, आम्ल, मधुर और कषाय[3]। गंध दो प्रकार का होता होता हैं—सुगन्ध और दुर्गन्ध।[4] स्पर्श आठ प्रकार का होता है—मृदु, कठिन, गुरु, लघु, शीत, उष्ण, स्निग्ध और रूक्ष।[5]

एक परमाणु में एक वर्ण, एक गन्ध, एक रस और दो स्पर्श होते हैं। किन्तु किसी भी स्थूल द्रव्य में पांच वर्ण, पांच रस, दो गन्ध और आठ स्पर्श मिलेंगे। स्पर्शों की अपेक्षा से स्कन्धों के दो भेद हो जाते हैं—चतुः स्पर्शी स्कंध और आठ स्पर्शी स्कंध। सूक्ष्म से सूक्ष्म पुद्गल जाति चतुः स्पर्शी स्कंधात्मक है, चतुः स्पर्शी पुद्गलों में चार स्पर्श-शीत-उष्ण-स्निग्ध-रूक्ष होते हैं।

---

१. पुद्गलद्रव्ये अणवः संख्यातादयो भवन्ति चलिता हि।

—गोजी० गा ५६३

२. पोग्गले पंचवण्णे, पंचरसे, दुगंधे अट्ठफासे पन्नत्ते।

—भग० श १२। उ ५ सू ११६

३. तिक्त, कटुकाम्ल, मधुर, कषाया रस प्रकाराः।

—तत्त्वराज० अ ५। सू २३। ८

४. गन्ध सुरभिरसुरभिश्च।

—तत्त्वराज० ५। सू २३। ९

५. मृदु, कठिन, गुरु, लघु, शीतोष्ण, स्निग्ध, रूक्ष स्पर्शभेदाः।

—तत्त्वराज० अ ५। सू २३। ६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अध्ययन, गाथा, सूत्र आदि की संकेत सूची

अ	अध्ययन, अध्याय	प्रा	प्राभृत
अधि	अधिकार	प्रपा	प्रतिप्राभृत
उ	उद्देश, उद्देशक	भा	भाष्य
गा	गाथा	भाग	भाग
च	चरण	ला	लाइन
चू	चूर्णी	व	वर्ग
चूलि	चूलिका	वा	वार्तिक
टी	टीका	वृ	वृत्ति
द	दशा	श	शतक
द्वा	द्वार	शीलांका	शीलांकाचार्य
नि	निर्युक्ति	श्रु	श्रुतस्कन्ध
प	पद	श्लो	श्लोक
पं	पंक्ति	सम	समवाय
पृ०	पृष्ठ	सू	सूत्र
पै	पैरा	स्था	स्थान
प्र	प्रश्न	सिद्ध	सिद्धसेन
प्रकी०	प्रकीर्णक	संधि	संधि
प्रति	प्रतिपत्ति	हा	हारीभद्रीय
कड	कडवक	विह	विहत्ती

संकलन-सम्पादन-अनुसंधान में प्रमुख ग्रन्थों की सूची

१ से ४ अंगसूत्ताणि

आयारो-सूयगडो-ठाणं-समवाओ

वाचना प्रमुख—आचार्य (गणाधिपति गुरुदेव श्री तुलसी) सम्पादक—मुनि नथमल (वर्तमान नाम आचार्य श्री महाप्रज्ञ)। प्रकाशक—जैन विश्वभारती, लाडणूं।

५ अंगसूत्ताणि

भगवई-संकेत—भग०

वाचना प्रमुख—आचार्य तुलसी, संपादक—मुनि नथमल (वर्तमान नाम आचार्य श्री महाप्रज्ञ) प्रकाशक—जैन विश्वभारती, लाडणूं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६ से ११ अंगसुत्ताणि

णायाधम्मकहाओ-उवासगदसाओ-अंतगडदसाओ-अणुत्तरोवाइयदसाओ पण्हावागरणं-विवागसुयं।

वाचना प्रमुख—आचार्य तुलसी, संपादक—मुनि नथमल (वर्तमान नाम आचार्य श्री महाप्रज्ञ) प्रकाशक जैन विश्वभारती, लाडणू ।

१२ से १४ उवसगसुत्ताणि (खंड—१)

ओवाइयं-रायपसेणियं-जीवाजीवाभिगमे।

वाचना प्रमुख—आचार्य तुलसी, संपादक आचार्य श्री महाप्रज्ञ । प्रकाशक— जैन विश्वभारती, लाडणूं ।

१५ से २३ उवसगसुत्ताणि (खंड—२)

पण्णवणा-जंबुदीवपण्णत्ती-चंदपण्णत्ती-सूरपण्णत्ती-निरयावलियाओ-कप्पवडिंसियाओ-पुप्फियाओ-पुप्फचूलियाओ-वण्हिदसाओ।

वाचना प्रमुख—आचार्य तुलसी, संपादक—आचार्य श्री महाप्रज्ञ। प्रकाशक—जैन विश्वभारती, लाडणूं ।

२४ से ३२ आवस्सयं - दसवेआलियं - उत्तरज्झयाणी - नंदी—अणुओग-द्दाराइं-कप्पो-ववहारो-निसीहज्झयणं।

